

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 । वर्ष – 67 । अंक– 169 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



जयराम ने कर्नाटक सरकार की उपलब्धियां गिनाईं पृष्ठ 2
अभिमत ■ बाढ़ की समस्या का मुकाबला कैसे करें? पृष्ठ 6
■ बाहरी दबाव से नहीं झुकेंगे पीएम मोदी ■ अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की जांच करे यूनुस सरकार : भारत पृष्ठ 7
मीराबाई चानू ने में जीता रजत पदक पृष्ठ 8

# नकली कफ सिरप बनीं काल

## मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में 9 व राजस्थान में 2 बच्चों की ली जान

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल ही में हुई बच्चों की मौतों को एक कफ सिरप से जोड़ा

**11 मौतों के बाद राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने जांच की तेज**

गया है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई, जबकि राजस्थान में 2 बच्चों की मौत दर्ज की गई। कुल 11 मौतों के बाद सरकार की नोडल एजेंसी राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने जांच तेज कर दी है। छिंदवाड़ा के परासिया क्षेत्र में वायरल फीवर से ग्रस्त बच्चों की हालत बिगड़ने का सिलसिला जारी है। जिले में 3 और बच्चों की मौत हो गई, जिससे मृतकों की 9



पहुंच गई। इससे पहले 6 मौतें हो चुकी थीं। परासिया एसडीएम शुभम यादव ने बताया कि देर रात तक की स्थिति में 9 मौतें दर्ज हुई हैं। हमने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। हमारे पास 1420 बच्चों की लिस्ट है, जो सर्दी, बुखार और जुकाम से प्रभावित रहे। हमने प्रोटोकॉल बनाया है कि यदि कोई बच्चा दो दिन से अधिक बीमार रहता है, तो उसे सिविल अस्पताल में 6 घंटे निगरानी में रखा जाता है। तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। ठीक होने पर घर भेजा जाता है और आशा कार्यकर्ताओं से उनकी मॉनिटरिंग करवाई जाती ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस डॉक्टर सुनीता शर्मा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की। बच्चों में होने वाली ज्यादातर खांसी की समस्या अपने आप ठीक हो जाती है और इसके लिए दवा की जरूरत नहीं पड़ती। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी या जुकाम की सिरप बिल्कुल न दें। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में भी इन दवाओं का उपयोग आम तौर पर ना करें। पांच वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों में सिरप तभी दें जब डॉक्टर सलाह दे। सही मात्रा और कम से कम दिनों के लिए दवा दी जाए और एक साथ कई दवाओं का उपयोग न किया जाए। आम जनता को भी बताया जाए कि वे डॉक्टर की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### तमिलनाडु फार्मा यूनिट जांच के दायरे में

दिल्ली और चेन्नई के कई ड्रग कंट्रोल अधिकारियों ने तमिलनाडु के संगुवरचाट्रम में एक फार्मास्यूटिकल फैक्ट्री के उत्पादन संयंत्र की जांच की। मध्य प्रदेश में कथित तौर पर नकली कफ सिरप पीने से कम से कम नौ बच्चों की मौत हो गई थी। जांच मध्य प्रदेश के राज्य खाद्य और औषधि नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य के अनुरोध पर शुरू की गई। उन्होंने तमिलनाडु राज्य ड्रग कंट्रोल विभाग से कहा कि वे कांचीपुरम स्थित श्रीसान फार्मास्यूटिकल फैक्ट्री का निरीक्षण करें और कार्रवाई करें।

# प्रदेश के 7 जिलों में खुलेंगे नए केंद्रीय विद्यालय

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के 7 नए जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएंगे. ।लोक शिक्षण संचालनालय ने इन जिलों के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से केन्द्रीय विद्यालय खोलने के संबंध में अभिमत सहित प्रस्ताव शीघ्र भेजने कहा है ।वहीं प्रदेश के स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में बदलने की भी कवायद शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। सर्वप्रथम केन्द्रीय विद्यालय 7 नए जिलों बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में खोले जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन जिलों के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर केन्द्रीय विद्यालय खोने जाने के संबंध में समस्त नियमों-निर्देशों के अनुसार पूर्ण प्रस्तार तैयार कर शीघ्र संचालनालय को भेजने कहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पिछले दिनों विभाग की समीक्षा बैठक लेकर शिक्षा व्यवस्था एवं गुणवत्ता में व्यापक सुधार के निर्देश दिए थे ।साथ ही विभिन्न योजनाओं पर काम करने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री ने जिलों में केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय खोलने की बात कही थी। शिक्षा मंत्री के निर्देश और पहल के बाद शिक्षा विभाग ने केन्द्रीय विद्यालय खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रस्ताव के आधार पर राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर संबंधित जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। केन्द्रीय विद्यालय के अलावा कुछ जिलों में नवोदय विद्यालय खोलने पर भी विचार किया जा रहा है ताकि प्रदेश के बच्चों को बेहतर स्कूल शिक्षा प्राप्त हो सके।

**मॉडल स्कूल भी बनाए जाएंगे**

शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न जिलों के स्कूलों को 'मॉडल स्कूल' बनाया जाएगा. इसके तहत हर साल 1 हजार से 1500 स्कूलों को 'मॉडल स्कूल' के रूप में विकसित किया जाएगा। इन स्कूलों में भवनों को दुरुस्त करने, शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए शीघ्र ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इन स्कूलों का संचालन सेजेस की तरह सोसायटी द्वारा न होकर विभाग के ही अधीन होगा। इसी तरह पीएमश्री, सेजेस, इग्नाइट स्कूल के अलावा 72 मुख्यमंत्री डीएवी स्कूलों को भी मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने योजना तैयार होगी।

### और खुलेंगे तीन नए सरकारी मेडिकल कॉलेज

**1077 करोड़ की मिली स्वीकृति**

राज्य में चिकित्सा सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है ।राज्य में तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1077 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है

राज्य सरकार ने जांजगीर-चांपा, कबीरधाम और मनेन्द्रगढ़ में नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए बड़ी घोषणा की है ।चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जांजगीर-चांपा मेडिकल कॉलेज के लिए 357.25 करोड़ रूपए, कबीरधाम मेडिकल कालेज के लिए 357.25 करोड़ रूपए और मनेंद्रगढ़ मेडिकल कालेज के लिए 362.57 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह स्वीकृति मेडिकल कॉलेजों के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए प्रदान की गई है। इससे राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा तथा आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## सार संक्षेप

### मद्रास हाईकोर्ट ने विजय को लगाई फटकार

**मदुरै।** मद्रास हाईकोर्ट ने करूर भगदड़ के मामले में टीवीके नेताओं को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि पार्टी के मुखिया विजय भगदड़ के बाद मौके से फरार हो गए और पार्टी ने इस पर दुख तक जाहिर नहीं किया। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। मद्रास हाईकोर्ट के मदुरै पीठ ने घटना की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग की अगुआई में एक एसआईटी के गठन का आदेश दिया और टीवीके नेता बुस्सी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा।

### कनाडा के उच्चायुक्त ने मुर्मू को सौंपा परिचय पत्र

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा संबंधों में एक साल बाद अब धीरे-धीरे नरमी आ रही है। इसी बीच शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कनाडा के नए उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर से उनकी राजनयिक नियुक्ति की औपचारिक मान्यता स्वीकार की। यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब भारत और कनाडा के रिश्तों में एक साल बाद धीरे-धीरे सुधार की कोशिशें शुरू हुई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े आरोपों के बाद भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया था और जवाब में कनाडा के भी कई राजनयिकों को भारत से निकाल दिया गया था।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरु करेंगे खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खरगे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुट्टी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

### युवा-केंद्रित पहलों का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी दिल्ली में शनिवार को 62,000 करोड़ रुपए से अधिक की युवा विकास पहलों का लोकार्पण करेंगे, जिससे देश भर में युवाओं को शिक्षा, कौशल और उद्यमिता की दिशा में बढ़ावा मिल सकेगा।

# गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे रायपुर, आज जाएंगे बस्तर

■ मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी
■ बस्तर मेले के मुरिया दरबार में होंगे शामिल

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर एयरपोर्ट पहुंच चुके हैं। उनके विमान से उतरते ही सीएम साय ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया अमित शाह विश्व प्रसिद्ध बस्तर मेले के मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। वे एयरपोर्ट से सीधे नया रायपुर स्थित मे-फेयर लेक रिजॉर्ट के लिए रवाना होंगे जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे।



विमानतल पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री राम विचार नेताम ,पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, आईजी अमरेश मिश्रा, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# बिहार चुनाव पर ईसीआई का सख्त पहरा

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की बैठक में दिए निर्देश

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।

बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस बीच भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव और कुछ राज्यों के उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। बैठक में 287 आईएएस अधिकारी, 58 आईपीएस अधिकारी और आईआरएस, आईआरएएस, आईसीएएस तथा अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया। यह ब्रीफिंग बैठक आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुकुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। ज्ञानेश कुमार ने पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ बताया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बैठक में पर्यवेक्षकों को मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पर सख्त नजर रखने व किसी भी अनियमितता की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने और मीडिया कर्मियों के लिए निर्धारित मानक के अनुसार प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है। आयोग की आंख और कान के रूप में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को सभी चुनाव कानूनों, नियमों और दिशानिर्देशों से परिचित होने, प्रत्यक्ष क्षेत्रीय जानकारी प्रदान करने और उनका कड़ाई से एवं निष्पक्ष अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए उनके लिए पूरी तरह से उपलब्ध रहें। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा हाल ही में की गई पहलों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

### सीईसी दौरे के बाद चुनाव तारीखों का ऐलान

बैठक के बाद अब अगले दो दिन यानी 4 और 5 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम बिहार दौरे पर जाएगी और वहां पर जाकर चुनावी प्रक्रिया की अंतिम दौर की तैयारी का जायजा लेगी। उम्मीद की जा रही है कि इसके बाद चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई

## राजिम के व्यवसायी और उसकी पत्नी की मौत

**राजिम**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कवर्धा जिले में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें राजिम के व्यवसायी और उसकी पत्नी की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मऊ (मध्यप्रदेश) से राजिम जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पुल के सुरक्षा घेरे से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कार में सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 6 बजे पंडरिया थाना क्षेत्र के रहमान कांपा के पास हुई है।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार तेज रफ्तार में थी और चालक नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होते ही पुल के सुरक्षा घेरे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सवार दो राजिम के व्यवसायी एवं शशि कंस्ट्रक्शन एंड इलेक्ट्रिकल्स के संचालक लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी साहू की मौत हो गई । बताया जा रहा है इस हादसे में तीन अन्य घायल भी हुए है। आसपास के ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

सूचना मिलते ही पंडरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं तीनों घायलों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार मऊ (मध्यप्रदेश) से राजिम की ओर आ रही थी। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। सड़क दुर्घटना में लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी साहू की मौत की खबर मिलते ही राजिम क्षेत्र में क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। मृतकों का अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# चैतन्यानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

■ बाबा की तीन महिला सहयोगी भी गिरफ्तार

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत आज खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

**ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख का खुलासा**

# पाक के पांच फाइटर जेट किए तबाह

■ पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आया आगे

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को हाल के वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई बताते हुए कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की मजबूत वायु रक्षा क्षमताओं और संयुक्त सेवा योजना को प्रदर्शित किया। वायुसेना प्रमुख ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच एफ-16 और जेफ-17 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



.भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया : अमर प्रीत सिंह

### भारत अब संयम नहीं रखेगा : उपेंद्र द्विवेदी

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर बहुत ही सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि इस बार भारत ऑपरेशन सिंदूर 1.0 की तरह संयम नहीं बरतेगा और पाकिस्तान तय कर ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं रहना। उन्होंने भारतीय सेना को हर तरह से तैयार रहने को भी कह दिया है।

# जशपुर में 11 से 13 तक होगा राज्यस्तरीय ओपन चेस टूर्नामेंट

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु) ।जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक कराया जा रहा है। भारत में शतरंज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। यह खेल हमारी प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की गहराई को दर्शाता है। शतरंज की शुरुआत भारत में ही चतुरंग नाम के खेल से हुई थी। कालांतर में यह पूरे विश्व में फैला। आधुनिक रूप में आने के बाद आज विश्वभर में इसे चेस के नाम से जाना जाता है। भारत के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्टीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया हैं। विश्वनाथन आनंद ने पहली बार भारत को विश्व चौंपियन बनाकर शतरंज की दुनिया में एक नई पहचान दिलाई और वे पांच बार वर्ल्ड चौंपियन बने। उनके बाद कोनेरू हंपी, हरिका द्रोणावल्ली, अर्जुन एरिगैसी, आर. प्राज्ञनानंदा, डी. गुकेश जैसे युवा खिलाड़ी भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं।

यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के मार्गदर्शन और गाईडलाइन का पालन करते हुए कराया जा रहा है। जशपुर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**रिपोर्ट** एनसीआरबी का खुलासा-शादी के लिए अगवा की गई 17 हजार लड़कियां

# देश में बाल-विवाह के मामले 6 गुना बढ़े

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाल विवाह के दर्ज मामलों की संख्या 2023 में पिछले वर्ष की तुलना में छह गुना बढ़ी है। इसमें अकेले असम में कुल मामलों का लगभग 90 प्रतिशत दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हालिया आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। इसके मुताबिक, साल 2023 में 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों को जबरन शादी के लिए अगवा किया गया।**

*रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2023 में इस अधिनियम के तहत 6,038 मामले दर्ज किए गए, जो कि 2022 में 1,002 मामलों और 2021 में 1,050 मामलों की तुलना में काफी अधिक हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में बना था जो 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों के विवाह पर प्रतिबंध लगाता है तथा ऐसे विवाहों का आयोजन, संचालन या उसे सुगम बनाने वालों को अपराधी की श्रेणी में डालता है। भारत के नेतृत्व में दक्षिण एशिया ने बाल विवाह को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है , पिछले दशक में इसमें 20 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन इस क्षेत्र में अभी भी बाल वधुओं की संख्या सबसे अधिक है। यह आंशिक रूप से भारत की विशाल जनसंख्या के कारण है, लेकिन साथ ही तेज आर्थिक विकास के बावजूद भारत में लगभग 5 में से 1 व्यक्ति अभी भी गरीबी में रहता है। लड़कियों के वयस्क जीवन के विकल्प अभी भी भेदभाव से प्रभावित होते हैं, जिसका अर्थ है शिक्षा और अन्य अवसरों तक असमान पहुंच, शादी करने और बच्चे पैदा करने का तीव्र सामाजिक दबाव, और ऐसे मानदंड और कानून जो किशोरों के बीच सहमति से यौन संबंधों को रोकते और अपराध मानते हैं। पिछले दशक में, बचपन में लड़कियों की शादी होने की संभावना लगभग आधी घटकर 46 प्रतिशत* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### असम में सबसे ज्यादा मामले

*असम ने 5,267 मामले दर्ज किए, इसके चलते यह राज्य सबसे अधिक मामलों वाला राज्य बना। इस सूची में अन्य अधिक संख्या वाले राज्यों में तमिलनाडु (174), कर्नाटक (145) और पश्चिम बंगाल (118) शामिल हैं। कई राज्य और केंद्रीय राज्य जैसे छत्तीसगढ़, नगालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में इस दौरान कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।*

# देश

**उवाच**

'भाजपा सरकार में बहुत अत्याचार और अन्याय बढ़ गया है। विपक्ष के साथ-साथ अपनी पार्टी के लोगों की आवाज को दबा रखा है। किसानों के साथ अन्याय और धोखाधड़ी की गई और खराब जीएसटी से देश को तबाह कर दिया, 'राहुल गांधी के दबाव के कारण केंद्र सरकार ने जीएसटी में सुधार किया: **उदित राज, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 30.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 27.0 |

## जयराम ने कर्नाटक सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, बोले

# सरकारी योजनाओं से मिली मजबूती

### 'गृह ज्योति' योजना का रिकॉर्ड भी, '200 यूनिट मुफ्त बिजली की मिल रही सौगात

**नई दिल्ली/बेंगलुरु,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कर्नाटक सरकार के पिछले दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि चार प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक संस्थानों ने एक अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की पांच गारंटी योजनाओं ने राज्य में प्रभावशाली और सार्थक बदलाव किए हैं।

**गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत महिलाओं को हर महीने मिल रहे दो हजार रुपए**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी करते हुए कहा, 'शक्ति योजना के तहत मुफ्त बस यात्रा मिलने से 19 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार या बेहतर नौकरी मिलने में मदद मिली है, जबकि बेंगलुरु के शहरी जिले में यह आंकड़ा 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है। साथ ही, 80 प्रतिशत लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच की बात कही है। 72 प्रतिशत महिलाओं ने इस योजना से अपने आत्मविश्वास और सशक्तिकरण में वृद्धि का अनुभव किया है। उन्होंने आगे बताया कि गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हर महीने दो हजार रुपए हासिल करने वाली 94 प्रतिशत महिलाओं ने आहार और पोषण सुधारने में पैसे का उपयोग किया, जबकि 90 प्रतिशत ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया है। लगभग आधी महिलाओं ने अपने बच्चों की शिक्षा पर भी इस राशि का निवेश किया है।



शक्ति योजना के तहत मुफ्त बस यात्रा मिलने से 19 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार या बेहतर नौकरी मिलने में मदद मिली है, जबकि बेंगलुरु के शहरी जिले में यह आंकड़ा 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है: जयराम रमेश

जयराम रमेश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि यह पैसा अपने परिवार की दीर्घकालिक भलाई में निवेश किया गया है। कांग्रेस नेता ने 'अन्न भाग्य' योजना के लाभार्थियों के भी आंकड़े बताए। उन्होंने कहा, '94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उन्हें इस योजना का लाभ मिला। 91 प्रतिशत लाभार्थी परिवार अब अतिरिक्त पोषण जैसे सब्जियां और दूध पर खर्च कर रहे हैं, क्योंकि उन्नत अन्न भाग्य योजना उनकी अनाज की जरूरतों को पूरा कर रही है।'

जयराम रमेश ने 'गृह ज्योति' योजना का रिकॉर्ड भी रखा। उन्होंने कहा, '200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने से 72 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि अब उनके परिवार बिजली का अधिक उपयोग कर रहे हैं।

## राजस्थान में मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही भाजपा सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ सांठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुये हैं लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किय ा जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा है 'जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुये, राजस्थान सरकार ले रही उससे दवा, नतीजा दो बच्चों की मौत।' उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं।



सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। नतीजा बच्चों की मौत' : **रणदीप सिंह सुरजेवाला**


## समाज के भीतर सेवा, दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति : बिरला

**जयपुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है। श्री बिरला ने शुक्रवार को राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह में कहा कि सेन समाज ने हमेशा सेवा, श्रम और समर्पण को सर्वोच्च धर्म मानते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। यह समाज शिक्षा, कौशल और संस्कारों के माध्यम से आज भी नई पीढ़ी को प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी संस्कृति और सामूहिक मूल्यों का सम्मान है। समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है।

उन्होंने कहा कि सेनजी महाराज ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि श्रम ही सर्वोच्च पूजा है और सेवा ही सबसे बड़ा धर्म। वहीं, नारायणी माता आस्था और विश्वास की आधारशिला हैं, जिनके आशीर्वाद से समाज ने अपनी परंपराओं और संस्कारों को सदियों से जीवित रखा है। यही कारण है कि यह समाज हर दौर में चुनौतियों का सामना करते हुए राष्ट्र की सेवा में आगे रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नाई महासभा की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि संगठन पूरे देश में रक्तदान शिविर, चिकित्सा सेवाएँ, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। छात्रवृत्ति, कोचिंग और करियर मार्गदर्शन जैसी योजनाएँ युवाओं को नई राह दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रतिभाएं मंच पर सम्मानित होती हैं तो उनमें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास जागता है, जो समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सेनजी महाराज के आदर्शों और नारायणी माता की शिक्षाओं को जीवन का हिस्सा बनाएं। शिक्षा, कौशल और तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें और सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि जब समाज का हर युवा सक्षम और आत्मनिर्भर होगा, तभी सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होगा।



राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह संगठन पूरे देश में रक्तदान शिविर, चिकित्सा सेवाएं, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। छात्रवृत्ति, कोचिंग और करियर मार्गदर्शन जैसी योजनाएं युवाओं को नई राह दे रही हैं : **ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

## सार संक्षेप

### बिहार चुनाव सह-प्रभारी बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य

**पटना।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिहार विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी बनने के बाद शुक्रवार को पहली बार पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस बीच, केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता हर सवाल का जवाब वोट के जरिए देगी। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एआईएमआईएम के सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी के आरोपों पर जवाब दिया। 'आई लव मोहम्मद' पर ओवैसी के सवालों को लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, 'बिहार की जनता हर सवाल का जवाब विधानसभा चुनाव में देगी।

### राहुल विदेश में देश की छवि खराब करने का कर रहे हैं काम : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि श्री गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया।

### रिजर्व बैंक ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर लगाया 31.8 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर निर्देशों का पालन न करने के कारण 31 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन को क्रेडिट कार्डधारकों को रिफंड और विफल या रिवर्स ट्रांजेक्शन से प्राप्त बैलेंस उनके खाते में न देने का दोषी पाया है। यह मामला पिछले साल नियमित जांच में सामने आया था। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया था कि निर्देश का पालन न करने के लिए क्यों न उस पर जुर्माना लगाया जाये। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत स्तर पर सुनवाई के दौरान दिये गये मौखिक तर्कों के संतोषजनक नहीं पाये जाने के बाद आरबीआई ने बैंक पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है।

## मोदी आज करेंगे 62 हजार करोड़ की युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरुआत



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां युवा विकास की एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत 62,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरूआत करेंगे जिसके माध्यम से देश भर में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को एक निर्णायक बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु (अपग्रेडेड आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में देश भर में एक हजार सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नयन करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं। प्रत्येक हब औसतन चार स्पोक से जुड़ा होगा, जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक ट्रेडों, डिजिटल शिक्षण प्रणाली और इनक्यूबेशन सुविधाओं से युक्त समूह तैयार किए जाएंगे। उद्योग जगत के प्रमुख साझेदार बाजार की मांग के अनुरूप परिणाम-आधारित कौशल विकास को सुनिश्चित करते हुए इन समूहों का प्रबंधन करेंगे। योजना के कार्यान्वयन के प्रथम चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## हमने नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं, आतंकवाद को निशाना बनाया : राजनाथ

**रक्षा मंत्री ने जैन इंटरनेशनल ट्रेड कम्युनिटी (जेआईटीओ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

**हैदराबाद,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को हैदराबाद में जैन इंटरनेशनल ट्रेड कम्युनिटी (जेआईटीओ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' को अपने नागरिकों और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारत के अटूट संकल्प का सशक्त प्रदर्शन बताया।

उन्होंने कहा, 'जब भी भारत का गौरव और सम्मान दांव पर लगा, हमने कभी कोई समझौता नहीं किया। जब हमने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया, तो हमने आतंकवादियों का धर्म नहीं पूछा, हमने आतंकवाद को निशाना बनाया, न कि नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की बढ़ती सैन्य और आर्थिक शक्ति का उद्देश्य दूसरों पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं है, बल्कि अपने सांस्कृतिक मूल्यों, आध्यात्मिक परंपराओं और भगवान महावीर द्वारा सिखाए गए मानवीय आदर्शों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात जो 2014 में लगभग 600 करोड़ रुपए था, आज बढ़कर 24,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। 2029 तक रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा, 'तेजस लड़ाकू विमानों से लेकर आकाश मिसाइलों और अर्जुन टैंकों तक, हमारे सशस्त्र बलों को तेजी से भारत में निर्मित प्लेटफार्मों से सुसज्जित किया जा रहा है।'

रक्षा मंत्री ने इसे 'आत्मनिर्भरता की ओर भारत की यात्रा' का प्रमाण बताते हुए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 97 हल्के लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए हुए हालिया समझौते का उल्लेख किया, जिसमें 64 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।



'जब भी भारत का गौरव और सम्मान दांव पर लगा, हमने कभी कोई समझौता नहीं किया। जब हमने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया, तो हमने आतंकवादियों का धर्म नहीं पूछा, हमने आतंकवाद को निशाना बनाया, न कि नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को: **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एयर चीफ मार्शल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के चार से पांच एफ16 प्लेन मार गिराए थे। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं। पाकिस्तान की सेना का हमारी सेना से कोई मुकाबला ही नहीं है। लेकिन, तीन से चार महीने बाद बयान क्यों आते हैं? मुझे लगता है कि एक ही बार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमें यह बता देना चाहिए कि युद्ध में हमने किस-किस तरह से पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रेसवार्ता में सबकुछ बता देना चाहिए कि हमने पाकिस्तान को किस-किस मोर्चे पर नुकसान पहुंचाया, उसकी कितनी सेना को मार गिराया, या उसके कितने जहाज मार गिराए, ताकि पूरी वस्तु स्थिति साफ हो सके।

उन्होंने आगे कहा कि आज की तारीख में पूरी दुनिया यह सवाल कर रही है कि क्या हमारे राफेल पाकिस्तान में गिराए गए थे या नहीं? सबसे पहले सरकार को इस पर अपना जवाब स्पष्ट करना चाहिए। अगर राफेल नहीं गिराया गया है, तो जवाब आना चाहिए। सरकार को देश के सामने यह स्पष्टीकरण देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम एयर चीफ मार्शल की बातों पर यकीन करते हैं। पाकिस्तान के एफ-16 जरूर गिराए गए होंगे। यह लड़ाई सिर्फ पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से भी थी। यह दावा किया जाता है कि चीन इस्लामाबाद में इस बात का उत्सव मना रहा था कि उसने हमारे राफेल गिरा दिए।



हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं। पाकिस्तान की सेना का हमारी सेना से कोई मुकाबला ही नहीं है। मुझे लगता है कि एक ही बार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमें यह बता देना चाहिए कि युद्ध में हमने किस-किस तरह से पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया है: **राशिद अल्वी, कांग्रेस नेता**

## बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों व पेंशनभोगियों को दिया तोहफा, डीए 58 प्रतिशत हुआ

**पटना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र के बाद बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को बड़ा तोहफा दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को दीपावली और छठ से पहले आर्थिक सौगात दी है। राज्य सरकार के फैसले से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दीपावली का तोहफा मिला है। इससे पहले केंद्र सरकार ने भी केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी की थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने महंगाई भत्ता/राहत दर 55% से बढ़ाकर 58 प्रतिशत करने को स्वीकृति प्रदान की है। यह संशोधित दर 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि पहले 1 जनवरी 2025 से 55% महंगाई भत्ता दिया जा रहा था और अब केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 से 58% दर स्वीकृत किए जाने के बाद बिहार सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उसी तिथि से बढ़ा हुआ भत्ता देने का निर्णय लिया है।



डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की जीवनयापन महंगाई से प्रभावित न हो, इसलिए सरकार उन्हें समय पर राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस फैसले से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 917.78 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, ताकि उन्हें जीवनयापन की बढ़ती महंगाई और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद सम्मानजनक कार्य और जीवनयापन सुनिश्चित हो सके। इसी प्रयास के तहत राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ता/राहत की दर 55% से बढ़ाकर 58% करने का निर्णय लिया है।

## पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए : अखिलेश



**लखनऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ये भी है।

## मुख्यमंत्री स्टालिन ने रामनाथपुरम को दी 738 करोड़ रुपए की सौगात

**रामनाथपुरम,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को रामनाथपुरम जिले में पिछले साढ़े चार वर्षों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की और 738 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिले में 3,250 करोड़ रुपए की लागत वाली 46,270 परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं। द्रमुक सरकार जिले के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और कई लाभकारी योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि रामनाथपुरम में 2.36 लाख महिलाओं को महिला अधिकार भत्ता, 8 लाख से अधिक किसानों को सहायता, 83,483 बच्चों को रोजाना पौष्टिक नाश्ता, 1.85 लाख मछुआरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, 55,000 छात्रों को नान मुथलवन योजना के तहत प्रशिक्षण, 24,722 मुफ्त आवास पट्टे, 6,000 लोगों के लिए कलाई उदयार योजना के तहत घर और 78,000 आदि द्रविड़ समुदाय के लोगों को सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिला है। शुक्रवार को रामनाथपुरम रेलवे स्टेशन, थंगाचिमदम सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन और परमकुडी में सामाजिक न्याय छात्रावास का उद्घाटन किया गया।



जिले में 3,250 करोड़ रुपए की लागत वाली 46,270 परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं: **एम.के. स्टालिन**

स्टालिन ने कहा, 'मैं जितना भी कहूं, नई घोषणाओं के बिना रुक नहीं सकता। मंत्रियों और विधायकों के सुझावों पर मैं रामनाथपुरम के लिए 9 नए विकास कार्यों की घोषणा कर रहा हूं।'

प्रमुख रूप से रामनाथपुरम नगरपालिका में राष्ट्रीय राजमार्ग को 30 करोड़ रुपए की लागत से 4-लेन से 6-लेन बनाना, 18 करोड़ रुपए से तिरुवदनई के प्रमुख तालाबों का सुधार, कीलाकराई के 6 तालाबों का 4.65 करोड़ रुपए से नवीनीकरण, परमकुडी नगरपालिका के लिए 4.50 करोड़ रुपए से नया कार्यालय भवन, रामनाथपुरम के पुराने बस स्टैंड को आधुनिक व्यावसायिक परिसर में बदलना, रामनाथपुरम राजकीय महिला महाविद्यालय में 10 करोड़ रुपए में सुविधाओं का विस्तार, कीलाकराई में 3 करोड़ रुपए में नया नगरपालिका कार्यालय और 1.5 करोड़ रुपए में आधुनिक मछली बाजार और कामुथी में किसानों के लिए 100 मीट्रिक टन क्षमता वाला 10 करोड़ रुपये का भंडारण गोदाम शामिल है।


**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल)/(पूर्वत: इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुन:, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है:-

| कर्जदार (रों)/ गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री अरविंद सिंह श्रीमती नीतू सिंह (प्रॉस्पेक्ट संख्या IL10898928) | 15-सितंबर-2025, रु. 3,25,376/- (रूपये तीन लाख पच्चीस हजार तीन सौ छिहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: मकान नंबर 29, तीसरा तल, ब्लॉक नंबर 11, मोर मकान मोर आश-सोनडोंगरी, रायपुर छत्तीसगढ़, 492009, भारत क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: बिक्री योग्य क्षेत्रफल, कार्पेट एरिया संपत्ति क्षेत्रफल: 400.00, 323.00 |

यदि उक्त कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, आईआईएफएल एचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय: प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/ अथवा कार्पोरेट कार्यालय: आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा।

स्थान: रायपुर, तिथि: 04-10-2025 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड



**ICICI Bank** क्षेत्रीय कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती अन्नू कुमारी (कर्ज़दार), प्रणव कुमार सिंह (सह-कर्ज़दार) LBRPR00003644325, LBRPR00005115676, LBRPR00004859519 | रिया रेजीडेंसी बहुमंजिला आवासीय भवन की पहली मंजिल पर फ्लैट नं. 108 जी.के. टाउनशिप में स्थित, खसरा नं. 562/ 22-77, मौजा शिलतारा, पी.एच. नं. 90/20, तह. औ जिला, रायपुर, छत्तीसगढ़ सुपर बिल्ट-अप एरिया 500 वर्ग फुट | रु. 11,41,826/- सितम्बर 09, 2025 तक | रु. 8,10,000/- / रु. 81,000/- | नवंबर, 04, 2025 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | नवंबर 11, 2025 सुबह 10:30 बजे से आगे |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 10, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **नवंबर 10, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **नवंबर 10, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 10, 2025** को **शाम 05:00 बजे** से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।


**तिथि : अक्टूबर 04, 2025, स्थान : रायपुर** **प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

उल्टा पुल्टा

चिंटू से एक आदमी ने पूछा- बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
चिंटू- अंकल, अभी उनका नाम नहीं रखा मैंने, बस प्यार से पापा ही कहता हूं.

# ईडी रायपुर जोनल ने 8 हजार करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का किया खुलासा

## बैंक खातों में रखे 2,311 करोड़ किए फ्रीज




**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देशभर में साइबर अपराधों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है ।इसके तहत 28 से अधिक शहरों में मौजूद कार्यालयों के जरिए कार्रवाई की जा रही है, जिसमें रायपुर जोनल कार्यालय न केवल मनी लॉन्ड्रिंग का पता लगाने में, बल्कि संपत्तियां अटैच करने में अन्य कार्यालयों से कहीं आगे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि ईडी ने अब तक 28,000 करोड़ रुपए से अधिक की अपराध की आय की पहचान की है और चल रही जांच में 8,500 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां अटैच की हैं। वहीं इन मामलों में ईडी ने अब तक 106 आरोपियों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

**दिल्ली हैदराबाद और मुंबई से आगे रायपुर**

रायपुर जोनल कार्यालय देश के सबसे बड़े साइबर अपराध मामले की जांच कर रहा है, जो अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म्स से जुड़ा है और इसमें 8,000 करोड़ रुपए का पी ओ सी शामिल है, मुंबई कार्यालय 6,000 करोड़ रुपए के मामलों को देख रहा है, दिल्ली की दो 5,300 करोड़ रुपए के और हैदराबाद कार्यालय 2,600 करोड़ रुपए के मामलों की जांच कर रहा है।

**महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप का मामला**

महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप मामले में, ईडी ने 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग का पता लगाया है। 160 से ज्यादा छापों में 19 करोड़ रुपए नकद, 17 करोड़ रुपए के कीमती सामान और बैंक/डीमैट खातों में रखे 2,311 करोड़ रुपए फ्रीज किए गए इस मामले में 13 गिरफ्तारियाँ हो चुकी हैं और मास्टरमाइंड्स को यूएई से प्रत्यर्पित कराने की प्रक्रिया जारी है।

पिछले महीने श्रीनगर में ईडी निदेशक राहुल नवीन की अध्यक्षता में हुई दो दिवसीय समन्वय बैठक में साइबर अपराध के फैलाव और समाज के कमजोर वर्गों पर इसके असर की समीक्षा की गई। बैठक में पेश एक अध्ययन में खुलासा हुआ कि किस तरह ठगी और पोंजी योजनाओं के मास्टरमाइंड विदेशों से काम करते हैं, और हवाला या क्रिप्टो चैनलों के जरिये धन बाहर भेजते हैं. ऑनलाइन पेमेंट गेटवे की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री करेंगे संग्रहालय का उद्घाटन





**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने आज नवा रायपुर में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के समीप निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय-सह स्मारक के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

यह निर्माणाधीन संग्रहालय सदियों के लिए नई पीढ़ियों को पुरखों की याद दिलाता रहेगा। यह न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए बल्कि देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का यह पहला संग्रहालय है, जो कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उच्च शौर्य एवं बलिदान को समर्पित है अत: इसके निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होने संग्रहालय के उद्घाटन के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय में डिजीटलीकरण कार्य, दिव्यांगजनों हेतु पृथक पार्किंग व्यवस्था, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग, वॉटर सप्लाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि संग्रहालय का लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से राज्योत्सव के समय किया जाना है। संग्रहालय के निर्माण कार्यों में लगने वाली मूर्तियां, कैनवास वर्क, डिजिटल वर्क का बारीकी के साथ परीक्षण किया जा रहा है। संग्रहालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। मूर्तियों की स्थापना, लाईट, बिजली आदि का टेस्टिंग कार्य जारी है।प्रमुख सचिव बोरा ने इस मौके पर संग्रहालय में प्रवेश से पूर्ण टिकट काउंटर पर लगे स्कैनिंग कार्य तथा प्रवेश द्वार में कुछ सुधार करने के संबंध में निर्देश दिए।

**वीएफएक्स टेक्नोलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क से तैयार हो रहा है जीवंत संग्रहालय**

संग्रहालय निर्माण में लगे क्यूरेटर प्रबल घोष ने बताया कि यह संग्रहालय-सह स्मारक आदिवासियों स्वतंत्रता संग्रम सेनानियों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बारीकी के साथ अध्ययन व रिसर्च के बाद वीएफएक्स टेक्नोलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क के साथ तैयार किया रहा है। उन्होंने बताया कि संग्रहालय देखने वाले आगंतुकों को आदिवासी विद्रोह का वर्णन स्टैच्यू के पास ही लगे डिजिटल बोर्ड पर उपलब्ध रहेगा। आगंतुक संग्रहालय में आदिवासी विद्रोह को जीवंत महसूस कर सकेगा। वहीं आगंतुक प्रत्येक गैलरी में बनाई गई जीवंत झांकी के सामने स्कैनर लगाए गए स्कैनर से मोबाईल द्वारा स्कैन कर संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है।

**16 गैलेरियों में तैयार हो रहा है संग्रहालय**

शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे- हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष (1923, 1920) एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन 14 गैलेरियों में किया जा रहा है। वहीं जंगल सत्याग्रह और झंडा सत्याग्रह पर एक-एक गैलेरियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

# भाजपा का सहयोग केंद्र शुरू 6 को समस्या सुनेंगे टंकराम

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार के मंत्री अब कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठेंगे।6 अक्टूबर को सबसे पहले राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहयोग केंद्र में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। लंबे समय से सहयोग केंद्र बंद है ।जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी है। प्रदेश के सुदूर इलाको से आने वाले कार्यकताओं का काम नहीं हो रहा है ।मंत्रियों के बंगलो में कई घंटों तक इंतजार करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है ।पिछले दोनों भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी बीत मंत्री से मिलने उनके सरकारी आवास पर गए थे। घंटों इंतजार करने के बाद भी मंत्री से नहीं मिल पाए।।



जनता में भी अच्छा संदेश नहीं गया ।यह मामला मीडिया में भी काफी उछला था ।जिससे पार्टी काफी किरकिरी हुई थी। सत्ता और संघटन से जुड़े नेताओं ने भी इस मामले में नाराजगी जाहिर थी ।इसके बाद ही लंबे समय से बंद सहयोग केंद्र को शुरू करने का फैसला लिया गया।

मंत्री दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सहयोग केंद्र में उपस्थिति होंगे ।इससे पहले दोपहर 1 से 2 बजे तक कार्यकर्ताओं को रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

**जितेंद्र साहू बने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के विशेष सहायक**- विकास आयुक्त कार्यालय में पदस्थ संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार साहू को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के विशेष सहायक के तौर पर नियुक्त किया गया है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है

# भाजपा में गुटबाजी चरम पर, डैमेज कंट्रोल के लिए रायपुर में रूके शाह : बैज

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रदेश प्रवेश को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद भाजपा में गुटबाजी चरम पर है। डैमेज कंट्रोल के लिए अमित शाह रायपुर में रुकेंगे। बैज ने कहा, भाजपा के वरिष्ठ विधायक नाराज हैं। गुटबाजी से पार्टी में उथल-पुथल की स्थिति है ।

केंद्रीय गृहमंत्री के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले नक्सलियों के आत्मसमर्पण को लेकर बैज ने कहा, पिछले दोङ्कतीन दिन से हो रहे आत्मसमर्पण को सरकार इवेंट की तरह पेश कर रही। सरकार 103 नक्सलियों का पूरा प्रोफाइल जनता के सामने जारी करे। भाजपा शासनकाल में हुए फर्जी सरेंडर और निर्दोष आदिवासियों की गिरफ्तारी को बस्तरवासी आज भी याद करते हैं। उन्होंने कहा, 2016 में नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन दी गई थी, क्या अब 2026 तक खत्म होगा? गृहमंत्री से पूछना चाहिए कि क्या वे नक्सलवाद खत्म होने की गारंटी देंगे।



**डबल इंजन की सरकार, फिर ऑनलाइन सट्टा एप क्यों**

एनसीआरबी की रिपोर्ट में सट्टा कारोबार में छत्तीसगढ़ नंबर वन है ।इस मामले में बैज ने कहा, ऑनलाइन ही नहीं, सभी मामलों में यह सरकार नंबर वन है।

2023 के चुनाव में महादेव सट्टा एप को भ्रष्टाचार की भेंट बताया, अब यह एप उसी सरकार में फिर फल-फूल रहा है। सट्टा एप आय का जरिया बन गया है, इसलिए छत्तीसगढ़ नंबर वन बना है।

उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार है, फिर ऑनलाइन सट् ?टा एप बंद क्यों नहीं हुआ ? छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था फेल है और भ्रष्टाचार चरम पर है इसलिए डीजी कॉन्फ्रेंस करने जा रहे हैं।

**चुनाव आयोग एसआईआर पी के तहत प्रोपोगेंडा अपना रहा**

रायपुर ग्रामीण को चुनाव आयोग ने एस आई आर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना है ।इस मामले में दीपक बैज ने कहा, रायपुर में 3 विधानसभा और हैं तो सिर्फ रायपुर ग्रामीण ही क्यों चुना गया ? 2003 के बाद औद्योगिक विकास हुआ, तब नए मतदाता जुड़े, अब उनके नाम काटना सही नहीं और केवल रायपुर ग्रामीण ही क्यों, चुनाव आयोग एस आई आर के तहत प्रोपोगेंडा अपना रहा है।

# 3 से 8 अक्टूबर तक जेल उत्पादों की प्रदर्शनी





**केंद्रीय जेल रायपुर में रक्त दान शिविर का आयोजन**

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा 3 से 10 अक्टूबर 2025 तक छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज केंद्रीय जेल रायपुर में रक्तदान शिविर से किया गया।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की प्रगति में जेल विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार स्वेच्छा से रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

रक्तदान शिविर में हिमांशु गुप्ता (डीजी, जेल), योगेश सिंह क्षत्री (जेल अधीक्षक) सहित कुल 28 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इनमें जेल विभाग के 22 कर्मी एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 4 कर्मी शामिल हुए।

रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत राज्य के पांचों केंद्रीय जेलों — रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर एवं अंबिकापुर में जेल उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। यहां आम नागरिक इन उत्पादों को किफायती दरों पर खरीद सकते हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य की सभी 33 जेलों में रक्तदान शिविरों के साथ ही निरूद्ध बंदियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रायपुर शहर को मिलेगा सात साल बाद नया जिला अध्यक्ष

## दर्जन भर से अधिक दावेदार, आठ अक्टूबर से आठ से शुरू होगी प्रक्रिया

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। संगठन सृजन अभियान के तहत इस बार कांग्रेस जिला अध्यक्षों का चयन करने जा रही है इसके लिए चयन प्रक्रिया पूरी करने आईसीसी से ऑब्जर्वर भेजे जा रहे हैं। रायपुर के ग्रामीण और शहर अध्यक्ष के पर्यवेक्षक नागपुर के प्रफुल्ल गुदाधे है जो की 8 अक्टूबर को रायपुर पहुंचेंगे उसके पहले पीसीसी द्वारा बनाए गए सहायक पर्यवेक्षक ताम्रध्वज और शैलेश पाठक से दावेदार लगातार संपर्क कर रहे है ।

रायपुर जिला अध्यक्ष चयन के लिए पीसीसी से तीन पन्नों का दावेदारी फॉर्म भी बाटा जा रहा है ।फिलहाल यह फॉर्म अभी पीएससी से जुड़े करीब के नेताओं को ही मिल पाया है अब इस फार्म को पाने की होड़ लग गई है इस फॉर्म को भरकर हर कोई कांग्रेसी जिला अध्यक्ष की दावेदारी कर सकता है।




फिलहाल जिला अध्यक्ष के लिए करीब दर्जन भर नाम सामने आए है। इनमें प्रमुख रूप से श्रीकुमार मेनन, राजू घनश्याम तिवारी, विनोद तिवारी, दीपक मिश्रा, शिव सिंह ठाकुर, पंकज मिश्रा, सारिक रईस खान ,शिवसिंह ठाकुर प्रमुख रूप से है।

बताया जाता है पार्टी के नेता अपने समर्थक को जिला अध्यक्ष बनाने के लिए लगे हुए है ।हालांकि नेता खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं लेकिन उनके समर्थक इस काम में जुटे है ।वरिष्ठ नेताओं के अलावा ब्लॉक स्तर पर इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। 8 तारीख को केंद्रीय पर्यवेक्षक दौरा करने के बाद अपनी सहायक पर्यवेक्षकों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद चयन प्रक्रिया की एक गाइडलाइन तैयार होगी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो लाइन तय की गई है उसके मुताबिक वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की बैठक ,शहर जिला पदाधिकारी की बैठक ,ब्लॉक में अलग-अलग बैठक ,शहर के सुप्रतिष्ठित जनों के साथ बैठक, कांग्रेस को जानने समझने वाले पत्रकारों से फीड बैक , सामाजिक संगठनों के साथ चर्चा की जाएगी ।अंत में दावेदारों के साथ वन टू वन बैठक कर उनसे चर्चा की जाएगी।

# दर्जन भर से अधिक स्थानों पर आतिशबाजियों के बीच रावण दहन

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में डब्लूआरएस मैदान, रावणभाटा, बोरियाखुर्द, सप्रे स्कूल, छत्तीसगढ़ नगर सहित दर्जनभर से अधिक प्रमुख स्थानों पर परंपरागत रूप से रावण का दहन किया गया। डब्ल्यूआरएस मैदान इस बार भी विजयादशमी के पर्व पर भव्य दशहरा उत्सव का गवाह बना। परंपरा के अनुसार पिछले 55 वर्षों से यहां रावण दहन का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष मैदान में 101 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इसके साथ ही 81-81 फीट ऊंचे कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले भी अग्नि के हवाले किए गए। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रावण दहन के साथ ही आकाश में गूंजती शानदार आतिशबाजी ने उत्सव को और आकर्षक बना दिया।

मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि डब्लूआरएस मैदान में दशहरा उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह उत्सव हमें हर साल यह संदेश देता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, अंतत: जीत अच्छाई और सत्य की ही होती है। सत्य परेशान हो सकता है, परास्त नहीं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हम रावण के पुतले को जलाते हैं, लेकिन असली रावण हमारे भीतर छिपा होता है- लोभ, क्रोध, मोह और अहंकार के रूप में। हमें इस पावन

**डब्ल्यूआरएस कालोनी का 101 फीट रावण बना आकर्षक का केंद्र**

अवसर पर प्रण लेना चाहिए कि इन बुराइयों को त्यागकर समाज और राष्ट्र के कल्याण की ओर आगे बढ़ेंगे।

रायपुर के ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में शानदार आतिशबाजियों के बीच हुआ रावण दहन। दुधाधारी मठ से भगवान बालाजी की पालकी रावणभाठा मैदान में आई फिर दहन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। यहां पर अखाड़ा का भी प्रदर्शन हुआ

**राज्यपाल का संदेश: रावण की हार का कारण उसका अहंकार था**

राज्यपाल ने दशहरा उत्सव पर सभी नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं 35 साल बाद आज दशहरा देख रहा हूं।



रावण की हार का कारण उसका अहंकार था। यह हमें सीख देता है कि क्रोध, मोह और लोभ जैसे दोषों को हमें जीवन से दूर करना होगा। जब हम अच्छाई के साथ खड़े होंगे, नारी का सम्मान करेंगे और अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचेगा, तभी सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना होगी। डब्लूआरएस मैदान में दशहरा उत्सव न केवल राजधानी रायपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र है। यहां दशहरा पर्व को पिछले 50 साल से भी अधिक समय से लगातार भव्यता और परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशालकाय पुतलों, आतिशबाज़ी और हज़ारों दर्शकों की उपस्थिति से ऐतिहासिक बन गया।

**राज्यपाल ने राजभवन में शस्त्र पूजन और हवन किया**

राज्यपाल रमेन डेका एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी आज विजयादशमी के अवसर पर राजभवन में आयोजित शस्त्र पूजन और हवन में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। राजभवन परिसर में विधिवत् शस्त्र पूजा की गई। राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विजयादशमी और दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

**ग्रीन आर्मी ने पॉलिथिन रूपी रावण का दहन किया**

ग्रीन आर्मी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता की दिशा में लगातार छठे वर्ष पॉलिथिन रूपी रावण दहन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की आरती एवं पूजन से हुई। तत्पश्चात ब्राह्मण पारा चौक से निकली भव्य जनजागरण रैली सत्ती बाजार, फव्वारा चौक, बजरंग मंदिर होते हुए कंकाली मंदिर पहुँची। कंकाली माता मंदिर दर्शन के पश्चात कंकाली माता शस्त्रागार (जो वर्ष में केवल दशहरा के अवसर पर खुलता है) में शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात रैली आज़ाद चौक पहुँची।

रैली मार्ग पर लगाये गए आकर्षक बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स ने जनता का ध्यान खींचा। रैली के दौरान लोगों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश साझा किया। नारे पॉलीथिन जहर है, गौ माता पर कहर है और प्रकृति के दुश्मन तीन-पाउच, पन्नी, पॉलीथिन पूरे मार्ग में गूंजते रहे और लोगों का ध्यान आकर्षण का केंद्र बने।

आज़ाद चौक में पॉलिथिन रूपी रावण दहन का आयोजन हुआ, जो पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी के पदाधिकारी, सदस्य, पर्यावरण प्रेमी तथा दिशा कॉलेज रामनगर, कोटा के विद्यार्थी शामिल हुए। लगभग 100 लोग इस अभियान का हिस्सा बने और उत्साहपूर्वक रैली में भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा पॉलिथिन हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। इसके उपयोग से मिट्टी, जल और हवा प्रदूषित हो रही हैं, और कैंसर, चर्म रोग और कई अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। हमें इसे तुरंत बंद करके स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना होगा ।रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने कहा ङ्क हमें पॉलिथिन के कारण होने वाले स्वास्थ्य और पर्यावरणीय खतरे को समझते हुए तुरंत कपड़े और कागज के थैले अपनाने चाहिए। यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का जरुरी कदम है।

## साई मंदिर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब दुर्ग विजन द्वारा 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह अंतर्गत आज 4 अक्टूबर को साई मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जिज्ञासी एवं उनकी टीम सेवाएं देगें।



# गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर बनाएंगे विकसित छत्तीसगढ़



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायपुर जिले के आरंग तहसील अंतर्गत भंडारपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनमें नवीन सड़क निर्माण, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री साय ने मेला स्थल पर डोम निर्माण, तेलासी-भंडारपुरी मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा कुटेसर प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि समाज से पाँच युवा पायलट बनना चाहें तो उनका पूरा खर्च सरकार वहन

### गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों में ही छिपा है मानवता और समानता का मार्ग : साय

करेगी और उन्हें पायलट बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता से जो भी वादे किए थे, उन्हें हम 'मोदी की गारंटी' के रूप में पूरा कर रहे हैं। अब तक नौ हजार से अधिक सरकारी भर्तियाँ पूरी हो चुकी हैं और हाल ही में शिक्षा विभाग में पाँच हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में अनुसूचित जाति समाज के विकास हेतु प्राधिकरण का गठन किया गया था। वर्तमान सरकार ने उसके बजट को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ कर दिया है। धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब ने कहा कि यह मेला सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में है। यह किसी व्यक्ति की उपलब्धि नहीं बल्कि गुरु बाबा घासीदास की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरीबों के उत्थान और प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, वह साकार हो रहा है।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह मेला गुरु घासीदास बाबा के पुत्र गुरु बालकदास साहेब के गद्दीनशीन होने की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है। यह सतनाम धर्म के आदर्शों का प्रतीक है। आज ही के दिन गुरु बालकदास ने राजगद्दी स्वीकार कर भंडारपुरी की पावन भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाया था द्व इस अवसर पर राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब, बाबा गुरु ढालदास साहेब, गुरु मकसूदन साहेब, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब, सांसद कमलेश जांगड़े, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, श्रीमती मोना सेन, अमित चिमनानी, श्याम नारंग, नवीन मार्कण्डेय सहित समाज के संतजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# बारिश के चलते धान की फसल में कीट प्रकोप



**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्षाकाल का चौमासा अब अंतिम चरण में है मगर लगातार हो रही बारिश ने किसानों के साथ ही व्यापारियों व आम नागरिकों को भी चिंता में डाल रखा है। खेतों में पानी भरने व वर्षा बंद न होने से किसान कीट प्रकोप सहित फसल के नुकसान को लेकर, व्यापारीगण त्यौहार के दिनों में व्यापार प्रभावित होने तो आम नागरिकों भी चिंता सताए जा रही है कि यदि वर्षा न रूकी तो वे घर में सफाई लिपाई पुताई सजावट कैसे करेगें। अब लगभग एक पखवाड़े में त्यौहारों का क्रम शुरू होने वाला है।

आम तौर पर 30 सितंबर को मानसून के लौट जाने का समय माना जाता है मगर अभी भी बारिश थमी नहीं है। गत रात्रि से लगभग 10 बजे वर्षा शुरू हुई तो रातभर पानी बरसा। सुबह मौसम खुला मगर दोपहर बाद गरज व हवाओं के साथ बूंदाबांदी फिर बरसात शुरू हो गई जो रात होते तक जारी रहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने रात्रि 8 बजे तक वर्षा जारी है। कृषि सूत्रों के अनुसार दुर्ग जिले में औसत बारिश हो चुकी है। खेतों में पानी भर गया है। जलाशय भी लबालब भर गये है और उनमें से पानी छलकने लगा है। खेतों में धान की फसलें खड़ी है, उनमें बालियां आ गई है और बहुत जल्दी कटाई भी शुरू हो जायेगी। ऐसे वक्त में यदि और पानी गिरता है तो फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। अब धान की फसल कहीं कीट प्रकोप का शिखार होने लगी है । किसानों का कहना है कि अब बारिश नहीं बल्कि फसलों को धूप चाहिए। उससे ही फसल पककर कटने योग्य हो जायेगी। खेतों में भरा पानी सूखना चाहिए।

### जल ही जीवन है

## निधन

### अमरनाथ चक्रधारी



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर। हायर सेकेंड्री स्कूल खंडसरा के जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं खण्डसरा पंचायत के पूर्व सरपंच अमरनाथ चक्रधारी 62 वर्षीय का आज हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के ही मुक्तिधाम में ही सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिवार खंडसरा ने निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए अपूरणीय क्षति होना बताया।

### श्रद्धा नायक



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर। ग्राम केसदा निवासी श्रीमती श्रद्धा नायक 44 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे भैरव नायक की पत्नी ,पायल,मुस्कान और भावेश की मां एवं डॉ.के.के.नायक की भाई बहू तथा कुलेश्वर नायक की बहू थी।

### श्रीमती रानी तिवारी



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर। श्रीमती रानी तिवारी का 1 अक्टूबर को रात्री 11.55 मे हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम मे किया गया। वे मैत्री नगर रिसाली फेस 1/72 सेमिनेंट पब्लिक स्कूल शक्ति विहार सडक 5 निवासी थी। सेवानिवृत्त बीसपी की शिक्षिका, सेमिनेंट वेल्फेयर सोसाइटी की अध्यक्ष, एकता महिला मण्डल की संरक्षिका व वरिष्ठ समिति की सदस्य, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच थी।

### धीरज संचेती



**रायपुर,** 3 अक्टूबर। धीरज संचेती ( सुपुत्र-स्व, श्री सुमेर मल जी संचेती ) का आकस्मिक निधन शुक्रवार 3 अक्टूबर को मलकापुर (महाराष्ट्र ) में हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 4- 10-2025 को मलकापुर में किया जाएगा। वे सराफा व्यवसायी , टेगोर नगर निवासी कमल, सुनील, सुरेश, अभय भंसाली के बहनोई एवं दिलीप व विनोद भंसाली के जीजाजी थे।

### विमला देवी



**रायपुर,** 3 अक्टूबर। नयापारा निवासी श्रीमति विमलादेवी पति रमेशचंद्र अग्रवाल का आज एकादशी की सुबह 11 बजे बैकुंठ गमन हो गया अंत्येष्टि कल 4 अक्तूबर को फ्लेट न.क्र-301 गोकुल धाम सोसाइटी भाटागांव रोड महादेव घाट से सुबह 10.30 बजे महादेव घाट मुक्ति धाम में की जाएगी,ये पंकज नीरज, भास्कर ,रथांग एवं दिव्या की मम्मी थी।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला

### युवक की मौत, बाइक के उड़े परखच्चे

**राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। यह हादसा राजिम-गरियाबंद मार्ग पर हुआ है। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, राजिम-गरियाबंद मार्ग पर सिंधौरी गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि पांडुका थाना क्षेत्र के लोहसिंग गांव निवासी चंद्रहास धृतलहरे उम्र 26 वर्ष किसी काम से राजिम आया था। दोपहर में वह अपने गांव लौट रहा था, तभी सिंधौरी के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मृतक के सिर, पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। राजिम पुलिस ने प्रयाग न्यूज को बताया कि परिजनों के आने के बाद मृतक की पहचान की जाएगी।

फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, शव का पोस्टमार्टम कल सुबह किया जाएगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे ताकि दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा सके।

वहीं इस हादसे को देखकर प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा अंदाजा लगाया जा रहा है कि कोई भारी वाहन बाइक के ऊपर से गुजरा है तभी बाइक पुरी तरह से चकना चूर हो गई है। जिसके चपेट में युवक भी आ गया। कहा जा रहा है कि सड़क सुनसान होने का फायदा उठा कर वाहन फरार हो गया।

**डेंजर जोन बनता जा रहा यह मार्ग**

आपको बता दें कि राजिम से सुरसाबांधा तक का लगभग 10-12 किलोमीटर का रास्ता डेंजर जोन बनता जा रहा है। राजिम और सुरसाबांधा के बीच कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। तेज रफ्तार और टेढ़े-मेढ़े मोड़ के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# दुर्ग शहर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष संगठन के पुर्नगठन हेतु अभा कांग्रेस के सृजन अभियान के तहत नई कवायद शुरू

- आज राष्ट्रीय व प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त पर्यवेक्षक लेगें बैठक, करेगें रायशुमारी
- भाई व भतीजावाद, चहेतों की बजाय ऊर्जावान संगठन में नई जान फूंकने वाले चेहरों की तलाश

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मजबूत बनाने संगठन ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत नये रिसे से पार्टी के पदाधिकारियों की तलाश शुरू कर दी है। गत दिनों मंडल स्तर के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के लिये पार्टी ने कवायद की थी। अब अध्यक्ष पद के लिये नये सिरे से फिर एक बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके अलावा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अनीता भेडिया यूडी मिंज एवं विक्रम मंडावी छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। ये पर्यवेक्षक कल 4 अक्टूबर को दुर्ग जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक लेगें। पर्यवेक्षक श्री लल्लू व अन्य सभी कांग्रेसजनों की बैठक के बाद शाम 4 बजे पार्टी मानसिकता के विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें लेगें। इस बीच प्रेस से भी संवाद करेगें।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल ने विधानसभा चुनाव के बाद से ही अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी ने उन्हें नये अध्यक्ष के बनने तक पद पर बने रहने की सलाह दी थी। लगभग 2 वर्ष से अधिक लंबे समय से कांग्रेस के दुर्ग शहर जिला संगठन के अध्यक्ष पद का दायित्व सम्हाल रहे है। इस बीच करीब 6 माह पूर्व दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर राकेश ठाकुर की नियुक्ति कर दी गई है। इसके कुछ समय बाद ही से दुर्ग में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों के चयन को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत सभी पांच ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों का चयन के लिये पर्यवेक्षक पूर्व विधायक चन्नी साहू, वरिष्ठ नेता सीजू एंथोनी, ने कार्यकर्ताओं की राय लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज दिया है।

अब कल केन्द्र से आ रहे पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू एवं प्रदेश कांग्रेस में नियुक्त पूर्व विधायक अनिला भेडिया, यू.डी. मिंज एवं विक्रम मंडावी कल कांग्रेस भवन में पहले दोपहर 12 बजे से राजीव भवन में कार्यकर्ताओं, जिला व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों व आम कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनकी राय जानेगें। इसके बाद वे लोग प्रेस से चर्चा करेगें। शाम लगभग 4 बजे में वे सभी सामाजिक लोगों की बैठक लेगें। कांग्रेसजनों से की गई अलग अलग चर्चाओं से पता चला है कि कांग्रेस के अब तक संगठन के ढर्रागत चुनाव होते रहे है इस बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं वरिष्ठ नेता राहूल गांदी ने लीक से हटकर पार्टी के सभी धड़ों से चर्चा कर संभावित अध्यक्षों के नामों की सूची बनाने के निर्देश दिये है। एआईसीसी व पीसीसी के इस बारे में दिये गये निर्देशों को देखते हुए जहां कांग्रेस के स्थापित नेताओं के चेहरों पर हवाईयां नजर आ रही है वहीं युवा नेताओं में उत्साह नजर आ रहा है।

# बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे शामिल



### मांझी चालकी की बस्तर सांसद महेश कश्यप ने ली बैठक

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे की परंपरागत मुरिया दरबार रस्म का आयोजन कल होने जा रहा है। इस अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति होंगे है। बस्तर सांसद एवं दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय में मांझी-चालाकी के साथ बैठक की। बैठक में पारंपरिक रस्म के निर्विघ्न संपादन हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मुरिया दरबार बस्तर दशहरे की गौरवशाली और ऐतिहासिक परंपरा है, जिसकी पहचान देश विदेश तक है। इस बार गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा और भी बढ़ेगी। बैठक में संबंधित अधिकारी, दशहरा समिति के पदाधिकारी और विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर मंत्री केदार कश्यप विधायक किरण देव और महापौर संजय पांडे ने कार्यक्रम आयोजन स्थल स्वदेशी मेला में स्थल में पहुंच कर निरीक्षण कर सुविधाओं की पूरी जानकारी ली और आवश्यक सुझाव व निर्देश भी दिए। इस दौरान काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# संयंत्र प्रभारी ने किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान

**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र ने आज 2 अक्टूबरए 2025 को महात्मा गांधी कला मंदिरए सेक्टर.1 में श्स्वच्छता ही सेवा 5०0श् स्वच्छोत्सव एवं सफाई मित्रों के सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ;परियोजनाएंद्ध श्री एस मुखोपाध्यायए कार्यपालक निदेशक ;वित्त एवं लेखाद्ध श्री प्रवीण निगमए कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधनद्ध श्री पवन कुमारए कार्यपालक निदेशक ;खदानद्ध श्री विपिन गिरीए मुख्य महाप्रबंधक ;नगर सेवाएं एवं सीएसआरद्ध श्री उत्पल दत्ताए महाप्रबंधक ;नगर सेवाएंद्ध श्री ए बी श्रीनिवासए ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार बंछोरए महासचिव श्री अंकुर मिश्राए कोषाध्यक्ष श्री सौभाग्य रंजन साहू उपस्थित थे।

महात्मा गांधी कला मंदिर में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और स्वच्छता अभियान के शुभारंभ पर प्रतिकात्मक रुप से झाडू लगा स्वच्छोत्सव की शुरुआत की गई। संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी और देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का स्मरण करते हुए कहा कि गंदगी के विरुद्ध हमें सतत संघर्ष करना होगा। स्वच्छता एक नियमित प्रक्रिया हैं। स्वच्छता के प्रति आम जन में जागरूकता लाना होगा और जरुरत पड़ने पर नियमों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंदौर की तरह भिलाई को भी स्वच्छ शहर बनाने का प्रयास हम सबको मिलकर करना है।

कला मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में दीप प्रज्ज्वलन के साथ स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण एवं विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश महाप्रबंधक ;टीएसडीद्ध श्री के के यादव द्वारा डाला गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने स्वच्छता पर अपने सार्थक विचार व्यक्त किए। कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधनद्ध श्री पवन कुमार ने कहा कि संवाद के माध्यम से जागरूकता लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। सफाई को शिक्षा से जोड़ा जाए और श्मिशन लक्ष्मीश् के तहत सफाई मित्रों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच हो। साथ ही नशे के त्याग का भी संकल्प लिया जाए। कार्यपालक निदेशक ;खदानद्ध श्री विपिन गिरी ने कहा कि हमें अपनी आदतों में सुधार लाना होगा और निरंतर जागरूकता फैलानी होगी।

# शराब तस्करों का गिरोह गिरफ्तार, जेल भेजा गया



भारी मात्रा में शराब के साथ ही शस्त्र भी बरामद

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में चार आरोपियों को कसारीडीह के एक मकान से पकड़ा गया। इस मकान में 23 पौना शेरा देशी मसाला शराब तथा 1 नग पिस्टल 1 नग देशी कट्टा, 6 नग जिंदा कारतूस एवं 1 धारदार चाकू बरामद किया गया। ये चार आरोपी पवन कुर्रे, विनोद कुर्रे, कृष्ण कुमार जोशी, एवं सूर्यदेव कोठारीउर्फ गोपा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके अलावा सभी आरोपियों के पास से कुल मिलाकर 141 पौवा देशी मसाला शराब भी बरामद की गई। इनके पास से कुल रकम 3 हजार 920 रूपये जब्त किये गये। इन सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पद्मनाभपुर थाने की पुलिस द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से उन्हें थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब तस्करी की जानकारी मिल रही थी। इस आधार पर पुलिस की टीम ने आरोपी पवन कुमार के कसारीडीह निवास में छापा मारा। जहां से पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब तथा हथियारों का

# सिंदूर खेला और ढाक की थाप में रंगा बंगीय समाज का दुर्गोत्सव

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बंगीय समाज द्वारा आयोजित चार दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव महिलाओं के सिंदूरखेला के साथ भव्य समापन हुआ। उत्सव में गाजे-बाजे, पारंपरिक ढाक की धुन के साथ नाचते लगातार बारिश के बीच देवी प्रतिमाओं का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। विजयदशमी पर मैत्री संघ, बंगीय समाज, मिलन संघ आड़ावाल और धरमपुरा दुर्गा बाड़ी में विशेष पूजा, पुष्पांजलि, दर्पण विसर्जन, अपराजिता पूजा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, उलू ध्वत्ति और शंख ध्वनि व आरती सजाओ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। विजेताओं को समाज की ओर से पुरस्कृत किया गया। गुरुवार को देवी वरण के अवसर पर पंडालों में महिलाओं ने मां दुर्गा के प्रतिमा पर सिंदूर लगाकर एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाकर मां को निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, च्मां आबार आसबेंज्, यानी मां दुर्गा अगली बार फिर आएँ। विदाई के समय महिलाओं की आंखें नम हो गईं और उन्होंने देवी से अपने सुहाग की रक्षा का आशीर्वाद मांगा। ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्र षष्ठी से बंगीय समाज की ओर से दुर्गोत्सव का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान रोजाना बच्चों और महिलाओं समेत सभी वर्ग के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विजयदशमी की शाम को प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन



किया गया। बंगाल से आए ढाक वादकों ने पारंपरिक ढाक वादन प्रस्तुत किया, जबकि घूमाल म्यूजिक ग्रुप ने मनोरंजन और उत्साह को और बढ़ाया। विसर्जन यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे, जिन्होंने भक्तिमय माहौल में माता की अंतिम विदाई दी। इस चार दिवसीय महोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक प्रस्तुत किया, बल्कि सामुदायिक एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और महिलाओं की परंपरागत श्रद्धा का भी अद्भुत संगम दिखाया। उपस्थित जनसमूह ने आयोजन की भव्यता और उत्साह की सराहना की और मां दुर्गा की कृपा के लिए प्रार्थनाएं कीं।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर, 2025

## महात्मा गांधी पर बात करना 'सूरज को दीया दिखाने जैसा' : राजपाल यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 'कैश-एम-कैश' फिल्म का पहला पोस्टर लॉन्च का कार्यक्रम रखा गया। फिल्म पैसा और महात्मा गांधी के जीवन के मूल विचारों और उनकी नीतियों पर बनी है। फिल्म के पोस्टर लॉन्च पर एक्टर राजपाल यादव और बीजेपी नेता विजय गोयल को देखा गया। दोनों ही हस्तियों ने फिल्म और महात्मा गांधी के अच्छे विचारों पर बात की। मीडिया से बात करते हुए बीजेपी नेता विजय गोयल ने कहा कि आज जिस फिल्म का पोस्टर हम लोगों ने रिलीज किया है, वो कैश-एम-कैश है। इस फिल्म में संदेश है कि महात्मा गांधी को सिर्फ नोट में छापकर या भाषणों में याद करके, या अपने घर के हॉल में चरखा रखकर याद न रखें। गांधी जी के विचारों को फॉलो करने की जरूरत है, उनके असल आदर्शों को जानने की जरूरत है।

## सोहा अली खान का कॉर्पोरेट जॉब से बड़ी स्क्रीन तक का सफर

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिल्म अभिनेत्री सोहा अली खान का सफर दूसरे कलाकारों की तुलना में थोड़ा अलग और दिलचस्प रहा है। फिल्मों में आने से पहले उनका जीवन बिलकुल सामान्य था। उन्होंने कॉर्पोरेट में भी काम किया और उस समय उनकी सैलरी लगभग दो लाख रुपए सालाना थी। मुंबई जैसे शहर में खुद के पैरों पर खड़े होने की जद्दोजहद और फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के फैसले ने सोहा की जिंदगी को एक नया मोड़ दिया। आज वह एक सफल अभिनेत्री, लेखक और पॉडकास्टर हैं। सोहा अली खान का




जन्म 4 अक्टूबर 1978 को नई दिल्ली में हुआ था। वे भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी और बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की बेटी हैं। इस परिवार की विरासत बहुत बड़ी है क्योंकि उनके पिता और दादा दोनों ही भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके हैं। वहीं उनकी मां बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। ऐसे में सोहा को बचपन से ही कला और खेल दोनों का माहौल मिला। उनके बड़े भाई सैफ अली खान भी बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता हैं, और उनकी भाभी करीना कपूर खान भी फिल्मी दुनिया की स्टार हैं।

## विश्व मुस्कुराना दिवस : चेहरे की मुस्कान बदल सकती है जीवन

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज के समय में चेहरे पर तनाव होना आम बात हो गई है। कभी ऑफिस का प्रेशर, कभी घर की जिम्मेदारियां, कभी रिश्तों की उलझन और कभी भविष्य की चिंता ऐसे माहौल में मुस्कुराना लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है और वह अब धीरे-धीरे मुस्कुराना भूलते जा रहे हैं। लेकिन अगर चेहरे पर एक छोटी सी मुस्कान कायम रखी जाए, तो यह जीवन की दिशा को बदल सकती है।

इसी सोच के साथ हर साल अक्टूबर के पहले शुक्रवार को दुनिया भर में वर्ल्ड स्माइल डे मनाया जाता है। इस साल यह खास दिन 3 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य है जीवन में सकारात्मकता का जश्न मनाना है, जिसमें हम भी मुस्कुराएं और दूसरों को भी मुस्कुराने की वजह दें।

वर्ल्ड स्माइल डे की शुरुआत एक अमेरिकी कलाकार हार्वे बॉल ने की थी,




जिन्होंने 1963 में मशहूर 'स्माइली फेस' डिजाइन किया था जो आज भी सोशल मीडिया से लेकर विज्ञापनों तक में खूब दिखता है। हार्वे बॉल ने देखा कि उनका बनाया गया यह मुस्कुराता हुआ येलो फेस पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है, लेकिन इसके पीछे की भावना, पॉजिटिविटी और दयालुता, कहीं खोती जा रही है। इसी को वापस लाने के लिए उन्होंने 1999 में पहली बार वर्ल्ड स्माइल डे मनाया। तब से यह एक अंतरराष्ट्रीय पर्व बन गया है।

यह दिन लोगों को मुस्कुराने का संदेश देता है। वर्ल्ड स्माइल डे के पीछे

- **1999 में पहली बार वर्ल्ड स्माइल डे मनाया गया**
- **मुस्कुराने से तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याओं में राहत**

यह भी वैज्ञानिक तर्क है कि मुस्कुराना न सिर्फ भावनात्मक रूप से मदद करता है, बल्कि शारीरिक रूप से भी फायदेमंद होता है। जब हम मुस्कुराते हैं तो हमारे दिमाग में एंडोर्फिन, सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं, जो हमें अंदर से खुश और शांत महसूस कराते हैं। मुस्कुराने से न केवल मूड अच्छा होता है बल्कि तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याओं में भी राहत मिलती है।

इस दिन को मनाने के कई तरीके हैं। कोई अनजान व्यक्ति को देखकर मुस्कुरा सकता है, कोई बुजुर्ग की मदद कर सकता है, किसी जरूरतमंद को खाना खिला सकता है, या बस किसी दोस्त या सहकर्मी को एक छोटा-सा 'थैंक यू' कहकर उनका दिन बना सकता है। कई स्कूलों और संस्थाओं में इस दिन को खास अंदाज में मनाया जाता है, बच्चों को 'स्माइली बैज' पहनाए जाते हैं, मोटिवेशनल कहानियां सुनाई जाती हैं और दयालुता के छोटे-छोटे कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

आज के डिजिटल युग में जब रिश्ते भी वर्चुअल होते जा रहे हैं, मुस्कान का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक इमोजी से भेजी गई मुस्कान भी सामने वाले के चेहरे पर हंसी ला सकती है। लेकिन वर्ल्ड स्माइल डे हमें याद दिलाता है कि सिर्फ स्क्रीन पर नहीं, असल जिंदगी में भी हमें मुस्कुराना और दूसरों को मुस्कुराने का कारण देना चाहिए।

## स्वास्थ्य के लिए 'अलार्म' है पेट में बनने वाला अम्ल

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। हमारा पेट खाने पचाने का काम करता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाने पचाने के लिए अम्ल (एसिड) बनना जरूरी होता है। आमतौर पर, शरीर में अम्ल का बनना हानिकारक हो सकता है, लेकिन पेट में बनने वाला अम्ल किसी जादू से कम नहीं है। यह भोजन को तेजी से पचाने में अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, यह संतुलन महत्वपूर्ण है इस अम्ल का कम या अधिक बनना, दोनों ही अवस्थाएं शरीर के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं।

पेट में बनने वाला पाचक अम्ल मुख्य रूप से हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और पेप्सिन का मिश्रण होता है। यह मिश्रण हमारे लिए एक तरह से अलार्म का काम करता है।



- **पेट में असंतुलन से मिलता है बीमारियों को न्यौता**
- **पेट में दर्द, जलन व अल्सर होने का खतरा**

जब पेट खाली होता है और आपको भूख लगती है, तो पेट से जो गुरगुराहट की आवाज आती है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि अब शरीर को भोजन की आवश्यकता है। पेट का अम्ल खाना पचाने, प्रोटीन को तोड़कर रक्त में मिलाने, भोजन के बैक्टीरिया को खत्म करने और अच्छे पोषक तत्वों को शरीर में अवशोषित करने का काम करता है। ये काम तभी ठीक प्रक्रिया से हो पाता है जब अम्ल सही समय और मात्रा में बने।

पेट में बनने वाला अम्ल हमारे पेट को नुकसान नहीं पहुंचाता, जब तक पेट के भीतरी हिस्से पर बनी म्यूकस लाइनिंग सुरक्षित है। ज्यादा मसालेदार, ज्यादा खट्टा और दूषित खाना खाने से म्यूकस लाइनिंग टूट जाती है और पेट में बनने वाला अम्ल पेट को ही नुकसान पहुंचाने लगता है। ऐसे में पेट में दर्द, जलन और अल्सर होने का खतरा रहता है। विज्ञान और आयुर्वेद में तभी इसी बात पर जोर दिया गया है कि रात का खाना हमेशा हल्का रखना चाहिए। रात के समय ही पाचन की दिक्कत के बाद हार्टबर्न और एसिडिटी की समस्या बन जाती है।

### पेट में बनने वाले अम्ल को संतुलित करने के उपाय

पेट में बनने वाले अम्ल को संतुलित करने के बहुत सारे तरीके हैं। तनाव और चिंता होने पर पेट में बनने वाला अम्ल बुरी तरीके से प्रभावित होता है। ये अम्ल को बढ़ाने और कम करने का काम करता है। इसके अलावा सौंफ और मिश्री का सेवन करना पेट की जठराग्नि के लिए अच्छा होता है। खाना खाने के बाद टहलने के साथ सौंफ और मिश्री का सेवन करें। ये पेट को ठंडा करती है। लस्सी और अजवाइन दोनों ही पेट के अम्ल के लिए अच्छी होती हैं। ये दोनों मिलकर अम्ल को संतुलित करती है और पाचन में भी मदद करती हैं।

## शैम्पू नहीं, बालों की सेहत के लिए सबसे असरदार है आसन

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। हर महिला का ख्वाब होता है कि उसके बाल घने, चमकदार और लंबे हों, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और लगातार बढ़ता प्रदूषण बालों की सेहत को धीरे-धीरे बिगाड़ रहे हैं। यही वजह है कि बालों का झड़ना, टूटना, सफेद होना और समय से पहले बेजान हो जाना अब आम बात हो गई है। ऐसे में लोग महंगे शैम्पू और तेलों का सहारा लेते हैं, लेकिन कई बार ये उपाय भी असर नहीं करते। आयुष मंत्रालय की मानें तो बालों की देखभाल सिर्फ बाहर से नहीं, अंदर से भी जरूरी है।

बालों को झड़ने से रोकने के लिए शरीर और दिमाग को संतुलित बनाए रखना जरूरी है और इस संतुलन को बनाने में योग बेहद कारगर उपाय साबित हो सकता है। योग सिर्फ शरीर को लचीला या फिट रखने का तरीका नहीं है, बल्कि यह शरीर के अंदरूनी सिस्टम को भी बेहतर बनाता है, जिसका सीधा असर बालों पर पड़ता है। अधोमुख श्वानासन बालों के लिए बेहद



फायदेमंद है। इस योगासन के दौरान सिर नीचे की ओर झुका होता है। यह स्थिति सिर की ओर खून के बहाव को बढ़ा देती है, जिससे बालों की जड़ों को भरपूर पोषण मिलता है। जब स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है तो बाल झड़ना रुकते हैं और नए बाल उगने की प्रक्रिया भी तेज होती है। साथ ही, ये आसन तनाव को भी काफी हद तक कम करता है, जो बालों के झड़ने की एक बड़ी वजह होती है।

शीर्षासन भी बालों की सेहत को बनाए रखता है। यह आसन थोड़ा कठिन जरूर है, लेकिन इसका असर बालों पर जबरदस्त होता है। इस आसन में व्यक्ति उल्टा खड़ा होता है, यानी सिर नीचे और पैर ऊपर होते हैं, जिससे पूरे शरीर का खून सिर की तरफ आता है। इससे बालों की जड़ों में ऑक्सीजन और जरूरी पोषक तत्वों की सप्लाई तेज हो जाती है। यह बालों को अंदर से मजबूत बनाता है और उनके झड़ने की गति को धीमा करता है। इतना ही नहीं, यह योगासन दिमाग को भी शांत करता है और चिंता को दूर करता है, जिससे हार्मोनल असंतुलन भी सुधरता है।

उत्तानासन भी बालों में चमक लाने में मदद करता है। इस आसन में सिर नीचे की ओर होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जो बालों की जड़ों में जान डालता है। इस आसन से बालों की जड़ों को वह ऊर्जा मिलती है जो रोजमर्रा के तनाव और थकान के कारण कमजोर हो जाती है। इससे न सिर्फ बाल झड़ने की समस्या कम होती है, बल्कि बालों में चमक और ताकत भी लौटने लगती है।

## साइबर जागरूकता माह शुरू

### साइबर क्राइम पर अक्षय कुमार ने देवेंद्र फडणवीस से की अपील

**महाराष्ट्र,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई में साइबर जागरूकता माह अक्टूबर 2025 का शुभारंभ हुआ, जहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार को देखा गया। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र पुलिस मुख्यालय में हुआ, जहां अक्षय कुमार ने अपनी बेटी के साथ हुई साइबर क्राइम की घटना का जिक्र किया और देवेंद्र फडणवीस से विनती करते हुए कहा कि हर स्कूल में बच्चों को 'साइबर' को सब्जेक्ट के तौर पर पढ़ाया जाए।

अक्षय कुमार ने कार्यक्रम में कहा कि मैं आपको उस घटना के बारे में बताना चाहता हूं जो कुछ महीनों पहले मेरे घर में घटी थी। मेरी बेटी ऑनलाइन गेम खेल रही थी और उस गेम में कई लोग शामिल होते हैं जिन्हें हम नहीं जानते। वहां से मैसेज आता है, 'बहुत अच्छा खेला, वेरी गुड,' और फिर सवाल आता है कि 'तुम कहां रहती हो?' मेरी बेटी ने लोकेशन बता दी। फिर कुछ दिन सब कुछ नॉर्मल हो गया, और फिर मैसेज आता है मेल हो या फीमेल? मेरी बेटी उसका भी जवाब देती है। उसके बाद वो अचानक उससे अश्लील फोटोज की डिमांड करता है और मेरी बेटी इस बारे में मेरी पत्नी को बताती है। एक्टर आगे कहते



हैं, ये अच्छा हुआ कि मेरी बेटी ने अपनी मां से ये परेशानी शेयर की..लेकिन कुछ केस में ये नहीं हो पाता है। ये भी एक तरह का साइबर क्राइम है और ऐसे ही शुरुआत होती है मैं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से रिक्वेस्ट करता हूं, जैसे स्कूलों में बच्चे हिस्ट्री सीखते हैं, मैथ्स सीखते हैं..ऐसे ही बच्चों को साइबर के बारे में पढ़ाया जाए। डिजिटल वर्ल्ड की जानकारी के लिए बच्चों को ये जानना बहुत जरूरी है। बता दें कि अक्षय कुमार की बेटी नितारा 12 साल की हैं। एक्टर मीडिया की नजरों से अपनी बेटी को हमेशा बचाकर रखते हैं। एक्टर कभी-कभार ही सोशल मीडिया पर अपनी बेटी के साथ फोटोज पोस्ट करते हैं और ज्यादातर फोटोज में बेटी का चेहरा छिपा ही होता है।

## लखनी देवी मंदिर : दर्शन मात्र से दूर हो जाती हैं धन से जुड़ी समस्याएं

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से कुछ दूरी पर रतनपुर के पास घने जंगल और पहाड़ी पर मौजूद मां लखनी देवी का मंदिर अपनी ही मान्यताओं की वजह से श्रद्धालुओं के बीच प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में दर्शन से लोगों की आर्थिक परेशानियां दूर हो जाती हैं। लखनी देवी मंदिर करीब 800 साल पुराना बताया जाता है। इस मंदिर को कलचुरी राजवंश के समय बनाया गया था। मान्यता है कि अगर आप कर्ज में हैं या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं या पैसा हाथ में रुकता नहीं है तो मां लखनी देवी के मंदिर में अर्जी लगाने से हर संकट दूर हो जाता है।

इस मंदिर में खास तरह का श्री यंत्र है, जिसके दर्शन के लिए भक्त दूर-दूर से आते हैं। मां लखनी देवी को मां लक्ष्मी का ही अवतार माना जाता है। दिवाली और अगहन के महीने में मां के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाती है। मां को पूजने के लिए गुरुवार के दिन को शुभ माना जाता है। कहते हैं कि गुरुवार मां लक्ष्मी का दिन होता है और इस दिन की गई पूजा फलदायी होती है।

इसके पीछे एक कथा भी प्रचलित है। कहा जाता है कि कल्चुरी राजा रत्नदेव तृतीय का राज्य अकाल और महामारी



का शिकार हो गया था। राज्य में किसी के पास खाने के लिए दाना नहीं था, शाही राजकोष भी खाली हो गया था।

इस समस्या से निजात पाने के लिए विद्वान पंडित ने राजा को मां लक्ष्मी का मंदिर बनवाने के लिए कहा। कहा जाता है कि मंदिर बनने के बाद राज्य में दोबारा खुशहाली आ गई। राज्य को महामारी और अकाल से मुक्ति मिल गई। इस मंदिर में मां लक्ष्मी का स्वरूप बहुत प्यारा है।

यहां मां लक्ष्मी अष्टदल कमल पर विराजमान हैं और मंदिर के बाहर भगवान हनुमान और शिव की बड़ी प्रतिमा भी है, जो मंदिर की भव्यता को बढ़ाती है। दिवाली के मौके पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा और मंदिर को बहुत अच्छे सजाया जाता है। इस दिन खास पूजा से मां लक्ष्मी को प्रसन्न किया जाता है।

## दिल की हर समस्या का हल है अर्जुन वृक्ष

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अर्जुन वृक्ष (टर्मिनलिया अर्जुन) को भारतीय आयुर्वेद में हृदय रोगों का सबसे प्रभावी और प्राचीन उपचार माना जाता है। इसकी छाल को आयुर्वेदिक ग्रंथों में हृदयबलवर्धक और धमनियों को शुद्ध करने वाला बताया गया है। आज के समय में जब हृदय रोग जैसे हार्ट अटैक, ब्लॉकेज, हाई ब्लड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रॉल लाखों लोगों की जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं, ऐसे में अर्जुन छाल एक सस्ता, सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प माना जा रहा है।

यह पेड़ नदियों के किनारे अधिक पाया जाता है। इसकी छाल औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें टैनिन्स, सैपोनिन्स, फ्लावोनॉयड्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और को-एंजाइम क्यू10 जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो हृदय की मांसपेशियों को मजबूत बनाने, ब्लॉकेज को रोकने और रक्त प्रवाह को सही रखने में मदद करते हैं।

अर्जुन छाल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह हृदय की कार्यक्षमता को बढ़ाती है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को कम कर अच्छे कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) को बढ़ाती है, जिससे धमनियों में चर्बी जमने से बचाव होता है। इसके नियमित सेवन से हाई



बीपी नियंत्रित रहता है और यह बीटा-ब्लॉकर जैसी आधुनिक दवाओं का प्राकृतिक विकल्प बन सकता है। हार्ट अटैक के बाद मरीज की रिकवरी में भी अर्जुन छाल का सेवन बेहद फायदेमंद साबित हुआ है। वैज्ञानिक शोधों में पाया गया है कि अर्जुन का काढ़ा इकोकार्डियोग्राफी में हृदय की क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है। यही नहीं, इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण दिल को फ्री रेडिकल्स से बचाकर उम्र से जुड़ी क्षति को भी धीमा करते हैं। हालांकि, इसका सेवन हमेशा संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए क्योंकि अधिक मात्रा ब्लड प्रेशर को बहुत कम कर सकती है। गर्भवती महिलाओं और दवाइयां ले रहे मरीजों को इसे आयुर्वेदिक डॉक्टर की सलाह के बिना नहीं लेना चाहिए।

### अर्जुन छाल का सेवन करने का तरीका

अर्जुन छाल का सेवन कई तरीकों से किया जा सकता है। सबसे प्रचलित तरीका है, इसका काढ़ा, जिसमें 1 चम्मच सूखी छाल को 2 कप पानी में उबालकर आधा रहने तक पकाया जाता है और इसे सुबह खाली पेट पीना होता है। दूसरा तरीका है अर्जुन छाल का चूर्ण, जिसे 1 से 3 ग्राम तक गुनगुने पानी या शहद के साथ सुबह-शाम लिया जा सकता है। बाजार में अर्जुन की हर्बल टी और कैप्सूल्स भी उपलब्ध हैं, जो व्यस्त जीवनशैली में इसे सेवन करने का आसान विकल्प प्रदान करते हैं।

## छोटे बच्चों के लिए जानलेवा है काली खांसी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नई अध्ययन के अनुसार, छोटे बच्चों के लिए काली खांसी जानलेवा साबित हो सकती है। शोध में गर्भावस्था के दौरान माताओं के टीकाकरण पर जोर दिया गया है। इस बीमारी का सबसे बड़ा डर यह है कि यह बहुत जल्दी फैलती है और बच्चों में इसके लक्षण वयस्कों से अलग होते हैं, जिसकी वजह से समय पर पहचान और इलाज मुश्किल हो जाता है।

काली खांसी एक सांस की बीमारी है, जो बैक्टीरिया की वजह से होती है। इसके कारण मरीज को तेज और लंबे समय तक खांसी होती रहती है। खांसी के बाद सांस लेते वक्त जो 'हूप' की आवाज आती है, यह इस बीमारी की पहचान मानी जाती है। यह खांसी कुछ मामलों में महीनों तक बनी रह सकती है, जिससे बच्चे और बड़े दोनों काफी परेशान रहते हैं। लेकिन बच्चों में यह बीमारी अलग तरह से सामने आती है, इसलिए इसे समझना और सही समय पर इलाज कराना बहुत जरूरी है।

शिकागो के एन एंड रॉबर्ट एच. लूरी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में संक्रामक रोग विशेषज्ञ और प्रमुख लेखिका कैटलिन ली ने कहा कि



छोटे बच्चों में काली खांसी के लक्षण वयस्कों से अलग होते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी फीनबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन में बाल रोग की सहायक प्रोफेसर ली ने कहा कि बच्चों को 'हूप' वाली खांसी नहीं होती, बल्कि उनके सांस लेने में रुकावट (एपनिया) हो सकती है। इससे बच्चे की जान पर खतरा बढ़ जाता है क्योंकि वे ठीक से सांस नहीं ले पाते। साथ ही, खांसी के कारण उनके शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं की संख्या बहुत अधिक बढ़ सकती है, जिसे डॉक्टर कभी-कभी कैंसर

- **बचाव के लिए गर्भावस्था में टीका लगवाना जरूरी**
- **छोटे बच्चों में काली खांसी के लक्षण वयस्कों से अलग**
- **गर्भवती महिलाओं को खांसी से बचाव का टीका लगवाने से बच्चे को जन्म से पहले ही मिलती है सुरक्षा**

जैसी गंभीर बीमारी समझ बैठते हैं। ऐसे में सही निदान और जल्द से जल्द उपचार शुरू करना बचाव के लिए जरूरी होता है।

पीडियाट्रिक्स पत्रिका में प्रकाशित एक लेख में शोधकर्ताओं ने इस बीमारी से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण पर विशेष जोर दिया है। ली ने कहा कि जब गर्भवती महिलाएं खांसी से बचाव का टीका लगवाती हैं, तो उनका शरीर उस बीमारी से लड़ने के लिए एंटीबॉडीज बनाता है, जो बच्चे को जन्म से पहले ही सुरक्षा प्रदान करती हैं। इससे नवजात शिशु इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रहते हैं।

अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के नियमों के मुताबिक, बच्चों को यह टीका 2, 4, 6, 15-18 महीने और फिर 4-6 साल की उम्र में दिया जाता है। इसके अलावा, 11-12 साल की उम्र में बूस्टर डोज लेना जरूरी है और यदि किसी बच्चे ने यह टीका नहीं लिया हो, तो 18 साल की उम्र तक इसे लिया जा सकता है।

गर्भवती महिलाओं को 27 से 36 हफ्ते के बीच टीका लगवाना चाहिए, जिससे बच्चे को जन्म से पहले ही खांसी जैसी बीमारी से बचाने में मदद मिल सके। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति में काली खांसी की पुष्टि हो जाती है या संदिग्ध मामला लगता है, तो उसे तुरंत एंटीबायोटिक लेना चाहिए। जल्दी इलाज शुरू करने से लक्षण कम हो सकते हैं और बीमारी फैलने से रोकी जा सकती है। हालांकि, देर से इलाज शुरू करने पर लक्षणों पर ज्यादा असर नहीं पड़ता, लेकिन यह संक्रमण को दूसरों तक पहुंचने से जरूर रोकता है।

## एमआर-लिनैक की मदद से कैंसर के उपचार की नई राह दिखायी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट एफएमआरआई, गुरुग्राम ने आज इलेक्टा यूनिटी एमआर लिनैक सिस्टम उपलब्ध कराने की पहली वर्षगांठ मनायी। यह उत्तर भारत का पहला और देश में दूसरा एमआर लिनैक सिस्टम है। सितम्बर 2024 में लॉन्च, यह शानदार प्लेटफार्म रियल-टाइम 1.5टी एमआरआई इमेजिंग का मेल एडवांस रेडिएशन डिलीवरी से कराते हुए, प्रिसीजन सटीक ओंकोलॉजी के क्षेत्र में नए मानक रच रहा है।

डॉ. एके आनंद, सीनियर डायरेक्टर एंड हैड, रेडिएशन ओंकोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल गुड़गांव ने कहा कि एमआर लिनैक क्रांतिकारी टेक्नोलॉजी है। यह रियल टाइम में ट्यूमर्स को देख पाती है और उसके हिसाब से सटीकतापूर्वक उपचार सुनिश्चित करती है जो कि मौजूदा पारंपरिक रेडिएशन में कल्पना से भी परे था। हमारे मरीज अब तेजी से रिकवर कर पाते हैं, उन्हें अपेक्षाकृत कम साइड इफेक्ट्स महसूस होते हैं और वे लंबे समय तक बेहतर परिणामों का लाभ भी उठा पाते हैं। इस टेक्नोलॉजी ने न सिर्फ फोर्टिस गुड़गांव के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए कैंसर केयर के मानकों को नए सिरे से परिभाषित किया हैKयश रावत, वाइस प्रेसीडेंट एंड फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस मेमोरियल, गुड़गांव ने कहा कि पिछले साल एमआर लिनैक की पेशकश के साथ ही उत्तर भारत में कैंसर केयर के नए युग की शुरूआत हुई। और बीते एक साल के दौरान, 187 मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है, हमने न सिर्फ अपने वायदे को पूरा कर दिखाया बल्कि प्रिसीजन ओंकोलॉजी के क्षेत्र में नए मानक भी रचे हैं।

उत्तर भारत में इस टेक्नोलॉजी से सुसज्जित होने के चलते एफएमआरआई कैंसर केयर के मामले में एशिया के अग्रणी संस्थानों में शामिल हो चुका है। इस उपलब्धि ने ग्लोबल इनोवेशंस को भारतीय मरीजों के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध कराते हुए उन्हें सर्वाधिक उन्नत तथा व्यापक बदलाव लाने वाले थेरेपी का लाभ दिलाने की हमारी प्रतिबद्धता को साबित कर दिखाया है।

# अभिमत

**हम सब जानते हैं हमारे जंगल बहुत कम हो गए हैं। इससे भूस्खलन व भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समाने वाले जंगल कट गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिये काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं।**

## बाढ़ की समस्या का मुकाबला कैसे करें?

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

पिछले दिनों देश के कई कोनों से लगातार बाढ़ से तबाही की खबरें आई हैं। अब यह समस्या स्थायी सी हो गई है। हर साल बाढ़ आती है, तबाही की खबरें आती हैं, लेकिन उसके बारे में पूर्व तैयारी नहीं होती। एक समग्र सोच का अभाव सभी जगह दिखाई देता है। आज बाढ़ पर थोड़ी चर्चा करना उचित होगा, जिससे इसे समग्रता में देख सकें। इसके समाधानों के बारे में सोच सकें।

हम बचपन से देखते आ रहे हैं कि पहले भी बाढ़ आती थी लेकिन वह इतने व्यापक कहर नहीं ढाती थी। इसके लिए पूरी तरह लोग व गांव तैयार रहते थे। बल्कि इसका उन्हें इंतजार रहता था। खेतों को बाढ़ के साथ आई नई मिट्टी मिलती थी, भरपूर पानी लाती थी जिससे प्यासे खेत तर हो जाते थे। पीने के लिये पानी मिल जाता था, भूजल ऊपर आ जाता था, नदी नाले, ताल-तलैया भर जाते थे। समृद्धि आती थी। बाढ़ आती थी, मेहमान की तरह जल्दी ही चली जाती थी। पर यह बाढ़ तबाही मचाती है।

हम सब जानते हैं हमारे जंगल बहुत कम हो गए हैं। इससे भूस्खलन व भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समाने वाले जंगल कट गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिये काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं। वे स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। लेकिन पेड़ नहीं रहेंगे तो बहुत गति से पानी नदियों में आएगा और इधर-उधर बह जाएगा, और बर्बादी करेगा। और यही हो रहा है।

यह भी देखा जा रहा है कि पहले नदियों के आस-पास बहुत पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, दूब और घास होती थी, उनमें पानी थम जाता था। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जमीन का उपयोग किसी और कामों के लिए होने लगा है। यानी इसमें कमी आ गई है।

एक और कारण है- लगातार बढ़ता शहरीकरण और विकास कार्य भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। बहुमंजिला इमारतें, सड़कों राजमार्गों का जाल बन गया है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह अवरुद्ध हो गए हैं। जहां पानी निकलने का रास्ता नहीं रहता है, वहां दलदलीकरण की समस्या हो जाती है। इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि बीमारियां भी फैलती हैं। जो तटबंध बने हैं, वे टूट-फूट जाते हैं जिससे लोगों को बाढ़ से बाहर निकलने का समय भी नहीं मिलता। इससे जान-माल की हानि होती है।

इसी प्रकार वेटलैंड (जलभूमि) की जमीन पर भी अन्य गतिविधियां होने लगी हैं। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है। सब जगह पक्के कांक्रीट के मकान, हाईवे और सड़कें हैं। जैसे कुछ सालों पहले मुंबई की बाढ़ का किस्सा सामने आया था। वहां मीठी नदी ही गायब हो गई, और जब पानी आया तो शहर जलमग्न हो गया। ऐसी हालत ज्यादातर शहरों की हो जाती है।

लेकिन बाढ़ के कारण और भी हैं। जैसे बड़े पैमाने पर रेत खनन। रेत पानी को स्पंज की तरह जज्ब करके रखती है। रेत खनन किया जा रहा है। रेत ही नहीं रहेगी तो पानी कैसे रुकेगा, नदी कैसे बहेगी, कैसे बचेगी। अगर रेत रहेगी तो नदी रहेगी। लेकिन जैसे ही बारिश ज्यादा होती है, वेग से पानी बहता है, उसे ठहरने की कोई जगह नहीं रहती।

कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती है। नदियां बांध दी जाती हैं। लोग समझते हैं कि यहां नदी तो है नहीं, क्यों न यहां खेती या इस खाली पड़ी जमीन का कोई और उपयोग किया जाए, तभी जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। और यही पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेती है इससे बर्बादी होती है।

**कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती है।नदियां बांध दी जाती हैं।लोग समझते हैं कि यहां नदी तो है नहीं, क्यों न यहां खेती या इस खाली पड़ी जमीन का कोई और उपयोग किया जाए, तभी जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता।और यही पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेती है इससे बर्बादी होती है।मौसम बदलाव भी एक कारण है।**

मौसम बदलाव भी एक कारण है। पहले सावन-भादो में लंबे समय तक झड़ी लगी रहती थी। यह पानी फसलों के लिये और भूजल पुनर्भरण के लिये बहुत उपयोगी होता था। फसलें भी अच्छी होती थी और धरती का पेट भी भरता था। पर अब बड़ी-बड़ी बूंदों वाला पानी बरसता है, जिससे कुछ ही समय में बाढ़ आ जाती है। वर्षा के दिन भी कम हो गए हैं।

बीज बचाओ आंदोलन व चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रहे विजय जड़धारी बताते हैं कि आजकल उत्तराखंड की पहचान अतिवृष्टि और तबाही से बन रही है लेकिन यदि 50 -100 साल पहले की बात करें तो यहां इससे भी ज्यादा बारिश होती थी, सावन के महीने को अंधियारा महीना कहते थे, तब सावन के महीना दिन में सूरज के दर्शन नहीं होते थे। न रात में तारे दिखते थे, चौमासा यानी चार महीने बारिश के लिए थे। लेकिन तब कहीं प्राकृतिक आपदाएं नहीं होती थी। बादल फटना शब्द कहीं नहीं था। न भू स्खलन होता था। उच्च हिमालय से इक्का-दुक्का घटनाएं हुई हैं। लेकिन आज चारों ओर तबाही ही तबाही हो रही है और प्रकृति को दोष दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हिमालय दुनिया की छत है। हिमालय पर हो रही आपदाएं प्राकृतिक नहीं है, यह मानव निर्मित है। हिमालय कोई सामान्य पहाड़ नहीं है, हिमालय और गंगा हमारी सभ्यता व संस्कृति का आधार है इसीलिए, हमारे ऋषि मुनियों ने उत्तराखंड हिमालय को देवभूमि कहा है।

इसके अलावा पानी के परम्परागत ढांचों की भी भारी उपेक्षा हुई है। ताल, तलैया, तालाब, खेतों में मेड़ बंधान आदि से भी पानी रुकता है। हर गांव में तालाब थे। आज भी छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में तालाब की पानीदार परंपराएं हैं, जिनसे काफी कुछ सीखा जा सकता है। यह तालाब गांव के लोगों ने बनाए और बचाए हैं।

कुछ समय पहले मैं राजस्थान गया था। और वहां कुछ जिलों में घूमा, और देखा कि वहां सैकड़ों साल पुराने तालाब हैं। आज भी स्थानीय लोग उनका पानी पीते हैं। उन्होंने उनकी सार-संभाल की है। और आज भी कर रहे हैं।

लेकिन आज हम इन पर ध्यान न देकर भूजल के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमारी बरसों पुरानी परम्पराओं में ही आज की बाढ़ जैसी समस्या के समाधान के सूत्र छिपे हैं। अगर ऐसे समन्वित विकल्पों पर काम किया जाए तो न केवल बाढ़ जैसी बड़ी समस्या से निजात पा सकते हैं। पर्यावरण, जैव-विविधता और बारिश के पानी का संरक्षण कर सकेंगे। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

### बीता सप्ताह

**27 सितम्बर**

- वायुसेना से लड़ाकू विमान मिग-21 को विदाई दी गई।
- डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ।
- शेनचोउ-20 अंतरिक्ष यात्री दल ने अपनी चौथी बाध्यान गतिविधि को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।
- लद्दाख में पर्यावरण विद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वायचुंग की गिरफ्तारी के बाद हालत नाजुक।

**28 सितम्बर**

- तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ होने से 40 लोगों की मौत हो गई।
- वरिष्ठ पत्रकार और द स्टेटसमैन के पूर्व संपादक एम एल कोटरू का निधन हो गया।
- बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी परमिंदर सिंह पिंडी को यूएई से भारत लाया गया।
- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हुए।

**29 सितम्बर**

- विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद की सदस्यता की दावेदारी की।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर नौ मिनट में रेबीज से एक इंसान की मौत होती है।
- इरान पर संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रतिबंध फिर से लागू हो गए। जो ईरान के परमाणु संवर्धन पर प्रतिबंध है।
- एलओसी पर घुसपैठ की नाकाम कोशिश करने वाले जम्मू कश्मीर के कूपवाड़ा में दो आंतकी मारे गए।

**30 सितम्बर**

- जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 6 लोगों की हत्या का आरोपी है।
- केरल विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ।
- केन्द्र सरकार ने शिरीष चंद मुर्मू को तन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया।
- गुयाना में भारतीय उच्चायोग ने विकसित भारत दौड़ आयोजित कर वैश्विक शांति का दिया संदेश।

**1 अक्टूबर**

- आरबीआई ने नए दिशा निर्देश जारी कर कहा कि स्मॉल बिजनेस को कर्ज नियमों में छूट दी जाएगी।
- पाकिस्तान के क्वेरा में बम धमाके से दस लोगों की मौत हो गई।
- जम्मू कश्मीर में कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने केन्द्र सरकार से बातचीत पर इंकार कर दिया।
- राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों को धोखा दिया है।

**2 अक्टूबर**

- केन्द्र सरकार ने गेहूं सहित 6 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी किया।
- एम-3 एम हुरून इंडिया रिच लिस्ट 2025 के अनुसार भारत में तेजी से बढ़ रही है अरबपतियों की संख्या। 1687 कारोबारियों में 1000 करोड़ से अधिक संपत्ति।
- भारत-रूस की अहम बैठक अफगानिस्तान और पाकिस्तान मुद्दे पर वार्ता हुई।
- आरबीआई का रेपोरेट पूर्व की भांति 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

## समाचार मीडिया और गांधी

■ राजेश बहुगुणा

समाचार पत्रों के माध्यम से ही गांधी सफल जन नेता के रूप में उभरे थे। दक्षिण अफ्रीका में समाचार पत्रों में प्रवासी भारतीयों के पक्ष में आवाज उठाने की कार्यवाही गांधी निरन्तर करते थे।

समाचार पत्रों में पत्र लिखने के दौरान ही गांधी को भारतीयों की आवाज रखने के लिए अपने समाचार पत्र की जरूरत महसूस हुई जिसका परिणाम 'इंडियन ओपिनियन' समाचार पत्र था। दक्षिण अफ्रीका के आन्दोलन में इंडियन ओपिनियन समाचार पत्र की इतनी महत्वपूर्ण भूमिका थी कि महात्मा गांधी ने अपनी आत्मकथा और अपनी दूसरी पुस्तक 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह का इतिहास' दोनों ही में इंडियन ओपिनियन पर एक अध्याय लिखा। उन्होंने स्वीकार किया है कि इस अखबार के द्वारा मुझे मनुष्य के रंग-बिरंगे स्वभाव का बहुत ज्ञान मिला। संपादक और ग्राहकके बीच निकट का और स्वच्छ सम्बन्धं स्थापित करने की ही धारणा होने से मेरे पास हृदय खोलकर रख देने वाले पत्रों का ढेर लग जाता था। उसमें तीखे, कड़वे, मीठे यों भांति-भांति के पत्र मेरे नाम आते थे। उन्हें पढ़ना, उन पर विचार करना, उनमें से विचारों का सार लेकर उत्तर देना यह सब मेरे लिए शिक्षा का उत्तम साधन बन गया था। मुझे ऐसा अनुभव हुआ मानो इसके द्वारा मैं समाज में चल रही चर्चाओं और विचारों को सुन रहा होऊं। मैं संपादक के दायित्व को भली-भांति समझने लगा और मुझे समाज के लोगों पर जो प्रभुत्व प्राप्त हुआ, उसके कारण भविष्य में होने वाली लड़ाई संभव हो सकी, वह सुशोभित हुई और उसे शक्ति प्राप्त हुई।

**गांधी पाठकों से प्राप्त होने वाले पत्रों को न केवल समाचार पत्र में स्थान देते वरन पाठकों के पत्रों के आधार पर समाचार पत्र में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए आलेख भी लिखते थे। गांधी ने समाचार पत्र के सामाजिक क्लब बनाने का सुझाव दिया जिसमें एक समाचार पत्र से ही समाज के अनेक लोगों को समाचार पढ़ने में कोई आर्थिक बोझ नहीं हो सकता था। इसी तरह पढ़े-लिखे पाठकों को भी गांधी सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाते हुए यह सुझाव भी देते हैं कि वे निरक्षर लोगों को समाचार पढ़कर सुनायें और उन्हें जागरूक करें। आजादी की लड़ाई के दौरान जब कुछ अखबार साम्प्रदायिक तनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे, उस समय गांधी पाठकों को यह भी चेतावनी देते हैं कि हिन्दू और मुसलमानों के खिलाफ जो कुछ लोग कहें उसे बिना जांचें हरगिज न माने।**

दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीयों के हितों के लिए दक्षिण अफ्रीका की उपनिवेशी रंगभेदी सरकार के खिलाफ गांधी ब्रिटिश सरकार के न्याय पर भरोसा कर रहे थे। भारत में इसी ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध गांधी की सीधी लड़ाई थी। प्रेस पर नियंत्रण का अनुभव गांधी को दक्षिण अफ्रीका में नहीं हुआ था। भारत में दक्षिण अफ्रीका की तुलना में अधिक शिक्षित एवं जागरूक भारतीयों को ध्यान में रखते हुये प्रेस पर नियंत्रण 18वीं सदी के अंत में ही प्रारम्भ हो गये थे किन्तु 1835 में मेटकॉफ ने भारतीय प्रेस को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर दिया लेकिन 1857 के विद्रोह के बाद प्रेस पर सरकारी नियंत्रण भारतीय समाज के राजनैतिक जागरण के साथ बढ़ता ही गया। वायसराय कर्जन के बंगाल के विभाजन के निर्णय के खिलाफ व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन की परिस्थितियों में ब्रिटिश सरकार ने भारत में प्रेस पर नियंत्रण के कानूनों को कठोरता से लागू किया था।

भारत आने पर कुछ वर्षों तक गांधी ब्रिटिश सरकार से न्यायोचित व्यवहार की ही आशा कर रहे थे, लेकिन पंजाब में रॉलेट एक्ट और जलियांवाला बाग हत्याकांड ने ब्रिटिश सरकार के प्रति गांधी का दृष्टिकोण पूरी तरह बदल दिया। जनता को जागरूक करने में समाचार पत्रों की भूमिका दक्षिण अफ्रीका में ही अनुभव करते हुये गांधी ने भारत आने के कुछ वर्षों के भीतर ही 'नवजीवन' और 'यंग इंडिया' समाचार पत्र निकालना प्रारंभ किया कुलीन वर्ग में सीमित कांग्रेस के दरवाजे उन्होंने आम जनता के लिये खोल दिये। इसी भारतीय जनता को जागरूक करने में गांधी के सम्पूर्ण भारत में दौरे एवं भाषणों का असर तो था ही, लेकिन 'यंग इंडिया' एवं 'नवजीवन' ने भी बड़ी भूमिका निभायी थी।

अपने जीवन में चार समाचार पत्रों 'इंडियन ओपीनियन' यंग इण्डिया नवजीवन और हरिजन के संचालन एवं सम्पादन के दौरान गांधी ने सैकड़ों आलेख लिखे हैं। समाचार पत्रों के साथ उनके पचास वर्ष से भी अधिक के संबंध के दौरान लिखे गये इन आलेखों के माध्यम से गांधी ने मीडिया के प्रत्येक पक्ष पर न केवल अपने विचार रखे हैं, वरन इन वर्षों में समाचार पत्र के स्वामी, सम्पादक या पत्रकार के रूप में सत्ता एवं जनता के साथ उनके कार्य व्यवहार से समाचार मीडिया पर उनकी दृष्टि भी पाठकों को स्पष्ट हो जाती है।

गांधी के लिए समाचार पत्र सदैव आम जनता को शिक्षित करने और आम जनता अथवा पत्र के पाठकों के हित व दृष्टिकोण को सत्ता और सत्ता से जुड़े अन्य संस्थान के सामने रखना रहा। इसलिये गांधी जनता को सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक सभी स्तरों पर बेहतर एवं जागरूक करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील दिखते हैं। गांधी की यह स्पष्ट राय है कि अखबारों के माध्यम से ही शासन को जनता के अभिमत का पता चलता है और यदि समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू की जाती है तो फिर शासन केवल अपने अधीनस्थों की सूचना पर ही निर्भर रह जाएगा और वास्तविक जानकारी से अपरिचित रहेगा जो स्वयं शासन के लिए ही हितकर नहीं है। समाचार पत्रों की विश्वसनीयता के लिए गांधी स्पष्ट थे कि समाचार पत्र में सच्ची और विश्वसनीय खबरों को ही स्थान मिलना चाहिए। एक जगह उन्होंने यह भी कहा कि यदि खबर जिसे समाचार पत्र आवश्यकता पड़ने पर स्वयं सिद्ध नहीं कर सकते लेकिन उनके अखबार में छपती है तो वह वास्तव में अपराध ही करते हैं। समाचार पत्र अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तब ही बनाये रख सकता है जबकि किसी अन्य संस्था से प्राप्त होने वाली राशि पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं हो इसलिए गांधी अखबारों को चलाने के लिए आय के स्त्रोत के रूप में विज्ञापनों का सहारा लेना उचित नहीं मानते। गांधी के अनुसार समाचार पत्र अपने पाठकों के नियमित ग्राहक शुल्क पर ही चलाया जाना चाहिए और यह समाचार पत्र के पाठकों की जिम्मेदारी है कि यदि वे अपने समाचार पत्र को पसंद करते हैं तो उसे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रखने के लिए नियमित रूप से ग्राहक शुल्क प्रदान करें।

गांधी को समाचार पत्रों पर सरकार की ओर से नियंत्रण का अनुभव भारत आकर ही हुआ था। भारत में समाचार पत्रों की स्वतंत्रता के लिए मुम्बई में आयोजित एक विशाल सार्वजनिक सभा में गांधी ने प्रगतिशील राज्य के लिए स्वतंत्र सार्वजनिक पत्र की आवश्यकता स्पष्ट करते हुए अपने भाषण में कहा कि-

'एक स्वस्थ और प्रगतिशील राज्य के लिए स्वतंत्र सार्वजनिक पत्रों का होना पहली आवश्यक शर्त है और यह बात सभ्य लोगों के उचित राजनीतिक और नैतिक विकास के लिए जरूरी है; एवं सार्वजनिक जीवन के समस्त क्षेत्रों में स्वतन्त्रता का प्रवेश और उसका कायम रखा जाना लोगों के उत्थान, और सन्तोष तथा सरकार और लोगों के पारस्परिक विश्वास की अचूक गारंटी है।'

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गांधी इतने उच्चतम स्तर तक रखना चाहते हैं कि उनके अनुसार- 'भाषण स्वातंर्त्य का मतलब तो यही है कि हमारे वचन कितने ही कठोर और चोट पहुंचाने वाले क्यों न हो, फिर भी उस स्वतन्त्रता पर आक्रमण न किया जाये।'

समाचार पत्रों की तरह ही गांधी सम्पादक पद को भी आजीविका के लिए नहीं बल्कि लोकसेवा के लिये मान्य करते हैं। गांधी सम्पादक को यह भी सलाह देते हैं कि विरोधी पक्ष को भी अखबार में स्थान दिया जाए। गांधी समाचार पत्र को लोकप्रिय बनाये रखने के लिये स्थानीय समाचारों को भी अखबार में रखने की सलाह देते हैं। गांधी विश्वसनीय खबरों को ही समाचार पत्र में स्थान देने के लिए जोर देते हैं और यदि खबर के कारण कतिपय पक्ष से निंदा अथवा शासन पक्ष से रोष की स्थिति भी हो तो सम्पादक को निर्भीक रहने की सलाह देते हैं। पत्रकारों की विषम स्थिति से भी गांधी अपरिचित नहीं हैं। एक जगह गांधी ने पत्रकारों की विषम स्थिति के संबंध में लिखा है कि-

'पत्रकार का जीवन कभी सुख-चैन का जीवन नहीं होता। उस पर वे जिम्मेदारियां होती है जिनका शायद जनता को समुचित खयाल भी नहीं होता। एक तरफ तो उसे अपने मालिकों को खुदा रखना पड़ता है और दूसरी ओर लोकमत का प्रतिनिधित्व करना होता है। ऐसा करने में उसे बड़ा त्याग करना पड़ सकता है। उसको अक्सर परस्पर विरोधी स्वाथों से निबटना पड़ता है और उसके सामने जो मामले आते हैं उन पर जनता के दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि अपने दृष्किोण से भी विचार करना पड़ता है और जब उसके अपने ही शुद्ध अन्त:करण से मान्य विचार किसी खास मामले में लोकमत के विपरीत होते हैं तब स्थिति बड़ी नाजुक हो जाती है।'

यह स्थिति आज भी समाचार मीडिया में अनुभव की जा सकती है। गांधी के साथ अनेक घटनाएं हुईं जिनमें पत्रकारों के द्वारा गांधी के कहे को उनकी भावना के अनुरूप प्रकाशित नहीं किया गया और गांधी को इसके लिए सफाई देना पड़ी। उस समय भी गांधी पत्रकारिता के गिरते स्तर से चिंतित थे और उनके अनुसार भारत में जिसे कोई दूसरा काम नहीं मिलता और थोड़ा भी पढ़ना लिखना जानता है, वह अखबार नवीसी करने लगता है। इसे आज भी अनुभव किया जा सकता है। गांधी देशी भाषा के समाचार पत्र एवं पत्रकारिता के सदैव पक्षधर रहे क्योंकि देशी भाषा को समझने वाले भारतीयों की संख्या अंग्रेजी समझने वालों की तुलना में बहुत अधिक थी और अखबार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना ही रहता है। गांधी के अनुसार पत्रकार की समाज में भूमिका जनता को सही दिशा की ओर ले जाना है हालांकि गांधी कतिपय पत्रकारों द्वारा पीत पत्रकारिता के अन्तर्गत झूठी शिकायतों के सहारे पैसा वसूलने की घटनाओं से भी परिचित थे। ऐसी पत्रकारिता से इससे बचने का एक ही उपाय गांधी बताते हैं कि ऐसे असत्य लेखों की कोई चिन्ता ही न की जाए। आजादी के समय बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव में पत्रकारों एवं समाचार पत्रों द्वारा असत्य खबरों के माध्यम से साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाने को लेकर भी गांधी बहुत चिंतित रहे।

गांधी पाठकों से प्राप्त होने वाले पत्रों को न केवल समाचार पत्र में स्थान देते वरन पाठकों के पत्रों के आधार पर समाचार पत्र में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए आलेख भी लिखते थे। गांधी ने समाचार पत्र के सामाजिक क्लब बनाने का सुझाव दिया जिसमें एक समाचार पत्र से ही समाज के अनेक लोगों को समाचार पढ़ने में कोई आर्थिक बोझ नहीं हो सकता था। इसी तरह पढ़े-लिखे पाठकों को भी गांधी सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाते हुए यह सुझाव भी देते हैं कि वे निरक्षर लोगों को समाचार पढ़कर सुनायें और उन्हें जागरूक करें। आजादी की लड़ाई के दौरान जब कुछ अखबार साम्प्रदायिक तनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे, उस समय गांधी पाठकों को यह भी चेतावनी देते हैं कि हिन्दू और मुसलमानों के खिलाफ जो कुछ लोग कहें उसे बिना जांचें हरगिज न माने। प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रखने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रेस का नियंत्रण किये जाने की स्थिति पर गांधी पाठकों को चलता-फिरता समाचार पत्र बनकर समाचार एक दूसरे को सुनाने की सलाह देते हैं। आजादी के बाद भी अखबार में साम्प्रदायिक सदभाव को बिगाड़ने वाली असत्य घटनाओं के प्रकाशन से चिंतित होकर गांधी पाठकों से यह अपील करते हैं कि-

'आज़ादी के जमाने में तो यह पब्लिक का फर्ज हो जाता है कि गन्दे अखबारों को न पढ़ें, उनकों फेंक दें। जब उन्हें कोई लेगा नहीं तो वे अपने-आप ठीक रास्ते पर चलने लगेंगे। अगर हम ऐसा करेंगे तो अखबार अपना सच्चा धर्म का पालन करेंगे।'

## राजनीति से प्रेरित है गांधी से नफ़रत का अभियान


डा. सुदर्शन अयंगर

**अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गांधीजी ने जाति आधारित हिंसा के खिलाफ स्पष्टऔर संरचनात्मक दोनों तरह से बिताया। दलितों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के संघर्ष का नेतृत्व करने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर के साथ अपने तीखे मतभेदों के बावजूद लोगों के दिलो-दिमाग से अस्पृश्यता को दूर करने के अपने अभियान को गांधीजी ने जारी रखा था।**

संयुक्त राष्ट्र ने 2 अक्टूबर 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में घोषित किया है। दुनिया ने गांधी को शांति के दूत के रूप में मान्यता दी है। अहिंसा और शांति के वैश्विक प्रतीक के रूप में गांधी के सम्मान में कुल 102 देशों ने उनकी प्रतिमाएं स्थापित की हैं। वे पिछली दो सहस्त्राब्दियों में जन्म लेने वाले 10 उत्कृष्ट व्यक्तित्वों में से एक हैं जिनके बारे में सबसे अधिक लिखा गया है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि, 'गांधीजी एक वैश्विक प्रतीक हैं और अहमदाबाद में उनके निवास साबरमती आश्रम को एक विश्व स्तरीय स्मारक में बदल दिया जाएगा।' 1200 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है। भारत का शीर्ष नेतृत्व गांधीजी को छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता। यह स्पष्ट रूप से समझा जाता है कि गांधीजी भारत का वैश्विक चेहरा हैं। इसलिए उनका निरतंर उल्लेख किया जाना जारी है।

प्रधानमंत्री ने नवंबर, 2014 से सितंबर, 2025 तक विदेशी संसदों में दिए 17 भाषणों में से 6 में महात्मा गांधी का सीधे उल्लेख किया है। उन्होंने कई अन्य अवसरों पर अप्रत्यक्ष रूप से गांधीजी का उल्लेख किया है। उन्होंने बापू को अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग के लिए इस्तेमाल किया है। स्थिरता और समानता के बारे में बात करते हुए उन्होंने गांधी के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लेख किया है। मोदी के अंतरराष्ट्रीय भाषणों में अक्सर गांधी के 'वसुधैव कुटुम्बकम' के संदेश का उल्लेख होता है। उनके राजनयिक उद्देश्यों में यह संदेश उनकी अच्छी मदद कर रहा है।

उन्होंने देश में भी 2 अक्टूबर, 2014 को 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरुआत की। हाल ही में वे स्वदेशी पर मुखर रहे हैं। प्रतीकवाद अपने चरम पर है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 में चेक-इन सेक्शन में प्रवेश करते हुए कोई भी व्यक्ति एक विशाल चरखा देख सकता है। यह हस्तचालित चरखा बर्मा सागौन से बना है और इसका वजन चार टन है। द्वार 4 और 5 के बीच चरखे के नीचे स्थापित पट्टिका में गांधीजी के योगदान का स्पष्ट रूप से उल्लेख है। स्थापना के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा था-'चरखा आईजीआई हवाई अड्डे पर यात्रियों को भारत की कालातीत विरासत तथा स्थिरता और सद्भाव के मूल्यों की याद दिलाने का काम करेगा और इसी उद्देश्य से इसे बनाया गया है।' उन्होंने देश के नागरिकों से खादी को अपनाने की अपील की है। दुनिया के किसी भी कोने से आने वाला यात्री अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 'गांधीजी के पदचिह्न' नामक एक छोटी सी प्रदर्शनी को देखने का अवसर नहीं छोड़ता है।

इसके बावजूद जिस देश में वे पैदा हुए, रहे और अपना बलिदान दिया, वहां उनके खिलाफ पिछले 25 वर्षों के दौरान एक घृणा अभियान तेज हो गया है। गांधी नफरत करने लायक व्यक्ति बन गए हैं। मुसलमानों के प्रति उनके कथित पक्षपात के लिए उनसे नफरत की जाती है। अस्पृश्यता को दूर करने के लिए उनके 15 साल के अथक प्रयत्नों का मजाक उड़ाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल और नेताजी सुभाषचंद्र बोस की अनदेखी करने के लिए उनकी निंदा की जाती है। भगत सिंह की फांसी के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान हाशिए पर है। बोस द्वारा उन्हें दी गई 'राष्ट्रपिता' की उपाधि का उपहास उड़ाया जाता है। सोशल मीडिया ने हम भारतीयों के मन में गांधी की छवि को नष्ट कर दिया है।

'गांधी का गुजरात' आज एक बुरा शब्द है। जहरीली नफ़रत के साथ प्रकट और छिपी हुई हिंसा ने लोगों के दिलो-दिमाग पर कब्जा कर लिया है। कट्टरपंथी हिंदू भीड़ बेहिचक आगे बढ़ रही है और कानून के रक्षक भी उन पर विशेष रोक-टोक नहीं करते। यह जानकर दुख होता है कि कट्टरपंथियों की भीड़ नवरात्रि गरबा महोत्सव के आयोजकों से कड़ी पूछताछ करती है कि मुसलमानों को कितने पास और टिकट जारी किए गए हैं। एक तरफ गरबा नृत्य चल रहा है तो उसी समय भीड़ मुस्लिम प्रतिभागियों की जांच करती है।

इस साल की शुरुआत में राजनीतिक रैलियों, धार्मिक जुलूसों, विरोध मार्च और सांस्कृतिक समारोहों जैसे कार्यक्रमों में हुए भाषणों में अभद्र भाषा के उपयोग की संख्या बढ़ी है। 2024 में 1,165 मामले सामने आए जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 668 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल चुनाव अभियान के दौरान नफ़रत फैलाने वाले भाषण चरम पर थे।

अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गांधीजी ने जाति आधारित हिंसा के खिलाफ स्पष्ट और संरचनात्मक दोनों तरह से बिताया। दलितों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के संघर्ष का नेतृत्व करने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर के साथ अपने तीखे मतभेदों के बावजूद लोगों के दिलो-दिमाग से अस्पृश्यता को दूर करने के अपने अभियान को गांधीजी ने जारी रखा था। क्या अंबेडकर और गांधी दोनों के प्रयासों को हम भारतीय विफल नहीं कर रहे हैं? 2025 में भी तथाकथित उच्च और श्रेष्ठ जाति के लोगों ने दलितों का अपमान करने, निंदा करने, शोषण, बलात्कार, घायल करने और मारने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

गांधी के प्रति नफ़रत का अभियान सुनियोजित और राजनीति से प्रेरित है। इस तरह के प्रायोजित हमले के पीछे का दिमाग धोखेबाज है। जातिगत मानसिकता पूरी तरह से खेल खेलती है। नफ़रत करने वाले लोग भारत में मुसलमानों को 'सबसे निचली जाति' बनाना चाहते हैं जिसे समाज में हलके दर्जे के काम करने के लिए मजबूर किया जाए। ये तत्व चाहते हैं कि उन्हें गरीबी और दरिद्रता में सड़ना और दबाव में आकर इस देश को छोड़ देना चाहिए। हम भारत के नागरिक क्या इस बात को समझते हैं कि हम नफ़रत, निंदा व भेदभाव कर, चोट पहुंचाकर और हत्या करके दुश्मनी का माहौल बना रहे हैं? कोई भी प्रत्यक्ष, छिपी हुई और संरचनात्मक हिंसा मजबूत भावनाओं और कड़वाहट को जन्म देती है जो हिंसा की जड़ है।

हमें समझना चाहिए कि जब किसी वर्ग को निशाना बनाया जाता है और उसका बहिष्कार किया जाता है तथा जब लोग सीधे तौर पर व राज्य धोखे से यह खेल खेलते हैं, तो पीड़ित समूह नाराज होकर बदला लेने पर उतारू हो जाता है। ऐसे समुदायों में रोटी कमाने वालों को उचित अवसर नहीं दिए जाते। वे ऐसी मुश्किल या कठिन परिस्थितियों में डाल दिए जाते हैं जहां से उनके पास निकलने का कोई विकल्प नहीं रह जाता। यह परिस्थिति नफ़रत और हिंसा के एक नए चक्र को जन्म दे सकती है जो भारत को बर्बाद कर देगी।

अहिंसा के वैश्विक प्रतीक महात्मा गांधी ने जाति आधारित हिंसा को समाप्त करने और हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। फिर भी आधुनिक भारत में उनकी विरासत को षड्यंत्रपूर्वक रचे घृणा अभियानों के माध्यम से बदनामी का सामना करना पड़ता है। अस्पृश्यता को मिटाने और समानता को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के बावजूद 2025 में भी दलितों और मुसलमानों को भेदभाव, शोषण और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है जो गांधी और डॉ. अंबेडकर दोनों के दृष्टिकोण को धोखा दे रहा है।

सामाजिक और राजनीतिक ताकतें अल्पसंख्यकों को हाशिए पर डाल देती हैं, बहिष्कार एवं प्रतिरोध के माध्यम से उन्हें 'सबसे निचली जाति' के रूप में मानती हैं जिससे दुश्मनी और संभावित प्रतिशोध का माहौल पैदा होता है। सत्य, अहिंसा और वैश्विक एकता पर जोर देने वाले गांधी के सत्याग्रह के दर्शन ने दुनिया भर के आंदोलनों को प्रेरित किया लेकिन संकीर्ण लाभ के लिए इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने वालों से भारत को खतरा है। गांधी की 156वीं जयंती पर भारत को नफ़रत को अस्वीकार करना चाहिए, अंतरधार्मिक संवाद को अपनाना चाहिए और अलगाव को दूर करने तथा शांतिपूर्ण भविष्य को सुरक्षित करने के लिए न्याय को बनाए रखना चाहिए।

**(लेखक महात्मा गांधी द्वारा 1920 में स्थापित गुजरात विद्यापीठ के पूर्व कुलपति हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# देश विदेश


## इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।

### रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को घेरा, कहा

# बाहरी दबाव से नहीं झुकेंगे पीएम मोदी

**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के साथ जारी टैरिफ विवाद के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मास्को के साथ तेल व्यापार जारी रखने के भारत के फैसले का पुरजोर समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और रूस से तेल आयात रोकने के लिए दबाव बनाने के प्रयास के लिए अमेरिका को जमकर फटकार लगाई।



**■ पुतिन ने मास्को के साथ तेल व्यापार जारी रखने के भारत के फैसले का किया समर्थन**

सोची के वल्दाई डिस्कशन क्लब में रूस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को एक 'संतुलित और बुद्धिमान नेता' बताया। उन्होंने भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के पीछे किसी भी राजनीतिक मंशा को खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से आर्थिक कारणों से प्रेरित है।

व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि इसमें कोई राजनीतिक पहलू नहीं है। अगर भारत हमारी ऊर्जा आपूर्ति से इनकार करता है, तो उसे कुछ नुकसान होगा। अनुमान अलग-अलग हैं। कुछ का कहना है कि यह लगभग 9-10 अरब डॉलर का हो सकता है, लेकिन अगर वह इनकार नहीं करता है, तो प्रतिबंध लगाए जाएंगे और नुकसान उतना ही होगा, तो फिर इनकार क्यों किया जाए, जबकि इससे घरेलू राजनीतिक लागत भी आएगी।

रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका की ओर से टैरिफ के जरिए बनाए जा रहे बाहरी दबाव के आगे न झुकने की भारत की क्षमता पर भरोसा जताया। पुतिन ने कहा कि यकीन मानिए भारत जैसे देश के लोग, राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसलों पर कड़ी नजर रखेंगे और किसी के सामने किसी भी तरह का अपमान नहीं होने देंगे और फिर मैं प्रधानमंत्री मोदी को भी जानता हूं। वह खुद इस तरह का कोई कदम कभी नहीं उठाएंगे।

बता दें, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए भाषण के तुरंत बाद आई है। यूएनजीए में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और चीन पर रूस से तेल खरीद जारी रखकर यूक्रेन युद्ध के प्रमुख वित्तीय समर्थक होने का आरोप लगाया था।

यही वजह है कि अमेरिका ने अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया, जिससे कुल शुल्क प्रभावी रूप से 50 प्रतिशत हो गया।

### दिसम्बर की शुरुआत में भारत आएंगे पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। श्री पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर- शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नये साल से पहले होगा। श्री पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसंबर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति 2021 में 21 वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता के लिए भारत आए थे।

**■ जोर- शोर से चल रही है पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां**

## अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की जांच करे यूनुस सरकार : भारत

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश के गृह सलाहकार जाहंगीर आलम चौधरी के हालिया बयान पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को अपने अंदर झांकना चाहिए और देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इन झूठे और बेबुनियाद आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रही है और अक्सर अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए दूसरों पर आरोप लगाती है। उसे चाहिए कि वह आत्ममंथन करे और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ स्थानीय चरमपंथियों द्वारा की जा रही हिंसा, आगजनी और भूमि कब्जे की गंभीर जांच करे।

यह प्रतिक्रिया चौधरी के उस बयान पर आई जिसमें उन्होंने खगड़ाछड़ी जिले में फैली अशांति के लिए नई दिल्ली को जिम्मेदार ठहराया था। चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में आदिवासी लोगों के खिलाफ हुई हालिया हिंसा को लेकर वैश्विक समुदाय में चिंता बढ़ गई है। मानवाधिकार संगठनों ने अंतरिम सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है, क्योंकि 28 सितंबर को एक मर्मा समुदाय की स्कूली छात्रा से गैंगरेप की घटना के बाद भड़की हिंसा में कई लोगों की मौत और घायल होने की खबरें आई हैं। इस दौरान सुरक्षा बलों पर व्यापक आगजनी, लूटपाट और अंधाधुंध गोलीबारी के आरोप लगे हैं। इस बीच, जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के बाहर इंटरनेशनल फोरम फॉर सेक्युलर बांग्लादेश ने दो दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की।

## सुडोकू 7053

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 4 अक्टूबर, 2025 आश्विन शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। संतान के विषय में समस्या होगी।

कर्क - आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

सिंह - आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों में आपका व्यवहार थोड़ा उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला - आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। साथ ही मानसिक रूप से भी अस्वस्थता महसूस होगी। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु - आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। छोटी यात्रा की संभावना है।

मकर - न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव न हो, उसके लिए यह आवश्यक है।

कुंभ - शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे।

मीन - अल्पकालिक लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इबोला से निपटने में आड़े आ रही धन की कमी : डब्ल्यूएचओ



**कांगो सरकार ने की 4 सितम्बर को इबोला प्रकोप की घोषणा**

**किंशासा,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि डीआरसी के कसाई प्रांत में इबोला के प्रकोप में कमी के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं।

हालांकि, वित्तीय कमी और रसद संबंधी चुनौतियां इबोला के प्रभाव को कम करने के प्रयासों में बाधा बन रही हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कांगो सरकार ने 4 सितंबर को इबोला प्रकोप की घोषणा की। 1976 में वायरस की पहली बार पहचान के बाद से देश 16वीं बार इबोला की चपेट में आया है। बुधवार तक कुल 64 मामले सामने आए थे, जिनमें 42 मरीजों की मौत हो गई, जबकि 12 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यवाहक क्षेत्रीय आपातकालीन निदेशक पैट्रिक अबोक ने एक वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि लगभग 30 दिनों की लगातार कोशिशों के बाद नए मामलों की संख्या में गिरावट शुरू देखने को मिल रही है। यह इस बात का एक मजबूत संकेत है कि हमारे प्रयासों का असर दिखने लगा है।

अब तक 8,000 से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है जो इबोला के पुष्ट मामलों के संपर्क में आए हैं। डब्ल्यूएचओ के अफ्रीका क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक नए अभियान का उद्देश्य बुलापे के 19 इलाकों में 18,000 खुराकें पहुंचाना है, ताकि जोखिमग्रस्त आबादी की सुरक्षा की जा सके और वायरस के प्रसार को रोका जाए।


पिछले तीन हफ्तों में दर्ज मामलों में गिरावट देखी गई है, लेकिन नियंत्रण उपायों को बनाए रखना और उनका विस्तार करना अभी महत्वपूर्ण बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ के इबोला प्रबंधक मोरी कीता ने इबोला से निपटने में मजबूत सामुदायिक भागीदारी पर खुशी जताई।

## दुखद : गाजा में 42 हजार लोग हुए दिव्यांग

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि इज़रायली सैन्य अभियान के कारण गाजा पट्टी में लगभग 42,000 लोग दिव्यांग हो गए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के कारण लगभग 42,000 लोग जीवन बदलने वाली चोटों का शिकार हुए हैं। अक्टूबर 2023 से अब तक कुल 167,376 घायल हुए लोगों में से इनकी संख्या करीब एक चौथाई है। कुल 5,000 से ज़्यादा लोगों के अंग बदले गए हैं।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार बड़े पैमाने पर लोग हाथ और पैर की चोटें (22,000 से ज़्यादा), रीढ़ की हड्डी की चोटों (2,000 से ज़्यादा), मस्तिष्क की चोटों (1,300 से ज़्यादा), और गंभीर जलन (3,300 से ज़्यादा) से पीड़ित हुए हैं। इस कारण से विशेष शल्य चिकित्सा और पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता और बढ़ गई है। बयान में आगे कहा गया है, स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतें बढ़ रही हैं, स्वास्थ्य व्यवस्था ढहने के कगार पर है। गाजा के 36 अस्पतालों में से केवल 14 ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं, जबकि संघर्ष-पूर्व पुनर्वास सेवाएं एक-तिहाई से भी कम क्षमता से काम कर रही हैं, और कई तो बंद होने के कगार पर हैं। आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य सहयोगियों के प्रयासों के बावजूद कोई भी पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है।

## वर्ग पहेली 7053



**बायें से दायें:-**

१. सरस्वती
४. दोष या खराबी को दूर करना
६. सेना, फौज
७. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
८. बचपन का मित्र
१०. बालटी जैसा पात्र जिसमें फूल आदि के पौधे लगाये जाते हैं
११. लाना, ले जाना करना, ग्रंथ-लेख आदि लिखना, रचना वितरण
१३. घटाना, छोटा रूप. फेंकना, भेजना, हरण
१४.अनिच्छा, घृणा विरचि, रुचि के प्रतिकूल
१५. बूढ़ा आदमी
१७. उसी अर्थ में
१९ कुतूहल, अचंभा, हास्य, विनोद हँसी, मजाक
२१. झगड़ालू
२२. चलते चलते सहसा रुक जाना
२४. यश बढ़ाने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. बहादुर महिला
२. किसी पदार्थ का विशेष कर द्रव पदार्थ का भाप बनना
३. नीला आकाश
४. देवकन्या, अप्सरा
५. धनी, अमीर (उर्दू)
९. खाने की वस्तु
११. मशहूर
१२. यूनान का निवासी
१३. एकत्र या जमा किया गया
१४. किन्तु, परंतु
१५. व्यवसाय पर लगने वाला कर
१६. तालाब, सरोवर
१८ . देखने वाला, प्रेक्षक
१९. कुरु का वंशज, कुरु नरेश
२०. मुश्किल
२३. स्वामी, पति

### वर्ग पहेली-7052



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1535 -अंग्रेजी भाषा में पहली संपूर्ण बाइबल, जिसे माइल्स कोवरडेल ने तैयार किया था, छपकर तैयार हुई।
1552-इटली, पोलैंड, पुर्तगाल और स्पेन ने पोप ग्रेगरी के आदेश पर ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया।
1824- मैक्सिको रिपब्लिक बना।
1830- नीदरलैंड से अलग होकर बेल्जियम नया देश बना।
1943: अमेरिका ने सोलोमन द्वीप पर कब्जा किया।
1954 -मर्लिन मुनरो ने दुनिया के बेहतरीन बेसबाल खिलाड़ी जो डीमैगियो के साथ शादी के करीब नौ महीने बाद मानसिक यातना के आधार पर तलाक लेने का इरादा जाहिर किया।
1957 -सोवियत संघ ने पहला उपग्रह स्पूतनिक एक, अंतरिक्ष में रवाना किया। यहीं से अंतरिक्ष युग की शुरुआत हुई और तत्कालीन सोवियत संघ और अमेरिका के बीच एक नयी स्पर्धा शुरू हुई।
1963- क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान फ्लोरा से छह हजार लोगों की मौत।
1965-बीबीसी ने एशियाई आप्रवासियों के लिए पहली सेवा शुरू करने की अपनी योजना का ऐलान किया।
1969 -चीन ने अपनी मुख्यभूमि के पश्चिमी क्षेत्र में हाइड्रोजन बम का परीक्षण करने का ऐलान किया। इसके साथ ही देश ने अपना पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण पूरा किया।
1977 -विदेश मंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को हिंदी में संबोधित किया। इससे पहले इस विश्व मंच पर किसी ने हिंदी में भाषण नहीं दिया था।
1977 -भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीतिक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार करने के 16 घंटे बाद रिहा किया गया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**नकली कफ सिरप...**

है।

24 अगस्त को सामने आया था पहला मामला-पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर को हुई थी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में नकली कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच जारी है। इस जांच की जिम्मेदारी राज्य औषधि प्राधिकरण को दी गई ह। एनसीडीसी की शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि जांच किए गए लगभग 500 लोगों की रक्त जांच में कोई संक्रामक रोग नहीं मिला है। जांच की प्रक्रिया अभी जारी है, और जो भी शुरुआती रिपोर्ट मिल रही हैं, उन्हें राज्य सरकार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझा किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पीडियाट्रिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. पवन नंदुरकर ने कहा कि बच्चों की किडनी की समस्याएं और मौतें कफ सिरप कोल्ड्रिफ के सेवन से जुड़ी हो सकती हैं। समस्याएं कुछ और भी हो सकती हैं, जो जांच के बाद पता चलेगा। डॉक्टर नंदुरकर ने कहा कि हाल ही में रिपोर्ट में बताया गया था कि हमारे सात बच्चों की मौत हुई है। अब संख्या नौ लग रही है। मौतें और किडनी की चोट कफ सिरप कोल्ड्रिफ से जुड़ी है, जिस पर सभी आरोप लगा रहे हैं। जांच अभी जारी है. संभव है कि किडनी की चोट किसी और चीज़ से हुई हो। उन्होंने आगे कहा कि कफ सिरप का सैंपल परीक्षण के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट अभी लंबित है। मौतों का कारण बनने वाले संदिग्ध सिरप के सैंपल भी इकट्ठा कर परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। पूरी जिम्मेदारी रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। इससे पहले दिन में, कई बच्चों की मौतों से जुड़े कफ सिरप के सैंपल शुक्रवार को जबलपुर की एक फार्मास्यूटिकल यूनिट से लिए गए। उन्हें लैब परीक्षण के लिए भेजा गया। प्रभावित बच्चों के परिवारों के अनुसार, शुरू में बच्चों को सर्दी, खांसी और बुखार हुआ. इसके बाद उनकी किडनी प्रभावित हुई। उनकी स्थिति बिगड़ गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गुन्नाडे ने कहा कि किडनी फेल होने के कारणों की जांच के लिए केंद्र और राज्य के अधिकारी बुलाए गए हैं। उन्होंने सैंपल इकटठा किया। जांच के लिए भेजा गया। रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की ...**

सलाह के बिना बच्चों को कोई सिरप न दें। डॉक्टर सिरप देने की बजाय सबसे पहले बिना दवा के राहत के उपाय के बारे में बच्चों को बताए। बच्चों को पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ, आराम करने की सलाह और घरेलू और सहयोगी उपायों जैसे भाप लेना, गुनगुना पानी पीने की सलाह दें। डीजीएचएस ने स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिया की सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थान यह सुनिश्चित करें कि अच्छी गुणवत्ता वाली कंपनियों से ही दवाएं खरीदी जाएं। दवाओं में केवल फार्मास्यूटिकल ग्रेड सामग्री का उपयोग हो। डॉक्टरों और फार्मासिस्टों को सही परामर्श और दवा देने के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। इन निर्देशों को केंद्र से लेकर जिले स्तर के अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में पालन किया जाए।

**गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे...**

का स्वागत किया। केंद्रीय गृहमंत्री शाह कल 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होटल से रवाना होकर विशेष विमान से जगदलपुर जाएंगे। जगदलपुर स्थित मॉ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे, फिर मुरिया दरबार कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सिरहासार भवन सिविल लाईन में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृहमंत्री शाह लालबाग पहुंचेंगे, जहां एक मंचीय कार्यक्रम में शामिल होंगे दोपहर भोजन के बाद करीब 3 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**तेज रफ्तार कार डिवाइडर...**

उनके पैतृक ग्राम बम्हनी (लाफिन), जिला महासमुंद में किया जाएगा। राजिम विधायक रोहित साहू ने किया शोक व्यक्त, कहा मेरे घनिष्ठ सहयोगी एवं कठिन समय के साथी रहे। राजिम विधायक रोहित साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, ''लोकनाथ साहू वर्षों से मेरे घनिष्ठ सहयोगी एवं कठिन समय के साथी रहे हैं। दोनों का निधन मेरे निजी जीवन के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दोनों दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।'' सामाजिक संगठनों, व्यापारिक समुदायों एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भी दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**पाक के पांच फाइटर जेट...**

कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं तो दिखाएं। उन्होंने आगे कहा कि सेना को खुली छूट दी गई थी। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के तालमेल का प्रतिबिंब था। इसके साथ ही वायुसेना प्रमुख ने बताया कि तीनों सेनाओं ने सुदर्शन चक्र वायु रक्षा प्रणाली पर काम करना शुरू कर दिया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को हुए नुकसान को लेकर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है...हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमले किए। इन हमलों के कारण पाकिस्तान के कम से कम चार जगहों पर रडार, दो जगहों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे क्षतिग्रस्त हुए। इसके अलावा तीन अलग-अलग स्टेशनों में उनके तीन हैंगर क्षतिग्रस्त हुए। भारत की ओर से किए गए इन हमलों में पाकिस्तान के कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान, संभवत: एफ-16 तबाह हुए हैं। इसके साथ ही एक एसएएम प्रणाली को भी नष्ट किया गया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमारी मजबूत हवाई रक्षा प्रणाली ने स्थिति को पूरी तरह पलट दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या वायुसेना और अधिक एस-400 एयर डिफेंस मिसाइलें खरीदने पर विचार कर रही है। इसका वायुसेना प्रमुख ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि यह प्रणाली अच्छी साबित हुई है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हम उनके क्षेत्र में अंदर तक देख सकते थे। यह इतिहास में दर्ज होगा कि हमने पाकिस्तान में सैंकड़ों किलोमीटर भीतर तक मार की और हमारी कार्रवाई के बाद उनकी गतिविधियों पर गंभीर रूप से रोक लगी है।

**जशपुर में 11 से 13 तक ...**

जशपुर में आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और जशपुर की प्राकृतिक वादियों का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है। पुरस्कार के रूप में विभिन्न श्रेणियों में कुल दो लाख इक्यावन हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी, 38 विजेता प्रतिभागियों को प्रदान की जाएगी, साथ ही उन्हें सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। जिला प्रशासन के द्वारा सर्वप्रथम पंजीयन करने वाले 50 पुरुष और 30 महिला खिलाड़ियों को डॉरमेट्री आधारित निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को रियायती दरों पर लॉज, होटल तथा टूर्नामेंट स्थल पर रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

**देश में बाल-विवाह के...**

से 26 प्रतिशत हो गई है। यह प्रगति काफी हद तक भारत के कारण है, लेकिन बांग्लादेश, मालदीव और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों में भी बाल विवाह में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। अन्य सभी क्षेत्रों में तथा विश्व स्तर पर 1997 से 2022 के बीच सबसे गरीब परिवारों की लड़कियों के लिए प्रचलन बढ़ा है या स्थिर हो गया है। यदि विश्व स्तर पर प्रगति उतनी ही तेज होती जितनी कि दक्षिण एशिया के सबसे अमीर पंचमांश में हुई है, तो आज केवल 9 प्रतिशत लड़कियां ही बाल वधु होतीं, जबकि वर्तमान में यह 19 प्रतिशत है।


**NECC**

| 04.10.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 85 | 190 |
| चिल्हर | 6.50 | 120 | 205 |
| डिलीवरी | 535 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA


## दुनिया को जानें

### एफ-1 सिंगापुर ग्रां प्री को 'हीट हैजर्ड' किया गया घोषित

**सिंगापुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिंगापुर ग्रां प्री 2025 को फॉर्मूला-1 की संस्था ने पहली बार 'हीट हैजर्ड' यानी अत्यधिक गर्मी वाला रेस घोषित किया है। वजह है यहां का बढ़ता तापमान और तेज नमी, जो ड्राइवरों की शारीरिक क्षमता को चुनौती दे सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार तापमान 31 डिग्री तक जा सकता है और नमी भी बहुत ज्यादा होगी। इसी कारण से एफआईए ने नियम बनाया है कि टीमों को अपने ड्राइवरों के लिए कूलिंग वेस्ट (ठंडी रखने वाली जैकेट) उपलब्ध करानी होगी। हालांकि इसका उपयोग करना ड्राइवर की इच्छा पर है। यह नियम इसलिए बनाया गया है ताकि जो ड्राइवर यह वेस्ट पहनें और जो न पहनें, उनके बीच कार के वजन की वजह से कोई अतिरिक्त नुकसान या एडवांटेज न हो। यह पहली बार है जब एफआईए ने नए हीट-हैजर्ड प्रावधान को लागू किया है, जिसे 2023 कतर ग्रां प्री के बाद लागू किया गया था, जब कई ड्राइवरों की तबीयत बिगड़ गई थी। उस समय एस्टेबन ओकॉन ने तो रेस के दौरान हेलमेट में उल्टी तक कर दी थी और लोगन सार्जेंट को बीच में ही रेस छोड़नी पड़ी थी।

# खेल जगत

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की तुलना क्रिकेट मैच से नहीं होनी चाहिए : सचिन सावंत



**मुंबई।** एशिया कप के बाद महिला विश्व कप में रविवार को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला कोलंबो में होने वाला है। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि भारत-पाकिस्तान बातचीत और क्रिकेट जैसे आयोजनों से पाकिस्तान कमजोर नहीं हो रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा दिखावे का राष्ट्रवाद कर रही है। भाजपा का कोई भी कदम पाकिस्तान को कमजोर नहीं कर रहा है। पाकिस्तान सऊदी अरब से समझौते, यूनाइटेड नेशंस की आतंकवाद विरोधी समिति की अध्यक्षता और आईएमएफ लोन के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फायदे में है। उसकी आर्मी और नेताओं के अमेरिका से रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। भारत-पाकिस्तान मैच हो रहे हैं। भाजपा सिर्फ ढकोसला कर रही है कि खून और पानी एक-साथ नहीं बह सकते, आतंक और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा क्रिकेट मैच की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से करना बेहद असंवेदनशील है। इस ऑपरेशन में आतंकियों से मुकाबले में कई सैनिक शहीद हुए थे और यह देश की सुरक्षा और बलिदान का प्रतीक था।

# केएल राहुल, जुरेल व जडेजा के शतकों से भारत ने विशाल बढ़त ले कसा शिकंजा

## वेस्टइंडीज के 162 रन के जवाब में भारत ने बनाए 5 विकेट पर 448 रन

■ 286 रन की बड़ी बढ़त लेकर मैच पर पूरी शिकंजा कस लिया

■ सतेन्द्र पाल सिंह



अहमदाबाद टेस्ट

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल, अपना छठा टेस्ट मैच खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और उपकप्तान रवींद्र जडेजा के बेहतरीन शतकों की बदौलत भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में दो टेस्ट मैच की क्रिकेट सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 बना 286रन की बड़ी बढ़त लेकर मैच पर पूरी शिकंजा कस लिया। तब रवींद्र जडेजा 176 खेल कर पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से 105 तथा वाशिंगटन सुंदर 13 गेंद खेल कर 9 रन बनाकर क्रीज पर थे। वेस्ट इंडीज के कप्तान ऑफ स्पिनर रॉस्टन चेज (2/90) उसके सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। वेस्ट इंडीज अपनी पहली पारी में 162 रन बनाकर आउट हो गई थी। भारत ने लंच से कप्तान शुभमन गिल (51) और लंच के बाद सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) और खेल के आखिरी सत्र में ध्रुव जुरेल का विकेट खोया। भारत ने पहले दिन के पहली पारी के दो विकेट पर 121 रन के स्कोर में दूसरे दिन तीन विकेट और खोए और 327 रन और जोड़े। ध्रुव जुरेल (125 रन, 210 गेंद, 3 छक्के, 15 चौके) ने चोट से उबरने में जुटे ऋषभ पंत की जगह मौजूदा सीरीज में उपकप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे रवींद्र जडेजा के साथ पांचवें विकेट की 206रन की बड़ी भागीदारी कर भारत को पहली पारी में विशाल बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### पंत भारतीय क्रिकेट टीम के 'योद्धा'

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत सही मायनों में महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी साबित हुए हैं। शानदार विकेटकीपिंग, आक्रामक बल्लेबाजी अंदाज और तेजी से रन बनाने की क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले पंत ने कई महत्वपूर्ण मैचों में टीम इंडिया को जीत दिलाई है। ऋषभ पंत एक भयानक हादसे से भी गुजरे, लेकिन हर परिस्थिति में लड़ने की क्षमता उन्हें एक %योद्धा% बनाती है। 30 दिसंबर 2022... दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर ऋषभ पंत की तेज रफ्तार कार एक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पंत इस कार के अंदर ही थे। इसी बीच रजत कुमार और निशु कुमार नामक दो युवकों ने विंडस्क्रीन तोड़कर भारत के इस खिलाड़ी की जान बचाई। घटना इतनी भयावह थी कि हादसे के बाद कार में भीषण आग लग गई।

### धोनी और फारुख इंजीनियर के क्लब में शामिल हुए जुरेल

**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया। जुरेल का यह पहला शतक है। इस शतक के साथ ही जुरेल ने भारतीय टीम के दो पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाजों एमएस धोनी और फारुख इंजीनियर की बराबरी की। ध्रुव जुरेल ने 190 गेंद पर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। जुरेल 210 गेंद पर 15 चौके और 3 छक्के की मदद से 125 रन बनाकर आउट हुए। जुरेल वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय धरती पर शतक लगाने वाले तीसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने। जुरेल से पहले धोनी और फारुख इंजीनियर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने 2011 में कोलकाता टेस्ट के दौरान 144 रन बनाए थे, जबकि पूर्व विकेटकीपर इंजीनियर ने 1967 में चेन्नई टेस्ट के दौरान विंडीज के खिलाफ 109 रन बनाए थे। जुरेल टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाने वाले 12वें भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं और विंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाने वाले पांचवें विकेटकीपर हैं। ध्रुव जुरेल के अलावा रवींद्र जडेजा ने भी अपने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया। जडेजा 176 गेंद पर 104 रन बनाकर नाबाद हैं। जडेजा और जुरेल के बीच पांचवें विकेट के लिए 206 रन की अहम साझेदारी हुई। जडेजा और जुरेल से पहले सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी अपने करियर का 11वां शतक लगाया।

# बारिश से धुला ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी-20 मैच



■ सीरीज में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से लीड बना रखी है

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को माउंट माउंगानुई में दूसरा टी20 मुकाबला खेला जाना था, लेकिन यह मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा। दोनों देशों के बीच तीन मुकाबलों की इस सीरीज में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से लीड बना रखी है। बे ओवल के मैदान पर बारिश के चलते मैच में 11-11 ओवरों की कटौती की गई। इस तरह दोनों ही टीमों के पास 9-9 ओवर बल्लेबाजी का मौका था।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इस टीम में कप्तान माइकल ब्रेसवेल के साथ टिम सेफर्ट (विकेटकीपर), डेवोन कॉन्वे, टिम रॉबिन्सन, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, मैट हेनरी, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी और जैकब डफी को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। दूसरी ओर, मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में ट्रेविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, टिम डेविड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, मिचेल ओवन, जेवियर बार्टलेट, सीन एबॉट, एडम जांपा और जोश हेजलवुड को स्थान दिया गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी और दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर ही उसे ट्रेविस हेड के रूप में बड़ा झटका लगा। इस वक्त तक टीम के खाते में सिर्फ 6 ही रन जुड़े थे। हेड 3 गेंदों में 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनकी इस पारी में 1 चौका शामिल था। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट कप्तान मिचेल मार्श का साथ देने मैदान पर उतरे, लेकिन अभी टीम के खाते में यह जोड़ी 10 ही रन जोड़ सकी थी कि बारिश ने एक बार फिर दखल दे दी। इस वक्त तक मिचेल मार्श 8 गेंदों में 1 छक्के के साथ 9 रन बना चुके थे, जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने 2 गेंदों में इतने ही रन अपने खाते में जोड़ लिए थे। कुछ देर इंतजार के बाद मैच को रद्द करने का फैसला लिया गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम सीरीज के पहले मैच को 6 विकेट से अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम अंतिम मुकाबले को हर हाल में जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म करना चाहेगी। तीसरा मुकाबला 4 अक्टूबर को इसी मैदान पर खेला जाना है।

## रेस्ट ऑफ इंडिया सिर्फ 214 रन पर ऑलआउट

ईरानी कप

**नागपुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदर्भ ने रेस्ट ऑफ इंडिया को ईरानी कप मुकाबले की पहली पारी में महज 214 रन पर समेट दिया है। इसी के साथ विदर्भ के पास पहली पारी के आधार पर 128 रन की बढ़त शेष है। शुक्रवार को नागपुर में मुकाबले के तीसरे दिन का खेल जारी है। विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए विदर्भ ने पहली पारी में 342 रन बनाए। यह टीम 80 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने यश राठौड़ के साथ चौथे विकेट के लिए 184 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।यश राठौड़ ने 153 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों की मदद से 91 रन बनाए, जबकि अथर्व ने 283 गेंदों में 143 रन जुटाए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 15 चौके शामिल थे। विपक्षी खेमे से आकाश दीप और मानव सुथर ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि सारांश जैन ने 2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में रेस्ट ऑफ इंडिया पहली पारी में महज 69.5 ओवर ही खेल सकी।

# भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेंगी



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जायेंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है। चीन में होने वाली यह श्रृंखला खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने, नए वातावरण में सीखने और मूल्यवान अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। मुझे विश्वास है कि अपने दृढ़ संकल्प और टीम वर्क के साथ, यह टीम इस शानदार अवसर का भरपूर लाभ उठाएगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला हॉकी के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ियों को लगातार चुनौती दी जाए और उन्हें अपने सहज क्षेत्र से बाहर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर दिए जाए। चीन में इस श्रृंखला से मिले सबक उनके समग्र विकास और उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में उनके आत्मविश्वास में बहुत योगदान देंगे।

## फीफा ने विश्वकप 2026 की आधिकारिक मैच बॉल का किया अनावरण

**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया। इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया



महिला विश्वकप

■ एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया

**गुवाहाटी,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एक्लस्टन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एमी जोंस (नाबाद 40) और टैमी बोमॉन्ट (नाबाद 21) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 215 गेंदें शेष रहते 10 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड के लिए एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट खोए 14.1 ओवर में 73 रन बनकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम किया। एमी जोंस ने 50 गेंदों में छह चौके लगाते हुए नाबाद 40 रनों की पारी खेली। टैमी बोमॉन्ट ने 35 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। उन्होंने 15वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। सात रन देकर चार विकेट लेने वाली लिंसी स्मिथ को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाये और वह अच्छा स्कोर भी नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया। इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। तथा सोफी एक्लस्टन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है।

## सार संक्षेप

### शंघाई मास्टर्स : बेन शेल्टन की हार

**नई दिल्ली।** बेन शेल्टन को शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर 7 डेविड गॉफिन से 2-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। शुक्रवार को शेल्टन एटीपी टूर फाइनल में अपनी उम्मीदों को मजबूत करने का मौका गंवा बैठे। शेल्टन को अगस्त में यूएस ओपन के तीसरे दौर में बाएं कंधे की चोट के कारण मुकाबले से हटना पड़ा था। इसके बाद यह पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। थोड़ी धीमी गति से खेलते हुए बेन शेल्टन ने 22 अनफोर्स्ड एरर किए, जबकि गॉफिन ने 11 अनफोर्स्ड एरर किए। गॉफिन ने इसी साल की शुरुआत में मियामी में हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में कार्लोस अल्काराज को शिकस्त दी थी। डेविड गॉफिन ने शेल्टन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में तीनों ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। 34 वर्षीय गॉफिन दो बार शंघाई के क्वार्टरफाइनल में स्थान बना चुके हैं। अब रविवार को वह तीसरे दौर में गेब्रियल डायलो को चुनौती देंगे।

### पुणेरी ने दूसरी बार टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को हराया

**चेन्नई।** पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन में दूसरी बार टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को हरा दिया है। गुरुवार को यहां एसडीएटी मल्टी परपज इनडोर स्टेडियम में खेले गए सीजन के 59वें मैच में पुणेरी पलटन और बेंगलुरु बुल्स के बीच खेला गया सीजन का 59वां मैच में निर्धारित समय तक 29-29 से टाई रहा। इसके बाद पुणेरी पलटन ने टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को 6-4 से हरा दिया। पुणेरी पलटन की 11 मैचों में यह आठवीं जीत है और टीम अब 16 अंक लेकर अंकतालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, बेंगलुरु बुल्स को 11 मैचों में छठी हार मिली है। इस सीजन में बेंगलुरु को तीसरी बार टाई ब्रेकर में मात खानी पड़ी है।

पुणेरी के लिए आदित्य ने सात और गुरदीप, कप्तान पंकज मोहिते और गौरव खत्री ने चार-चार अंक लिए। वहीं, बेंगलुरु के लिए आशीष मलिक और अलीरेजा मीरजेन ने छह-छह अंक अपने नाम किए।पुणेरी पलटन ने इस मुकाबले में बेहतरीन शुरुआत की और शुरुआती मिनटों में उसने खुद को बुल्स से आगे रखा। पुणेरी ने इसके बाद आठवें मिनट में ही बुल्स को ऑलआउट करके स्कोर को 10-5 तक पहुंचा दिया।

# मनीष, कीर्तिवासन, वैष्णवी और आकांक्षा फाइनल में

फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए मनीष सुरेशकुमार और कीर्तिवासन सुरेश पुरुष एकल तथा वैष्णवी अदकर और आकांक्षा नितुरे ने महिला एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में जगह बना ली है।

आज यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गये सेमीफाइनल में तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए चौथी वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल के इशाक इकबाल को 1-6, 6-1, 6-1 से हराया। इकबाल ने शुरुआती रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और दो बार सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। मनीष ने बेसलाइन एक्सचेंज पर नियंत्रण रखते हुए जल्दी से तालमेल बिठाया। दूसरे सेट में शुरुआत में ही सर्विस तोड़ने के बाद, गति पूरी तरह से उनके पक्ष में हो गई और उन्होंने लगभग समान दो सेटों के साथ 6-1 से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे मैच में कीर्तिवासन सुरेश ने चार घंटे दस मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में मैदविन कामथ को 7-6(3), 3-6, 6-4 से हराया। पहला सेट टाई-ब्रेकर तक गया, जहां कीर्तिवासन की कोर्ट के पीछे से लगातार की गई बढ़त निर्णायक साबित हुई। कामथ ने दूसरे सेट में भी जोरदार वापसी की, शुरुआत में ही सर्विस ब्रेक की और फिर मजबूती से पकड़ बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

# मीराबाई चानू ने में जीता रजत पदक

■ चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की



वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप

**फोर्ड (नॉर्वे),** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

आज यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवरऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं। इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता है। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी। मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं। 2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

## अमित पंघल और मंजू रानी अगले दौर में

**चेन्नई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघल (सेना) ने गुरुवार को वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पंजाब के स्पर्श कुमार पर 5-0 की शानदार जीत के साथ बीएफआई कप 2025 के एलीट पुरुष वर्ग के अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच, एलीट महिला वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे), साथ ही युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (असम) और अरुंधति चौधरी (सेवा) ने भी शानदार जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में, अमित की जीत ने सर्विसेज के लिए एक और शानदार प्रदर्शन का सूत्रपात किया। टीम के साथी एस विश्वनाथ (50 किग्रा) और प्रीत मलिक (65 किग्रा)-जो दोनों थाईलैंड में एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप की टीम का हिस्सा थे-ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज करके बढ़त हासिल की। रेलवे के रवि कुमार (75 किग्रा) और तमिलनाडु के सी लुकास (50 किग्रा) ने दिन के मुख्य आकर्षणों में इजाफा किया।

# एरेल ने 10 बार की चैम्पियन अनुभवी चीनी स्टार को हराया

■ दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी



इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की। 12.38 मीटर के प्रयास से शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमेरिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12.08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को पीछे छोड़ते हुए शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

## भारत में बदलेगा 'ई-स्पोर्ट्स' इंडस्ट्री का सूरतेहाल, राष्ट्रीय स्तर पर मिलने जा रही मान्यता

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस माह ड्राफ्ट रूल्स जारी होने के साथ 'ई-स्पोर्ट्स' को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय खेल के रूप में मान्यता मिलने जा रही है। यह मसौदा भारतीय ई-गेमिंग के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल सकता है। ई-स्पोर्ट्स को 'द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग रूल्स 2025' के अंतर्गत लाकर अब विशेष रूप से युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत विनियमित किया जाएगा। यह व्यवस्था ई-स्पोर्ट्स को जुए के साथ होने वाले भ्रम और नियामक अव्यवस्था से बाहर निकालकर एक स्पष्ट पहचान देगी। इसके साथ ही, एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ईस्पोर्ट्स टाइटल्स को रजिस्टर करेगी। यह अथॉरिटी नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी और शिकायतों का निपटारा करेगी। देखा जाए तो, अब ई-स्पोर्ट्स को वही प्रशासनिक ढांचा मिला है, जो क्रिकेट या हॉकी में देखने को मिलता है।अब ई-स्पोर्ट्स को कौशल-आधारित, प्रतिस्पर्धी गतिविधि के रूप में माना जाएगा, जो किसी फैंटेसी या किस्मत पर आधारित गेम से अलग है। यानी जुए से जुड़े टाइटल्स बाहर रहेंगे। वहीं, मान्यता प्राप्त ई-स्पोर्ट्स टाइटल्स को सरकारी संरक्षण, वित्तीय पोषण अवसर और आधिकारिक खेल आयोजनों के रूप में आयोजित किए जाने का अधिकार मिलेगा।

### सुडोकू 7052 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

# [ अर्थ जगत ]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.40 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.15 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.16 प्रतिशत |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 1.84 प्रतिशत |
| एलएंडटी | 1.69 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.11 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.06 प्रतिशत |
| अल्ट्राटेक सीमेंट | 0.85 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.53 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.51 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,10,260 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,29,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7906.25 |
| मसूर काली | 8172.79 |
| उड़द दाल | 10501.61 |
| मूंग दाल | 10155.41 |
| अरहर दाल | 10574.97 |

## पीपीपी परियोजनाओं की ओर बढ़ रहा निजी क्षेत्र का आकर्षण : सीतारमण

■ वित्त मंत्री ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का किया उद्घाटन
■ कार्यक्रम में देश-विदेश के अर्थशास्त्री, विशेषज्ञ, नीति निर्माता व वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि ले रहे भाग




**इस समय पुरानी विश्व व्यवस्था के पैर की जमीन इतनी तेजी से खिसक रही है कि आगे क्या होगा, इसका सही अनुमान लगाना कठिन है : निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों से सरकार विकास परियोजनाओं के लिए पूंजीगत व्यय में लगातार बढोतरी कर रही है और अब निजी-सरकारी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं में निजी क्षेत्र का आकर्षण भी दिख रहा है।

श्रीमती सीतारमण यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) का उद्‍घाटन भाषण देने के बाद एक सवाल का जवाब दे रही थीं। वित्त मंत्रालय के सहयोग से इंस्टिट्यूट ऑफ इकोनामिक ग्रोथ (आईईजी) द्वारा आयोजित 'गहन वैश्विक अनिश्चिताओं के दौर में समृद्धि' विषय पर तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश विदेश के अर्थशास्त्री, विशेषज्ञ, नीति निर्माता और वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस समय पुरानी विश्व व्यवस्था के पैर की जमीन इतनी तेजी से खिसक रही है कि आगे क्या होगा, इसका सही अुमान लगाना कठिन है। पर उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपने बूते खड़ी है इसलिए इस दौर में भी इसका प्रदर्शन मजबूत है। उन्होंने सम्मेलन से ऐसे सुझाओं ओर सिफारिशों की उम्मीद की जिसमें ऐसी बहु ध्रुवीय व्यवस्था को मजबूत किया जा सके जो गलाकाट होड़ की जगह सहयोग को बढ़ाने वाली हो तथा भारत जैसा विकासशील देश नई विश्व व्यवस्था के आयाम तय करने में अपनी भूमिका भी निभा सकें।

उन्होंने अपने संबोधन के बाद एक सवाल के जबाब में कहा कि भारत सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) का कितना प्रतिशत पूंजी निवेश पर खर्च करने का लक्ष्य रखता, इसके लिए वह कोई अंक प्रस्तुत करना ठीक नहीं मानती पर पिछले पांच साल से सरकारी पूंजीगत निवेश में लगातार वृद्धि हो रही है। सरकारी पूंजीगत निवेश में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

### घरेलू कारकों के चलते तेजी से बढ़ रही भारत की अर्थव्यवस्था : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार करने के नियमों को फिर से लिखा जा रहा है, लेकिन भारत मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के चलते तेजी से वृद्धि कर रहा है। साथ ही, इससे देश के पास वैश्विक झटकों से निपटने की मजबूत क्षमता विकसित हो गई है। राजधानी में कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए कहा कि हम एक ऐसे परिवर्तनशील वैश्विक परिदृश्य में हैं जो जीरो-सम एप्रोच जैसा है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और निरंतर विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनने का मतलब यह नहीं है कि हम एक बंद अर्थव्यवस्था बन चाहते हैं। हमें विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर हासिल करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा, आज के दौर में हम निष्क्रिय दर्शक बनकर नहीं रह सकते। हमें सक्रिय भागीदार बनना होगा। राष्ट्रों को नई मौद्रिक संरचना के बीच चुनाव करने होंगे। कोई भी राष्ट्र व्यवस्थागत बदलावों से खुद को अलग नहीं रख सकता, हमें उनसे जुड़ने के लिए तैयार रहना होगा। टैरिफ, प्रतिबंध और अलगाव की रणनीतियां आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रही हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने की आवश्यकता है।

## आरबीआई की नई गाइडलाइंस आज से लागू



■ बैंकों को एक दिन में ही क्लियर करना होगा चेक

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस के मुताबिक, 4 अक्टूबर से सभी बैंकों को एक दिन की अवधि में ही चेक क्लियर करना होगा। इससे चेक के जरिए भुगतान करना तीव्र और आसान हो जाएगा। मौजूदा समय में चेक को क्लियर होने में एक से दो दिन का समय लगता है।

एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत कई बैंकों ने 4 अक्टूबर से एक ही दिन में चेक क्लियर होने की जानकारी अपने ग्राहकों को दी है। नई व्यवस्था के तहत 4 अक्टूबर से जमा किए गए चेक उसी दिन कुछ ही घंटों में क्लियर हो जाएंगे। दोनों बैंकों ने ग्राहकों से चेक बाउंस होने से बचने के लिए पर्याप्त बैलेंस रखने और देरी या अस्वीकृति से बचने के लिए सभी चेक विवरण सही-सही भरने का आग्रह किया है।

आरबीआई की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि नए सिस्टम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहला फेस 4 अक्टूबर, 2025 से 3 जनवरी, 2026 तक के लिए लागू होगा, जबकि दूसरा फेस 3 जनवरी के बाद से लागू होगा।

आरबीआई ने नए सिस्टम के काम करने के बारे में विस्तार के जानकारी देते हुए कहा कि इसमें एक सिंगल प्रेजेंटेशन सेशन होगा, जिसमें चेक को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक पेश करना होगा। इसके तहत चेक प्राप्त करने वाली बैंक को चेक को स्कैन करके क्लिरिंग हाउस को भेजना होगा। इसके बाद क्लिरिंग हाउस की उस चेक की इमेज को राशि अदा करने वाले बैंक के पास भेजेगा।

## चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव तीन रुपये घटकर 2,864.91 रुपए प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गई और यह 3,310.96 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं, सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति क्विंटल टूटे।

## सरकार ने शुरू किए 550 कपास खरीद केंद्र



■ 11 राज्यों के किसानों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने देश के 11 राज्यों में अब तक के सबसे अधिक 550 कपास खरीद केंद्रों को शुरू किया है। इन्हें भारत के कापस उत्पादन क्षेत्रों में स्थापित किया गया है, जिससे किसानों को पैदावार को बेचने में मुश्किल का सामना न करना पड़े।

क्षेत्रीय फसल की तैयारी के साथ खरीद को संरेखित करने के लिए, उत्तरी क्षेत्र (पंजाब, हरियाणा, राजस्थान) में 1 अक्टूबर से, मध्य क्षेत्र (गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा) में 15 अक्टूबर से और दक्षिणी क्षेत्र (तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु) में 21 अक्टूबर से कपास खरीद अभियान शुरू किया जाएगा। खरीफ कपास सीजन 2025-26 से पहले मजबूत तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कपड़ा मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने सभी कपास उत्पादक राज्यों के प्रमुख अधिकारियों, भारतीय कपास निगम लिमिटेड (सीसीआई) और कपड़ा मंत्रालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

मंत्रालय ने कहा कि उनका हस्तक्षेप पारदर्शी, कुशल और किसान-केंद्रित खरीद तंत्र के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लाखों किसानों के लिए कपास को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मानते हुए, मंत्रालय परेशानी मुक्त खरीद, समय पर भुगतान और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय रणनीति तैयार कर रहा है। कपास-किसान ऐप किसानों के स्व-पंजीकरण, 7-दिवसीय रोलिंग स्लॉट बुकिंग और रीयल-टाइम भुगतान ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। सभी राज्यों को किसान पंजीकरण और उपयोग को अधिकतम करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की सलाह दी गई। मंत्रालय के अनुसार किसानों को एमएसपी का लाभ उठाने के लिए 31 अक्टूबर तक ऐप पर पंजीकरण पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। राज्य प्लेटफार्मों (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और हरियाणा) पर मौजूदा उपयोगकर्ताओं को मोबाइल ऐप पर अपने रिकॉर्ड सत्यापित करने की सलाह दी जाती है।

**सार संक्षेप**

### ब्लैक बॉक्स ने की विंड रिवर के साथ साझेदारी की घोषणा

**मुंबई।** डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन की प्रमुख कंपनी ब्लैक बॉक्स ने शुक्रवार को विंड रिवर के साथ एक ग्लोबल रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। विंड रिवर की पहचान इंटेलिजेंट एज सॉफ्टवेयर में एक ग्लोबल लीडर के रूप में होती है। इस साझेदारी का उद्देश्य दुनिया भर के सभी उद्योगों को नेक्स्ट-जेनरेशन एज और क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करना है। इस ग्लोबल पार्टनरशिप के तहत, ब्लैक बॉक्स को भारत और मिडल-ईस्ट में विंड रिवर सॉल्यूशन देने का अधिकार मिला है। इस साझेदारी के जरिए इन संभावित बाजारों में ब्लैक बॉक्स की लीडरशिप मजबूत होगी और कंपनी के लिए विकास के नए अवसर भी पेश होंगे। इसके अलावा, ब्लैक बॉक्स ने दुनिया भर के कई क्षेत्रों में एंड-यूजर कस्टमर से जुड़ने के लिए विंड रिवर के साथ एक अलग समझौता किया है, जिससे इस सहयोग की पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा। इस साझेदारी से अगले पांच वर्षों में दुनिया भर से लगभग 1350 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार गुलजार

■ सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर
■ निफ्टी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा
■ ऑटो, रियलिटी व स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में रहा लिवाली का जोर

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर बंद हुआ।

लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा।

पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए।

एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया।

एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआदी कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.16 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.69 प्रतिशत चढ़ा।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले, 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गयी।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KARISHMA VERMA D/O RAMCHARAN VERMA resident of 033 BEHIND RALAS ENCLAVE NEAR GAYATRI HOSPITAL DANGNIA RAIPUR (C.G.) 492010 have changed my old name KARISHMA VERMA D/O RAMCHARAN VERMA so in future I should be recognized by my new name that is KARISHMA BAGHEL W/O SIDDHARTH BAGHEL in all Government and other documents.

**KARISHMA BAGHEL**
033 BEHIND RALAS ENCLAVE
NEAR GAYATRI HOSPITAL
DANGNIA RAIPUR (C.G.)
492010

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAVITA CHANDAK W/O MANMOHAN CHANDAK resident of B 201 EUPHORIA APARTMENT VIDHANSABHA ROAD MOWA NEAR SHANKARA HYUNDAI SHOWROOM RAIPUR (C.G.) 492014 have changed my old name KAVITA CHANDAK W/O MANMOHAN CHANDAK so in future I should be recognized by my new name that is KAVITA DEVI CHANDAK W/O MANMOHAN CHANDAK in all Government and other documents.

**KAVITA DEVI CHANDAK**
B 201 EUPHORIA APARTMENT
VIDHANSABHA ROAD MOWA
NEAR SHANKARA HYUNDAI
SHOWROOM RAIPUR (C.G.)
492014

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEVENDRA KUMAR SAHU S/O PARMESHWAR SAHU resident of NAYA MANGAL BAZAR GUDHIYARI RAIPUR, (C.G.) 492009 have changed my old name DEVENDRA KUMAR SAHU S/O PARMESHWAR SAHU so in future I should be recognized by my new name that is DEVENDRA SAHU S/O PARMESHWAR SAHU in all Government and other documents.

**DEVENDRA SAHU**
NAYA MANGAL BAZAR
GUDHIYARI RAIPUR, (C.G.)
492009

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUNIL CHOPDA S/O HEER CHAND CHOPDA resident of H NO 2 HEERKANT VILLA, ROYAL HEAVEN, DUNGAJI COLONY, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name SUNIL CHOPDA S/O HEER CHAND CHOPDA so in future I should be recognized by my new name that is SUNIL KUMAR CHOPDA S/O HEER CHAND CHOPDA in all Government and other documents.

**SUNIL KUMAR CHOPDA**
H NO 2 HEERKANT VILLA,
ROYAL HEAVEN, DUNGAJI
COLONY, RAIPUR, (C.G.)
492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHAVANA CHOPDA / BHAWNA JAIN W/O SUNIL KUMAR CHOPDA resident of H NO 2 HEERKANT VILLA, ROYAL HEAVEN, DUNGAJI COLONY, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name BHAVANA CHOPDA / BHAWNA JAIN W/O SUNIL KUMAR CHOPDA so in future I should be recognized by my new name that is BHAVANA JAIN W/O SUNIL KUMAR CHOPDA in all Government and other documents.

**BHAVANA JAIN**
H NO 2 HEERKANT VILLA,
ROYAL HEAVEN, DUNGAJI
COLONY, RAIPUR, (C.G.)
492001

**न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 03.10.2025

आवेदक राजू यादव पिता गंगा प्रसाद यादव निवासी जमनीपाली बरगड उड़ीसा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम कुकरा, प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 473/2 का भाग रकबा 1725 वर्गफुट भूमि को आवेदक के द्वारा विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता जगेसर साहू पिता रामचरण साहू से दिनांक 04.01.2021 को क्रय किया गया। उक्त भूमि को विक्रय पत्र दिनांक 04.01.2021 के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 22.10.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 03.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद

**न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 03.10.2025

आवेदक राजू यादव पिता गंगा प्रसाद यादव निवासी जमनीपाली बरगड उड़ीसा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम कुकरा, प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 473/2 का भाग रकबा 1759 वर्गफुट भूमि को आवेदक के द्वारा विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता जगेसर साहू पिता रामचरण साहू से दिनांक 04.01.2021 को क्रय किया गया। उक्त भूमि को विक्रय पत्र दिनांक 04.01.2021 के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 22.10.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 03.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद

**न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग, रायपुर ( छ.ग. )**
**राजस्व नोटिस**

रा.अ.प्र.क्र. 202507970100051/
अ-06 वर्ष 2024-2025
प्रति,
1. संतोष सिंह ठाकुर पिता रामचंद सिंह ठाकुर निवासी बूढ़ातालाब के किनारे ब्रम्हपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

आपके ज्ञात पते पर जारी नोटिस अदम तामिली वापस प्राप्त होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता अरूण कुमार वर्मा पिता स्व. विष्णुदत्त वर्मा निवासी रोहिणीपुरम डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा के द्वारा इस न्यायालय में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रायपुर जिला रायपुर के प्रकरण क्रमांक 20250311000240 अ-06 वर्ष 2024-2025 में पारित आदेश दिनांक 15.07.2025 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका पेश किया है जिसमें आपको उत्तरवादी क्रमांक 04 बनाया गया है। प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 10.10.2025 हेतु नियत है।

अतएव आप निर्धारित तिथि 10.10.2025 को सुबह 11 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 26.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — आयुक्त, रायपुर, संभाग रायपुर

**न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग, रायपुर ( छ.ग. )**
**राजस्व नोटिस**

रा.अ.प्र.क्र. 202507970100052/
अ-06 वर्ष 2024-2025
प्रति,
विनय कुमार बर्वे पिता श्री के.डी. बर्वे, निवासी कॉलेज रोड चौबे कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

आपके ज्ञात पते पर जारी नोटिस अदम तामिली वापस प्राप्त होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता अनिमेष मिश्रा आत्मज स्व. टी.आर. मिश्रा निवासी मकान नंबर/प्लाट नंबर-51 रामकिंगर कृष्ण सखा सोसायटी समिति डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा के द्वारा इस न्यायालय में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रायपुर जिला रायपुर के प्रकरण क्रमांक 20250311000255 अ-06 वर्ष 2024-2025 में पारित आदेश दिनांक 15.07.2025 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका पेश किया है जिसमें आपको उत्तरवादी क्रमांक 04 बनाया गया है। प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 10.10.2025 हेतु नियत है।

अतएव आप निर्धारित तिथि 10.10.2025 को सुबह 11 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 26.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — आयुक्त, रायपुर, संभाग रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/2024-2025
ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 58
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 26.09.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्रीमान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायपुर के ज्ञापन क्रमांक/111/2/वाचक /अ.वि.अ. /2025 रायपुर दिनाक 29.08.2025 संलग्न है। जिसके अनुसार आवेदक सुधीर रामानी अध्यक्ष, पूज्य सिंधी पंचायत, डी. डी. नगर डंगनिया, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा श्री माननीय बृजमोहन अग्रवाल सांसद, रायपुर लोकसभा छ.ग. को संबोधित पत्र में यह उल्लेख किया है कि, ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. रायपुर-13 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 68 रकबा 0.2530 हे. भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में शासकीय भूमि दर्ज है। उक्त शासकीय भूमि में से लगभग 6000 वर्गफुट भूमि पूज्य सिंधी पंचायत को आबंटन कर कार्यवाही किये जाने हेतु इस न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 29.10.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक दिनांक 29.10.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक दिनांक 26.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726600263

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी ना.बा. खिलेश कुमार साहू पिता/पति नरेश कुमार साहू वली बड़ी मां रूखमणी साहू पति भूषण लाल साहू पता कृष्णा नगर रायपुर, ना.बा. डिगेश साहू पिता/पति नरेश कुमार साहू वली बड़ी मां रूखमणी साहू पति भूषण लाल साहू पता कृष्णा नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 306/39 0.0119 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता डिगेश साहू पिता/पति नरेश कुमार साहू पता कृष्णा नगर रायपुर, खिलेश कुमार साहू पिता/पति नरेश कुमार साहू पता कृष्णा नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.10.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर

**शपथ पत्र**

मैं आनंद रत्नदीपा (ANANDA RATNADIIPA) D/0 महावीर प्रसाद (Mahavir Prasad) उम्र 52 वर्ष निवासी ख.नं.223/15 हाउसिंग बोर्ड कालोनी की पीछे धरमपुरा कृषक नगर, रामपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ।
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा पासपोर्ट नं. रू.2671433 है जो कि रत्ना कुमारी के नाम से पटना (बिहार) से जारी हुआ है जिसका जारी दिनांक 13.10.2014 एवं समाप्ति दिनांक 12.10.2024 है।
3. यह कि मेरे मेरे पासपोर्ट में दर्ज नाम रत्ना कुमारी (RATNA KUMARI) पिता महावीर प्रसाद (MAHAVIR PRASAD) पता सवोदय नगर जेल चौक पुर्निया, बिहार दर्ज है, जो कि पिता के अधिनस्थ जीवन यापन काल का नाम व पता है। वर्तमान समय में मैं सन्यास धर्म अपना चुकी हूँ तथा आनंद रत्नदीपा (ANANDA RATNADIIPA) पिता-महावीर प्रसाद (MAHAVIR PRASAD) के नाम से जानी जाती हूँ एवं मेरा पता ख.नं. 223/15 हाउसिंग बोर्ड कालोनी को पीछे, धरमपुरा, कृषक नगर जिला-रायपुर (छ.ग.) है। मेरे अन्य शासकीय दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड में भी नाम आनंद रलचीपा (ANANDA RATNADIIPA), पिता-महावीर प्रसाद (MAHAVIR PRASAD) दर्ज है ।
4. यह कि मैं भविष्य में मेरे समस्त दस्तावेजो एवं पासपोर्ट में नाम आनंद रत्नदीपा (ANANDA RATNADIIPA) पिता-महावीर (MAHAVIR PRASAD), ख.नं. 223/15 हाउसिंग बोर्ड कालोनी की पीछे, धरमपुरा, कृषक नगर जिला रायपुर करा), दर्ज कराना चाहती हूँ, जिस हेतु जो भी नियम एवं शर्ते होगी यह मुझे मान्य होगा ।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरे द्वारा अपने उक्त कथनो के सत्यता के समर्थन में माननीय महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ती

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/1343/ना./तह./वा./2025
सण्डी, दिनांक 18.09.2025
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-2025
प.ह.नं. ग्राम-सर्रा तहसील पलारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक सगुन लाल वर्मा पिता गयाराम वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम सर्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि छ.ग. राजस्व मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13 (3) के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने भाई अर्जुन पिता गयाराम जाति कुर्मी का मृत्यु दिनांक 22.11.1961 को हुआ है। उक्त मृत्यु दिनांक को अज्ञानता के कारण अपने भाई का जन्म दर्ज नहीं करा पाया था, मुझे अन्य शासकीय कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मेरे द्वारा मेरे भाई का मृत्यु का पंजीयन किन्हीं अन्य स्थान पर नहीं कराया गया हे। अत: ग्राम पंचायत सर्रा के सचिव/रजिस्ट्रीकरण मृत्यु पंजीयन नहीं करवाया है। अपने भाई का मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत सर्रा के सचिव से कराने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की संलग्न कर प्रस्तुत किया है। जो कि उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05.10.2025 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, सण्डी ( पलारी )

# दशहरे के दूसरे दिन भी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवमी से शुरू हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन विजयादशमी के दूसरे दिन भी श्रद्धा के साथ जारी रहा महादेव घाट के निकट निगम के निर्मित कुंड में गुरुवार सुबह से लेकर संध्या तक भक्तों ने माता दुर्गा की 200 के करीब बड़ी प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया।

भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु परिवारों के साथ देवी मां को विदाई देने पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से प्रतिमाओं को कुंड में विसर्जित किया।

**देर रात तक विसर्जन**

शहर में पांच सौ से अधिक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। शुक्रवार को भी विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भक्त समूह बनाकर झांकियों और गीत-संगीत के साथ प्रतिमाओं को लेकर पहुंचे। विसर्जन कुंड पर पहुंचते ही मां की जयकारों से पूरा वातावरण माता के जयकारों से गूंज उठता है।



करीब 200 प्रतिमाओं का महादेवघाट में भक्तों ने नम आंखों के साथ किया विदा

**विसर्जन स्थल पर पुख्ता इंतजाम**

निगम प्रशासन ने इस अवसर पर क्रेन, गोताखोर, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए. विसर्जन स्थल पर जोन की टीमों को सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक चक्रीय ड्यूटी पर तैनात किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। शुक्रवार को महादेवघाट विसर्जन कुंड स्थल का निरीक्षण अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने किया। इस दौरान जोन-चार के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित जोन एक और आठ के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे अपर आयुक्त ने अधिकारियों को व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए

# जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसदौरान दशहरा के मध्य रात्रि को थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रावांभाठा जय अम्बे ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नम्बर 05 के बाजू बिजली के खम्बे के लाईट के नीचे कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर 06 जुआरियों को पकड़ा गया जो अपना नाम प्रकाश कुशवाहा आशुतोष दुबे सोनू रायए मोह जावेद शहबाज अली जयनाथ सिंह बताये जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 4700 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। जुआरियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 3;2 छग जुआ ;प्रतिषेध अधि 2022 पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

**जुआरियों से 4700 रूपए जप्त**

# अब रायपुर रहेगा हाईटेक निगरानी में 184 अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर अब हाई.टेक निगरानी व्यवस्था से लैस होने जा रही है। अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन शहर में 184 हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट स्कैनिंग कैमरे लगाने की तैयारी कर चुका है। इस योजना के तहत आउटर रिंग रोड और शहर की सीमाओं पर कुल 184 अत्याधुनिक कैमरे स्थापित किए जाएंगे। इन कैमरों की मदद से न केवल ट्रैफिक नियम तोडने् वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी बल्कि अपराध नियंत्रण में भी बड़ी मदद मिलेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में कैमरों की संख्या अधिक होगी। खासतौर पर टाटीबंध चौक जहां रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं वहां सबसे ज्यादा कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा आउटर रिंग रोड मुख्य चौराहों और शहर की एंट्री.एग्जिट प्वाइंट पर भी ये हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालेए लालबत्ती तोडने् वाले और गलत दिशा में चलने वाले वाहनों पर इन कैमरों की नजर रहेगी। पुलिस का मानना है कि कैमरों की मदद से यातायात व्यवस्था पहले से कहीं ज्यादा सख्त और प्रभावी होगी। जुर्माना वसूली की प्रक्रिया भी डिजिटल होगी जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी।



# 3 साल की मासूम से दुष्कर्म पर फूटा आक्रोश

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर के धरसींवा स्थित ग्राम पंचायत कपसदा में अरमिट फैक्ट्री की श्रमिक कॉलोनी में तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस जघन्य अपराध के विरोध में कांग्रेस ;ओबीसी विभागद्ध ने शुक्रवार को धरसींवा में उग्र प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फैक्ट्री के गेट पर तालाबंदी कर प्लांट का संचालन ठप कर पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल ने किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में मासूम बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब श्रमिक कॉलोनियों में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। धरसींवा की यह घटना सरकार की नाकामी और कानून.व्यवस्था की विफलता का जीवंत उदाहरण है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफ चेतावनी दी कि जब तक फैक्ट्री परिसर के भीतर सुरक्षित और मानक सुविधा युक्त लेबर क्वार्टर का निर्माण नहीं किया जाता तब तक प्लांट का संचालन बंद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही और बीजेपी सरकार की उदासीनता ही इस शर्मनाक घटना की जिम्मेदार है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि अरमिट फैक्ट्री में श्रमिकों का लंबे समय से शोषण हो रहा है। महिलाओं को केवल 370 और पुरुषों को 450 मजदूरी दी जाती है। श्रमिकों को न तो और बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और न ही स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने प्रशासन के सामने चार प्रमुख माँगें रखीं। इनमें पीड़िता को त्वरित न्याय और आर्थिक सहायता फैक्ट्री प्रबंधन व ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई श्रमिक कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था की जाँच व सुधार और श्रमिकों को न्यूनतम वेतन व सभी वैधानिक सुविधाएं सुनिश्चित करना शामिल है। कांग्रेस ने कहा कि यह घटना बीजेपी सरकार की संवेदनहीनता और असफलता को उजागर करती है। प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं श्रमिक शोषण का शिकार हो रहे हैं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैंए जबकि सरकार चुप्पी साधे बैठी है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार और प्रशासन ने त्वरित कदम नहीं उठाए तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।



**कांग्रेस ने प्लांट में की तालाबंदी आरोपी युवक हिरासत में**

# क्रिकेट बेटिंग ऐप पर रायपुर पुलिस की कार्रवाई

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्रिकेट बेटिंग ऐप से जुड़े एक व्यापारी को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से पुलिस ने से दो मोबाइल फोन 5,000 रुपये नकद तीन एटीएम कार्ड आधार कार्ड पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस सहित लगभग 45,000 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की है रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना तिल्दा नेवरा की संयुक्त कार्रवाई में यश इलेक्ट्रॉनिक के संचालक संजय करमचंदानी को ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है यह कार्रवाई 1 अक्टूबर 2025 को की गई जब पुलिस को सूचना मिली कि तिल्दा नेवरा क्षेत्र के बनियापारा गुरूकृपा कॉम्प्लेक्स में स्थित यश इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में संजय करमचंदानी महिला विश्व कप के न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान बेटिंग ऐप 777 एक्सचेंज के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चला रहा है संयुक्त टीम ने दुकान पर छापा मारकर संजय करमचंदानी से पूछताछ की जिसमें उसने खुद को दुकान का संचालक बताया। उसके मोबाइल फोन की जांच में पाया गया कि वह 777 एक्सचेंज ऐप के जरिए सट्टा संचालित कर रहा थाण् पुलिस ने संजय के कब्जे से दो मोबाइल फोन 5 000 रुपये नकदए तीन एटीएम कार्ड आधार कार्ड पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस सहित लगभग 45,000 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की।

उसके खिलाफ थाना तिल्दा नेवरा में के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 और सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 4 क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गईं।




**व्यापारी को किया गिरफ्तार**

# बैंक लोन और दुकान दिलाने का दिया झांसा, महिला से ठग लिए 600000

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी की एक महिला 6 लाख रुपए ठगी की शिकार हो गई खूशबू सोनी नामक महिला ने बैंक से कम ब्याज में मुद्रा लोन और दुकान दिलाने के नाम पर ठगी की है शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 318.4 का अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया है जानकारी के मुताबिक मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र की है रावतपुरा फेस 2 कॉलानी निवासी किरण जैसवार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2023 में खूशबू नामक महिला से परिचय हुआ था उस समय पेस्ट्री की छोटी दुकान खोली थी भाठागांव स्थित बस स्टैंड के पास बड़ा दुकान खोलने के लिए महिला से चर्चा की तो उसने बताया कि एक सप्ताह में बैंकों से लोन और दुकान दिला दूंगी महिला के झांसे में आकर किरण जैसवार ने संस्था आईडीएफसी बैंक में खाता खुलवा लिया और सभी चेकों पर हस्ताक्षर कर महिला को दिया लगभग एक साल तक लोन और दुकान के नाम पर इधर.उधर घुमाती रही बार.बार बोलने पर खूशबू अपने साथी के साथ मिलकर बस स्टेंड स्थित 17 नंबर दुकान दिखा कर रजिस्ट्री के लिए कार्यालय बुलाई लेकिन आज तक रजिस्ट्री नहीं हुई उसने मुद्रा लोन के नाम पर कई बार कोरे कागज पर वकील के माध्यम से हस्ताक्षर करवा कर बैंक से 6 लाख रुपए निकाल लिए रिपोर्ट में बताया गया कि नवंबर 2023 में बैंक लोन और दुकान दिलाने के लिए 10 हजार रुपए ऑनलाइन भी ले चुकी है थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायत के आधार रिपार्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# मकान में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब शंकर नगर स्थित एक घर में भीषण आग लग गई इस आगजनी की घटना में घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया है सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है इस घटना में घर में टीवी आलमारी पैसाए घरेलू सामान सब चीज जलकर खाक हो गया है।

# जिसका जैसा कर्म, वैसी उसकी परिस्थिति : मनीष सागर

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में शुक्रवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि जिसका जैसा कर्म होता है, वैसी उसको परिस्थिति मिलती है। व्यक्ति को अपने किए का फल मिलता ही है। कोई दूसरा उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। संसार के चक्रव्यूह में फंसकर आत्म कल्याण के पथ पर नहीं बढ़ सकते। संसार में रहकर पाप मुक्त जीवन संभव नहीं है, ये बहाना है। चाहे गृहस्थ जीवन हो या संयम जीवन, ये साधना के प्लेटफार्म हैं। ये दोनों साधना के अभ्यास का अवसर है। अवसर स्वयं को भुनाना पड़ता है। बाहर से सब व्यवस्थाएं मिलती हैं। भीतर से खुद को तैयार करना होता है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि साधु और श्रावक दोनों के लिए उपाश्रय है। जिनालय, धर्म सभाएं, स्वाध्याय सब कुछ दोनों के लिए है। जो इसका उपयोग करेगा वह ऊपर उठ जाएगा। बाहर की परिस्थितियों तय नहीं करेगी, अंदर की व्यवस्था तय करेगी। अंदर के विचार व साधना भविष्य तय करेगी। किसी भी मंजिल को पाने के लिए लक्ष्य होना चाहिए। चाहे साधु हो या श्रावक दोनों का लक्ष्य मोह को त्याग कर मोक्ष मार्ग पर चलना है। सिद्ध शिखर तक पहुंचना है। आत्मा का कल्याण करना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आत्माकल्याण का लक्ष्य है तो सबसे पहले देव, गुरु और धर्म के समीप आना होगा। इनमें सबसे पहले गुरु की शरण में आना होगा। गुरु की शरण में आने से देव और धर्म दोनों मिलेंगे। गुरु के शरण में जाओ तो मान को हटाकर जाओ। मान रखेंगे तो संसार में सम्मान नहीं मिलेगा। देव, गुरु और धर्म की शरण की प्राप्त भी नहीं हो पाएगी। देव, गुरु धर्म की शरण के अभाव में सुंदर मनुष्य भव भी नष्ट हो जाएगी। मान रहित होकर देव, गुरु और धर्म की शरण से मोह का त्यागकर मोक्ष की प्राप्ति का लक्ष्य रखना है। अपने आत्म कल्याण के मार्ग पर चलना है। सम्यक दर्शन, चारित्र्य, ज्ञान और तप की आराधना करना है।

विवेकानंद नगर में जारी नवपद ओलीजी की आराधना के पांचवे दिन साधु पद की आराधना की गई। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि नवपद की आराधना जिन शासन का सार है। नवपद की आराधना में संपूर्ण ज्ञान साधक को प्राप्त होता है। मैं कौन हूं, मैं कैसा हूं, मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना है। नवपद को जिसने सही ढंग से समझ लिया उसका आत्म कल्याण हो जाएगा। नवपद की आराधना से साधक अपने आप को उच्च शिखर पर ले जाता है।



विवेकानंद नगर में नवपद ओलीजी के पांचवे दिन हुई साधु पद की आराधना

# दुकान से फोन छीनकर भागे 3 नाइजीरियन युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में बीती तीन नाइजीरियाई युवक मोबाइल दुकान से मोबाइल लूटकर फरार हो गए तीनों एक कार में आए थे युवक मोबाइल रिपेयरिंग कराने पहुंचे थे रिपेयरिंग का चार्ज दिए बिना वे दुकानदार से मोबाइल छीन कर कार से भाग निकले लेकिन उन्हें आगे भीड़ ने उन्हें घेर लिया एक युवक कार से बाहर निकला और दूसरे ने तेजी से कार चलाकर वहां से भाग निकलने में सफल रहा इस दौरान उसने कई लोगों को टक्कर भी मारी फिलहाल तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पूरा मामला गोलबाजार थाना क्षेत्र का है जानकारी के मुताबिक तीनों नवा रायपुर के एक निजी विवि में पढ़ाई करते हैं रवि भवन में एक युवक ने दो दिन पहले मोबाइल रिपेयरिंग करवाने दिया था बुधवार को युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ रवि भवन पहुंचा दुकान से मोबाइल लेने के बाद बिल का 12 हजार रुपए दिए बिना ही अपनी कार में बैठने लगा दुकानदार ने रोका तो वह बहस करते हुए कार में बैठ गया फिर कार से भागने के दौरान कई लोगों को टक्कर भी मारी।

# अवैध शराब परिवहन करते 3 गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश तथा प्रभारी उपायुक्त आबकारी रायपुर श्री राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग रायपुर द्वारा ड्राई-डे पर अवैध मदिरा परिवहन, निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।



प्राप्त सूचना के आधार पर तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से परिवहन की जा रही 49 नग पाव (8.84 बल्क लीटर) देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। मौके पर आरोपी सुनिल निषाद को एक दुपहिया वाहन सहित गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। यह कार्रवाई तिल्दा वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक सुश्री मेधा मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक दिगंबर भूरा का विशेष सहयोग रहा।

इसी क्रम में आरंग के ग्राम चिखली में सुबह 5 बजे मुखबिर के सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने दबिश दी। मौके पर अवैध रूप से हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब का विक्रय कर रही दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 14.8 बल्क लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब एवं 90 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की गैरजमानतीय धारा 34(1)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचक प्रीति कुशवाहा द्वारा जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक सुश्री नीलम स्वर्णकार एवं आबकारी आरक्षक श्री विवेक श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# एग्री स्टेक पोर्टल बंद, लाखों किसान पंजीयन से वंचित : कांग्रेस

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि धान खरीदी के लिए अनिवार्य किए गए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन बंद हो गया। अभी तक पूरे किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है, पिछले साल के मुकाबले लाखों किसान पंजीयन से वंचित है। एग्री स्टेक पोर्टल में आने वाली दिक्कतों पोर्टल बंद रहने, डाटा की गड़बड़ियों खसरा खतौनी में मिलान नहीं होने से बहुत से किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पोर्टल में पंजीयन की तिथि और बढ़ाई जाए। जिनका पंजीयन पोर्टल से नहीं हो रहा उनका पंजीयन सोसायटियों में करने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिन किसानों ने धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन करवा लिया है सरकार ने उनके लिए नया नियम बना दिया कि उन्हें अब सोसायटियों में रकबा सत्यापन कराना होगा। गिरदावरी डिजिटल क्राप सर्वे के बाद भी रकबा सत्यापन करने किसानों को परेशान करने के लिए अनिवार्य किया गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दुर्भावना पूर्वक किसानों के लिए लगातार कठिनाई पैदा कर रही है ताकि समर्थन मूल्य पर कम से कम धान खरीदना पड़े। पूरे प्रदेश में खाद बीज का संकट है, दुगुने-तिगुने दाम पर डीएपी और यूरिया की कालाबाजारी सर्वविदित है।

**पोर्टल में पंजीयन के बाद सोसायटियों में रकबा सत्यापन कराने अनिवार्यता सरकार का षड़यंत्र**

# नगर में चार स्थानों पर हुआ रावण के पुतले का दहन, बारिश से दुर्गा विसर्जन रहा फीका





**महासमुंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजय दशमी के अवसर पर नगर में चार स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। नगर का मुख्य आयोजन रावणभाठा दशहरा मैदान में हुआ। जहां 35 फीट का ऊंचे पुतले का दहन किया गया। इसके अलावा मौहारी भाठा, पुराना रायपुर नाका और इमलीभाठा में भी रावण के पुतले का दहन किया गया। संध्या बेला मे आयोजन की तैयारी की जाती रही लेकिन जैसे ही रावण दहन का समय हुआ तेज बौछारों के साथ हुई बारिश ने रावण के पुतले भींगा दिए इससे पुतला दहन में काफी दिक्कते हुई। इमलीभाठा में तो दोबारा रावण का पुतला खड़ा करना पड़ा। पानी के कारण पुतला दहन के लिए कही कही पर पेट्रोल का सहारा लिया गया। मुख्य समारासेह पं. जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में आयोजन समिति द्वारा किया गया।सर्व प्रथम राम बने कलाकारों का जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। पश्चात एक घंटे का कार्यक्रम दिशा नाट्य कला मंच द्वारा अत्धुनिक लाइट और साउंड सिस्टम से रामलीला का मंचन किया गया। जिसका लोगों ने भरपुर आनंद लिया इसी दौरान तेज बारिश हुई अंत में अग्निबाण रावण पर छोड़ा गया। आतिशबाजी के माध्यम से रावण के नाभि में जाना था लेकिन रास्ते मे ही राकेट फूस हो गया इसके बाद कलाकारों ने रावण के पुतले में आग लगाई। पुतला को जल गया लेकिन सिर बचा रहा जिसे बाद में जलाया गया। इसी तरह बस स्टेंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति दादाबाड़ा के विसर्जन समारोह भी बारिश से प्रभावित हुआ और बरसते पानी के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा महामाई तालाब ले जाई गई। आयोजकों ने विसर्जन की भव्य तैयारी की थी किंतु लगातार हुई बारिश से आयोजक निराश हुए। बारिश के कारण दर्शनार्थी भी सड़कों पर नही पहुंच पाए। राशि करीब सवा1 बजे के आसपास माता का विसर्जन किया गया।

# नदी के टापू में फंसे पुजारी को बाढ़ बचाव दल ने सुरक्षित निकाला



**धमतरी,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम नवीन जोरा तराई थाना कुरुद में आज एक बड़ी घटना टल गई, जब मंदिर के पुजारी नदी के बीच बने टापू में फंस गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम के मंदिर पुजारी इतवारी राम कश्यप पिता सीताबी राम कश्यप उम्र 65 वर्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से अचानक टापू में फंस गए थे।

इस संबंध में सूचना मिलते ही जिला सेनानी शोभा ठाकुर ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू टीम को मोटर बोट सहित तत्काल रवाना किया। रेस्क्यू दल ने मौके पर पहुंचकर सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई करते हुए पुजारी को सुरक्षित निकालकर नदी पार कराया। इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई और पुजारी को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

रेस्क्यू अभियान में बाढ़ बचाव दल के जवान कलीराम ध्रुव, अनिल नेताम, टिकेश साहू, नरेंद्र डहरिया, दुष्यंत नेताम एवं चन्द्र कुमार सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने जवानों के इस साहसिक कार्य की सराहना की है।

इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन एवं बचाव दल किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समय पर की गई कार्यवाही से एक बड़ी जनहानि टल गई।

# बठेना वार्ड हत्या मामले में आरोपी चेतन यादव को आजीवन कारावास की सजा

**धमतरी,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। 13 अक्टूबर 2024 की शाम लगभग 6.30 बजे बठेना पारा, सिन्हा किराना दुकान के सामने आरोपी चेतन यादव अपने साथियों के साथ गाली-गलौज कर रहा था। उसी समय मृतक भरत सिन्हा पिता हरिराम सिन्हा उम्र 46 वर्ष निवासी बठेना पारा जेल रोड धमतरी अपने घर जा रहा था। मृतक ने आरोपी को गाली-गलौज करने से मना किया, जिस पर गुस्से में आकर आरोपी ने अपने हाथ की मुठ्ठी में फंसी हुई नुकीली चाबी से मृतक के सीने में वार कर दिया। घायल भरत सिन्हा को तत्काल डीसीएच अस्पताल धमतरी ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना में प्रभारी थाना सिटी कोतवाली निरीक्षक राजेश मरई द्वारा घटना की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी चेतन यादव पिता रहीपाल यादव उम्र 19 वर्ष निवासी बठेना पारा जेल रोड गली नंबर 03 धमतरी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। अपर सत्र न्यायाधीश एवं अतिरिक्त न्यायाधीश ने विचारण उपरांत आरोपी चेतन यादव को हत्या का दोषसिद्ध मानते हुए आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।


## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NARENDRA KUMAR S/O POONAM CHAND JAIN resident of HOUSE NUMBER 106,WARD NO 24, RAMADHIN MARG, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441 have changed my old name NARENDRA KUMAR S/O POONAM CHAND JAIN so in future I should be recognized by my new name that is NARENDRA JAIN S/O POONAM CHAND JAIN in all Government and other documents.

**NARENDRA JAIN**
NUMBER 106,WARD NO 24, RAMADHIN MARG, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MADHU JAIN W/O AJEET KUMAR JAIN resident of HOUSE NO -198, WARD NO .37, HIRA MOTI LINE, RAJNANDGAON (C.G.) PIN CODE: 491441 have changed my old name MADHU JAIN W/O AJEET KUMAR JAIN so in future I should be recognized by my new name that is MADHU LATA JAIN W/O AJEET KUMAR JAIN in all Government and other documents.

**MADHU LATA JAIN**
HOUSE NO -198, WARD NO .37, HIRA MOTI LINE, RAJNANDGAON (C.G.) PIN CODE: 491441

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SOHEL AHMED KHAN S/O USMAN KHAN resident of PLOT 18/A MAITRI VIHAR, KOHKA BHILAI NAGAR, NEAR UNIK APARTMENT, SUPELA BHILAI, PO. SUPELA BHILAI, DIST DURG (C.G.) 490023 have changed my old name SOHEL AHMED KHAN S/O USMAN KHAN so in future I should be recognized by my new name that is SOHEL AHMAD KHAN S/O USMAN KHAN in all Government and other documents.

**SOHEL AHMAD KHAN**
PLOT 18/A MAITRI VIHAR, KOHKA BHILAI NAGAR, NEAR UNIK APARTMENT, SUPELA BHILAI, PO. SUPELA BHILAI, DIST DURG (C.G.) 490023

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/238/2025 13.08.2025

IDBI BANK
Versus
KUSHAL RAM S/O MANGLI RAM

To,
**(CD 1) KUSHAL RAM**
S/O MANGLI RAM
H. NO. 16, VILL-PENDRI, TEH.-DHAMDHA,DIST-DURG (C.G.)-491331
**(CD 2) KUBER RAM SAHU**
H.No. 16, VILL-PENDRI, TEH-DHAMDHA, DURG (CG)-400001
**(CD 3) LALDAS SAHU**
H.No.16, VILL-DHAMDHA, DIST-DURG (C.G.)-400001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/952/2022** an amount of **Rs 2685986.85 (Rupees Twenty Six Lakhs Eighty Five Thousands Nine Hundred Eighty Six And Paise Eighty Five Only)** along with pendentellite and future interest @ 9 % Simple Interest Yearly w.e.f. 03/08/2022 till realization and costs of **Rs 29000 (Rupees Twenty Nine Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully / Limited)
**2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under. **3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing. **4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **04/11/2025** at 10:30 a.m. for further proceedings.
**5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay: **(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings. **(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **13/08/2025**

SEAL Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मेसर्स आर्या राईस मिल द्वारा प्रोप्राइटर आलोक कुमार अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल पता-हनुमान मंदीर के पास आर्दशनगर केम्प-01, भिलाई, तहसील वो जिला दुर्ग (छ.ग.) से ग्राम-आमटी, प.ह.नं.-000340, रा.नि.मं. अण्डा, तहसील वो जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित औद्योगिक परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 132 रकबा 0.380 हेक्टेयर, खसरा नंबर 133 रकबा 0.090 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 182 रकबा 0.280 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर-03 कुल रकबा 0.750 हेक्टेयर भूमि से संबंधित 04 पूर्व मूल विक्रय विलेख 1. दिनांक 24.03.2010, ग्रंथ क्रमांक-20914, पंजीयन क्रमांक 4010 (अ), 2.दिनांक 18.05. 2015, ग्रंथ क्रमांक-30693, पंजीयन क्रमांक 878 (ब), 3. दिनांक 14.09.2015, ग्रंथ क्रमांक-31151, पंजीयन क्रमांक-3784 (1) 4. दिनांक 14.09.2015, ग्रंथ क्रमांक-31151, पंजीयन क्रमांक-3789 (अ), सभी विक्रय विलेखों का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग (छ.ग.) के अभिलेख में दर्ज है कि, मूल प्रति गुम हो गयी है जिसके संबंध में आलोक कुमार अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा दिनांक 03.10.2025 को एक लिखित सूचना पुलिस थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा दी गयी है। यह कि, मेरा पक्षकार मेसर्स आर्या राईस मिल द्वारा प्रोप्राइटर आलोक कुमार अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल उपरोक्त संपत्ति को पंजाब नैशनल बैंक, एम.सी.सी.-01, टाटीबंध, रायपुर (छ. ग.) में बंधक रखकर व्यवसायिक ऋण प्राप्त करना चाहता है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण, निगम आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनो के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खण्डन स्वीकार योग्य नहीं होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त, आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक 03.10.2025
रायपुर (छ.ग.)

**शशीकांत अग्रवाल (अधिवक्ता)**
**म.नं. 61/101**
**महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड**
**टूरीहटरी, पुरानीबस्ती, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 98263-57861**

## न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, भाटापारा (छत्तीसगढ)

### ईश्तहार

**रा.प्र.क्र....ब/121 वर्ष 2024-25**
**ग्राम मोपका तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वरलाल वर्मा पिता तुलसीराम वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम मोपका तहसील भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पुत्री रितु पिता ईश्वर वर्मा (माता बेदकुमारी) के जन्म दिनांक 01/08/2013 को निवास (स्थान) ग्राम मोपका तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत मोपका तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्री करण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म मृत्यु रजिस्ट्री करण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं ग्राम सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 20/10/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति/सस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 20/10/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/10/25 जारी किया गया। को न्यायालय के पद मुहर सहित

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**भाटापारा (छत्तीसगढ)**

## न्यायालय नजूल अधिकारी भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### ईश्तहार

**रा.प्र.क्र...अ/20(3) वर्ष 2024-25**
**साकिन- भाटापारा**

आवेदक सोफिया फरजाना पति अब्दूल रज्जाक एवं अन्य 05 निवासी जुनी हटरी राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक- 12-सी, भूखण्ड क्रमांक-178/2 क्षेत्रफल 75 वर्गमीटर निर्धारण 16.50 रुपये एवं शीट क्रमांक- 11-डी, भूखण्ड क्रमांक- 140/2 व 141/2 क्षेत्रफल 65 व 66 वर्गमीटर निर्धारण 7.80 व 7.92 रुपये भूमि जो की नजूल अभिलेख में नूरजहां पिता पीर मोहम्मद, आशिफ पिता पीर मोहम्मद, नूरसमा पिता पीर मोहम्मद, नूर अफरोज पिता मो. सादिक, अ. रज्जाक पिता अ. सत्तार, अ. वहीद पिता अ.सत्तार, अ. हबीब पिता अब्दुल सत्तार, अब्दुल कदीर पिता अ. सत्तार, शहनाज पिता अ. सत्तार निवासी भाटापारा के संयुक्त नाम पर दर्ज है। सह-धारक अ. रज्जाक पिता अ. सत्तार की मृत्यु दिनांक 14.04.2017 एवं सह-धारक शहनाज पिता अ. सत्तार की मृत्यु दिनांक 02.02.2016 को हो जाने के कारण उसके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फ़ौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्रए मेंटेनेंस खसराए मृत्यू प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 15/10/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी**
**भाटापारा,**

## कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजनांदगांव द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत् जनता कॉलोनी लखोली राजनांदगांव में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. जे-214 एवं 215, का आबंटन श्रीमती संतोष खाती पति श्री विनोद खाती को हुआ है। दिनांक 31.08.2009 को पंजीयन कार्यालय में विक्रय विलेख निष्पादन हो चूका है। आबंटी द्वारा इस कार्यालय में आवेदन एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त भवन को श्री राहुल अग्रवाल पिता श्री विजय अग्रवाल पता सनसिटी कंचनबाग, तहसील व जिला राजनांदगांव को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति हेतु अनुरोध किया गया है।

अत: आवेदिक के आवेदन पर विक्रय अनुमति की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के के बाद में कोई दावा /आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में विक्रय अनुमति की कार्यवाही की जावेगी ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-राजनांदगांव (छ.ग.)**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

### उद्घोषणा

**अ-2/2025-26**
**ग्राम छुईहा रै. प.ह.नं. 8 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ध्रुवसिंह पिता चिन्तू सिंह जाति ठाकुर निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम छुईहा रै. प.ह.नं. 08 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नंबर 84/14 रकबा 0.0240 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा व्यावसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 22.10.2025 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बलौदाबाजार**

## न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)

### उद्घोषणा

**पृ.क्र./5257/प्र. तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 26.09.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी अरमरीकला प.ह.नं. 01 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूर्णिमा बाई आ. खोरबाहरा राम जाति तेली निवासी इर्रा तहसील राजनांदगांव जिला राजनांदगांव ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के दादा बुद्धराम आ. हरिचन्द्र की मृत्यु दिनांक 05/07/1985 को ग्राम अरमरीकला में ई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10/10/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)

### ईश्तहार

**पृ.क्र./5232/प्र. तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 22.09.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम गुरूर को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल राम पिता तिरीथ राम जाति ठेठवार साकिन गुरूर द्वारा ग्राम गुरूर प.ह.नं. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 784 रकबा 0.02 हे. लगान 119.00 रू. से संबंधित ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गया है, जिसे संभावित स्थानों पर तलाश करने पर नहीं मिला तथा अब मिलने की संभावना नहीं है। आवेदक डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन की नकल, शपथ पत्र, थाना रिपोर्ट की प्रति, नोड्यूस, चालान की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06/10/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

## भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार

प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निदेशक/सहायक निदेशक की भर्ती
(विज्ञापन सं. इन-स्पेस:06:2025 दिनांकित 04/10/2025)

इन-स्पेस अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) के तहत अंतरिक्ष गतिविधियों के प्रचार और प्राधिकरण तथा गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीई) द्वारा अं.वि के स्वामित्व वाली सुविधाओं के उपयोग के लिए एक स्वतंत्र नोडल एजेंसी है।

पात्र उम्मीदवारों से निम्नलिखित पदों के लिए प्रारंभिक तौर पर 03 (तीन) वर्ष (आवश्यकता और संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर 05 वर्ष तक विस्तारणीय) की अवधि के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित प्रतिनियुक्ति के मानक नियमों और शर्तों के अनुसार प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पदनाम / वेतन मैट्रिक्स में स्तर | विशेषज्ञता का क्षेत्र | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| उप निदेशक स्तर-13 | विधि | 01 |
| सहायक निदेशक स्तर - 11 | विधि | 01 |

विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट https://www.inspace.gov.in पर घोषणा खंड के तहत उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 03/11/2025 है।

CBC49121/12/0005/2526 इन-स्पेस द्वारा जारी

## न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाईनगर जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### ईश्तहार

प्रकरण क्रमांक / 1303-/विविध/2025
थाना प्रभारी थाना भिलाई नगर जिला-दुर्ग (छ ग)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी में जप्त लावारिश / लावावा वाहनों के निराकरण / नीलामी की कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी थाना भिलाई नगर जिला दुर्ग द्वारा अपने चौकी/थाने क्षेत्रांतर्गत जप्त लावारिश वाहनों की जानकारी संबंधित परिवहन कार्यालय से लिया जाकर वाहन स्वामियों को वाहन रजिस्ट्रेशन पत्र के साथ उपस्थित होकर वाहन सरंक्षण में लेने हेतु नोटिस जारी किया गया था, जो अदम तामीली प्राप्त होने से नीलामी की कार्यवाही किये जाने बाबत् धारा-28 पुलिस एक्ट अनुसार ईस्तगासा तैयार कर प्रेषित किया गया है।

अत: वाहनों के नीलामी की कार्यवाही के पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से अनुसूची में दर्शित वाहनों के वाहन मालिकों को समाचार पत्र के माध्यम से संसूचित किया जाता है कि वे सूची में दर्शित वाहनों के सरंक्षण प्राप्ति हेतु दावा आपत्ति रखते हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ आगामी पेशी तिथि 13.10.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने अभिभावक / अभिभाषक / अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से लिखित में दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है म्याद वाद पश्चात उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

थाना प्रभारी, थाना भिलाई नगर में जप्त लावारिश/लादावा वाहनों का विवरण क्यूआर कोड के माध्यम से देख सकते हैं

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 25.09.2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय दण्डाधिकारी**
मुहर जी-252603935 छावनी/भिलाईनगर जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## शपथ पत्र

मैं गणेश्वर शोरी पिता रामू राम शोरी, उम्र 33 वर्ष, निवासी फरसगांव, तहसील फरसगांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न लिखित सत्य कथन करता हूं :-

1.यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा वास्तविक सही नाम गणेश्वर शोरी एवं माता का नाम बोदली बाई शोरी एवं पिता का नाम रामू राम शोरी है, जो कि मेरे नाम से जारी मतदाता परिचय पत्र में दर्ज है सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं दाखिल खारिज पंजी में मेरा नाम गणेश्वर दुग्गा एवं माता का नाम जलको एवं पिता का नाम रामू दुग्गा लिपकीय त्रुटिवश अंकित हो गया है।
4. यह कि मैं मेरे शैक्षणिक दस्तावेज दाखिल खारिज पंजी में सही नाम गणेश्वर शोरी एवं माता का सही नाम बोदली बाई शोरी एवं पिता का नाम रामू राम शोरी अंकित करने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र उक्त आशय के समर्थन में प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

## कार्यालय 38 छ.ग. बटालियन एनसीसी, राजनांदगांव (छ.ग.)

दूरभाष:- 07744-296278
मो.नं.:- 9906379268, 9340628399
38 बटा/316/क्यू/एनसीसी

email-38 cgbnnccrin@gmail.com

30 सितंबर 2025

### निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा 625 एनसीसी छात्रों का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-154 दिनांक 24 अक्टूबर 2025 से 02 नवंबर 2025 तक बालक छात्रावास, पेंड्री (शासकीय दिगविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव) में आयोजित किया जायेगा। जिसके लिये लगभग 15 से 16 लाख रूपये की राशन सामग्री क्रय की जानी है। अत: पंजीकृत थोक राशन विक्रेताओं से राशन हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 03 अक्टूबर 2025 से 12 अक्टूबर 2025 तक आवश्यक रूप से 38 छ0ग0 बटालियन एनसीसी कृष्णा विहार सहदेव नगर राजनांदगांव से प्राप्त करेंगे तथा 14 अक्टूबर 2025 को समय पूर्वान्ह 12 बजे तक अनिवार्य रूप से 38 छ0ग0 बटालियन कृष्णा विहार सहदेव नगर, राजनांदगांव के कार्यालय में सीलबंद बाक्स में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। उक्त दिनांक के बाद प्राप्त निविदाए किसी भी स्थिति में स्वीकृत नहीं की जावेगी। राशन सामग्री, दुध, दही, पनीर, चिकन, अण्डा, मछली व फेस सब्जी आदि की सूची कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है ।

निविदा प्राप्ति की तिथि - 03 अक्टूबर 2025 समय पूर्वान्ह 12 बजे से 12 अक्टूबर 2025 समय अपरान्ह 04 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 14 अक्टूबर 2025 समय पूर्वान्ह 12 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 15 अक्टूबर 2025 समय अपरान्ह 02 बजे

**प्रवाल**
**कर्नल**
**अधिकारी कमांडिंग**
**38 सीजी बटालियन एनसीसी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी-252603895

## न्यायालय कार्यपालीक दंडाधिकारी साजा जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़)

### ईशतहार

**रा. प्र. क्र. 202507230700048**
**सन 2024-25 श्रेणी ब /121,**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश साहू पिता सुकालू राम जाति तेली निवासी ग्राम धौराभाठा पटवारी हल्का 02 तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा अपनी माता गोंदिया बाई के मृत्यु दिनांक 13.02.2013 को ग्राम धौरा भाठा पटवारी हल्का नंबर 02 तहसील साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ में हुआ था द्य जिसका मृत्यु पंजीयन नहीं हुआ है द्य अत: पंजीयन कराने हेतु रजिस्टार ग्राम पंचायत धौराभाठा को आदेशित किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है ।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 7.10.2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकते हैं द्य प्रकरण के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 23.9.2025 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

**कार्यपालिक दंडाधिकारी,**
मुहर **साजा जिला बेमेतरा (छ. ग.)**

## पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
Ministry of Earth Sciences
**समुद्री सजीव संसाधन एवं पारिस्थितिकी केंद्र**
Centre for Marine Living Resources & Ecology
**अटल भवन, एलएनजी रोड, पुतुवैप सौथ, ओचनतुरुत पी.ओ., कोच्चि**
Atal Bhavan, LNG Road, Puthyvype South, Ocharithuruth P.O., Kochi

F.No. MoES/CMLRE/DOM/MM/BBNJ/2025

### रिक्ति विज्ञापन

समुद्री सजीव संसाधन एवं पारिस्थितिकी केंद्र (CMLRE), एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर रहा है। इन गतिविधियों को क्रियान्वित करने के लिए, CMLRE 2025-2026 के दौरान इन समयबद्ध अनुसंधान गतिविधियों में योगदान देने हेतु गतिशील, परिश्रमी, प्रेरित और नवोन्मेषी शोधकर्ताओं से परियोजना मोड पर निम्नलिखित अस्थायी पदों के लिए योग्य आवेदकों को आमंत्रित कर रहा है।

| क्रम संख्या | पद | विषय | विषय मासिक | पदों की |
|---|---|---|---|---|
| | | | पारिश्रमिक (रु.) | संख्या |
| 1. | परियोजना वैज्ञानिक ॥ | कोशिका रेखा और कोशिका संवर्धन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता/मशीन लर्निंग, | 67,000/+HRA | 3 |
| 2. | वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता/परियोजना सहयोगी ।। और कनिष्ठ अनुसंधान | आणविक जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी। समुद्री वर्गिकीविद (कशेरुकी/अकशेरुकी), भूसूचना विज्ञान/सुदूर संवेदन,आणविक जीव | 25,000-42,000+HRA | 4 |
| 3. | अध्येता/परियोजना सहयोगी सलाहकार (गैर-तकनीकी) | विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी, जैवसूचना विज्ञान। प्रशासन | 35,000/माह या अंतिम मूल | 2 |
| 4. | सलाहकार (वैज्ञानिक) | आर्थिक प्रभाव आकलन, समुद्री जैव-पूर्वेक्षण, समुद्री संरक्षित क्षेत्र, कानूनी मामले, समुद्री जीनोमिक्स | वेतन या मूल पेंशन, जो भी कम हो 80,000 (निर्धारित) | 3 |
| | | कुल पद | | 12 |

पद, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया आदि के विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.cmlre.gov.in** पर जाएँ। आवेदन करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से एक माह है। साक्षात्कार की सही तिथि और स्थान उपरोक्त वेबसाइट पर पहले ही सूचित कर दिया जाएगा।

**दिनांक 04.10.2025**

**ह/-**
**(कार्यालय अध्यक्ष)**
**सीएमएलआरई**

CBC12110/11/0003/2526

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भाटापारा
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)


### बिजली बंद की सूचना

छ.रा.वि.वि.क. लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिपावली पूर्व लाईनो एवं उपकेन्द्रो का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र/फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 04.10.2025 | 11 के.व्ही. हटरी बाजार फीडर | 11 के.व्ही. हटरी बाजार फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 2 | | 11 के.व्ही. ढेकुना टाउन फीडर | ग्राम ढेकुना एवं विश्रामपुर के समस्त उपभोक्ता। |
| 3 | | 11 के.व्ही. पड़कीडीह फीडर | ग्राम रानीजरौद, आमाकोनी के समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | | 11 के.व्ही. हिरमी (टाउन) फीडर | ग्राम हिरमी के समस्त उपभोक्ता। |
| 5 | | 11 के.व्ही, अचानकपुर फीडर | ग्राम अचानकपुर, धुर्राबांधा और पॉसरी के समस्त उपभोक्ता। |
| 6 | | 33 के.व्ही. बिटकुली<br>33 के. व्ही भाटापारा से निपनिया | ग्राम निपपिया, भरतपुर, धनेली, धौराभाटा, खपरी, सिलवा, बिटकुली, ओटेबंध, खैरा,लालपुर के समस्त उपभोक्ता। |
| 7 | 05.10.2025 | 11 के.व्ही. टाउन 2 एवं मातादेवालय फीडर | 11 के.व्ही. टाउन 2 एवं मातादेवालय फीडर से लागांवित सगस्त उपभोक्ता। |
| 8 | | 11 के.व्ही. नवापारा फीडर | ग्राम नवापारा, खैरवारी, बरडीह, बिटकुली के समस्त उपभोक्ता एवं 04 नं कशर एवं 02 नं. उच्चदाब उपभोक्ता । |
| 9 | | 11 के.व्ही. सिनोधा फीडर | ग्राम सिनोधा, भंवरगढ़ के समस्त उपभोक्ता। |
| 10 | | 11 के.व्ही. मोपका फीडर | ग्राम मोपका, गुडेलिया, पाटन के समस्त उपभोक्ता। |
| 11 | | 33 के.व्ही. रोहरा फीडर | ग्राम पेंड्री, टिकुलिया के समस्त उपभोक्ता। |
| 12 | 06.10.2025 | 11 के.व्ही. पटपर एवं कालोनी फीडर | 11के. व्हीं पटपर एवं कालोनी फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता । |
| 13 | | 11 के.व्ही. बैकुंठ फीडर | ग्राम औरेठी, बेमता, लखना, भूमियां के समस्त उपभोक्ता । |
| 14 | | 11 के.व्ही. दामाखेड़ा टाउन फीडर | ग्राम दामाखेड़ा, धोबनी एवं किरवई के उपभोक्ता। |
| 15 | | 11 के.व्ही. नेवारी फीडर | ग्राम नेवारी, फुलवारी, भोथाडीह, तिल्दाबांधा के समस्त उपभोक्ता। |
| 16 | | 11 के.व्ही. रलेवी फीडर | ग्राम रवेली, रावन के समस्त उपभोक्ता । |
| 17 | | 11 के.व्ही. खैरी इन्ड. फीडर | ग्राम खैरी, आलेसुर, राजाढ़ार और खपराडीह के समस्त उपभोक्ता । |
| 18 | | 11 के.व्ही. पुराना धनेली फीडर | ग्राम धनेली, निपनिया, भरतपुर, बकुलाही, मोपकी के समस्त उपभोक्ता। |
| 19 | | 11 के.व्ही. टेहका फीडर | ग्राम टेहका, मधुबान के समस्त उपभोक्ता । |
| 20 | 07.10.2025 | 11 के.व्ही. रेल्वे फीडर | 11 के.व्हीं रेल्वे फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 21 | | 11 के.व्ही. ओल्ड लिमतरा फीडर | ग्राम बनसांकरा, बैकोनी, हरिनभट्ठा, चंदेरी के समस्त उपभोक्ता। |
| 22 | | 11 के.व्ही. लिमतरा फीडर (ढेकुना) | ग्राम लिमतरा, संजारी नवागांव, मर्राकोना, गणेशपुर, देवरीडीह, तरपोंगा एवं बम्हनीडीह के समस्त उपभोक्ता । |
| 23 | | 11 के.व्ही. बरडीह अटल ज्योति फीडर | ग्राम बरडीह, भालेसुर के समस्त उपभोक्ता । |
| 24 | | 11 के.व्ही. सिनोधा अटल ज्योति फीडर | ग्राम सिनोधा, भंवरगढ़ के समस्त उपभोक्ता। |
| 25 | | 11 के.व्ही. अमलीडीह फीडर | ग्राम अमलीडीह, खम्हरिया और गुर्रा के समस्त उपभोक्ता। |
| 26 | | 11 के.व्ही. बिटकुली फीडर | ग्राम बिटकुली, खैरा, खपरी, पथरीया, पासीद, चमारगुडा के समस्त उपभोक्ता। |
| 27 | | 11 के.व्ही. दतरेंगी फीडर | ग्राम दतरेंगी, दत्तरेंगा के समस्त उपभोक्ता। |

**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।**
1. स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें।
2.समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।

**(व्ही. के. राठिया)**
**कार्यपालन अभियंता (सं/सं) सभाग छ.स्टे.पा.डि.क. लिमिटेड भाटापारा**
**कर्मचारी क्रमांक 9331181**




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

एक आदमी एक रेस्टोरेंट में वेटर से पूछता है- यहां एक्सप्रेस कितने वक्त लगता है?
वेटर ने कहा- आपकी उम्र के आधार पर सर, इंडिया एक्सप्रेस बहुत ज्यादा लगती है!



# विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे शामिल



## मांझी चालकी की बस्तर सांसद महेश कश्यप ने ली बैठक

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे की परंपरागत मुरिया दरबार रस्म का आयोजन कल होने जा रहा है। इस अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति होंगे है। बस्तर सांसद एवं दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय में मांझी-चालाकी के साथ बैठक की। बैठक में पारंपरिक रस्म के निर्विघ्न संपादन हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मुरिया दरबार बस्तर दशहरे की गौरवशाली और ऐतिहासिक परंपरा है, जिसकी पहचान देश विदेश तक है। इस बार गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा और भी बढ़ेगी। बैठक में संबंधित अधिकारी, दशहरा समिति के पदाधिकारी और विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर मंत्री केदार कश्यप विधायक किरण देव और महापौर संजय पांडे ने कार्यक्रम आयोजन स्थल स्वदेशी मेला में स्थल में पहुंच कर निरीक्षण कर सुविधाओं की पूरी जानकारी ली और आवश्यक सुझाव व निर्देश भी दिए। इस दौरान काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# दशहरा पर बस्तर राज परिवार के कमल चंद्र भंजदेव ने सह परिवार मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर की पूजा-अर्चना



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा पर बस्तर राज परिवार के कमल चंद्र भंजदेव पूरे परिवार के साथ मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किए। आरती के पश्चात पुजारी, राउत और मंदिर के सेवकों को वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किए।

इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा मां दंतेश्वरी की जयकारा लगाया गया। सारा वातावरण घंटी, पारंपरिक वाद्य व शंख ध्वनि से गुंजायमान हुआ। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वही बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे देवी देवताओं के छत्र लाठ और अंगादेव सभी मंदिर पहुंचकर मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते रहे यह अद्भुत दृश्य देखकर सभी श्रद्धालु भी अभीभूत हुए ऐसा माना जाता है कि जितनी भी देवी देवताएं हैं वह सभी मां दंतेश्वरी को अपनी बड़ी बहन मानते हैं और वह मां का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।

# सार्वजनिक पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर सार्वजनिक पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालु मां दुर्गा के भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य करते चल रहे थे सड़क के मूर्ख मार्गों से होते हुए इंद्रावती नदी में मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन किया गया। नवरात्रि एवं दशहरा के अवसर पर विभिन्न समाजों, सार्वजनिक संगठनों एवं संस्थाओं के द्वारा जगह-जगह पर महा भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।


# बस्तर दशहरा: गुरुवार को भीतर रैनी रस्म में विजय रथ की हुई परिक्रमा

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध 75 दिवसीय बस्तर दशहरापर्व के प्रमुख अनुष्ठानों में से एक भीतर रैनी की रस्म गुरुवार को पूरी हुई। इस दौरान, भव्य आठ चक्कों वाले विजय रथ की परिक्रमा हुई जिसे खींचने के लिए कोड़ेनार और किलेपाल क्षेत्र के दूर-दराज के गाँवों से बड़ी संख्या में आदिवासी जन जुटे और बारिश के बावजूद रथ को बड़े उत्साह के साथ खींचा ।लगातार हो रही बारिश के बीच भी बस्तर दशहरे का आकर्षण एवं वैभव नजर आया। गुरुवार को बस्तर दशहरा के महत्वपूर्ण दिन भीतरी रैनी की रस्म निभाई गई। पिछले वर्ष तैयार आठ चक्कों वाले विशाल विजय रथ को सुसज्जित कर विधि विधान के साथ पूजा अनुष्ठान के पश्चात संचालन किया गया। मां दंतेश्वरी के छत्र को रथारूढ़ करने के बाद पुलिस जवानों द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी गई। इसके बाद रथ को खींचा गया। इस विशाल रथ को मावली मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, गोल बाजार चौक, गुरु नानक चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर तक परिक्रमा कराई गई। इस विशाल आठ चक्के के विजय रथ में जहां दंतेश्वरी मां की डोली और छत्र विराजमान थी। वहीं इसके सामने सुसज्जित वाहन में दंतेवाड़ा से आई मावली मां की डोली और छत्र विराजमान थी। रथ के सामने बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से दशहरा में पहुंचे देवीट्टुदेवताओं के ,डोली, लाठ और छत्र लिए पुजारी, सेवक चल रहे थे ,वही आंगादेव पूरे मार्ग पर दौड़ते हुए मार्ग के अवरोध हटाने में जुटे नजर आए। जगह जगह आतिशबाजी भी हुई। काफी संख्या में उपस्थित लोगों के साथ शामिल स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लगातार हो रही बारिश के बीच भी बस्तर दशहरे का आकर्षण एवं वैभव नजर आया।

**लगातार हो रही बारिश के बीच भी बस्तर दशहरे का आकर्षण एवं वैभव नजर आया**



# एनसीसी और एनएसएस ने कुम्हरावंड में किया वृहद स्वच्छता श्रमदान



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 9 सीजी एनसीसी के कैडेट्स और कृषि महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को संयुक्त रूप से मनाया। इस अवसर को राष्ट्रीय एकता और सामाजिक दायित्व के रूप में मनाते हुए, युवाओं ने वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। ?यह संपूर्ण कार्यक्रम कमांडिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कांडपाल एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर एस नेताम के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस प्रभारी आर आर कंवर और सूबेदार मिथलेश द्विवेदी की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता का संदेश देते हुए सबसे पहले महाविद्यालय परिसर से ग्राम कुम्हरावंड तक एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के समापन के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने ग्राम कुम्हरावंड के पंचायत भवन की व्यापक साफ-सफाई का कार्य किया, जिसमें भवन के अंदर और बाहरी परिसर को स्वच्छ बनाया गया। इस श्रमदान के माध्यम से युवाओं ने च्स्वच्छता ही सेवा हैज् के महात्मा गांधी के विचार को व्यवहार में उतारा। स्वच्छता कार्य पूर्ण करने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और च्जय जवान, जय किसानज् का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए गए। ?एनओ अभिलाष निषाद ने गांधी जी द्वारा अपनाए गए च्अहिंसा परमो धर्मज् के उद्देश्यों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कैडेट्स और स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ ली। ?इस कार्यक्रम के दौरान कैप्टन राहुल सिंह ठाकुर, एनएसएस बालिका वर्ग प्रभारी डॉ. सोनाली कर, सीटीओ एनसीसी एमबी तिवारी, एनसीसी एनओ रितेश बघेल, समस्त पीआई स्टाफ के साथ ही एनसीसी कैडेट और एनएसएस इकाई कृषि महाविद्यालय जगदलपुर के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ? मंच का संचालन हिमानी चौबे एवं वैशाली वर्मा द्वारा किया गया, जबकि दीपक निषाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# बस्तर जिले में गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का किया गया आयोजन



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार 2 अक्टूबर को बस्तर जिले की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का विशेष आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ?यह आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने और उनके च्ग्राम स्वराज्यज् के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ग्राम सभाओं में स्वच्छता, जल संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और विकास कार्यों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अपनी समस्याओं और सुझावों को रखा। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की गई। जिले के अधिकारियों ने बताया कि गांधी जयंती के मौके पर ग्राम सभाओं का आयोजन लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया, ताकि योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# पटवारी और दलाल ने किया बड़ा फर्जीवाड़ा



- **मूल खाते से जमीन गायब – कई टुकड़ों में बेच दी पैतृक भूमि**
- **वास्तविक हकदारों ने की कलेक्टर से शिकायत, जांच के आदेश**

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भानपुरी तहसील के ग्राम करोन्दोला में पैतृक भूमि को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। आरोप है कि पूर्व हल्का पटवारी रामू कश्यप ने जमीन दलाल नेमीचंद सोनी और परिवार के सदस्य जाहिद खान के साथ मिलकर मूल खातेदारों की जमीन को कूट रचना कर नया खसरा नम्बर तैयार किया और इसे कई टुकड़ों में बेच डाला।

वर्ष 1993-94 में अब्दुल रउफ ने खसरा नम्बर 153/1, 311/6 और 343 कुल 3 रकबा क्रमशः 2.1000, 0.0200, 0.1400 और 1.8800 पैतृक भूमि खरीदी थी। उनके निधन के बाद वारिसों के नाम भूमि दर्ज हुई। वर्ष 2009 में अब्दुल कासिम और 2022 में अब्दुल हासिम के निधन के बाद खसरा नम्बर 153/1 रकबा 2.1600 हेक्टेयर जमीन वारिसों में बंटनी थी, लेकिन इसी बीच जाहिद खान ने अपने बुआओं और अन्य परिजनों को हिस्सा न मिलने देने की नीयत से कोंडागाँव निवासी भूमि दलाल नेमीचंद सोनी और पटवारी रामू कश्यप से सांठगांठ कर ली। पटवारी ने शातिराना तरीके से खसरा नम्बर 153/1 से लगभग 63 हजार वर्गफुट (लगभग डेढ़ एकड़) जमीन गायब कर नया खसरा नम्बर 153/16 तैयार किया। इसके बाद नेमीचंद ने अपने नौकर शिवलाल बैद के पुत्र मनचीत बैद के नाम फर्जी नामांतरण कराया और जमीन को 12ङ्क15 हिस्सों में विभाजित कर कई खरीदारों को बेच दिया। इतना ही नहीं, नेमीचंद ने उसी भूमि में से 0.3700 हेक्टेयर जमीन का बिना पंजीयन अपने नाम करा लिया, लेकिन फर्जी नामांतरण और बिना पंजीयन के चलते न्यायालय तहसील ने नामांतरण खारिज कर दिया। मूल खातेदारों का कहना है कि जब उन्होंने बंटवारे के लिए तहसील और कमिश्नर कोर्ट में आवेदन दिया, तभी यह फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। खसरा नम्बर 153/1 रकबा 2.1600 हेक्टेयर को लेकर कमिश्नर कोर्ट ने आदेश दिया कि जमीन का बंटवारा पुत्र जाहिद खान के साथ-साथ अन्य वारिसान सहेदुन बेगम, खतीजा बेगम, शाहिदा बेगम, मोहम्मद रमजान और खातून उर्फ साधना के बीच समान रूप से किया जाए। लेकिन जैसे ही कमिश्नर कोर्ट का आदेश जारी हुआ, पटवारी रामू कश्यप ने उसी खसरे में से 62,340 वर्गफुट (लगभग डेढ़ एकड़) भूमि मूल खसरे से गायब कर दी, जबकि पैतृक भूमि में सभी वारिसान का समान अधिकार था। वारिसानों को जब तहसील स्तर पर जांच में यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि खसरे से बड़ी मात्रा में भूमि गायब कर दी गई है, तब उन्होंने पूरे मामले की शिकायत भानपुरी थाना और कलेक्टर बस्तर से की। वारिसानों का आरोप है कि इस फर्जी सौदेबाजी से पटवारी की आर्थिक स्थिति अचानक बदल गई और उसने गांव में आलीशान मकान खड़ा कर लिया। वहीं खातेदार अब भी अपनी पैतृक भूमि के लिए दर-दर भटक रहे हैं और प्रशासन से न्याय की आस लगाए हुए हैं। दरअसल, जमीन के विवाद की शुरुआत इस प्रकार हुई कि अब्दुल हासिम के निधन के बाद उनका पुत्र जाहिद खान अपने बुआओं को जमीन नहीं देना चाहता था, लेकिन अन्य परिजनों ने मुस्लिम कानून के तहत संपत्ति पर दावा किया। तहसील और न्यायालय में बंटवारे का केस चल ही रहा था कि जाहिद ने बड़े प्लान के तहत कोंडागांव के नेमीचंद सोनी से संपर्क किया। नेमीचंद अब्दुल हासिम के जीवित रहते ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# सिंदूर खेला और ढाक की थाप में रंगा बंगीय समाज का दुर्गोत्सव



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बंगीय समाज द्वारा आयोजित चार दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव महिलाओं के सिंदूरखेला के साथ भव्य समापन हुआ। उत्सव में गाजे-बाजे, पारंपरिक ढाक की धुन के साथ नाचते लगातार बारिश के बीच देवी प्रतिमाओं का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। विजयदशमी पर मैत्री संघ, बंगीय समाज, मिलन संघ आड़ावाल और धरमपुरा दुर्गा बाड़ी में विशेष पूजा, पुष्पांजलि, दर्पण विसर्जन, अपराजिता पूजा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, उलू ध्वत्ति और शंख ध्वनि व आरती सजाओ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। विजेताओं को समाज की ओर से पुरस्कृत किया गया।

गुरुवार को देवी वरण के अवसर पर पंडालों में महिलाओं ने मां दुर्गा के प्रतिमा पर सिंदूर लगाकर एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाकर मां को निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, च्मां आबार आसबेज्, यानी मां दुर्गा अगली बार फिर आएँ। विदाई के समय महिलाओं की आंखें नम हो गईं और उन्होंने देवी से अपने सुहाग की रक्षा का आशीर्वाद मांगा। ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्र षष्ठी से बंगीय समाज की ओर से दुर्गोत्सव का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान रोजाना बच्चों और महिलाओं समेत सभी वर्ग के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विजयदशमी की शाम को प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। बंगाल से आए ढाक वादकों ने पारंपरिक ढाक वादन प्रस्तुत किया, जबकि घूमाल म्यूजिक ग्रुप ने मनोरंजन और उत्साह को और बढ़ाया। विसर्जन यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे, जिन्होंने भक्तिमय माहौल में माता की अंतिम विदाई दी। इस चार दिवसीय महोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक प्रस्तुत किया, बल्कि सामुदायिक एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और महिलाओं की परंपरागत श्रद्धा का भी अद्भुत संगम दिखाया। उपस्थित जनसमूह ने आयोजन की भव्यता और उत्साह की सराहना की और मां दुर्गा की कृपा के लिए प्रार्थनाएं कीं।



जगदलपुर। बस्तर दशहरा अंतर्गत रथ चुरा कर ले जाते समय सिरहासार के पास कार आई रथ की चपेट में। जेबीसी से उसे मार्ग से हटाया गया।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महात्मा गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज महात्मा गांधी के जयंती के उपलक्ष में उनसे प्रेरणा लेकर जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी कार्यालय के सामने लाल चर्च के बाजू में 2 साल हो गए नाली की साफ सफाई नहीं हुई थी। इस तारतम्य में हेल्पिंग हैड टीम के सदस्यों ने उस नाली को साफ करने की ठानकर बरसते पानी में उस नाली की साफ सफाई की गई ताकि जिला प्रशासन को सहयोग देते हुए लोग वहां पर अपनी दो पहिया, चार पहिया वाहन भी रख सकते हैं। क्योंकि कई बार भीड़भाड़ हो जाती है और लोगों को असुविधा होती है और लाल चर्च की बाजू की गंदगी भी दूर हो गई। पेड़ों को बढ़ने का अवसर मिल गया। इस श्रमदान एवं नाली की सफाई में प्रमुख रूप से रत्नेश बेंजामिन, प्रशांत लवली जॉन, इमानुएल बाघ, अविनाश बाघ, बेनी फर्नांडीज, शैलेश नाग ,स्वीटी अजय सिंह ने सहयोग दिया और यह प्रण लियां गया है कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई अभियान में भाग लेते हुए हर महीने के दूसरे शनिवार को यह सफाई अभियान जारी रहेगा।

# शालीनता के साथ यातायात पुलिस ने की सेवा



- शारदीय नवरात्र में चुनौतियों के बीच सुगम बनायी व्यवस्था
- ऐतिहासिक भीड़ के बावजूद भक्तों को नहीं हुई परेशानी
- माता की सेवा का ट्रेफिक पुलिस का यह बेहतरीन अंदाज

**दंतेवाड़ा**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेश्वरी शक्ति पीठ में शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान दंतेवाडा में ऐतिहासिक भीड़ को व्यवस्थित करने, श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से मांई दंतेश्वरी के दर्शन कराने में यातायात पुलिस ने महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभायी। भारी बारिश और तमाम चुनौतियों के बावजूद यातायात पुलिस ने जिस शालीनता और अनुशासन के साथ अपना कर्तव्य निभाया वह काबिले तारीफ है। दूर-दूर से आए भक्त दंतेश्वरी शक्ति पीठ की मधुर स्मृतियों के साथ यातायात पुलिस की शानदार छवि के साथ लौटे।

इस बार बारिश के कारण बाढ़ से बायपास रोड की बड़ी पुलिया टूटने से शारदीय नवरात्रि पर्व पर यातायात को संभालना एक चुनौती बन गई थी, किंतु यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में अपनी टीम के साथ आपसी तालमेल बनाकर दूर-दराज एवं अन्य जिलों से आने वाले अनेक श्रद्धालुओ को माँई दंतेश्वरी मंदिर तक पहुचने के लिए मार्ग को सरल और सुगम सुरक्षित बनाया। इससे हजारो श्रद्धालुओ पैदल चल कर माँई के मंदिर तक पहुंचे। श्रद्धालुओं के वाहनों, चार पहिया और दुपहिया वाहनों की पार्किंग की उचित एव सुगम व्यवस्था हाई स्कूल ग्राउंड और मेला स्थल पर रखी गई। कुछ श्रद्धालु बड़े वाहन जैसे बस एवं अन्य बड़ी प्राइवेट वाहन से आए उनके लिए भी विशेष व्यवस्था की गई । श्रद्धालुओं की कारों और अन्य वाहनों के चलने में कोई मार्ग व्यवस्था बाधीत ना हो इसका भी विशेष ध्यान रखा गया। सम्पूर्ण दंतेवाडा में यातायात पुलिस द्वारा विशेष कॉरिडोर बना कर पैदल, लुढ़क कर एवं घुटनों पर चलकर आने वाले श्रद्धालुओं को दंतेश्वरी मंदिर तक पहुँचना आसान बनाया गया। इसके लिए वनवे की व्यवस्था की गई थी। बड़ी वाहनों में केवल बस का ही संचालन शहर के अंदर प्रवेश करने दिया गया। यातायात व्यवस्था को सरल सुगम बनाने के लिए नवरात्रि भर यातायात दंतेवाडा द्वारा दिन और रात 24 घंटे लगातार पॉइंट ड्यूटी लगायी गयी एवं वाहनों में माइक की व्यवस्था करके लोगों से अपील की गई। डे व नाईट पेट्रोलिंग चलायी गई, जिससे किसी को भी किसी प्रकार की असुबिधा नहीं हुई। इसी तरह व्हीआईपी के आगमन को भी सुगम बनाया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान यातायात दंतेवाडा की टीम की लगन, मेहनत और कठिन परिस्थियों के दौरान भी यातायात व्यवस्था सरल और सुगम बनी रही। ये उनके कर्तव्यो के प्रति निष्ठा और ईमानदारी और माता रानी की सच्ची सेवा भाव को दर्शाता है। इस बार की यातायात व्यवस्था चुनौतियों के बावजूद हर बार की व्यवस्था से बहुत ही ज्यादा दुरुस्त रही, क्योंकि इस नवरात्रि में एक ही रास्ता होने के बावजूद एक बार भी जाम की स्थिति देखने को नही मिली। इसकी सराहना नगरवासियों के द्वारा भी की गई। इस सम्पूर्ण व्यवस्था पर पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की खास नजर बनी रहीं।

# आस्था-2 के निर्माण में घटिया काम बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर



- निर्माणाधीन भवन का जायजा, धीमी गति पर नाराजगी
- मजदूर और मशीनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश
- ठेकेदारों ने भी बतायी समस्या, समाधान की उम्मीद

**दंतेवाड़ा**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन, बालक एवं बालिका छात्रावास, मेस भवन, स्टाफ व सर्वेंट क्वार्टर, बाउंड्री वाल और पहुँच मार्ग सहित चल रहे कार्यों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।

कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवन को अक्टूबर तक प्लिंथ बीम स्तर तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसी तरह बालिका छात्रावास का भूतल स्लैब भी अक्टूबर माह तक पूरा हो और मेस भवन का ग्राउंड फ्लोर तथा सर्वेंट क्वार्टर का प्रथम फ्लोर शीघ्र निर्मित हो। उन्होंने पहुँच मार्ग पर मिट्टी, मुरुम और गिट्टी का कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि बड़े वाहनों की आवाजाही निर्बाध रूप से हो सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आस्था-2 विद्या मंदिर जिला प्रशासन का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो आने वाले समय में स्थानीय छात्रों के लिए एक शैक्षणिक हब के रूप में विकसित होगा। ऐसे में इसके निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को मजदूरों और मशीनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जा सकें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ठेकेदारों से संवाद भी किया, उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया।

कलेक्टर श्री दुदावत ने अपने दौरे के दौरान कुआकोंडा में नये निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरों और ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हो और किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में लगाए जाने वाले सभी विद्युत उपकरण शत-प्रतिशत गुणवत्तायुक्त हों और भवन में सीवेज की कोई समस्या न आए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# 2 सौ सीपीआई कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

## कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता को बताया आधार



**दंतेवाड़ा**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटेकल्याण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक अवसर पर 200 सी.पी.आई. कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा एवं जनहितैषी कार्यों से प्रभावित होकर कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से कांग्रेस परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस का गमछा पहना कर गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है, जो आदिवासियों, किसानों, युवाओं और मजदूरों की असली आवाज़ बनकर काम करती है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि कांग्रेस में जुड़कर वे क्षेत्र के विकास, जनता की समस्याओं के समाधान और सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मज़बूती देंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह सामूहिक प्रवेश कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के बीच भरोसे का प्रमाण है। कार्यक्रम में आदिवासी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोपा कुंजाम, भीमसेन मण्डावी जिला महामंत्री, राजकुमार जायसवाल ब्लाक अध्यक्ष, गोविंद मरकाम, शंकर कुंजाम, लालु मरकाम, आयतु कुडामी, सुखराम, रितिक, सोनाराम, मंगल सोरी, बजरंगठाकुर, राजुकरटाम, कौतुकभानु हिकमी, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नन्हें बच्चों ने सीखा ज्ञान, ध्यान और तप



- ओसवाल जैन श्री संघ गीदम में शरणम् आवासीय शिविर
- 53 बच्चों की उत्साह पूर्वक भागीदारी
- चातुर्मास में जैन समाज का प्रेरक आयोजन

**दंतेवाड़ा**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओसवाल जैन श्री संघ के तत्वावधान में 5 दिवसीय आवासीय शिविर शरण का आयोजन आचार्य श्री 1008 श्री रामलाल जी म.सा. की सुशिष्या श्री सुयशा जी आदि ठाणा 4 के सानिध्य में किया गया। इसमें गीदम, तोंगपाल, सोनारपाल के 53 बच्चों ने भाग लिया।

पूज्य म.सा. जी ने अथक पुरुषार्थ करके बच्चों को जीवन विकास की छोटी-छोटी बातों को समझाया और अध्यात्म से जोड़ने का प्रयास किया। साथ ही स्थानीय शिक्षिकाओं के द्वारा भी योगा, ध्यान, अनुशासन, सामायिक, प्रतिक्रमण सहित अनेक चीजें सिखाई गई। प्रतियोगिता भी हुई। शिविर में कई बच्चों ने 21 घंटे का दयाव्रत किया साथ कई बच्चों ने अनेक तप करके शिविर में ज्ञान ध्यान सिखा। शिविर समापन में श्री संघ के अध्यक्ष विमलचंद सुराना ने कहा यह शिविर जो चातुर्मास में लगा है, मेरे स्मृति पटल में हमेशा के लिए अंकित हो गया है। इस चातुर्मास को ज्ञान ध्यान सीखने के लिए जाना जाएगा। उन्होंने सभी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

शिविर प्रतिवेदन श्रीमती स्वाति बुरड़ ने प्रस्तुत किया। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष जसराज सुराना ने कहा कि बच्चे जो इस शिविर में सीखे है उसको जीवन में अवश्य उतारे। शिविर में बच्चों को संघ के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही विशेष रूप से गौतमचंद, राजकुमारी बाफना के तरफ से भी बच्चों को अनेक पुरस्कार दिये गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लिया। शिविर समापन में नीलमचंद बुरड़, मोतीलाल सालेचा, मोहनलाल बुरड़ , सुभाषचंद लोढ़ा , गौतमचंद नाहटा, गौतमचंद बाफना एवं अनेक वरिष्ठ श्रावक, समता महिला मंडल, बहु मंडल, समता युवा संघ के सदस्य उपस्थित थे। शिविर का संचालन सोनू बुरड़ ने किया।

# क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल पहुंचे दंतेवाड़ा

## दंतेश्वरी दर्शन कर मांगा आशीर्वाद



**दंतेवाड़ा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, नवरात्रि के पावन पर्व के 9 वें दिन बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार दंतेवाड़ा पहुंचे। पूजा-अर्चना कर राष्ट्र एवं प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं कैबिनेट व प्रभारी मंत्री दंतेवाड़ा केदार कश्यप ने भी माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। दंतेवाड़ा आगमन पर विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी समेत भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए एवं क्षेत्रवासियों को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामनाएं व बधाई दी। इस मौके पर जिला प्रशासन की और से कलेक्टर कुणाल दुदावत मौजूद रहे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जामवाल एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कलेक्टर श्री दुदावत के कामकाज की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में बेहतर काम हो रहे हैं।

# दुर्गा विसर्जन में जुटे श्रद्धालु

**दंतेवाड़ा**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र पर शहर में चार स्थलों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। आज इनका विसर्जन किया गया। भव्य आतिशबाजी और डीजे की धुन के साथ भक्तों ने डंकनी नदी में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया।



# अपूर्ण आवासों का कारण जानने हितग्राहियों से मिली जिला सीईओ



**बीजापुर**, 3 अक्टूबर। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण में प्रगति लाने कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे जिला स्तर पर बैठक आहूत कर निरंतर समीक्षा करने के साथ ही ग्राम पंचायत वार नोडल नियुक्त किए हैं। इसी कड़ी में जिला सीईओ ने शुक्रवार को विकासखंड बीजापुर की ग्राम पंचायत पापनपाल, धनोरा में हितग्राहियों के घर घर जाकर निर्माणाधीन आवास का स्वत: ही निरीक्षण किया। आवास हितग्राहियों और जमीनी अमले से मिलकर अपूर्ण आवास का कारण जान समस्याओं का निराकरण कर आवास जल्द पूर्ण करने संबंधित को निर्देशित कियिा हैं । ग्राम पंचायत भवन में सरपंच पंच एवं ग्राम के वरिष्ठ जन से आवास योजना में प्रगति लाने के उद्देश्य से आवश्यक चर्चा की। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ट्ट ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9,721आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन्हें जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि वंचित और जरूरतमंदों को उनके सपनों का आशियाना मिल सके। इसके अलावा श्रीमती चौबे ने नव निर्माणाधीन पंचायत भवन एवं सीएससी सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी आर साहू, जिला समन्वयक आवास योजना गंभीर सिंह परिहार के अलावा मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी विकास खंड समन्वयक एसबीएम, आवास तकनीकी सहायक तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक भीमा की जयंती पर फल वितरण

## परिजनों और कार्यकर्ताओं ने किया नमन



**दंतेवाड़ा**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक दन्तेवाड़ा एवं भारतीय जनता पार्टी अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव, माटी पुत्र शहीद स्व. भीमा मण्डावी की जन्म जयंती पर परिवार एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं एवं परिवार के सदस्यों ने अस्पताल में फल वितरण कर स्व. भीमा मंडावी की जयंती मनायी। जंयती कार्यक्रम में स्व. भीमा मंडावी की पत्नी श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी सदस्य राज्य महिला आयोग, विधायक चैतराम अटामी, नंदलाल मुड़ामी जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती सुनीता भास्कर जनपद पंचायत अध्यक्ष दन्तेवाड़ा, श्रीमती सुमनप्रभा यादव, श्रीमती पायल गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष दन्तेवाड़ा, श्रीमती लता मरकाम, श्रीमती रेणु राव, मुकेश शर्मा, कुलदीप ठाकुर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, दीपक बाजपेई, अरविंद कुंजाम, रमेश गावड़े,श्री रामू नेताम, श्रीमती शशि प्रभा यादव, श्रीमती बबिता पाण्डेय, श्रवण कड़ती, श्रीमती कीर्ति ठाकुर, राहुल दुबे, निखिल नाग, सूरज सिंह, एवं अन्य भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# गरिमा-स्वर्णा दिवाकर की प्रस्तुति से भव्य हुई नवरात्रि



- दंतेश्वरी शक्ति पीठ में मप्र-छग के कलाकारों की शानदार प्रस्तुति
- नितिन दुबे, सुनील सोनी ने संमा बांधा

**दंतेवाड़ा**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेश्वरी शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में इस बार शारदीय नवरात्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने पर्व को भव्य बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए बनी समिति ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और स्थानीय स्तर पर बस्तर के कलाकारों को शक्तिपीठ का मंच प्रदान किया। आयोजन में शामिल होकर कलाकारों ने भी अपने आपको भाग्यवान समझा और आयोजन समिति, जिला प्रशासन एवं टेम्पल स्टेट कमेटी को धन्यवाद दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस बार छत्तीसगढ़ की ख्यातिनाम कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इनमें सर्वाधिक चर्चा गरिमा दिवाकर और स्वर्णा दिवाकर की प्रस्तुति रही। इन दोनों बहनों ने माता के भजनों में शानदार प्रस्तुति देकर देर रात तक लोगों को माता की भक्ति में झूमने मजबूर कर दिया। ये दोनों बहने काफी लंबे समय से दंतेवाड़ा में प्रस्तुति के लिए प्रतीक्षारत थी, लेकिन अवसर इस बार मिला। तेज बारिश के बावजूद इनका कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा। 10 बजे रात को शुरू हुई प्रस्तुति करीब ढाई बजे तक जारी रही और उतने ही संख्या में दर्शक भी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुप्रसिद्ध गायक सुनील सोनी की प्रस्तुति ने भी आयोजन में संमा बांधा। माता के जसगीत के अलावा इन्होंने अपने चुनिंदा छत्तीसगढ़ी फिल्मों के गीत भी प्रस्तुत किये। चतुर्थी और पंचमी तिथि के ये दोनों आयोजन अभी भी लोगों के जुबां पर हैं। रायगढ़ के प्रसिद्ध जसगीत गायक नितिन दुबे ने भी दंतेश्वरी महोत्सव में अपनी सुमधुर प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। गायन और नृत्य के इनके अपने अंदाज के लोग कायल हो गए। मध्य प्रदेश के जबलपुर से सचिन तिवारी और नीतू बुंदेला का जगराता भी इस आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। इनकी प्रस्तुति से भी लोग काफी प्रभावित हुए। बस्तर के कलाकारों की बात करें तो बस्तर बिट्स की प्रस्तुति अविस्मरणीय रही। इन बस्तरिया कलाकारों ने हिन्दी और छत्तीसगढ़ी में माता के भजनों की प्रस्तुति दी। इसी तरह पवन खत्री की टीम ने भी आयोजन में अपना प्रदर्शन किया और बेहतरीन प्रस्तुति से नवरात्र को भव्य बनाया। गीदम से सूरजभान की टीम ने भी शानदार प्रस्तुति दी। दंतेवाड़ा गीदम के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूली बच्चों की एकल और सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता से इस आयोजन की शुरूआत हुई थी। बच्चों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी और ईनाम जीता। मांई जी की डोली वापसी पर 7 अक्टूबर को रायगढ़ के मुन्नू ठाकुर की प्रस्तुति होगी। इसकी तैयारी की जा रही है। कुल मिलाकर इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम काफी सारगर्भित और उच्च कोटि का रहा। इसके लिए चयन समिति और प्रशासन की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# बिल बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने किया बिजली ऑफिस का घेराव

**केशकाल,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशाअनुसार आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रतिराम मरकाम के नेतृत्व में बिजली बिल में हो रही लगातार बढ़ोतरी के विरोध में केशकाल बिजली ऑफिस का घेराव किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित कार्यक्रम प्रभारी देवचंद मातलाम उपस्थित रहे मीडिया को संबोधित करते कार्यक्रम प्रभारी देवचंद मातलाम ने सरकार पर आरोप लगाते कहा बिजली बिल में बढ़ोतरी हुई हैं बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है।



सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढाकर किसानों की कमर तोड़ रही है भाजपा सरकार। इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमनसिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनाव चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई। अस्पतालों उद्योगों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है

कोयला हमारा, पानी हमारा ,जमीन हमारी ,और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है? भाजपा के नेता, मंत्री, विधायक और अधिकारी एसी का मजा लूट रहे, कई सरकारी विभागता मंत्री विधायकाया बिल जमा नहीं कर रहें, सरकारी उपक्रमों और सरकार के चहेतों का करोड़ों का बिजली बिल का भुगतान लंबित है. उसकी वसूली भी जनता से कर रही है सरकार सत्ता के संरक्षण में बिजली चोरी और लाइन लॉस के मामले बढ़े हैं, जिसके चलते हो रहे नुकसान की भरपाई भी जनता से वसूली करके करना चाहती है यह सरकार केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते हैं बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है, कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए, रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवरप्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है, अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती डाला है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। राज्यपाल के नाम ज्ञापन के माध्यम से हम सरकार से निवेदन करते हैं सरकार इस निर्णय को वापस लेंकार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम, पार्षद राजेंद्र ठाकुर ,युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीपाल कटारिया ,नरेश सलाम, आई टी सेल जिला अध्यक्ष रवि गोयल,सुमिरन शोरी , अमरसिंह मरकाम,श्यामलाल नेताम, प्रवेश मरकाम, गोकुल नेताम, हीरा सिंह नेताम, राकेश पांडे ,कमल पटेल नरसिंह कांगे , राजेश पोया,सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जल उपस्थित रहे।

# महानवमी पर हवन व नव कन्या पूजन



**दंतेवाड़ा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेश्वरी शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में शारदीय नवरात्र महानवमी पर अपने अंतिम पड़ाव में रहा। इस धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व के अंतिम दिन महानवमी पर हजारों की संख्या में भक्तों ने मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा की और आशीर्वाद पाया। महानवमी पर विशेष हवन पूजा हुई। दोपहर साढ़े 12 बजे तक यह हवन जारी रहा। इसमें भक्तों ने हिस्सा लिया और पूर्णाहूति तक पूजा की एवं आरती के बाद यह हवन संपन्न हुआ। महानवमी के हवन के बाद नव कन्या पूजन की परम्परा निभाई गई। दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी ने कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाया और पूजा की। इसके बाद उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया। यहां से भोग महा भंडारा में अर्पित हुआ और फिर भंडारा भी प्रारंभ हो गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम ज्योति कलश विसर्जित किये गए। प्रतीकात्मक रूप से काफी कम संख्या में ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। बार श्रद्धालुओं की ओर से 11 हजार से ज्यादा तेल और घी के मनोकामना दीप प्रज्वलित कराए गए थे। ज

## प्रादेशिकी का शेष...

### पटवारी और दलाल ने ...

पहले भी मूल खसरा नम्बर 153/1 की भूमि खरीद चुका था। बेहतर लोकेशन और कीमती जमीन होने के चलते लालच बढ़ गया.इसके बाद पटवारी रामू कश्यप को इस योजना में शामिल किया गया। पटवारी ने शातिराना ढंग से मूल खसरा नम्बर 153/1 से करीब 62,340 वर्गफुट (लगभग डेढ़ एकड़) भूमि गायब कर नया खसरा नम्बर 153/16 तैयार किया और इस बड़े फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। मामले की जांच कर रहे आरआई मुकेश कोर्राम ने देशबन्धु को बताया कि जांच जारी है। एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# पौने दो साल में भाजपा सरकार गौरक्षा में नाकामयाब : मोहन मरकाम

**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवचंद मतलाम, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, प्रदेश सचिव सकुर खान, प्रभारी महा मंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, सोशल मीडिया प्रभारी गीतेश बघेल आदि की मौजूदगी में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने कहा भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो गयी, गायें भूख से, दुर्घटना से मर रही हैं, भाजपा की सरकार बनने के बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया, जिसके कारण पिछले पौने दो साल में चारे पानी के अभाव में भूख से तथा खुले में घूमने के कारण सड़क हादसों में बड़ी संख्या में गायों की लगातार मौतें हो रही है। विभिन्न समाचार माध्यमों में जो खबरें आई है, उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़कों पर कुचल कर मारी गई। लगभग 1200 से अधिक गायें चारे पानी के अभाव में भूख से मारी गई। 200 से अधिक गायें जहरीला पदार्थ खाने से मारी गईं। गोठान बंद होने के कारण आवारा घूम रहे गो वंश जब एक समस्या के रूप में सामने आई तो सरकार ने अघोषित रूप से एक बेहद ही क्रूर निर्णय लिया और गो वंश की तस्करी को बढ़ावा देने शुरू कर दिया। 2023 में लगभग 14 लाख गोवंश का राज्य में कांग्रेस की सरकार के समय 10800 गोठानों में व्यवस्थापन होता था, उनके चारे पानी की व्यवस्था होती थी। गायों की मौत के मामले में कांग्रेस ने अभी तक 6 कमेटियां बनाई है, उनकी रिपोर्ट और हमने जो अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव वालों से चर्चा कर जानकारी एकत्रित की वह बहुत ही चौंकाने वाली वाली और दुखद है। दो साल में गांवों और शहरों में पशुओं की संख्या 40 फीसदी तक घट गई है। अर्थात राज्य से पिछले दो सालों में लगभग 5 लाख से अधिक गो वंश गायब हो गए। दुर्घटना से मरने वाली भूख से मरने वाली कुल गायों की संख्या तो लगभग 2 से ढाई हजार तक है। फिर ये लगभग पांच लाख गायें कहां गईं ? सीधा मतलब है उनकी तस्करी कर यूपी महाराष्ट्र के स्लाटर हाउस




## स्थानीय भाजपा नेताओं व प्रशासन के सहयोग से कोंडागांव में जुआ सट्टा का कारोबार जोरों पर : मरकाम

पहुंचा दी गई। खुद को गो पूजक और गो रक्षक बताने वाली भाजपा के राज में यह महा पाप हो रहा है, गायों की तस्करी हो रही है, गायें स्लाटर हाउस भेजी जा रही हैं। मोदी सरकार आने के बाद भारत ब्राजील के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बीफ निर्यातक बन गया है। बीफ निर्यात करके मोदी सरकार हर साल 4.3 अरब डॉलर कमा रही है। 2014 के बाद भाजपा की मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत दुनिया के 65 देशों में बीफ निर्यात कर रहा है। भाजपा शासित राज्यों में देश के सर्वाधिक स्लाटर हाउस है, यूपी, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में है। इलेक्ट्रोल बांड में खुलासा हुआ कि भाजपा ने बीफ निर्यातक कंपनियो से चंदा लिया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, हमने गायों की रक्षा के लिए गोठान बनाए, गोबर खरीदी शुरू किया, ताकि लोग गायों का पालन पोषण करें, उनकी आय का जरिया बने, भाजपा की डबल इंजन की सरकार तो गो वंश को कत्ल खाने भेज रही है। सरकार ने गोठान बंद कर दिया, विकल्प के तौर पर पहले गो अभ्यारण्य बनाने की बात की गई, फिर गोधाम बनाने का निर्णय हुआ। लेकिन न गो अभ्यारण्य बनाया गया और न ही गो धाम बनाया गया। दिखावे के लिये गोधामों में चारा के लिये राशि की घोषणा भी सरकार ने किया, प्रति पशुधन 10 रूपए प्रतिदिन चारा के लिये आवंटन की बात की गई, इतने में कौन सा चारा आयेगा ? कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पिछले पौने दो साल में प्रदेश से गायब लगभग 5 लाख गोवंश के बारे में सरकार स्पष्टीकरण दे। सरकार 2023 के पहले के सभी 10800 गौठानो को पुन: शुरू करें। गोठानों में चारा पानी की सुरक्षित व्यवस्था किया जाए।

कोंडागांव में जुआ सट्टा एवं अवैध शराब के कारोबार हो रहे होने पर स्थानीय प्रशासन एवं भाजपा जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला करते हुए मोहन मरकाम ने कहा भाजपा सरकार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों स्थानीय प्रशासन के सह पर जुआ सट्टा व अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। पिछले भाजपा सरकार में कोंडागांव को जुआ सट्टा का गढ़ बनाया गया था, जो कि वर्तमान सरकार में पुन: कोंडागांव को जुआ सेंटर के नाम पर प्रसिद्धि दिलाने का काम भाजपा के नेता कार्यकर्ता कर रहे हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

**फरसगांव**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कोंडागांव पुलिस की त्वरित और सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में, फरसगांव पुलिस ने एक नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म कर उसे 8 माह की गर्भवती करने वाले आरोपी को घटना की जानकारी मिलते ही चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया।



**जान से मारने की धमकी देकर किया था दुष्कर्म—**

मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता को पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के दौरान नाबालिग के 8 माह की गर्भवती होने की जानकारी दी। पीड़िता से पूछताछ में पता चला कि सोनाबेड़ा निवासी देवनाथ नेताम (उम्र 26 वर्ष) ने बीते 2 दिसंबर 2024 को उसे काम के बहाने मक्का बाड़ी के पास बुलाया। नाबालिग जानते हुए भी आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती बलात्कार किया। इस धमकी के डर से पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई थी, और आरोपी ने कई बार इस कृत्य को दोहराया।

**उच्चाधिकारियों के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई और आपराधिक धाराएं**

प्रार्थी की शिकायत पर फरसगांव थाने में अपराध क्रमांक 125/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (2) (द्व) (रू), 65 (1), 351 (3) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) की धारा 6 पंजीबद्ध कर मामला दर्ज किया गया। प्रकरण की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में तत्काल जांच शुरू की गई।

विवेचना के दौरान, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी देवनाथ नेताम को उसके निवास सोनाबेड़ा से पता तलाश कर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। साक्ष्य सबूतों के आधार पर फरसगांव पुलिस ने आरोपी को 02.10.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। इस त्वरित और सफल कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे (थाना प्रभारी), सउनि. पिताम्बर, आरक्षक फरसुराम मरकाम, शंकर मरकाम, रतिराम मण्डावी, और महिला आरक्षक लक्ष्मी मरकाम की विशेष भूमिका रही। कोंडागांव पुलिस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जायसवाल निको, छोटेडोंगर लौह अयस्क खदान में स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन




**नारायणपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत देश भर में मनाए गए स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के तत्वाधान में *स्वच्छता ही सेवा 2025* अभियान का समापन 2 अक्टूबर को किया गया। छोटेडोंगर लौह अयस्क खदान नारायणपुर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले इस *स्वच्छोसव* का उद्देश्य अपने घर, गांव, विद्यालय, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थलों को साफ सुथरा रखने का संदेश देना था। इस अभियान के अंतर्गत छोटेडोंगर खदान के अधिकारियों और कर्मचारियों ने छोटेडोंगर के समीपस्थ गांव मुंडाटिकरा,कांकेरबेडा,अमदाई, और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हाट बाजार, कैंप एरिया, आत्मानंद स्कूल छोटेडोंगर आदि क्षेत्रों में सभी लोगों को जागरूक करते हुए प्रतिदिन स्वच्छता की शपथ दिलाई और जागरूकता रैली भी निकाली। इस अभियान के दौरान 1000 से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हुए। इस तारतम्य में छोटेडोंगर लौह अयस्क खदान के महाप्रबंधक श्री आशीष मिश्रा ने कहा कि च्स्वच्छता ही सेवा एक सफल मुहिम है और सभी नागरिकों को इस मुहिम को सफल बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।ज्ज इस अभियान को सफल बनाने में जायसवाल नेको छोटेडोंगर खदान के समस्त विभागों का बहुमूल्य योगदान रहा।

# कांग्रेस का हल्लाबोल : बिजली बिल हाफ योजना बंद व वृद्धि के खिलाफ सब स्टेशन का घेराव

**फरसगांव/बड़ेडोंगर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर फरसगांव ब्लॉक युवा कांग्रेस ने बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी और पूर्व सरकार की लोकप्रिय चबिजली बिल हाफज्ज योजना को बंद करने के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार, 03 अक्टूबर को ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष ललित सलाम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ेडोंगर स्थित विद्युत सब स्टेशन का जोरदार घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया।



महंगाई और जनविरोधी नीतियों को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर ललित सलाम ने कहा कि, च्भाजपा सरकार आम जनता पर लगातार महंगाई का बोझ डाल रही है और बिजली के बिल में मनमानी बढ़ोतरी करके सीधे-सीधे जनता की जेब काट रही है।ज्ज उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक यह बढ़ी हुई बिजली दरें वापस नहीं ली जातीं या कम नहीं की जातीं, तब तक कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा।

इस बड़े प्रदर्शन में फरसगांव कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय लांगड़े, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भारती पांडे, कार्यक्रम प्रभारी शिवलाल मंडावी, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग सहित युवा कांग्रेस और ब्लॉक कांग्रेस के कई दिग्गज पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने तत्काल जनता के हित में फैसला नहीं लिया और बिजली के बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए, तो यह आंदोलन भविष्य में और भी व्यापक और उग्र रूप ले सकता है। प्रदर्शन में लखन राणा, तेज मंडावी, उमाशंकर देहारी, सोमनाथ पोटाई, रानू देवांगन, प्रेम मंडावी, दुलु मंडावी, बीरसिंह नाग, योगेश वड्डे, हुकुम सेट्ठी, संदीप पांडे, अजय मंडावी, सोहन कूदराम, दुकारु नेताम, दुलामसिंह नाग, सुकालू नेताम, जनक नेताम, शिव पांडे, मोहन पांडे, सनऊ नाग, जीवन ठाकुर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर में धूमधाम से संपन्न हुआ पथ संचलन



**नारायणपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 अक्टूबर विजयादशमी के दिन नारायणपुर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ इस पथ संचलन में 150 स्वयंसेवकों ने भाग लिया यह पथ संचलन जगदीश मंदिर से होते हुए कुम्हारपारा सोनपुर रोड गयात्री मंदिर से होते हुए पुराना बस स्टैंड नारायणपुर में समाप्त हुआ पथ संचलन के दौरान भारतीय महिला मोर्चा की बहनों एवं नगर की मातृ शक्ति माता बहनों के द्वारा परम पूज्य भगवा ध्वज पर पुष्प वर्षा की गई इस पथ संचलन के मुख्य अतिथि श्री सुबोध बनर्जी नगर के मुख्य व्यवसायी और योग प्रचारक थे इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सतीश गोकुल पंडा जी छत्तीसगढ़ प्रांत के जनजाति कार्य प्रमुख थे अपने उद्बोधन में पंडित जी ने संघ के 100 वर्ष के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला श्री सतीश गोकुल पंडा जी ने मुख्य रूप से बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुओं में कोई संगठन नहीं है अपितु यह हिंदुओं का संगठन है अपने प्रारंभिक दिनों में जो संघ समाज में उपहास का पात्र था वहीं संघ आज 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे विश्व में एक सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदि सरसंघचालक श्री केशव बलिराम हेडगेवार जी ने इसे कुछ बाल स्वयंसेवकों के साथ प्रारंभ किया था पद संचलन के समापन कार्यक्रम के उपरांत सभी समसेवकों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया सत्य पूजन के उपरांत सबको जलपान करने के बाद शस्त्र पूजन कार्यक्रम और पथ संचलन पूर्ण हुआ।

# ग्राम पंचायत सोनाबाल में विशेष ग्राम सभा आयोजित

**कोण्डागांव** 03 अक्टूबर (देषबन्धु)। 02 अक्टूबर बृहस्पतिवार को सभागार ग्राम पंचायत सोनाबाल तहसील मर्दापाल विकास खंड व जिला कोंडागांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत सोनाबाल के नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि तथा तिलक लगाकर, सुगंधित अगरबत्तियां अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके ग्राम सभा को प्रारम्भ किया गया। ग्राम सभा नोडल अधिकारी सुदामा कौशिक प्रधान अध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला खुटपारा सोनाबाल संकुल सोनाबाल के द्वारा ग्राम सभा की कार्यवाही के प्रारंभ करने हेतु हितेंद्र कुमार श्रीवास प्रधान अध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल को इसके महत्व पर प्रकाश डालने हेतु निर्देशित किया गया। हितेंद्र कुमार श्रीवास ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था की सरल, सुलभ व्याख्या करके ग्राम सभा के महत्व को उपस्थित जन समूह के मध्य प्रतिपादित किया गया। पश्चात् राज्य शासन द्वारा जारी एजेंडा निर्देशिका अनुरूप सिलसिलेवार बिंदुओं को उपस्थित जनसमूह के मध्य प्रस्तुत किया गया।

# बोरगांव में विधायक टेकाम ने की मां दुर्गा व भगवान शिव की आराधना

## मंदिरों के जीर्णोद्धार और नवनिर्माण का दिया आश्वासन

**फरसगांव,** 3 अक्टूबर। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बुधवार देर शाम बोरगांव के दुर्गा पंडाल पहुंचकर मातारानी के दरबार में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मातारानी के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की।



**प्राचीन शिवालय के जीर्णोद्धार का आश्वासन–**

दुर्गा मंदिर दर्शन के उपरांत, विधायक टेकाम ने दुर्गा मंदिर के समीप स्थित बोरगांव के सन 1962 में बने प्राचीन शिवालय (शिवमन्दिर) में जाकर भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक से इस पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग की। विधायक ने मंदिर के मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए इसके जीर्णोद्धार (जिर्णोद्धार) करवाने का आश्वासन दिया।

**जर्जर काली माता मंदिर के नवनिर्माण की मांग पर सहमति–**

इसके बाद, विधायक बाजार परिसर में स्थित पुराने जर्जर काली माता मंदिर पहुंचे और काली माता के सामने माथा टेका। कार्यकर्ताओं ने इस जर्जर हो चुके मंदिर के नवनिर्माण की मांग रखी। विधायक नीलकंठ टेकाम ने कार्यकर्ताओं को मंदिर के नवनिर्माण हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला महामंत्री तरुण साना, वासुदेव साहा, सोमा दास, सरपंच चंद्रकला सरकार, विपुल जोददार, बलराज साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक के इन आश्वासनों से स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# भाजपा परिवार ने मनाया गांधी-शास्त्री जयंती



**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल सदन कोंडागांव में महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने दोनों महान विभूतियों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा का मार्ग आज भी सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से प्रासंगिक है और उनका जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। इसी प्रकार लाल बहादुर शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदार नेतृत्व और च्जय जवान, जय किसानज्ज का नारा भारत की आत्मा के प्रतीक हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। वक्ताओं ने कहा कि संघ ने अपनी शताब्दी यात्रा के दौरान राष्ट्र निर्माण, संगठन सशक्तिकरण और समाज सेवा में अमूल्य योगदान दिया है। आयोजन के साथ ही 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा का समापन भी किया गया। समापन अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर नगर में सफाई अभियान चलाया तथा नागरिकों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मंडल अध्यक्ष कुलवंत चहल, वरिष्ठ भाजपा नेता जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, अश्विनी पांडे, अशोक ब्रह्म, महेंद्र पारख सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

# अनोखी परंपरा : फरसगांव के हिर्री और भूमका में रावण दहन नहीं होता

**फरसगांव** 3अक्टूबर (देशबन्धु)। जहां पूरे देश में विजयादशमी के अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण के पुतले का दहन किया जाता है, वहीं छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दो गांव- हिर्री और भूमका में एक सदियों पुरानी और बेहद अनोखी परंपरा निभाई जाती है। यहां रावण को जलाया नहीं जाता, बल्कि उसका वध किया जाता है। इन दोनों गांवों में दशहरे का मंचन एक विशिष्ट तरीके से होता है। ग्रामीणों के अनुसार, यहां मिट्टी के रावण का पुतला तैयार किया जाता है, जिसका बाद में वध किया जाता है। इस परंपरा का सबसे दिलचस्प हिस्सा वध के बाद सामने आता है।



**नाभी से निकला अमृत, जिसका लगता है तिलक—**

परंपरा के अनुसार, जब रामलीला मंचन के दौरान रावण का वध किया जाता है, तो उसके पुतले की नाभी से एक तरल पदार्थ निकलता है। ग्रामीण इस तरल पदार्थ को च्अमृतज्ज मानते हैं। वध के तुरंत बाद, ग्रामीण इस च्अमृतज्ज को तिलक के रूप में अपने माथे पर लगाते हैं।

मान्यता है कि रावण अत्यंत ज्ञानी था और उसकी नाभी से निकला यह च्अमृतज्ज शारीरिक, मानसिक और आर्थिक लाभ प्रदान करता है। ग्रामीणों का मानना है कि इस परंपरा के पालन से गांव में सुख-समृद्धि बनी रहती है और नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि यह परंपरा उनके पूर्वजों द्वारा 1940 के दशक से भी पहले से चली आ रही है। इस अनूठी रीति के कारण हिर्री और भूमका का दशहरा पर्व क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहता है। इस तरह, ये दोनों गांव रावण दहन के बजाय च्रावण वधज्ज और च्अमृत तिलकज्ज की अपनी अनूठी पहचान बनाए हुए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को बड़े कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में बुजुर्गों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और विधायक सुश्री लता उसेंडी शामिल हुईं।




## सम्मान समारोह में विधायक हुई शामिल

इस दौरान विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि च्मन यदि मजबूत हो तो उम्र भी छोटी हो जाती है। परिवार में बुजुर्ग सबसे बड़ी शक्ति होते हैं, उनके रहते घर-परिवार सुरक्षित और निश्चिंत रहता है।ज्ज उन्होंने सभी बुजुर्गों से स्वास्थ्य का ध्यान रखने और सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। साथ ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुजुर्गों के लिए शुरू की गई मुफ्त इलाज योजना की जानकारी दी, जिसके तहत कई बीमारियों का नि:शुल्क उपचार कराया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई संतान अपने माता-पिता को कष्ट पहुंचाती है, तो उनके संरक्षण के लिए सरकार ने कानून भी बनाया है।

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि च्गांव का खानपान और जीवनशैली ने आपको तंदरुस्त रखा है। शासन की कई योजनाएं आपके लिए संचालित हैं, जिनका लाभ आप अवश्य लें।ज्ज उन्होंने पेंशन वितरण की स्थिति जानी और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही है, उन्हें तत्काल लाभ दिलाया जाए।

कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों को उपहार भेंट किए गए और जरूरतमंदों को श्रवण यंत्र, बैसाखी एवं व्हीलचेयर वितरित की गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में स्वास्थ्य जांच कराई गई और मनोरंजन हेतु विभिन्न खेलकूद गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

इस अवसर पर मनोज जैन, पार्षद संतोष पात्रे, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उराव, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पान के पत्तों से वरण कर मां दुर्गा को दी गई भावभीनी विदाई

**फरसगांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बोरगांव में बंग समुदाय की महिलाओं ने दशमी तिथि के बाद मां दुर्गा को अत्यंत उल्लासपूर्ण माहौल में विदाई दी। इस अवसर पर समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक च्वरणज्ज की रस्म पूरी की और जमकर सिंदूर खेला, जो पति की लंबी आयु और सौभाग्य का प्रतीक है।



**पारंपरिक वरण से विदाई—**

विसर्जन से पूर्व, महिलाओं ने ढाक और डीजे पर भक्तिमय संगीत के बीच मां दुर्गा को विदाई देने की रस्म निभाई। च्वरणज्ज की प्रक्रिया में, सुहागिन महिलाओं ने सबसे पहले पान के पत्तों से देवी के चेहरे को पोंछकर उन्हें वस्त्र, आभूषण और सुहाग की वस्तुएं अर्पित कीं। इसके बाद, उन्होंने तेल और सिंदूर लगाकर देवी का श्रृंगार किया और उन्हें मिठाई खिलाकर विदा किया। यह वरण की रस्म च्वरण कुलाज्ज (बांस की टोकरी से बना एक विशेष पात्र) के माध्यम से पूरी की गई, जिसमें विदाई की सभी सामग्री रखी जाती है। इस दौरान महिलाओं में भक्ति और उल्लास का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

## बोरगांव में सिंदूर खेला की धूम

**सिंदूर खेला-सुहाग और उल्लास का रंग—**

मां दुर्गा का वरण करने के पश्चात, परिसर में सिंदूर खेला की धूम मच गई। यह बंगाली दुर्गा पूजा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जो मां दुर्गा की विदाई के समय मनाया जाता है। सभी सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर देवी के आशीर्वाद का आदान-प्रदान किया।

महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर पहनाते हुए अपने-अपने पतियों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए कामना की। सिंदूर के लाल रंग से चारों ओर खुशी और उल्लास का माहौल छा गया।

**डीजे की धुन पर थिरके कदम—**


परंपरागत रस्मों के बाद, महिलाओं के समूह ने विसर्जन के उल्लास को और बढ़ाया। सभी ने एक साथ समूह बनाकर डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। माता को विदाई देने की यह खुशी महिलाओं के चेहरे पर साफ झलक रही थी, जिससे पूरे बोरगांव में उत्सव का माहौल बन गया। महिलाओं ने बताया कि यह विदाई भले ही दुखद होती है, लेकिन अगले वर्ष मां के पुनरागमन की आशा से यह अवसर उल्लास से भर जाता है।

यह आयोजन बंग समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आस्था का सुंदर प्रदर्शन था।

चिंटू से एक आदमी ने पूछा- बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
चिंटू- अंकल, अभी उनका नाम नहीं रखा मैंने, बस प्यार से पापा ही कहता हूं.

# ईडी रायपुर जोनल ने 8 हजार करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का किया खुलासा

## बैंक खातों में रखे 2,311 करोड़ किए फ्रीज




**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देशभर में साइबर अपराधों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है ।इसके तहत 28 से अधिक शहरों में मौजूद कार्यालयों के जरिए कार्रवाई की जा रही है, जिसमें रायपुर जोनल कार्यालय न केवल मनी लॉन्ड्रिंग का पता लगाने में, बल्कि संपत्तियां अटैच करने में अन्य कार्यालयों से कहीं आगे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि ईडी ने अब तक 28,000 करोड़ रुपए से अधिक की अपराध की आय की पहचान की है और चल रही जांच में 8,500 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां अटैच की हैं। वहीं इन मामलों में ईडी ने अब तक 106 आरोपियों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

**दिल्ली हैदराबाद और मुंबई से आगे रायपुर**

रायपुर जोनल कार्यालय देश के सबसे बड़े साइबर अपराध मामले की जांच कर रहा है, जो अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म्स से जुड़ा है और इसमें 8,000 करोड़ रुपए का पी ओ सी शामिल है, मुंबई कार्यालय 6,000 करोड़ रुपए के मामलों को देख रहा है, दिल्ली की दो 5,300 करोड़ रुपए के और हैदराबाद कार्यालय 2,600 करोड़ रुपए के मामलों की जांच कर रहा है।

**महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप का मामला**

महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप मामले में, ईडी ने 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग का पता लगाया है। 160 से ज्यादा छापों में 19 करोड़ रुपए नकद, 17 करोड़ रुपए के कीमती सामान और बैंक/डीमैट खातों में रखे 2,311 करोड़ रुपए फ्रीज किए गए इस मामले में 13 गिरफ्तारियाँ हो चुकी हैं और मास्टरमाइंड्स को यूएई से प्रत्यर्पित कराने की प्रक्रिया जारी है।

पिछले महीने श्रीनगर में ईडी निदेशक राहुल नवीन की अध्यक्षता में हुई दो दिवसीय समन्वय बैठक में साइबर अपराध के फैलाव और समाज के कमजोर वर्गों पर इसके असर की समीक्षा की गई। बैठक में पेश एक अध्ययन में खुलासा हुआ कि किस तरह ठगी और पोंजी योजनाओं के मास्टरमाइंड विदेशों से काम करते हैं, और हवाला या क्रिप्टो चैनलों के जरिये धन बाहर भेजते हैं. ऑनलाइन पेमेंट गेटवे की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री करेंगे संग्रहालय का उद्घाटन





**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने आज नवा रायपुर में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के समीप निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय-सह स्मारक के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

यह निर्माणाधीन संग्रहालय सदियों के लिए नई पीढ़ियों को पुरखों की याद दिलाता रहेगा। यह न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए बल्कि देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का यह पहला संग्रहालय है, जो कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उच्च शौर्य एवं बलिदान को समर्पित है अत: इसके निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होने संग्रहालय के उद्घाटन के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय में डिजीटलीकरण कार्य, दिव्यांगजनों हेतु पृथक पार्किंग व्यवस्था, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग, वॉटर सप्लाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि संग्रहालय का लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से राज्योत्सव के समय किया जाना है। संग्रहालय के निर्माण कार्यों में लगने वाली मूर्तियां, कैनवास वर्क, डिजिटल वर्क का बारीकी के साथ परीक्षण किया जा रहा है। संग्रहालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। मूर्तियों की स्थापना, लाईट, बिजली आदि का टेस्टिंग कार्य जारी है। प्रमुख सचिव बोरा ने इस मौके पर संग्रहालय में प्रवेश से पूर्ण टिकट काउंटर पर लगे स्कैनिंग कार्य तथा प्रवेश द्वार में कुछ सुधार करने के संबंध में निर्देश दिए।

**वीएफएक्स टेक्नोलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क से तैयार हो रहा है जीवंत संग्रहालय**

संग्रहालय निर्माण में लगे क्यूरेटर प्रबल घोष ने बताया कि यह संग्रहालय-सह स्मारक आदिवासियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बारीकी के साथ अध्ययन व रिसर्च के बाद वीएफएक्स टेक्नोलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क के साथ तैयार किया रहा है। उन्होंने बताया कि संग्रहालय देखने वाले आगंतुकों को आदिवासी विद्रोह का वर्णन स्टैच्यू के पास ही लगे डिजिटल बोर्ड पर उपलब्ध रहेगा। आगंतुक संग्रहालय में आदिवासी विद्रोह को जीवंत महसूस कर सकेगा। वहीं आगंतुक प्रत्येक गैलरी में बनाई गई जीवंत झांकी के सामने स्कैनर लगाए गए स्कैनर से मोबाईल द्वारा स्कैन कर संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है।

**16 गैलेरियों में तैयार हो रहा है संग्रहालय**

शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे- हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष (1923, 1920) एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन 14 गैलेरियों में किया जा रहा है। वहीं जंगल सत्याग्रह और झंडा सत्याग्रह पर एक-एक गैलेरियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

# भाजपा का सहयोग केंद्र शुरू 6 को समस्या सुनेंगे टंकराम

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार के मंत्री अब कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठेंगे।6 अक्टूबर को सबसे पहले राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहयोग केंद्र में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। लंबे समय से सहयोग केंद्र बंद है ।जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी है। प्रदेश के सुदूर इलाको से आने वाले कार्यकताओं का काम नहीं हो रहा है ।मंत्रियों के बंगलो में कई घंटों तक इंतजार करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है ।पिछले दोनों भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी बीत मंत्री से मिलने उनके सरकारी आवास पर गए थे। घंटों इंतजार करने के बाद भी मंत्री से नहीं मिल पाए।।



जनता में भी अच्छा संदेश नहीं गया ।यह मामला मीडिया में भी काफी उछला था ।जिससे पार्टी काफी किरकिरी हुई थी। सत्ता और संघटन से जुड़े नेताओं ने भी इस मामले में नाराजगी जाहिर थी ।इसके बाद ही लंबे समय से बंद सहयोग केंद्र को शुरू करने का फैसला लिया गया।

मंत्री दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सहयोग केंद्र में उपस्थिति होंगे।इससे पहले दोपहर 1 से 2 बजे तक कार्यकर्ताओं को रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

**जितेंद्र साहू बने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के विशेष सहायक**- विकास आयुक्त कार्यालय में पदस्थ संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार साहू को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के विशेष सहायक के तौर पर नियुक्त किया गया है।यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है

# भाजपा में गुटबाजी चरम पर, डैमेज कंट्रोल के लिए रायपुर में रूके शाह : बैज

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रदेश प्रवेश को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद भाजपा में गुटबाजी चरम पर है। डैमेज कंट्रोल के लिए अमित शाह रायपुर में रुकेंगे। बैज ने कहा, भाजपा के वरिष्ठ विधायक नाराज हैं। गुटबाजी से पार्टी में उथल-पुथल की स्थिति है ।

केंद्रीय गृहमंत्री के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले नक्सलियों के आत्मसमर्पण को लेकर बैज ने कहा, पिछले दोङ्कतीन दिन से हो रहे आत्मसमर्पण को सरकार इवेंट की तरह पेश कर रही। सरकार 103 नक्सलियों का पूरा प्रोफाइल जनता के सामने जारी करे। भाजपा शासनकाल में हुए फर्जी सरेंडर और निर्दोष आदिवासियों की गिरफ्तारी को बस्तरवासी आज भी याद करते हैं। उन्होंने कहा, 2016 में नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन दी गई थी, क्या अब 2026 तक खत्म होगा? गृहमंत्री से पूछना चाहिए कि क्या वे नक्सलवाद खत्म होने की गारंटी देंगे।



**डबल इंजन की सरकार, फिर ऑनलाइन सट्टा एप क्यों**

एनसीआरबी की रिपोर्ट में सट्टा कारोबार में छत्तीसगढ़ नंबर वन है ।इस मामले में बैज ने कहा, ऑनलाइन ही नहीं, सभी मामलों में यह सरकार नंबर वन है।

2023 के चुनाव में महादेव सट्टा एप को भ्रष्टाचार की भेंट बताया, अब यह एप उसी सरकार में फिर फल-फूल रहा है। सट्टा एप आय का जरिया बन गया है, इसलिए छत्तीसगढ़ नंबर वन बना है।

उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार है, फिर ऑनलाइन सट् ?टा एप बंद क्यों नहीं हुआ ? छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था फेल है और भ्रष्टाचार चरम पर है इसलिए डीजी कॉन्फ्रेंस करने जा रहे हैं।

**चुनाव आयोग एसआईआर पी के तहत प्रोपोगेंडा अपना रहा**

रायपुर ग्रामीण को चुनाव आयोग ने एस आई आर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना है ।इस मामले में दीपक बैज ने कहा, रायपुर में 3 विधानसभा और हैं तो सिर्फ रायपुर ग्रामीण ही क्यों चुना गया ? 2003 के बाद औद्योगिक विकास हुआ, तब नए मतदाता जुड़े, अब उनके नाम काटना सही नहीं और केवल रायपुर ग्रामीण ही क्यों, चुनाव आयोग एस आई आर के तहत प्रोपोगेंडा अपना रहा है।

# 3 से 8 अक्टूबर तक जेल उत्पादों की प्रदर्शनी






**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा 3 से 10 अक्टूबर 2025 तक छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज केंद्रीय जेल रायपुर में रक्तदान शिविर से किया गया।

**केंद्रीय जेल रायपुर में रक्त दान शिविर का आयोजन**

शिविर के शुभारंभ अवसर पर डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की प्रगति में जेल विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार स्वेच्छा से रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

रक्तदान शिविर में हिमांशु गुप्ता (डीजी, जेल), योगेश सिंह क्षत्री (जेल अधीक्षक) सहित कुल 28 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इनमें जेल विभाग के 22 कर्मी एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 4 कर्मी शामिल हुए।

रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत राज्य के पांचों केंद्रीय जेलों — रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर एवं अंबिकापुर में जेल उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। यहां आम नागरिक इन उत्पादों को किफायती दरों पर खरीद सकते हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य की सभी 33 जेलों में रक्तदान शिविरों के साथ ही निरूद्ध बंदियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रायपुर शहर को मिलेगा सात साल बाद नया जिला अध्यक्ष

## दर्जन भर से अधिक दावेदार, आठ अक्टूबर से आठ से शुरू होगी प्रक्रिया

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। संगठन सृजन अभियान के तहत इस बार कांग्रेस जिला अध्यक्षों का चयन करने जा रही है इसके लिए चयन प्रक्रिया पूरी करने आईसीसी से ऑब्जर्वर भेजे जा रहे हैं। रायपुर के ग्रामीण और शहर अध्यक्ष के पर्यवेक्षक नागपुर के प्रफुल्ल गुदाधे है जो की 8 अक्टूबर को रायपुर पहुंचेंगे उसके पहले पीसीसी द्वारा बनाए गए सहायक पर्यवेक्षक ताम्रध्वज और शैलेश पाठक से दावेदार लगातार संपर्क कर रहे है ।

रायपुर जिला अध्यक्ष चयन के लिए पीसीसी से तीन पन्नों का दावेदारी फॉर्म भी बाटा जा रहा है ।फिलहाल यह फॉर्म अभी पीएससी से जुड़े करीब के नेताओं को ही मिल पाया है अब इस फार्म को पाने की होड़ लग गई है ।इस फॉर्म को भरकर हर कोई कांग्रेसी जिला अध्यक्ष की दावेदारी कर सकता है।




फिलहाल जिला अध्यक्ष के लिए करीब दर्जन भर नाम सामने आए है ।इनमें प्रमुख रूप से श्रीकुमार मेनन, राजू घनश्याम तिवारी, विनोद तिवारी, दीपक मिश्रा, शिव सिंह ठाकुर, पंकज मिश्रा, सारिक रईस खान ,शिवसिंह ठाकुर प्रमुख रूप से है।

बताया जाता है पार्टी के नेता अपने समर्थक को जिला अध्यक्ष बनाने के लिए लगे हुए है ।हालांकि नेता खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं लेकिन उनके समर्थक इस काम में जुटे है ।वरिष्ठ नेताओं के अलावा ब्लॉक स्तर पर इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।8 तारीख को केंद्रीय पर्यवेक्षक दौरा करने के बाद अपनी सहायक पर्यवेक्षकों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद चयन प्रक्रिया की एक गाइडलाइन तैयार होगी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो लाइन तय की गई है उसके मुताबिक वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की बैठक ,शहर जिला पदाधिकारी की बैठक ,ब्लॉक में अलग-अलग बैठक ,शहर के सुप्रतिष्ठित जनों के साथ बैठक, कांग्रेस को जानने समझने वाले पत्रकारों से फीड बैक , सामाजिक संगठनों के साथ चर्चा की जाएगी ।अंत में दावेदारों के साथ वन टू वन बैठक कर उनसे चर्चा की जाएगी।

# दर्जन भर से अधिक स्थानों पर आतिशबाजियों के बीच रावण दहन

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में डब्लूआरएस मैदान, रावणभाटा, बोरियाखुर्द, सप्रे स्कूल, छत्तीसगढ़ नगर सहित दर्जनभर से अधिक प्रमुख स्थानों पर परंपरागत रूप से रावण का दहन किया गया।डब्ल्यूआरएस मैदान इस बार भी विजयादशमी के पर्व पर भव्य दशहरा उत्सव का गवाह बना। परंपरा के अनुसार पिछले 55 वर्षों से यहां रावण दहन का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष मैदान में 101 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इसके साथ ही 81-81 फीट ऊंचे कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले भी अग्नि के हवाले किए गए। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रावण दहन के साथ ही आकाश में गूंजती शानदार आतिशबाजी ने उत्सव को और आकर्षक बना दिया।

मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि डब्लूआरएस मैदान में दशहरा उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह उत्सव हमें हर साल यह संदेश देता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, अंतत: जीत अच्छाई और सत्य की ही होती है। सत्य परेशान हो सकता है, परास्त नहीं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हम रावण के पुतले को जलाते हैं, लेकिन असली रावण हमारे भीतर छिपा होता है- लोभ, क्रोध, मोह और अहंकार के रूप में। हमें इस पावन अवसर पर प्रण लेना चाहिए कि इन बुराइयों को त्यागकर समाज और राष्ट्र के कल्याण की ओर आगे बढ़ेंगे।

**डब्ल्यूआरएस कालोनी का 101 फीट रावण बना आकर्षक का केंद्र**



रायपुर के ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में शानदार आतिशबाजियों के बीच हुआ रावण दहन ।दुधाधारी मठ से भगवान बालाजी की पालकी रावणभाठा मैदान में आई फिर दहन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।यहां पर अखाड़ा का भी प्रदर्शन हुआ

**राज्यपाल का संदेश: रावण की हार का कारण उसका अहंकार था**

राज्यपाल ने दशहरा उत्सव पर सभी नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं 35 साल बाद आज दशहरा देख रहा हूं। रावण की हार का कारण उसका अहंकार था। यह हमें सीख देता है कि क्रोध, मोह और लोभ जैसे दोषों को हमें जीवन से दूर करना होगा।जब हम अच्छाई के साथ खड़े होंगे, नारी का सम्मान करेंगे और अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचेगा, तभी सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना होगी।डब्लूआरएस मैदान में दशहरा उत्सव न केवल राजधानी रायपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र है। यहां दशहरा पर्व को पिछले 50 साल से भी अधिक समय से लगातार भव्यता और परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशालकाय पुतलों, आतिशबाज़ी और हज़ारों दर्शकों की उपस्थिति से ऐतिहासिक बन गया।

**राज्यपाल ने राजभवन में शस्त्र पूजन और हवन किया**

राज्यपाल रमेन डेका एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी आज विजयादशमी के अवसर पर राजभवन में आयोजित शस्त्र पूजन और हवन में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। राजभवन परिसर में विधिवत् शस्त्र पूजा की गई। राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विजयादशमी और दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

**ग्रीन आर्मी ने पॉलिथिन रूपी रावण का दहन किया**

ग्रीन आर्मी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता की दिशा में लगातार छठे वर्ष पॉलिथिन रूपी रावण दहन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की आरती एवं पूजन से हुई। तत्पश्चात ब्राह्मण पारा चौक से निकली भव्य जनजागरण रैली सत्ती बाजार, फव्वारा चौक, बजरंग मंदिर होते हुए कंकाली मंदिर पहुँची।कंकाली माता मंदिर दर्शन के पश्चात कंकाली माता शस्त्रागार (जो वर्ष में केवल दशहरा के अवसर पर खुलता है) में शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात रैली आज़ाद चौक पहुँची।

रैली मार्ग पर लगाये गए आकर्षक बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स ने जनता का ध्यान खींचा। रैली के दौरान लोगों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश साझा किया। नारे पॉलीथिन जहर है, गौ माता पर कहर है और प्रकृति के दुश्मन तीन-पाउच, पन्नी, पॉलीथिन पूरे मार्ग में गूंजते रहे और लोगों का ध्यान आकर्षण का केंद्र बने।

आज़ाद चौक में पॉलिथिन रूपी रावण दहन का आयोजन हुआ, जो पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी के पदाधिकारी, सदस्य, पर्यावरण प्रेमी तथा दिशा कॉलेज रामनगर, कोटा के विद्यार्थी शामिल हुए। लगभग 100 लोग इस अभियान का हिस्सा बने और उत्साहपूर्वक रैली में भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा पॉलिथिन हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। इसके उपयोग से मिट्टी, जल और हवा प्रदूषित हो रही हैं, और कैंसर, चर्म रोग और कई अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। हमें इसे तुरंत बंद करके स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना होगा ।रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने कहा ङ्क हमें पॉलिथिन के कारण होने वाले स्वास्थ्य और पर्यावरणीय खतरे को समझते हुए तुरंत कपड़े और कागज के थैले अपनाने चाहिए। यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का जरुरी कदम है।

## साई मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब दुर्ग विजन द्वारा 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह अंतर्गत आज 4 अक्टूबर को साई मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जिज्ञासी एवं उनकी टीम सेवाएं देगें।



# गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर बनाएंगे विकसित छत्तीसगढ़



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायपुर जिले के आरंग तहसील अंतर्गत भंडारपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनमें नवीन सड़क निर्माण, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री साय ने मेला स्थल पर डोम निर्माण, तेलासी-भंडारपुरी मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा कुटेसर प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि समाज से पाँच युवा पायलट बनना चाहें तो उनका पूरा खर्च सरकार वहन

### गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों में ही छिपा है मानवता और समानता का मार्ग : साय

करेगी और उन्हें पायलट बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता से जो भी वादे किए थे, उन्हें हम 'मोदी की गारंटी' के रूप में पूरा कर रहे हैं। अब तक नौ हजार से अधिक सरकारी भर्तियाँ पूरी हो चुकी हैं और हाल ही में शिक्षा विभाग में पाँच हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में अनुसूचित जाति समाज के विकास हेतु प्राधिकरण का गठन किया गया था। वर्तमान सरकार ने उसके बजट को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ कर दिया है। धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब ने कहा कि यह मेला सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में है। यह किसी व्यक्ति की उपलब्धि नहीं बल्कि गुरु बाबा घासीदास की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरीबों के उत्थान और प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, वह साकार हो रहा है।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह मेला गुरु घासीदास बाबा के पुत्र गुरु बालकदास साहेब के गद्दीनशीन होने की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है। यह सतनाम धर्म के आदर्शों का प्रतीक है। आज ही के दिन गुरु बालकदास ने राजगद्दी स्वीकार कर भंडारपुरी की पावन भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाया था । इस अवसर पर राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब, बाबा गुरु ढालदास साहेब, गुरु मकसूदन साहेब, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब, सांसद कमलेश जांगड़े, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, श्रीमती मोना सेन, अमित चिमनानी, श्याम नारंग, नवीन मार्कण्डेय सहित समाज के संतजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# बारिश के चलते धान की फसल में कीट प्रकोप



**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्षाकाल का चौमासा अब अंतिम चरण में है मगर लगातार हो रही बारिश ने किसानों के साथ ही व्यापारियों व आम नागरिकों को भी चिंता में डाल रखा है। खेतों में पानी भरने व वर्षा बंद न होने से किसान कीट प्रकोप सहित फसल के नुकसान को लेकर, व्यापारीगण त्यौहार के दिनों में व्यापार प्रभावित होने तो आम नागरिकों भी चिंता सताए जा रही है कि यदि वर्षा न रूकी तो वे घर में सफाई लिपाई पुताई सजावट कैसे करेगें। अब लगभग एक पखवाड़े में त्यौहारों का क्रम शुरू होने वाला है।

आम तौर पर 30 सितंबर को मानसून के लौट जाने का समय माना जाता है मगर अभी भी बारिश थमी नहीं है। गत रात्रि से लगभग 10 बजे वर्षा शुरू हुई तो रातभर पानी बरसा। सुबह मौसम खुला मगर दोपहर बाद गरज व हवाओं के साथ बूंदाबांदी फिर बरसात शुरू हो गई जो रात होते तक जारी रहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने रात्रि 8 बजे तक वर्षा जारी है। कृषि सूत्रों के अनुसार दुर्ग जिले में औसत बारिश हो चुकी है। खेतों में पानी भर गया है। जलाशय भी लबालब भर गये है और उनमें से पानी छलकने लगा है। खेतों में धान की फसलें खड़ी है, उनमें बालियां आ गई है और बहुत जल्दी कटाई भी शुरू हो जायेगी। ऐसे वक्त में यदि और पानी गिरता है तो फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। अब धान की फसल कहीं कीट प्रकोप का शिखार होने लगी है । किसानों का कहना है कि अब बारिश नहीं बल्कि फसलों को धूप चाहिए। उससे ही फसल पककर कटने योग्य हो जायेगी। खेतों में भरा पानी सूखना चाहिए।

### जल ही जीवन है

## निधन

### अमरनाथ चक्रधारी



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर। हायर सेकेंड्री स्कूल खंडसरा के जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं खण्डसरा पंचायत के पूर्व सरपंच अमरनाथ चक्रधारी 62 वर्षीय का आज हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के ही मुक्तिधाम में ही सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिवार खंडसरा ने निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए अपूरणीय क्षति होना बताया।

### श्रद्धा नायक



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर। ग्राम केसदा निवासी श्रीमती श्रद्धा नायक 44 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे भैरव नायक की पत्नी ,पायल,मुस्कान और भावेश की मां एवं डॉ.के.के.नायक की भाई बहू तथा कुलेश्वर नायक की बहू थी।

### श्रीमती रानी तिवारी



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर। श्रीमती रानी तिवारी का 1 अक्टूबर को रात्री 11.55 मे हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम मे किया गया। वे मैत्री नगर रिसाली फेस 1/72 सेमिनेंट पब्लिक स्कूल शक्ति विहार सडक 5 निवासी थी। सेवानिवृत्त बीसपी की शिक्षिका, सेमिनेंट वेल्फेयर सोसाइटी की अध्यक्ष, एकता महिला मण्डल की संरक्षिका व वरिष्ठ समिति की सदस्य, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच थी।

### धीरज संचेती



**रायपुर,** 3 अक्टूबर। धीरज संचेती ( सुपुत्र-स्व, श्री सुमेर मल जी संचेती ) का आकस्मिक निधन शुक्रवार 3 अक्टूबर को मलकापुर (महाराष्ट्र ) में हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 4- 10- 2025 को मलकापुर में किया जाएगा। वे सराफा व्यवसायी , टेगोर नगर निवासी कमल, सुनील, सुरेश, अभय भंसाली के बहनोई एवं दिलीप व विनोद भंसाली के जीजाजी थे।

### विमला देवी



**रायपुर,** 3 अक्टूबर। नयापारा निवासी श्रीमति विमलादेवी पति रमेशचंद्र अग्रवाल का आज एकादशी की सुबह 11 बजे बैकुंठ गमन हो गया अंत्येष्टि कल 4 अक्टूबर को फ्लेट न.क्र-301 गोकुल धाम सोसाइटी भाटागांव रोड महादेव घाट से सुबह 10.30 बजे महादेव घाट मुक्ति धाम में की जाएगी,ये पंकज नीरज, भास्कर ,रथांग एवं दिव्या की मम्मी थी।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला

**राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। यह हादसा राजिम-गरियाबंद मार्ग पर हुआ है। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र का है।

### युवक की मौत, बाइक के उड़े परखच्चे

जानकारी के अनुसार, राजिम-गरियाबंद मार्ग पर सिंधौरी गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि पांडुका थाना क्षेत्र के लोहसिंग गांव निवासी चंद्रहास धृतलहरे उम्र 26 वर्ष किसी काम से राजिम आया था। दोपहर में वह अपने गांव लौट रहा था, तभी सिंधौरी के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मृतक के सिर, पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। राजिम पुलिस ने प्रयाग न्यूज को बताया कि परिजनों के आने के बाद मृतक की पहचान की जाएगी।

फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, शव का पोस्टमार्टम कल सुबह किया जाएगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे ताकि दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा सके।

वहीं इस हादसे को देखकर प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा अंदाजा लगाया जा रहा है कि कोई भारी वाहन बाइक के ऊपर से गुजरा है तभी बाइक पुरी तरह से चकना चूर हो गई है। जिसके चपेट में युवक भी आ गया। कहा जा रहा है कि सड़क सुनसान होने का फायदा उठा कर वाहन फरार हो गया।

डेंजर जोन बनता जा रहा यह मार्ग

आपको बता दें कि राजिम से सुरसाबांधा तक का लगभग 10-12 किलोमीटर का रास्ता डेंजर जोन बनता जा रहा है। राजिम और सुरसाबांधा के बीच कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। तेज रफ्तार और टेढ़े-मेढ़े मोड़ के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# दुर्ग शहर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष संगठन के पुर्नगठन हेतु अभा कांग्रेस के सृजन अभियान के तहत नई कवायद शुरू

- आज राष्ट्रीय व प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त पर्यवेक्षक लेगें बैठक, करेगें रायशुमारी
- भाई व भतीजावाद, चहेतों की बजाय ऊर्जावान संगठन में नई जान फूंकने वाले चेहरों की तलाश

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मजबूत बनाने संगठन ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत नये रिसे से पार्टी के पदाधिकारियों की तलाश शुरू कर दी है। गत दिनों मंडल स्तर के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के लिये पार्टी ने कवायद की थी। अब अध्यक्ष पद के लिये नये सिरे से फिर एक बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके अलावा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अनीता भेडिया यूडी मिंज एवं विक्रम मंडावी छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। ये पर्यवेक्षक कल 4 अक्टूबर को दुर्ग जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक लेगें। पर्यवेक्षक श्री लल्लू व अन्य सभी कांग्रेसजनों की बैठक के बाद शाम 4 बजे पार्टी मानसिकता के विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें लेगें। इस बीच प्रेस से भी संवाद करेगें।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल ने विधानसभा चुनाव के बाद से ही अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी ने उन्हें नये अध्यक्ष के बनने तक पद पर बने रहने की सलाह दी थी। लगभग 2 वर्ष से अधिक लंबे समय से कांग्रेस के दुर्ग शहर जिला संगठन के अध्यक्ष पद का दायित्व सम्हाल रहे है। इस बीच करीब 6 माह पूर्व दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर राकेश ठाकुर की नियुक्ति कर दी गई है। इसके कुछ समय बाद ही से दुर्ग में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों के चयन को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत सभी पांच ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों का चयन के लिये पर्यवेक्षक पूर्व विधायक चन्नी साहू, वरिष्ठ नेता सीजू एंथोनी, ने कार्यकर्ताओं की राय लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज दिया है।

अब कल केन्द्र से आ रहे पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू एवं प्रदेश कांग्रेस में नियुक्त पूर्व विधायक अनिला भेडिया, यू.डी. मिंज एवं विक्रम मंडावी कल कांग्रेस भवन में पहले दोपहर 12 बजे से राजीव भवन में कार्यकर्ताओं, जिला व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों व आम कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनकी राय जानेगें। इसके बाद वे लोग प्रेस से चर्चा करेगें। शाम लगभग 4 बजे में वे सभी सामाजिक लोगों की बैठक लेगें। कांग्रेसजनों से की गई अलग अलग चर्चाओं से पता चला है कि कांग्रेस के अब तक संगठन के ढर्रागत चुनाव होते रहे है इस बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं वरिष्ठ नेता राहूल गांदी ने लीक से हटकर पार्टी के सभी धड़ों से चर्चा कर संभावित अध्यक्षों के नामों की सूची बनाने के निर्देश दिये है। एआईसीसी व पीसीसी के इस बारे में दिये गये निर्देशों को देखते हुए जहां कांग्रेस के स्थापित नेताओं के चेहरों पर हवाईयां नजर आ रही है वहीं युवा नेताओं में उत्साह नजर आ रहा है।

# बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे शामिल



### मांझी चालकी की बस्तर सांसद महेश कश्यप ने ली बैठक

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे की परंपरागत मुरिया दरबार रस्म का आयोजन कल होने जा रहा है। इस अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति होंगे है। बस्तर सांसद एवं दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय में मांझी-चालाकी के साथ बैठक की। बैठक में पारंपरिक रस्म के निर्विघ्न संपादन हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मुरिया दरबार बस्तर दशहरे की गौरवशाली और ऐतिहासिक परंपरा है, जिसकी पहचान देश विदेश तक है। इस बार गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा और भी बढ़ेगी। बैठक में संबंधित अधिकारी, दशहरा समिति के पदाधिकारी और विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर मंत्री केदार कश्यप विधायक किरण देव और महापौर संजय पांडे ने कार्यक्रम आयोजन स्थल स्वदेशी मेला में स्थल में पहुंच कर निरीक्षण कर सुविधाओं की पूरी जानकारी ली और आवश्यक सुझाव व निर्देश भी दिए। इस दौरान काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# संयंत्र प्रभारी ने किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान

**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र ने आज 2 अक्टूबरए 2025 को महात्मा गांधी कला मंदिरए सेक्टर.1 में श्स्वच्छता ही सेवा 5०0श् स्वच्छोत्सव एवं सफाई मित्रों के सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ;परियोजनाएंद्ध श्री एस मुखोपाध्यायए कार्यपालक निदेशक ;वित्त एवं लेखाद्ध श्री प्रवीण निगमए कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधनद्ध श्री पवन कुमारए कार्यपालक निदेशक ;खदानद्ध श्री विपिन गिरीए मुख्य महाप्रबंधक ;नगर सेवाएं एवं सीएसआरद्ध श्री उत्पल दत्ताए महाप्रबंधक ;नगर सेवाएंद्ध श्री ए बी श्रीनिवासए ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार बंछोरए महासचिव श्री अंकुर मिश्राए कोषाध्यक्ष श्री सौभाग्य रंजन साहू उपस्थित थे।

महात्मा गांधी कला मंदिर में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और स्वच्छता अभियान के शुभारंभ पर प्रतिकात्मक रुप से झाड़ू लगा स्वच्छोत्सव की शुरुआत की गई। संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी और देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का स्मरण करते हुए कहा कि गंदगी के विरुद्ध हमें सतत संघर्ष करना होगा। स्वच्छता एक नियमित प्रक्रिया हैं। स्वच्छता के प्रति आम जन में जागरूकता लाना होगा और जरुरत पड़ने पर नियमों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंदौर की तरह भिलाई को भी स्वच्छ शहर बनाने का प्रयास हम सबको मिलकर करना है।

कला मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में दीप प्रज्ज्वलन के साथ स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण एवं विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश महाप्रबंधक ;टीएसडीद्ध श्री के के यादव द्वारा डाला गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने स्वच्छता पर अपने सार्थक विचार व्यक्त किए। कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधनद्ध श्री पवन कुमार ने कहा कि संवाद के माध्यम से जागरूकता लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। सफाई को शिक्षा से जोड़ा जाए और शिमशन लक्ष्मीश् के तहत सफाई मित्रों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच हो। साथ ही नशे के त्याग का भी संकल्प लिया जाए। कार्यपालक निदेशक ;खदानद्ध श्री विपिन गिरी ने कहा कि हमें अपनी आदतों में सुधार लाना होगा और निरंतर जागरूकता फैलानी होगी।

# शराब तस्करों का गिरोह गिरफ्तार, जेल भेजा गया



भारी मात्रा में शराब के साथ ही शस्त्र भी बरामद

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में चार आरोपियों को कसारीडीह के एक मकान से पकड़ा गया। इस मकान में 23 पौना शेरा देशी मसाला शराब तथा 1 नग पिस्टल 1 नग देशी कट्टा, 6 नग जिंदा कारतूस एवं 1 धारदार चाकू बरामद किया गया। ये चार आरोपी पवन कुर्रे, विनोद कुर्रे, कृष्ण कुमार जोशी, एवं सूर्यदेव कोठारीउर्फ गोपा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके अलावा सभी आरोपियों के पास से कुल मिलाकर 141 पौवा देशी मसाला शराब भी बरामद की गई। इनके पास से कुल रकम 3 हजार 920 रूपये जब्त किये गये। इन सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पद्मनाभपुर थाने की पुलिस द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से उन्हें थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब तस्करी की जानकारी मिल रही थी। इस आधार पर पुलिस की टीम ने आरोपी पवन कुमार के कसारीडीह निवास में छापा मारा। जहां से पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब तथा हथियारों का

# सिंदूर खेला और ढाक की थाप में रंगा बंगीय समाज का दुर्गोत्सव



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बंगीय समाज द्वारा आयोजित चार दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव महिलाओं के सिंदूरखेला के साथ भव्य समापन हुआ। उत्सव में गाजे-बाजे, पारंपरिक ढाक की धुन के साथ नाचते लगातार बारिश के बीच देवी प्रतिमाओं का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। विजयदशमी पर मैत्री संघ, बंगीय समाज, मिलन संघ आड़ावाल और धरमपुरा दुर्गा बाड़ी में विशेष पूजा, पुष्पांजलि, दर्पण विसर्जन, अपराजिता पूजा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, उलू ध्वत्ति और शंख ध्वनि व आरती सजाओ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। विजेताओं को समाज की ओर से पुरस्कृत किया गया। गुरुवार को देवी वरण के अवसर पर पंडालों में महिलाओं ने मां दुर्गा के प्रतिमा पर सिंदूर लगाकर एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाकर मां को निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, च्मां आबार आसबेंज्, यानी मां दुर्गा अगली बार फिर आएँ। विदाई के समय महिलाओं की आंखें नम हो गईं और उन्होंने देवी से अपने सुहाग की रक्षा का आशीर्वाद मांगा। ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्र षष्ठी से बंगीय समाज की ओर से दुर्गोत्सव का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान रोजाना बच्चों और महिलाओं समेत सभी वर्ग के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विजयदशमी की शाम को प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। बंगाल से आए ढाक वादकों ने पारंपरिक ढाक वादन प्रस्तुत किया, जबकि घूमाल म्यूजिक ग्रुप ने मनोरंजन और उत्साह को और बढ़ाया। विसर्जन यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे, जिन्होंने भक्तिमय माहौल में माता को अंतिम विदाई दी। इस चार दिवसीय महोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक प्रस्तुत किया, बल्कि सामुदायिक एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और महिलाओं की परंपरागत श्रद्धा का भी अद्भुत संगम दिखाया। उपस्थित जनसमूह ने आयोजन की भव्यता और उत्साह की सराहना की और मां दुर्गा की कृपा के लिए प्रार्थनाएं कीं।

# दशहरे के दूसरे दिन भी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवमी से शुरू हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन विजयादशमी के दूसरे दिन भी श्रद्धा के साथ जारी रहा महादेव घाट के निकट निगम के निर्मित कुंड में गुरुवार सुबह से लेकर संध्या तक भक्तों ने माता दुर्गा की 200 के करीब बड़ी प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया।

भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु परिवारों के साथ देवी मां को विदाई देने पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से प्रतिमाओं को कुंड में विसर्जित किया।

**देर रात तक विसर्जन**

शहर में पांच सौ से अधिक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। शुक्रवार को भी विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भक्त समूह बनाकर झांकियों और गीत-संगीत के साथ प्रतिमाओं को लेकर पहुंचे। विसर्जन कुंड पर पहुंचते ही मां की जयकारों से पूरा वातावरण माता के जयकारों से गूंज उठता है।



करीब 200 प्रतिमाओं का महादेवघाट में भक्तों ने नम आंखों के साथ किया विदा

**विसर्जन स्थल पर पुख्ता इंतजाम**

निगम प्रशासन ने इस अवसर पर क्रेन, गोताखोर, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए. विसर्जन स्थल पर जोन की टीमों को सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक चक्रीय ड्यूटी पर तैनात किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। शुक्रवार को महादेवघाट विसर्जन कुंड स्थल का निरीक्षण अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने किया। इस दौरान जोन-चार के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित जोन एक और आठ के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे अपर आयुक्त ने अधिकारियों को व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए

# जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार



जुआरियों से 4700 रूपए जप्त

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसदौरान दशहरा के मध्य रात्रि को थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रावांभाठा जय अम्बे ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नम्बर 05 के बाजू बिजली के खम्बे के लाईट के नीचे कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर 06 जुआरियों को पकड़ा गया जो अपना नाम प्रकाश कुशवाहा आशुतोष दुबे सोनू रायए मोह जावेद शहबाज अली जयनाथ सिंह बताये जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 4700 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। जुआरियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 3;2 छग जुआ ;प्रतिषेध अधि 2022 पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

# अब रायपुर रहेगा हाईटेक निगरानी में 184 अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर अब हाई.टेक निगरानी व्यवस्था से लैस होने जा रही है। अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन शहर में 184 हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट स्कैनिंग कैमरे लगाने की तैयारी कर चुका है। इस योजना के तहत आउटर रिंग रोड और शहर की सीमाओं पर कुल 184 अत्याधुनिक कैमरे स्थापित किए जाएंगे। इन कैमरों की मदद से न केवल ट्रैफिक्र नियम तोडने् वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी बल्कि अपराध नियंत्रण में भी बड़ी मदद मिलेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में कैमरों की संख्या अधिक होगी। खासतौर पर टाटीबंध चौक जहां रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं वहां सबसे ज्यादा कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा आउटर रिंग रोड मुख्य चौराहों और शहर की एंट्री.एग्जिट प्वाइंट पर भी ये हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालेए लालबत्ती तोडने् वाले और गलत दिशा में चलने वाले वाहनों पर इन कैमरों की नजर रहेगी। पुलिस का मानना है कि कैमरों की मदद से यातायात व्यवस्था पहले से कहीं ज्यादा सख्त और प्रभावी होगी। जुर्माना वसूली की प्रक्रिया भी डिजिटल होगी जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी।



# 3 साल की मासूम से दुष्कर्म पर फूटा आक्रोश

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर के धरसींवा स्थित ग्राम पंचायत कपसदा में अरमिट फैक्ट्री की श्रमिक कॉलोनी में तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस जघन्य अपराध के विरोध में कांग्रेस ;ओबीसी विभागद्ध ने शुक्रवार को धरसींवा में उग्र प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फैक्ट्री के गेट पर तालाबंदी कर प्लांट का संचालन ठप कर पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल ने किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में मासूम बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब श्रमिक कॉलोनियों में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। धरसींवा की यह घटना सरकार की नाकामी और कानून.व्यवस्था की विफलता का जीवंत उदाहरण है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफ चेतावनी दी कि जब तक फैक्ट्री परिसर के भीतर सुरक्षित और मानक सुविधा युक्त लेबर क्वार्टर का निर्माण नहीं किया जाता तब तक प्लांट का संचालन बंद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही और बीजेपी सरकार की उदासीनता ही इस शर्मनाक घटना की जिम्मेदार है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि अरमिट फैक्ट्री में श्रमिकों का लंबे समय से शोषण हो रहा है। महिलाओं को केवल 370 और पुरुषों को 450 मजदूरी दी जाती है। श्रमिकों को न तो और बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और न ही स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने प्रशासन के सामने चार प्रमुख माँगें रखीं। इनमें पीड़िता को त्वरित न्याय और आर्थिक सहायता फैक्ट्री प्रबंधन व ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई श्रमिक कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था की जाँच व सुधार और श्रमिकों को न्यूनतम वेतन व सभी वैधानिक सुविधाएं सुनिश्चित करना शामिल है। कांग्रेस ने कहा कि यह घटना बीजेपी सरकार की संवेदनहीनता और असफलता को उजागर करती है। प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं श्रमिक शोषण का शिकार हो रहे हैं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैंए जबकि सरकार चुप्पी साधे बैठी है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार और प्रशासन ने त्वरित कदम नहीं उठाए तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।



कांग्रेस ने प्लांट में की तालाबंदी आरोपी युवक हिरासत में

# क्रिकेट बेटिंग ऐप पर रायपुर पुलिस की कार्रवाई

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्रिकेट बेटिंग ऐप से जुड़े एक व्यापारी को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से पुलिस ने से दो मोबाइल फोन 5,000 रुपये नकद तीन एटीएम कार्ड आधार कार्ड पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस सहित लगभग 45,000 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की है रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना तिल्दा नेवरा की संयुक्त कार्रवाई में यश इलेक्ट्रॉनिक के संचालक संजय करमचंदानी को ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है यह कार्रवाई 1 अक्टूबर 2025 को की गई जब पुलिस को सूचना मिली कि तिल्दा नेवरा क्षेत्र के बनियापारा गुरूकृपा कॉम्प्लेक्स में स्थित यश इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में संजय करमचंदानी महिला विश्व कप के न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान बेटिंग ऐप 777 एक्सचेंज के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चला रहा है संयुक्त टीम ने दुकान पर छापा मारकर संजय करमचंदानी से पूछताछ की जिसमें उसने खुद को दुकान का संचालक बताया। उसके मोबाइल फोन की जांच में पाया गया कि वह 777 एक्सचेंज ऐप के जरिए सट्टा संचालित कर रहा थाण् पुलिस ने संजय के कब्जे से दो मोबाइल फोन 5 000 रुपये नकदए तीन एटीएम कार्ड आधार कार्ड पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस सहित लगभग 45,000 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की।

उसके खिलाफ थाना तिल्दा नेवरा में के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 और सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 4 क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गईं।



व्यापारी को किया गिरफ्तार

# बैंक लोन और दुकान दिलाने का दिया झांसा, महिला से ठग लिए 600000

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी की एक महिला 6 लाख रुपए ठगी की शिकार हो गई खूशबू सोनी नामक महिला ने बैंक से कम ब्याज में मुद्रा लोन और दुकान दिलाने के नाम पर ठगी की है शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 318.4 का अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया है जानकारी के मुताबिक मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र की है रावतपुरा फेस 2 कॉलानी निवासी किरण जैसवार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2023 में खूशबू नामक महिला से परिचय हुआ था उस समय पेस्ट्री की छोटी दुकान खोली थी भाठागांव स्थित बस स्टैंड के पास बड़ा दुकान खोलने के लिए महिला से चर्चा की तो उसने बताया कि एक सप्ताह में बैंकों से लोन और दुकान दिला दूंगी महिला के झांसे में आकर किरण जैसवार ने संस्था आईडीएफसी बैंक में खाता खुलवा लिया और सभी चेकों पर हस्ताक्षर कर महिला को दिया लगभग एक साल तक लोन और दुकान के नाम पर इधर.उधर घुमाती रही बार.बार बोलने पर खूशबू अपने साथी के साथ मिलकर बस स्टेंड स्थित 17 नंबर दुकान दिखा कर रजिस्ट्री के लिए कार्यालय बुलाई लेकिन आज तक रजिस्ट्री नहीं हुई उसने मुद्रा लोन के नाम पर कई बार कोरे कागज पर वकील के माध्यम से हस्ताक्षर करवा कर बैंक से 6 लाख रुपए निकाल लिए रिपोर्ट में बताया गया कि नवंबर 2023 में बैंक लोन और दुकान दिलाने के लिए 10 हजार रुपए ऑनलाइन भी ले चुकी है थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायत के आधार रिपार्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# मकान में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब शंकर नगर स्थित एक घर में भीषण आग लग गई इस आगजनी की घटना में घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया है सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है इस घटना में घर में टीवी आलमारी पैसाए घरेलू सामान सब चीज जलकर खाक हो गया है।

# जिसका जैसा कर्म, वैसी उसकी परिस्थिति : मनीष सागर

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में शुक्रवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि जिसका जैसा कर्म होता है, वैसी उसको परिस्थिति मिलती है। व्यक्ति को अपने किए का फल मिलता ही है। कोई दूसरा उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। संसार के चक्रव्यूह में फंसकर आत्म कल्याण के पथ पर नहीं बढ़ सकते। संसार में रहकर पाप मुक्त जीवन संभव नहीं है, ये बहाना है। चाहे गृहस्थ जीवन हो या संयम जीवन, ये साधना के प्लेटफार्म हैं। ये दोनों साधना के अभ्यास का अवसर है। अवसर स्वयं को भुनाना पड़ता है। बाहर से सब व्यवस्थाएं मिलती हैं। भीतर से खुद को तैयार करना होता है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि साधु और श्रावक दोनों के लिए उपाश्रय है। जिनालय, धर्म सभाएं, स्वाध्याय सब कुछ दोनों के लिए है। जो इसका उपयोग करेगा वह ऊपर उठ जाएगा। बाहर की परिस्थितियां तय नहीं करेगी, अंदर की व्यवस्था तय करेगी। अंदर के विचार व साधना भविष्य तय करेगी। किसी भी मंजिल को पाने के लिए लक्ष्य होना चाहिए। चाहे साधु हो या श्रावक दोनों का लक्ष्य मोह को त्याग कर मोक्ष मार्ग पर चलना है। सिद्ध शिखर तक पहुंचना है। आत्मा का कल्याण करना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आत्माकल्याण का लक्ष्य है तो सबसे पहले देव, गुरु और धर्म के समीप आना होगा। इनमें सबसे पहले गुरु की शरण में आना होगा। गुरु की शरण में आने से देव और धर्म दोनों मिलेंगे। गुरु के शरण में जाओ तो मान को हटाकर जाओ। मान रखेंगे तो संसार में सम्मान नहीं मिलेगा। देव, गुरु और धर्म की शरण की प्राप्त भी नहीं हो पाएगी। देव, गुरु धर्म की शरण के अभाव में सुंदर मनुष्य भव भी नष्ट हो जाएगी। मान रहित होकर देव, गुरु और धर्म की शरण से मोह का त्यागकर मोक्ष की प्राप्ति का लक्ष्य रखना है। अपने आत्म कल्याण के मार्ग पर चलना है। सम्यक दर्शन, चारिर्त्य, ज्ञान और तप की आराधना करना है।

विवेकानंद नगर में जारी नवपद ओलीजी की आराधना के पांचवे दिन साधु पद की आराधना की गई। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि नवपद की आराधना जिन शासन का सार है। नवपद की आराधना में संपूर्ण ज्ञान साधक को प्राप्त होता है। मैं कौन हूं, मैं कैसा हूं, मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना है। नवपद को जिसने सही ढंग से समझ लिया उसका आत्म कल्याण हो जाएगा। नवपद की आराधना से साधक अपने आप को उच्च शिखर पर ले जाता है।



विवेकानंद नगर में नवपद ओलीजी के पांचवे दिन हुई साधु पद की आराधना

# दुकान से फोन छीनकर भागे 3 नाइजीरियन युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में बीती तीन नाइजीरियाई युवक मोबाइल दुकान से मोबाइल लूटकर फरार हो गए तीनों एक कार में आए थे युवक मोबाइल रिपेयरिंग कराने पहुंचे थे रिपेयरिंग का चार्ज दिए बिना वे दुकानदार से मोबाइल छीन कर कार से भाग निकले लेकिन उन्हें आगे भीड़ ने उन्हें घेर लिया एक युवक कार से बाहर निकला और दूसरे ने तेजी से कार चलाकर वहां से भाग निकलने में सफल रहा इस दौरान उसने कई लोगों को टक्कर भी मारी फिलहाल तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पूरा मामला गोलबाजार थाना क्षेत्र का है जानकारी के मुताबिक तीनों नवा रायपुर के एक निजी विवि में पढ़ाई करते हैं रवि भवन में एक युवक ने दो दिन पहले मोबाइल रिपेयरिंग करवाने दिया था बुधवार को युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ रवि भवन पहुंचा दुकान से मोबाइल लेने के बाद बिल का 12 हजार रुपए दिए बिना ही अपनी कार में बैठने लगा दुकानदार ने रोका तो वह बहस करते हुए कार में बैठ गया फिर कार से भागने के दौरान कई लोगों को टक्कर भी मारी।

# अवैध शराब परिवहन करते 3 गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश तथा प्रभारी उपायुक्त आबकारी रायपुर श्री राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग रायपुर द्वारा ड्राई-डे पर अवैध मदिरा परिवहन, निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

प्राप्त सूचना के आधार पर तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से परिवहन की जा रही 49 नग पाव (8.84 बल्क लीटर) देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। मौके पर आरोपी सुनिल निषाद को एक दुपहिया वाहन सहित गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। यह कार्रवाई तिल्दा वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक सुश्री मेधा मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक दिगंबर भूरा का विशेष सहयोग रहा।

इसी क्रम में आरंग के ग्राम चिखली में सुबह 5 बजे मुखबिर के सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने दबिश दी। मौके पर अवैध रूप से हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब का विक्रय कर रही दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 14.8 बल्क लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब एवं 90 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की गैरजमानतीय धारा 34(1)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचक प्रीति कुशवाहा द्वारा जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक सुश्री नीलम स्वर्णकार एवं आबकारी आरक्षक श्री विवेक श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# एग्री स्टेक पोर्टल बंद, लाखों किसान पंजीयन से वंचित : कांग्रेस

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि धान खरीदी के लिए अनिवार्य किए गए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन बंद हो गया। अभी तक पूरे किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है, पिछले साल के मुकाबले लाखों किसान पंजीयन से वंचित है। एग्री स्टेक पोर्टल में आने वाली दिक्कतों पोर्टल बंद रहने, डाटा की गड़बड़ियों खसरा खतौनी में मिलान नहीं होने से बहुत से किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पोर्टल में पंजीयन की तिथि और बढ़ाई जाए। जिनका पंजीयन पोर्टल से नहीं हो रहा उनका पंजीयन सोसायटियों में करने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिन किसानों ने धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन करवा लिया है सरकार ने उनके लिए नया नियम बना दिया कि उन्हें अब सोसायटियों में रकबा सत्यापन कराना होगा। गिरदावरी डिजिटल क्राप सर्वे के बाद भी रकबा सत्यापन करने किसानों को परेशान करने के लिए अनिवार्य किया गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दुर्भावना पूर्वक किसानों के लिए लगातार कठिनाई पैदा कर रही है ताकि समर्थन मूल्य पर कम से कम धान खरीदना पड़े। पूरे प्रदेश में खाद बीज का संकट है, दुगुने-तिगुने दाम पर डीएपी और यूरिया की कालाबाजारी सर्वविदित है।



पोर्टल में पंजीयन के बाद सोसायटियों में रकबा सत्यापन कराने अनिवार्यता सरकार का षड़यंत्र

# रामलीला, रावण दहन के साथ ही भारी उत्साह के साथ मनाया गया दशहरा पर्व



**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में गत दिवस असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा राम-रावण युद्ध एवं रावण दहन के साथ धूमधाम से मनाया गया। रविशंकर स्टेडियम, मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर, एवं बैगापारा मिनी स्टेडियम सहित अनेक स्थानों पर रावण दहन किया गया। इन सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। दशहरा कार्यक्रम के दौरान तेज बूंदाबांदी भी होने लगी थी मगर लोग भींगते हुए भी दशहरा का आनंद लेते रहे।

रविशंकर स्टेडियम : शहर के सबसे पुराने रविशंकर स्टेडियम में दशहरा का 61 वां वर्ष था। यहां पर 60 फुट के रावण तथा भ्रष्टाचार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूण वोरा थे। इस अवसर पर पुतले का निर्माण करने वाले आनंद तंबोली एवं टीम, ध्वनि प्रसारण महेश ठाकुर, प्रकाश व्यवस्था मनीष शर्मा, रामलीला मंडली चंद्रदीप ताम्रकार, राष्ट्रीय बैंड पार्टी के श्री केमे का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संपूर्म व्यवस्था राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति के नंदू महोबिया, राजेन्द्र तंबोली, अनिल ताम्रकार एवं टीम ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिवाकांत तिवारी ने किया।

पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम : न्यू तरूण खेल एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा दशहरा पर्व के 25 वें वर्ष का आयोजन उत्साह लिये रहा। यहां पर करीब 70 फीट के विशालकाय रावण के पुतले के साथ कुंभकर और मेघनाथ के पुतले का भी दहन किया गया। पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में आयोजित दशहरा कार्यक्रम का सबसे प्रमुख आकर्षण छत्तीसगढ़ी व भोजपुरी फिल्मों के कलाकारों द्वारा किया गया रामलीला के सफल, सशक्त प्रस्तुतिकरण ने दर्शकों का बारिश के बीच भी लगभग 2 घंटे तक बांधे रखा। रामलीलाल का मंचन प्रसिद्ध कलाकार नकुल महलवार के निर्देशन में किया गया। इलेक्ट्रानिक इन्स्टूमेंट की सहायता से प्रस्तुत किये गये इस आयोजन में रामचरित मानस के विविध प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक मंचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के सचिव दीपक दुबे थे, अध्यक्षता समाजसेवी पूर्व पार्षद रत्नाकर राव ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पार्षद दीपक साहू, वार्ड पार्षद संजय अग्रवाल, एवं एमडी डॉ. दीपक वर्मा मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलवंत भाटिया ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुज दुबे, अनिल वर्मा, संजय नामदेव, ऋषि गुरू बख्शानी, सतीश पाण्डेय एवं अन्य सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

बैगापारा मिनी स्टेडियम में शिक्षामंत्री यादव की उपस्थिति में पर्व : दशहरा का पर्व इस वर्ष बैगापारा, ठेठवार पारा व आसपास के वार्डो के नागरिकों के लिये विशेष अवसर लाया था जब इस रावण दहन कार्यक्रम में विशेष रूप से दुर्ग के विधायक एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने उपस्थित होकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। पहली बार बैगापारा मिनी स्टेडियम में दशहरा पर मंत्री पहुंचे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री यादव ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हम सभी के लिये प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके आदर्शो ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भाजपा सदैव से सबका साथ, सबका विकास मूल मंत्र पर कार्य करती है : सुरेन्द्र कौशिक



**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा के कार्य एवं अल्पसंख्यक समाज से मानव सेवा के कार्य करने वालों का स म्मान का कार्यक्रम दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ की अध्यक्षता में आहूत की गई ।।योजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यक्रम के निमित्त जिला प्रभारी अबरार सिद्दीकी, जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ सभापति श्याम शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, कार्यालय मंत्री आसिफअली, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा अमजद अली, पार्षद शशि द्वारका साह, खालिद रिजवी, अल्पसंख्यक जिला महामंत्री फिरोज सिद्दीकी, महेश जैन, डॉ मनोज जैन ऑर्थोपेडिक्स उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए केंद्र कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का व्याख्यान दिया एवं सरकार के समर्थन का आव्हान किया ।

अल्पसंख्यक वर्ग से जिनका सम्मान किया गया उनके नाम जयचंद डोंगरे कॉविड डेज कॉविड ओबेद दास, डॉ जोसमोन, डॉ सी.एन. विनोद, रूपेश डेनियल, अमित कुमार, पाल सोमनाथ, सुशील बाग राहुल मसीह, ऐजे मैथ्यू, स्व.मोहम्मद इस्माइल फिरोजी, मीर कासिम, अरमान आलम, असलम कुरैशी रहे । इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा का मूलमंत्र है सबका साथ, सबका विकास। इस अवसर पर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, अधिवक्ता अजी मैथ्यू, जोस मोन समुएल, तबरेज, मोसिन रजा, अनीश खान, अकिल कुरैशी, वसीम कुरैशी, जुबेर अली, फारूक चौधरी, हसन जहांगीर, नौशाद कुरेशी, रवीश खान, फिरोज खान सहित अल्पसंख्यक वर्ग से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के प्रमुख और समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# दुर्ग शहर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष संगठन के पुर्नगठन हेतु अभा कांग्रेस के सृजन अभियान के तहत नई कवायद शुरू

- **आज राष्ट्रीय व प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त पर्यवेक्षक लेगें बैठक, करेगें रायशुमारी**
- **भाई व भतीजावाद, चहेतों की बजाय ऊर्जावान संगठन में नई जान फूंकने वाले चेहरों की तलाश**

**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मजबूत बनाने संगठन ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत नये रिसे से पार्टी के पदाधिकारियों की तलाश शुरू कर दी है। गत दिनों मंडल स्तर के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के लिये पार्टी ने कवायद की थी। अब अध्यक्ष पद के लिये नये सिरे से फिर एक बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके अलावा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अनीता भेडिया यूडी मिंज एवं विक्रम मंडावी छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। ये पर्यवेक्षक कल 4 अक्टूबर को दुर्ग जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक लेगें। पर्यवेक्षक श्री लल्लू व अन्य सभी कांग्रेसजनों की बैठक के बाद शाम 4 बजे पार्टी मानसिकता के विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें लेगें। इस बीच प्रेस से भी संवाद करेगें।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल ने विधानसभा चुनाव के बाद से ही अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी ने उन्हें नये अध्यक्ष के बनने तक पद पर बने रहने की सलाह दी थी। लगभग 2 वर्ष से अधिक लंबे समय से कांग्रेस के दुर्ग शहर जिला संगठन के अध्यक्ष पद का दायित्व सम्हाल रहे है। इस बीच करीब 6 माह पूर्व दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर राकेश ठाकुर की नियुक्ति कर दी गई है। इसके कुछ समय बाद ही से दुर्ग में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों के चयन को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत सभी पांच ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों का चयन के लिये पर्यवेक्षक पूर्व विधायक चन्नी साहू, वरिष्ठ नेता सीजू एंथोनी, ने कार्यकर्ताओं की राय लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज दिया है।

अब कल केन्द्र से आ रहे पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू एवं प्रदेश कांग्रेस में नियुक्त पूर्व विधायक अनिला भेडिया, यू.डी. मिंज एवं विक्रम मंडावी कल कांग्रेस भवन में पहले दोपहर 12 बजे से राजीव भवन में कार्यकर्ताओं, जिला व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों व आम कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनकी राय जानेगें। इसके बाद वे लोग प्रेस से चर्चा करेगें। शाम लगभग 4 बजे में वे सभी सामाजिक लोगों की बैठक लेगें।

कांग्रेसजनों से की गई अलग अलग चर्चाओं से पता चला है कि कांग्रेस के अब तक संगठन के ढर्रागत चुनाव होते रहे है इस बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं वरिष्ठ नेता राहूल गांदी ने लीक से हटकर पार्टी के सभी धड़ों से चर्चा कर संभावित अध्यक्षों के नामों की सूची बनाने के निर्देश दिये है। एआईसीसी व पीसीसी के इस बारे में दिये गये निर्देशों को देखते हुए ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# गांधी जयंती पर मंत्री यादव ने किया माल्यार्पण



दुर्ग, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती के अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कैबिनेट मंत्री श्री यादव ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और सादगी के अद्वितीय प्रतीक थे। उनके विचार और सिद्धांत आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार गांधी के स्वदेशी भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सतत कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि वोकल फॉर लोकल की परिकल्पना गांधी के स्वदेशी विचारों का ही आधुनिक स्वरूप है। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सुरेंद्र कौशिक, उषा टावरी, श्याम शर्मा, पार्षदगण और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पांच डिस्मिल से कम जमीन की रजिस्ट्री न होने से जमीन कारोबार प्रभावित

**बाजारों पर भी असर**

**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश शासन द्वारा 5 डिस्मिल तक की भूमि की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिये जाने से भूमि संपत्ति का कारोबार इन दिनों लगभग ठप्प पड़ गया है। इसकी वजह से लोग छोटे प्लाट खरीदकर मकान के इच्छुक है उनका सपना पूरा नहीं हो पा रहा है जिनके पास छोटे प्लाट है वे अपना भूखंड बेचकर परिवार में किसी की गंभीग बीमारी अथवा शादी विवाह के लिये रकम की व्यवस्था नहीं कर पा रहे है। ऐसे जरूरत मंदों को अपनी जमीन गिरवी रखकर या शर्तो के आधार पड़े व्यवसाइयों को बेचकर धन की व्यवस्था करना पड़ी रही है। इस समस्या के चलते किसानों की जमीनों की कीमत भी पूर्व की तुलना में कम हो गई है। इस बारे में भूमि, भवन के व्यापारियों ने मांग की है कि 5 डिसमिल से कम भवन की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध हटाया जाये ताकि छोटे भूखंडधारी, किसान अपनी जमीनों को सही दरों पर बेचकर घर परिवार की जरूरतें पूरी कर सकें।

इस संबंध में कतिपय लोगों ने बताया कि आम तौर पर मंझोले एवं कमजोर आमदनी वाले लोग 8 सौ से 1 हजार या अधिकतम 12 सौ वर्गफुट की जमीन लेकर मकान बनवाते है। भूखंड की कीमते जिस तरह से बड़ी है उससे एक हजार वर्ग फुट का भूखंड ही 20 से 30 लाख का पड़ता है उस पर मकान बनाने में लगभग 25-30 लाख रूपये लग जाते है। यह एक आम आदमी की हैसियत से बाहर हो जाता है फिर भी वह किसी तरह से मकान बनाने की हिम्मत कर लेता है। यदि उसे 22 सौ से 24 वर्ग फुट का प्लाट खरीदने पर ही रजिस्ट्री कराने के बाध्य किया जाता है तो यह आम आदमी के बजट से काफी बाहर हो जाता है । भवन की कुल कीमत 70-80 लाख पड़ जाती है।

इस संबंध में एक भूखंड क्रेता ने बताया कि उसने 12 सौ वर्गफुट जमीन खरीदने, विक्रेता को 50 हजार रूपये का बयाना दिया था मगर छोटे प्लाट की रजिस्ट्री न होने से इसके लिये प्लाट खरीदना मुश्किल हो गया। प्लाट विक्रेता ने साहस दिखाते हुए कुछ के साथ बयाने की रकम तो लौटा दी मगर उसका घर बनाने का सपना धरा का धरा रह गया । अब भूखंड की कीमत और बढ़ गई ।24 सौ वर्ग फुट का प्लाट खरीद पाना भी संभव नहीं है। इस संबंध में जमीन व्यवसाय से जुड़े एक व्यापारी ने बताया कि विक्रेता के साथ यह एग्रीमेंट करके प्लाट खरीदा जा सकता है कि जब प्रतिबंध हटेगा। तब रजिस्ट्री करा ली जायेगी। इस बारे में बताया कि भवन निर्माण के लिये रजिस्ट्री शुदा भूमि पर ही बैंक ऋण स्वीकृत करता है। इधर जमीनों की खरीदी बिक्री बंद हो जाने स ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# विजयादशमी पर पुलिस लाईन में शस्त्र पूजन, हर्ष फायर



**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस लाईन प्रशासनिक भवन स्थित उद्यान में विजयादशमी दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। शस्त्र पूजन में विजय अग्रवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला.दुर्ग द्वारा माता दुर्गा एवं शस्त्रों की पूजा मंत्र उच्चारण के साथ की गई। पुलिस के आला अफसरों से लेकर सिपाहियों तक शस्त्र पूजा में हिस्सा लेकर शस्त्रों की पूजा कर माता से आशीर्वाद लिया। दशहरा के दिन पुलिस लाईन, दुर्ग में शस्त्र पूजा के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। पूजा की परंपरा विधि विधान से संपन्न होने के बाद पुलिस अधिकारियों के द्वारा हर्ष फायरिंग की गई।

इस कार्यक्रम में सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जिला दुर्ग अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ;ग्रामीणद्ध जिला.दुर्ग हर्षित मेहर, नगर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग जिला दुर्ग, सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक, भिलाईनगर, जिला दुर्ग हेमप्रकाश नायक नगर पुलिस अधीक्षक, छावनी, चन्द्रप्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक लाईन जिला दुर्ग, विनोद मिन्जए उप पुलिस अधीक्षक ;मुख्यालयद्ध जिला दुर्ग, नीलकंठ वर्मा, रक्षित निरीक्षक, निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट, यातायात, निरीक्षक केशवराम कोशले, थाना प्रभारी मोहन नगर, निरीक्षक तापेश्वर नेताम, थाना प्रभारी, दुर्ग निरीक्षक राजकुमार लहरे, थाना प्रभारी पद्मनाभपुर, उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे, चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा, उप निरीक्षक एमटी जगदीश राम भगत, प्रभारी वाहन शाखा, दुर्ग, सउनि पुरूषोत्तम यादव, रक्षित केन्द्र, एवं रक्षित केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# साई मंदिर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब दुर्ग विजन द्वारा 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह अंतर्गत आज 4 अक्टूबर को साई मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जिज्ञासी एवं उनकी टीम सेवाएं देगें।

यह शिविर प्रात: 11 बजे से शुरु होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। यह जानकारी सेवा सप्ताह संयोजक एमजेएफपीबी सक्सेना ने दी है।

# आदि शक्ति गरबा ग्रुप द्वारा नवरात्रि पर विविध आयोजन



**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि के उपलक्ष्य में आदिशक्ति गरबा ग्रुप के तत्वाधान में साईंस कॉलेज दुर्ग में प्रथमबार एनएसयूआई.प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग, एवं चैतन्य बंछोर, तिरूपति चन्द्राकर की पहल पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजन

# शराब तस्करों का गिरोह गिरफ्तार, जेल भेजा गया



भारी मात्रा में शराब के साथ ही शस्त्र भी बरामद

**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में चार आरोपियों को कसारीडीह के एक मकान से पकड़ा गया। इस मकान में 23 पौना शेरा देशी मसाला शराब तथा 1 नग पिस्टल 1 नग देशी कट्टा, 6 नग जिंदा कारतूस एवं 1 धारदार चाकू बरामद किया गया। ये चार आरोपी पवन कुर्रे, विनोद कुर्रे, कृष्ण कुमार जोशी, एवं सूर्यदेव कोठारीउर्फ गोपा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके अलावा सभी आरोपियों के पास से कुल मिलाकर 141 पौवा देशी मसाला शराब भी बरामद की गई। इनके पास से कुल रकम 3 हजार 920 रूपये जब्त किये गये। इन सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पद्मनाभपुर थाने की पुलिस द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से उन्हें थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब तस्करी की जानकारी मिल रही थी। इस आधार पर पुलिस की टीम ने आरोपी पवन कुमार के कसारीडीह निवास में छापा मारा। जहां से पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब तथा हथियारों का जखीरा मिला।

# बारिश का न रूकना चिंता का विषय

## धान की खड़ी फसल में कीट प्रकोप की आशंका



**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्षाकाल का चौमासा अब अंतिम चरण में है मगर लगातार हो रही बारिश ने किसानों के साथ ही व्यापारियों व आम नागरिकों को भी चिंता में डाल रखा है। खेतों में पानी भरने व वर्षा बंद न होने से किसान कीट प्रकोप सहित फसल के नुकसान को लेकर, व्यापारीगण त्यौहार के दिनों में व्यापार प्रभावित होने तो आम नागरिकों भी चिंता सताए जा रही है कि यदि वर्षा न रूकी तो वे घर में सफाई लिपाई पुताई सजावट कैसे करेगें। अब लगभग एक पखवाड़े में त्यौहारों का क्रम शुरू होने वाला है।

आम तौर पर 30 सितंबर को मानसून के लौट जाने का समय माना जाता है मगर अभी भी बारिश थमी नहीं है। गत रात्रि से लगभग 10 बजे वर्षा शुरू हुई तो रातभर पानी बरसा। सुबह मौसम खुला मगर दोपहर बाद गरज व हवाओं के साथ बूंदाबांदी फिर बरसात शुरू हो गई जो रात होते तक जारी रहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने रात्रि 8 बजे तक वर्षा जारी है।

कृषि सूत्रों के अनुसार दुर्ग जिले में औसत बारिश हो चुकी है। खेतों में पानी भर गया है । जलाशय भी लबालब भर गये है और उनमें से पानी छलकने लगा है। खेतों में धान की फसलें खड़ी है, उनमें बालियां आ गई है और बहुत जल्दी कटाई भी शुरू हो जायेगी। ऐसे वक्त में यदि और पानी गिरता है तो फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। अब धान की फसल कहीं कीट प्रकोप का शिखार होने लगी है । किसानों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# निगम में किया गया गांधी जयंती पर स्वच्छता दीदियों, कर्मचारियों का सम्मान



**दुर्ग**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती पर नगर निगम द्वारा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों, सुपरवाईजर्स और सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। नगर निगम द्वारा कचरा संग्रह हेतु खरीदी गई नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर गंत्यव्य के लिये रवाना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव थे। इनके अलावा महापौर दुर्ग अलका बाघमार, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा मंचस्थ थे। इनके अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, एमआईसी प्रभारी नीलेश अग्रवाल, तथा नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल भी मंच पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव सहित सभी अतिथि वक्ताओं ने महात्मा गांधी के आदर्शों की चर्चा करते हुए जीवन में व समाज में सब तरफ सफाई को अपनाने पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता सेवा अभियान के अंतर्गत 8 स्वच्छता लक्षित इकाइयों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# संयंत्र के प्रभारी ने किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान




**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र ने आज 2 अक्टूबरए 2025 को महात्मा गांधी कला मंदिरए सेक्टर.1 में श्स्वच्छता ही सेवा 5ण्0श् स्वच्छोत्सव एवं सफाई मित्रों के सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ;परियोजनाएंद्ध श्री एस मुखोपाध्यायए कार्यपालक निदेशक ;वित्त एवं लेखाद्ध श्री प्रवीण निगमए कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधनद्ध श्री पवन कुमारए कार्यपालक निदेशक ;खदानद्ध श्री विपिन गिरीए मुख्य महाप्रबंधक ;नगर सेवाएं एवं सीएसआरद्ध श्री उत्पल दत्ताए महाप्रबंधक ;नगर सेवाएंद्ध श्री ए बी श्रीनिवासए ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार बंछोरए महासचिव श्री अंकुर मिश्राए कोषाध्यक्ष श्री सौभाग्य रंजन साहू उपस्थित थे।

महात्मा गांधी कला मंदिर में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और स्वच्छता अभियान के शुभारंभ पर प्रतिकात्मक रुप से झाड़ू लगा स्वच्छोत्सव की शुरुआत की गई।

संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी और देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का स्मरण करते हुए कहा कि गंदगी के विरुद्ध हमें सतत संघर्ष करना होगा। स्वच्छता एक नियमित प्रक्रिया हैं। स्वच्छता के प्रति आम जन में जागरूकता लाना होगा और जरुरत पड़ने पर नियमों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंदौर की तरह भिलाई को भी स्वच्छ शहर बनाने का प्रयास हम सबको मिलकर करना है।

कला मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में दीप प्रज्वलन के साथ स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण एवं विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश महाप्रबंधक ;टीएसडीद्ध श्री के के यादव द्वारा डाला गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने स्वच्छता पर अपने सार्थक विचार व्यक्त किए।

कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधनद्ध श्री पवन कुमार ने कहा कि संवाद के माध्यम से जागरूकता लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। सफाई को शिक्षा से जोड़ा जाए और श्मिशन लक्ष्मीश् के तहत सफाई मित्रों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच हो। साथ ही नशे के त्याग का भी संकल्प लिया जाए।

कार्यपालक निदेशक ;खदानद्ध श्री विपिन गिरी ने कहा कि हमें अपनी आदतों में सुधार लाना होगा और निरंतर जागरूकता फैलानी होगी। कार्यपालक निदेशक ;वित्त एवं लेखाद्ध श्री प्रवीण निगम ने कहा कि स्वच्छता ही पूजा है। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान से पहले जैसे हम सफाई रखते हैंए वैसे ही हमें जीवन और परिवेश में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। कार्यपालक निदेशक ;परियोजनाएंद्ध श्री एस मुखोपाध्याय ने दशहरे का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें गंदगी और नशे पर विजय प्राप्त करनी है। साथ ही पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। मुख्य महाप्रबंधक ;नगर सेवाएं एवं सीएसआरद्ध श्री उत्पल दत्ता ने कचरे के पृथक्करणए बैक यार्ड की सफाई तथा सफाई मित्रों के सम्मान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि स्वच्छता से ही स्वास्थ्य बना रहता है और आप सभी की मेहनत से ही इस्पात नगरी का संपूर्ण विकास संभव है।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधनद्ध श्री पवन कुमार ने सभी उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत सफाई मित्रों एवं स्वच्छता सेवियों का चार समूहों में प्रतीकात्मक रूप से सम्मान किया गया। आज प्रातः सेक्टर.8 स्थित पीएचडी कार्यालय से स्वच्छता रैली को रवाना किया गयाए जिसमें महाप्रबंधक ;नगर सेवाएंद्ध श्री ए बी श्रीनिवासए महाप्रबंधक ;टीएसडीद्ध श्री के के यादवए महाप्रबंधक ;जनसम्पर्कद्ध श्री प्रशांत तिवारीए ओए के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार बंछोर और श्री परविंदर सिंह ने भी स्वच्छता मित्रों का रैली में साथ दिया। यह रैली सेक्टर.8 से निकलकर महात्मा गाँधी कला मंदिरए सिविक सेंटर में संपन्न हुई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रावण दहन



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर 2 दशहरा उत्सव मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं शंकराचार्य कॉलेज के चेयरमैन शिक्षाविद आई पी मिश्रा के मार्गदर्शन और अगुआई में ऐतिहासिक स्वरूप में आतिशबाजी के साथ रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा, दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, बीजेपी नेत्री श्रीमती तुलसी साहू, श्रमिक नेता प्रशांत कुमार क्षीरसागर, श्रमिक नेता आर डी कोरी, डॉ पन्नालाल मैरिसा, नितिन पांडे, अविनाश राणे समेत हजारों लोगों ने शामिल हुए और दशहरा की शुभकामनाएं दी। और ऐतिहासिक कार्यक्रम की सराहना की। श्री प्रशांत कुमार क्षीरसागर, आर डी कोरी, डॉ पन्नालाल मैरिसा, अविनाश राणे ने आई पी मिश्रा का गुलदस्ता से स्वागत कर नेक कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी भिलाई के तत्वावधान में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एक पेड़ मां के नाम का समापन महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से आरंभ होकर 2 अक्टूबर तक निरंतर विभिन्न स्थलों पर चलाया गया। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक आंदोलन बनाना था। समापन कार्यक्रम की शुरुआत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में शास्त्री की प्रतिमा की सफाई, महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री चित्र पर माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के चरण धोकर, गमछा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। जलेबी चौक कैंप-1 में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर भी स्वच्छता अभियान के तहत गांधी जी की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्रमुख वक्ताओं में सांसद विजय बघेल ने कहा प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत संकल्प को जन.जन तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। यह केवल सफाई नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता का अभियान है। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा देश को स्वच्छ रखने वाले हमारे सफाई कर्मचारी वास्तव में अभिनंदन के पात्र हैं। आज उन्हें सम्मानित कर हम गौरवान्वित हैं। उपस्थित लोगों में प्रेमलाल साहू, योगेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती स्वीटी कौशिक, विनोद देवांगन, अमित मिश्रा, भोज राज सिन्हा, डा. पीयाम सिंह, श्रीमती गीता विश्वकर्मा, श्रीमती सरला आचार्य, धनेश्वरी साहू, पद्मिनी साहू, प्रमिला दुबे, सुगंधी सोनी, राबड़ी देवी, मीना गिरी, दीपक भोंडेकर, तरुण सिंह, वरुण यादव, रूप राम साहू, गजानंद बंछोर, रवि नाहर, पारस जांघेल, सचिन ताम्रकार, विपिन चंद्राकर, श्याम सुंदर जायसवाल, सूर्या बघेल उपस्थित रहे।

# फरीद नगर में प्रशिक्षित हुए हज जाने वाले

**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। हज के सफर पर जाने वालों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ताज सामाजिक भवन फरीद नगर में किया गया। इस दौरान उलेमा ने हज के फर्ज़, वाजिबात, सुन्नत और नफील रूकन को कुरान हदीस की रोशनी बताया कि ताकि लोग सही तरीके से हज अदा करें। अलग अलग प्रशिक्षण सत्रों में नागपुर के मुफ्ती मौलाना नशिद ने बताया कि साहिबे हैसियत पर पूरी जिंदगी में एक बार हज करना फर्ज है। हज को सीखकर करने से बड़ा फायदा होगा क्योंकि कई लोगों को वहां किन जगहों पर क्या करना है और उसकी अदायगी का तरीका प्यारे नबी हज़रत मुहम्मद सल्लाहुअलैहिसल्लम ने क्या बताया है उसकी जानकारी होनी चाहिए। हज देखकर नहीं बल्कि सीखकर करना चाहिए ताकि फर्ज सही तरीके से अदा हो। मास्टर मुहम्मद रउफने पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के रोज़े पर हाजिरी सलाम और दरूद पेश करना और शहर मदीना में अदब और एहतेराम के साथ नमाज अदा करने व चलने पर जानकारी दी। इस दौरान उलेमा और इंजीनियर मोहम्मद शाहिद ने हज पर जाने वालों से कहा कि इंसानियत का दर्द हमारे सीने में हो हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम इंसानियत के रहबर ओर खैरख्वाह है उनकी तालीम को अपनाकर हर एक के लिए भलाई और एहसान की राह अपनाएं। आलिमों ने यहां हज पर जाने वालों लोगों को हज की नियतए एहराम बांधने का तरीका व समयए तवाफ करनाएहज से पहले उमरा करने के जरूरी मसाइल और वहां पर किए जाने वाले अरकान के अदा करने का तरीका बताया। इस दौरान हाजी मीर हामिद अली एनसीर कुरैशीए हाफ्जि मतीनए मोबिनए प्यारेए सैय्यद असलमए जैदए हारून अंसारी ए सैय्यद रिजवानए छोटे साहबए वसीमए निजामुद्दीनए बंगाली दादा और अदनान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# गांधी व शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति और चंद्रशेखर फाउंडेशन की ओर से एचएससीएल कॉलोनी रूआबांधा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने इन दोनों महापुरुषों के आदर्शों पर चलते हुए देश के नवनिर्माण का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का देश के प्रति योगदान भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आज जबकि नफरत का बोलबाला होते जा रहा है, ऐसे में गांधी शास्त्री दोनों और ज्यादा प्रासंगिक हो चुके हैं। इसलिए देशवासियों को चाहिए कि इन दोनों महान हस्तियों से प्रेरणा लेते हुए समाज की पुनर्संरचना के लिए मिल जुल कर काम करें। समिति के अध्यक्ष आर पी शर्मा ने कहा कि गुलामी के दौर में जबकि अन्याय व नफरत का बोलबाला था, ऐसे में सत्य अहिंसा के सिद्धांतों पर भारत को एकजुट करने का जो अविश्वसनीय कार्य महात्मा गांधी ने कर दिखाया था, कुछ ऐसा ही आज हमें करना होगा। उन्होंने कहा कि आज गोडसे को पूजा जा रहा है, जो कि दुर्भाग्यजनक है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जान से मारने की खुली धमकी दी जा रही है, इसके बावजूद संविधान की रक्षा की शपथ लेने वाले कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। त्रिलोक मिश्रा ने कहा कि आज सांप्रदायिकता का बोलबाला है और नफरत अपनी गहरी पैठ बना रहा है। यह किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए शुभ नहीं है। आज हमें महात्मा गांधी के रास्ते पर चलते हुए देश का पुनर्निर्माण करना होगा। आयोजन में त्रिलोक मिश्रा, सूबेदार सिंह यादव, सुरेखा नागवंशी, कपिल देव प्रसाद, धनंजय यादव, आनंद कुमार, मदन लाल श्रीवास्तव, वजीहुद्दीन सिद्दीकी, नंदकिशोर सिंह उपस्थित थे।

# लायंस क्लब भिलाई पिनेकल ने वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। वृद्धजनों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और समाज में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व को स्वीकार करने के लिए विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। यह दिन समाज को वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सुरक्षा, सम्मान और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है। लायंस क्लब भिलाई पिनेकल ने वरिष्ठ नागरिक दिवस भिलाई में स्थित राम शीला की कुटिया वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ भजन करके मनाया। वृद्धजनों ने क्लब सदस्यों द्वारा बनाए गए घर के व्यंजन का आनंद उठाया। सदस्यों ने डेटॉल साबुन, तौलि आदि वृद्धजनों को भेट दिया। लायंस क्लब भिलाई पिनेकल अध्यक्ष लायन अंजना विनायक , सचिव लायन निधि कुमार, मीना सिंह, लायन उर्मिला ताओरी, लायन उषा चक्रवर्ती, लायन शोभा डोगरा, लायन मंजू अग्रवाल, लायन ममता मुंद्रा ने भजन प्रस्तुत किये। वृद्धजनों ने मन्त्रमुग्ध होकर इस अवसर का आनंद उठाया। लायंस क्लब भिलाई पिनेकल की अध्यक्षा अंजना विनायक ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर जरुरतमंद लोगों की मदद की जाती है, तथा स्कूली बच्चों को स्कूली सामाग्री, स्कूली ड्रेस इत्यादि की मदद की जाती है।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठजनों का सम्मान



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों का सम्मान, विशेष भजन कार्यक्रम तथा रहवासियों के मनोरंजन हेतु विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार उपस्थित थे। उनके साथ जे.एन. ठाकुर, एक्टिंग मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन, ए.बी. श्रीनिवास, एक्टिंग मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एवं सीएसआर महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे, महाप्रबंधक उद्यानिकी विभाग डॉ. नवीन कुमार जैन, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, डॉ. निशि मिंज उपस्थित थे। सीएसआर विभाग से महाप्रबंधक शिवराजन, उपमहाप्रबंधक श्रीमती अपर्णा चंद्रा, उपप्रबंधक के.के. वर्मा एवं सुश्री के.वी. विजयालक्ष्मी भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि पवन कुमार द्वारा किया गया। प्रात:काल सियान सदन परिसर के वरिष्ठजनों का गुलाब भेंट कर स्वागत किया गया और उन्हें स्नेह भरे अभिवादन के साथ वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए उनके लिए और अधिक सुविधाएँ मुहैया कराने तथा उनके जीवन को सुखद एवं आनंदमय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सत्य साईं सेवा मंडली द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ नागरिकों को उपहार प्रदान किए गए तथा उन्हें अपने मनपसंद विषयों पर प्रस्तुतियाँ देने हेतु मंच उपलब्ध कराया गया। सियान सदन में रहने वाले वरिष्ठजनों ने भी अपनी अपनी प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए लंच की व्यवस्था की गई तथा 90 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजन बी.एल. ढींगरा और बांगा जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन ने वरिष्ठजनों के भविष्य को और अधिक आरामदायक बनाने हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे नवीन प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक सीएसआर श्रीमती अपर्णा चंद्रा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उपप्रबंधक सीएसआर के.के. वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता में पाल देशलहरा. बुधेलाल, ए.के. सोनी, माहराराम, ललिता धनकर सहित सियान सदन के सचिन, चन्दन, असरफ जोसफ प्रदीप, अंजू एवं समस्त रहवासियों का विशेष योगदान रहा।

# मादक पदार्थ अफीम के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई-3 पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि इंजीनियरिंग पार्क के पास बद्रीनाथ धर्मकांटा के पीछे वाली गली पुरानी भिलाई के पास एक सफेद रंग के हुण्डई आई औरा कार में तीन लड़के अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम की बिक्री कर रहे है। थाना प्रभारी पुरानी भिलाई , एसीसीयू टीम तथा गवाह के मुखबीर के बताये स्थान पर पहुचे। जहां पर एक सफेद रंग के हुण्डई आई औरा कार पुलिस की गाड़ी को देखकर सकरे गली से भागने का प्रयास करने लगे जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार की तलाशी लेने पर तीन व्यक्ति बैठे हुए मिले नाम पूछने पर अपना नाम लवप्रीत, हरदीप, बुध सिंह बताये उक्त तीनों व्यक्तियों का तलाशी लेने पर लवप्रीत के पेन्ट के दाहिने जेब में लॉक वाली छोटा पालीथीन के अंदर 45.08 ग्राम कीमती मादक पदार्थ अफीम एक नग समसंग मोबाईल फोन तथा अफीम बिक्री रकम 21,300 मिला। हरदीप के पेन्ट की तलाशी लेने पर लॉक बाली छोटा पालीथीन के अंदर 53.72 ग्राम मादक पदार्थ अफीम एक नग पोको कंपनी का मोबाईल फोन तथा अफीम विक्री रकम 500 मिला। तथा बुध सिंह की तलाशी लेने पर लॉक वाली छोटा पालीथीन के अंदर 48.08 ग्राम कीमती मादक पदार्थ अफीम एक नग मोबाईल आईफोन तथा अफीम विकी रकम 1000 रूपये तथा हुण्डई आई औरा कार बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विधिवत गिरफ्तार कर अपराध धारा 18/ए, 27(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय पेश कर न्यायायिक रिमांड में जेल दाखिल किया गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अम्बर सिंह भारद्वाज, सउनि गंगा प्रसाद श्रीवास, आरक्षक बी रवि, आरक्षक लक्की मोसले एसीसीयू स्टाप सउनि गुप्तेश्वर, प्र.आर. सगीर आरक्षक विशाल सिंह, आरक्षक भावेश पटेल, आरक्षक मुनीत निर्मलकर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# सभापति- सांसद प्रतिनिधि द्वारा बीज केन्द्र का निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।01 अक्टूबर 2025 ध् जिले में स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा का आज कृषि स्थायी समितिए जिला पंचायत दुर्ग के सभापति श्रीमती नीलम चंद्राकर एवं सांसद प्रतिनिधि श्री राजेश चंद्राकर द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने रबी में भंडारित होने वाले चना बीज की पैकिंग प्रक्रियाए विभिन्न गोदामों में भंडारित गेहूंए चनाए तिवड़ाए सरसोए अलसीए कुसुम आदि के संशाधितध्पैक्ड बीज की भौतिक स्थितिए खरीफ 2025 में पंजीकृत कृषकों एवं रकबा की विस्तृत जानकारीए रबी 2025 में जिले में भंडारित होने वाले बीजों का लक्ष्यए उपलब्धताए कमीध्अधिकता विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिले के उप संचालक कृषि श्री संदीप भोई द्वारा रबी में प्रस्तावित बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं विभिन्न बीजों के भंडारण कार्यक्रम प्रस्तावित विभागीय योजनाओं के अंतर्गत फसल प्रदर्शन से अवगत कराया गया। सांसद प्रतिनिधि श्री राजेश चंद्राकर ने खरीफमें विभिन्न कृषकों के प्रक्षेत्र में ली गई बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी फसलों का समय पर यथासंभव बीज प्रमाणीकरण संस्था एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा समय.समय पर कृषकों को उचित मार्गदर्शन प्रदाय किये जाने की बाते कही। ताकि खरीफमें जिले हेतु उच्च गुणवत्ता का पर्याप्त मात्रा में सभी फसलों के बीज उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर रबी 2025 में बीज भंडारण का शुभारंभ हेतु हरी झण्डी दिखाकर बीज निगम वाहन को रवाना किया गया। जिसके द्वारा विकासखंड धमधा की समिति में रबी बीज ;चनाए सरसो एवं तिवड़ाद्ध का भंडारण किया जाएगा। बीज निगम की विभिन्न गतिविधियोंए संचालन व्यवस्थाए रबी बीज उत्पादक कृषकों के अंतिम भुगतान की स्थिति के बारे में बीज प्रबंधक श्री एसण् केण् बेहरा द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस अवसर पर बीज निगम के समस्त कर्मचारीगणए जिले के कृषक एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र में कार्यरत् मजदूरों की सक्रिय भागीदारी रही।

# डॉ. साहू द्वारा बनाई गई क्रांतिकारी गतिविधि पर डॉक्युमेंट्री फिल्म



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। महान व्यक्तित्व के धनी महात्मा गांधी जी देशभक्त होने के साथ.साथ कुशल नेतृत्व कर्ता, अच्छे विचारक, समाज सुधारक व उच्च कोटि के पत्रकार भी थे। 1920 में गांधीजी प्रथम बार छत्तीसगढ़ कंडेल सत्याग्रह के लिए आए थे। तदुपरांत उनसे प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ में विभिन्न आंदोलनों में यहां के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ में गांधी जी से प्रेरित विभिन्न आंदोलन व क्रांतिकारी गतिविधि से संबंधित डॉक्युमेंट्री फिल्म अंचल के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉक्टर सरिता साहू द्वारा बनाया गया है। 2 अक्टूबर को गांधी की जयंती के परिपेक्ष में जिज्ञासुओं के लिए यह फिल्म अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया है। डॉक्टर सरिता साहू ने बताया कि महात्मा गांधी ने शुरु से ही स्वदेशी बस्तुओं को अपनाने का आव्हान किया था। जो आज की जरुरत है। उन्होनें कहा कि महात्मा गांधीजी द्वारा किये गये त्याग के चलते ही हम आजादी की जिंदगी जी रहे है।

# स्वच्छता मित्रों का किया गया सम्मान




**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता की सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत सफाई मित्रों का सम्मान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी द्वारा किया गया। पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि आप सभी स्वच्छता दीदी के कारण ही हमारे नगर में स्वच्छता का वातावरण बना हुआ है। आप लोग नगर के हर घर में पहुंच उस घर से निकलने वाले कचड़ा को संग्रहण भी करते हैं। इसी माध्यम से हमारे जामुल नगर की जनता को यह संदेश मिलता है कि अपने अपने स्वयं के घर एवं आस पास को साफ रखना है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी ने स्वच्छता मित्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पहले स्वच्छता रैंक में हम पीछे थे लेकिन आप लोगों के कार्य से ही हमारे जामुल पालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक मिला है। आप लोग और अच्छा मेहनत कीजिए और लोगों को लगातार जागरूक करें जिससे हमारा जामुल पालिका स्वच्छता में नम्बर वन बने। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर एवं सी.एम.ओ. सीमा बक्शी ने स्वच्छता मित्रो को उपहार देकर सम्मानित किया। नगर पालिका जामुल में नया क्रय किये गये वाहन ट्रेक्टर एवं टिप्पर का पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, लोक निर्माण प्रभारी खम्हन ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद गण दीपक गुप्ता, सबीहा करीम खान, उप अभियंता सचिन भागवत, मुख्य सचिव आशा जंघेल, राजस्व अधिकारी हरीश साहू, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, शिवनंदन देवांगन सहित स्वच्छता मित्र, वाहन चालक उपस्थित थे।

**बिजली कार्यालय का घेराव तालाबंदी कार्यक्रम आज**

**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर। समस्त कांग्रेस साथियों को सूचित किया जाता है कि भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि की गई है। भाजपा की मुनाफाखोरी नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली खरीदना पड़ रहा है।



# विधायक भावना ने दशहरा पर्व में 1 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात



**कवर्धा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजयदशमी के अवसर पर आज पंडरिया नगर वासियों को नगर में अधोसंरचना, प्रकाश व्यवस्था एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। नगर में मूलभूत सुविधाओं, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, चौक निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद के तहत 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त कर नगरवासियों को बधाई दी। पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। सौन्दर्यीकरण से लेकर जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली,पुल-पुलिया निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए पंडरिया नगर एवं विधानसभा में करोड़ों के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया नगरवासियों की सुविधा एवं नगर के विकास को गति देने के लिए आज विजयादशमी के शुभ अवसर पर 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकाँक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वहीं हमारे शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं कई विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है और विकास कार्य धरातल पर दिख रहें हैं जिससे जनता में भी एक नया आत्मविश्वास दिख रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसके पूर्व भी पंडरिया नगर में पेयजल की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों के निर्माण और मरम्मत, पीएम आवास, हरिनाला पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों की सौगात नगर वासियों को मिली है। वहीं महाविद्यालयिन्न छात्राओं हेतु नि:शुल्क बस सेवा के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर निर्माण और नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बिसेसरा से पंडरिया तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य की सौगात दी है। जनता को सुविधाओं और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले यही हमारा लक्ष्य है। निरंतर विकास कार्यों की स्वीकृति, उनके क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता से हो रहें अधोसंरचना निर्माण कार्यों से आज पंडरिया नगर की तस्वीर बदल रही है। नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना, नगर को स्वच्छ,सुंदर और समृद्ध बनाना यही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए हम अनवरत प्रयास कर रहें हैं।

इन विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

नगर पालिका परिषद, पंडरिया अंतर्गत अलीपुर वार्ड 10 में सी. सी. रोड़ निर्माण, गौरेया चौक निर्माण, चांदनी चौक से छाबड़ा मोबाईल दुकान तक स्ट्रीट लाईट विस्तार, मोतिमपुर क्षेत्र वार्ड 10 में हाफ राउंड नाली निर्माण, अ.ज.जा. नवापारा से चांदनी चौक मेडिकल स्टोर तक स्ट्रीट लाईट, चांदनी चौक से अलीपुर तक स्ट्रीट लाइट विस्तार, रौहा क्षेत्र वार्ड 09 में स्ट्रीट लाईट, मोर पंडरिया चौक निर्माण, कुबाखुर्द वार्ड 10 में स्ट्रीट लाईट, यश फुट वेयर से जायसवाल डॉक्टर के घर तक स्ट्रीट लाईट विस्तार एवं हाफ नदीं के पास से कॉलेज रोड तक स्ट्रीट लाईट विस्तार। इस प्रकार नगर में प्रकाश व्यवस्था, नाली व सीसी रोड निर्माण, चौक-चौराहों का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण के कुल 11 निर्माण कार्यों हेतु अधोसंरचना मद से 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा दी गई है।

# आयोग के सहमति उपरांत जिले में 135 नए मतदान केन्द्र बनाए गए

**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र साजा बेमेतरा एव नवागढ़ में 1200 से अधिक मतदांता वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को अपनी सहमति प्रदान कर दी है जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र साजा में 36 बेमेतरा में 41 एवं नवागढ़ में 58 नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। वही विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के चार मतदान केन्द्र में अनुमाग परिवर्तन, विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा में 5 भवन परिवर्तन एवं 09 अनुभाग परिवर्तन तथा विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के दो मतदान केन्द्र में अनुभाग परिवर्तन किया गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान केन्द्र की सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है जिसके अनुसार अब विधानसभा क्षेत्र साजा में मतदान केन्द्र की कुल संख्या 338 बेमेतरा में 309 तथा नवागढ में मतदान केन्द्र की कुल सख्या 358 हो गयी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुक्रर 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की गयी है। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के ग्राम ओडिया, कारेसरा, टिपनी, उमरावनगर, थानखम्हरिया (2 केन्द्र), नवागांवकला, दर्श, खाती, पदमी, पदुमसरा, ठेलका, भेण्डरवानी, भरदा, सोमईकला, बीजा, परसबोड़, अकलवारा, सिंघनपुरी, परपोडी, गाडाडीह, लूक, देवकर (2 केन्द्र), सहसपुर, डगनिया, राजपुर, रौंदा, गोरया, धमधा (2) केन्द्र), सोनेसरार, परसबोड़, सुखरीकला, बोरीबुजुर्ग एवं हिरी में नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के पिकरी, बेमेतरा (4 केन्द्र) कोबिया, जेवरा, खेली, किरीतपुर, राका, नवागांव, सण्डी, मोहलाई, खिलोरा, कंतेली, निनवा, मोहभट् ?ट्ठा, खम्हरिया, परपोड़ा, खिसोरा, सिंवार, पतोरा, सिलघट, टकसिंवा, सरदा. लेंजवारा, मुडपारखुर्द, बेरला (2) केन्द्र), तरकोरी, मोहलई, बोरिया, भिंभौरी, नेवनारा, हसदा, चंडी, तिलई, गुधेली, पिरदा, हरदी एवं बोरसी में नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मारो, भिलौनी, झुलना, नारायणपुर, नवागांव, चिचोली, करमसेन, अकोली, मुर्रा, धुरसेना, भोपसरा, मुरकुटा, कुंरा, खेड़ा, पुटपुरा, अमोरा, बोरदेही, बलटुकरी, मुस्ता, हाथाडांडू, जेवरा एन, तोरा, खैरी, नवागढ़ (2 केन्द्र), झाल, मानिकपुर, प्रतापपुर, झाकी, बाघुल, गोपालमैना, नगपुरा, छिरहा, कठौतिया, पचभैया, मुरकी, कोदवा, उमरिया, बेरा, सेमरिया, पडकीडीह, चंदनु, बिटकुली, झिरिया, केशतरा, नरी, पेड्रीतराई, खण्डसर।, मरतरा, केवाछी, ढोलिया विलई, भैसा, बालसमुंद, मोहरेंगा, सोनपुरी, राउरपुर एवं खैरझिटी में नये मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के बहेरा, सण्डी, पतोरा एवं बेमेतरा (02 केन्द्र) में मतदाताओं की सुविधा हेतु भवन परिवर्तन किया गया है। इसीप्रकार विधानसभा क्षेत्र 88 साजा के मतदान केन्द्र सैगोना, साजा, बरहापुर, धमधा विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र बेमेतरा (03 केन्द्र), सिंधौरी, कुसमी, सोद, तारालीम, जमघट, मोहरेंगा तथा विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मतदान केन्द्र दाढी एवं मारो में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण समीपस्थ मतदान केन्द्र में अनुभाग परिवर्तन किया गया है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर संगोष्ठी



**डोंगरगढ़,** 3 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर डोंगरगढ़ कांग्रेस परिवार ने स्थानीय विधायक निवास में संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं नवाज खान के द्वारा महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के तैल्यचित्र पर मलयार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज़ खान, और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह ने संबोधित किया। संगोष्ठी के पश्चात सभी कांग्रेस जन राष्ट्र की महान विभूति महात्मा गांधी जी की आजाद चौक गोल बाजार स्थित प्रतिमा में माल्यार्पण करने पहुंचे और सभी कांग्रेस जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बापू एवं शास्त्री जी के बताए हुए आदर्शों पर चलने हेतु सभी कांग्रेस जनों से आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, रूपचंद खोब्रागड़े, रिम्मी भाटिया, प्रकाश महानदी, कृष्णा गुप्ता, दशरथ ठाकुर, निधि गजभिए, सारिका बडोले, गजेंद्र साहू, प्रशांत ,शेखर बोरकर, कुणाल ,पायल, सुरेन्द्र अम्बादे,अकील कुरैशी।

# जिले के विशेष ग्राम सभाओं में एग्रीस्टैक डिजिटल फसल सर्वेक्षण के गिरदावरी सूची का किया जा रहा है पठन

**बालोद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का बालोद जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में पठन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हुए गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन कर ग्रामीणों को उनके रकबे और बोए गए फसल की जानकारी दी जा रही है। ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण की सूची को चस्पा भी किया गया है। जिसका ग्रामीण अवलोकन कर अपने रकबे और फसल की जानकारी ले रहे हैं।




आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोड़की, देवारभाट, डौंडी विकासखंड के ग्राम बोरगांव, उकारी, डौंडीलोहारा विकासखंड के खैरा, तुमडीसुर, गहिरानवागांव एवं गुरुर विकासखंड के दुपचेरा, पीरीद, आड़ेझर में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर डिजिटल क्रॉप सर्वे और मैनुअल गिरदावरी का वाचन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू-नक्शों के जीव-रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी।

# रक्षित केंद्र समेत जिले के समस्त थानों में की गई शस्त्रों की पूजा



**बालोद,** 3 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक बालोद के, द्वारा समस्त अधिकारी कर्मचारियों को विजयदशमी (दशहरा) की दी गई शुभकामनाएं। विजयदशमी के पावन अवसर पर शस्त्रों एवं शासकीय वाहनों की पूजा हेतु रक्षित केंद्र जिला बालोद में पुलिस अधीक्षक महोदय योगेश कुमार पटेल ,अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर के उपस्थिति में समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं कर्मचारियों के द्वारा शस्त्रागार के शस्त्रों का तथा शासकीय वाहनों का विधि पूर्वक पूजन किया गया, इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त अधिकारी, कर्मचारियों, नगर वासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई। शस्त्र पूजा में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर , डीएसपी राजेश बागड़े, सीएसपी श्रीमती डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी श्रीमती माया शर्मा, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा , यातायात प्रभारी रविशंकर पांडे समेत समस्त थाना प्रभारी एवं ऑफिस/लाईन स्टॉफ सम्मिलित हुए।

## निधन

### अमरनाथ चक्रधारी



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर। हायर सेकेंड्री स्कूल खंडसरा के जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं खण्डसरा पंचायत के पूर्व सरपंच अमरनाथ चक्रधारी 62 वर्षीय का आज हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के ही मुक्तिधाम में ही सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिवार खंडसरा ने निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए अपूरणीय क्षति होना बताया।

### श्रद्धा नायक



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर। ग्राम केसदा निवासी श्रीमती श्रद्धा नायक 44 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे भैरव नायक की पत्नी ,पायल,मुस्कान और भावेश की मां एवं डॉ.के.के.नायक की भाई बहू तथा कुलेश्वर नायक की बहू थी।

### श्रीमती रानी तिवारी



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर। श्रीमती रानी तिवारी का 1 अक्टूबर को रात्री 11.55 मे हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम मे किया गया। वे मैत्री नगर रिसाली फेस 1/72 सेमिनेंट पब्लिक स्कूल शक्ति विहार सडक 5 निवासी थी। सेवानिवृत्त बीसपी की शिक्षिका, सेमिनेंट वेल्फेयर सोसाइटी की अध्यक्ष, एकता महिला मण्डल की संरक्षिका व वरिष्ठ समिति की सदस्य, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच थी।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 275 ग्रामों का विकास विजन, विशेष ग्राम सभाओं में हुआ पारित

**कवर्धा,** 3 अक्टूबर। भारत सरकार का महत्वाकांक्षी च्चआदि कर्मयोगी अभियानज्ज आज कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत तितरी, बरेन्डा और खारा में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के साथ नई दिशा में आगे बढ़ा।

इन ग्राम पंचायत के ग्राम सभा मे भारत सरकार द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईपीएस एवं भारत सरकार के हाईफेड के प्रबंध संचालक एम. राज मुरूगन विशेष रूप से कबीरधाम पहुंचे। उनके साथ भारत सरकार से जिले के लिए नियुक्त श्रीमती विजय लक्ष्मी तारा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, आदिम जाति विकास विभाग से सहायक आयुक्त एल.पी. पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित इन सभाओं की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के तैलय चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। भारत सरकार द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईपीएस अफसर एम. राज मुरूगन सहित सभी अधिकरियो ने ग्राम सभाओं में अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर चौपाल का रूप दिया और सीधे संवाद किया। ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं और आकांक्षाओं को सामने रखा,जिनमें स्वच्छ पेयजल, पक्की सड़क, प्राथमिक विद्यालयों की बेहतर व्यवस्था, 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं, महतारी सदन निर्माण, सामुदायिक वन संसाधन पत्र, नदी पर पुल निर्माण, निर्बाध बिजली और नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग प्रमुख रही। राज्य नोडल अधिकारी श्री मुरूगन ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य है कि गांव की जरूरतें अब गांव वाले खुद तय करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम विजन योजना 2030 तैयार की जा रही है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत ढांचा और परंपराओं के संरक्षण जैसे सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की आकांक्षाओं को इस विजन योजना में जोड़ा जाएगा, ताकि गांव आत्मनिर्भर और विकसित बन सकें। उन्होंने आगे बताया कि अभियान में केंद्र सरकार के 17 मंत्रालयों की 25 गतिविधियाँ सम्मिलित हैं। कबीरधाम जिले के 275 गांव इस योजना में शामिल किए गए हैं—जिनमें बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, सहसपुर-लोहारा के 7 और कवर्धा ब्लॉक का 1 ग्राम है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि यह अभियान तीन स्तंभों पर आधारित है आदि कर्मयोगी, अधिकारी जो योजनाओं का अभिसरण और उत्तरदायी वितरण सुनिश्चित करते हैं। आदि सहयोगी, शिक्षक, डॉक्टर, युवा और शिक्षित आदिवासी, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और नवाचार तक पहुंच बनाते हैं और आदि साथी स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण, जनजातीय बुजुर्ग और सामुदायिक सूत्रधार, जो परंपराओं और स्थानीय ज्ञान को संरक्षित कर समाज को मजबूत करते हैं।

गांधी-शास्त्री जयंती पर आयोजित इन विशेष ग्राम सभाओं ने न केवल ग्रामीणों को अपनी बात सीधे रखने का अवसर दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उनकी समस्याएं और आकांक्षाएं अब भविष्य की योजनाओं का हिस्सा बनेंगी। संबन्धित ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, ग्रामीणजन, वरिष्ठ जन और भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहे।

# कुम्हारी में मां महामाया ट्रस्ट के द्वारा 30 फिट रावण के पुतले का किया गया दहन

**कुम्हारी,** 3 अक्टूबर। विजयदशमी का पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र के द्वारा अहंकारी रावण का वध कर लंका पर विजय पाने एवं असत्य पर सत्य की जीत व बुराई और अन्याय के समाप्ति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। गुरुवार को कुम्हारी में मां महामाया मंदिर प्रांगण के दशहरा मैदान में 30 फिट के रावण का दहन कर विजयदशमी का पर्व मनाया गया। रावण दहन कार्यक्रम इस बार मां महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए स्थानीय ही नहीं बल्कि आस-पास के गांव के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे जिन्होंने रामलीला मंचन के माध्यम से राम रावण के मध्य युद्ध एवं रामचरित मानस के संवादों का अनुसरण किया अंत में राम के द्वारा रावण के वध का मनमोहक दृश्य से दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए इस कार्यक्रम में दर्शकों ने रावण दहन साथ-साथ आकर्षक अतिशबाजी का भी लुत्फ उठाया।



**रामलीला समिति पुरानी हटरी का हुआ मंचन-**

नगर के प्रतिष्ठित रामलीला समिति द्वारा कार्यक्रम मंच पर रामलीला का मंचन किया गया जिसमें मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम द्वारा रावण वध का अत्यंत ही प्रभावशाली दृश्य मंचित किया गया । कलाकारों ने अपनी वेशभूषा और संवादों से दर्शकों का मन मोह लिया।

**मां महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य व स्थानीय वरिष्ठ नागरिक रहे उपस्थित-**

महामाया मंदिर प्रांगण में ट्रस्ट कमेटी के सदस्य व नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे जिसमें नारायण वर्मा, अशोक दीवान, रामाधार शर्मा, मनोज वर्मा, एवं राधेलाल यादव सहित रामलीला समिति के रामसिंग पाल एवं रोमनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण अंचल व नगर के दर्शकों ने दशहरा उत्सव का आनंद उठाया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### रामलीला, रावण दहन के साथ ...

को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता, भाईचारा, एवं मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाना होगा। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शहर में और भी कई स्थानों पटरीपार के वार्डो के अलावा बघेरा व अन्य स्थानों में भी रावण दहन के साथ दशहरा धूमधाम से मनाया गया।

### दुर्ग शहर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष...

जहां कांग्रेस के स्थापित नेताओं के चेहरों पर हवाईयां नजर आ रही है वहीं युवा नेताओं में उत्साह नजर आ रहा है। ये नेतागण कल की बैठठक में श्री लल्लू के सामने किस तरह के मामले उठा सकते है किन लोगों से मिलकर चर्चा कर सकते है और दुर्ग शहर जिला एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की ग्राउण्ड हकीकत किस तरह पेश की जायेगी इसे लेकर चिंतित भी नजर आ रहे है।

### पांच डिस्मिल से कम जमीन...

बाजार पर भी असर पर पड़ रहा है। किसानों व भूस्वामियों के प्लाट न बिकने से बाजार में धन का फ्लो भी काफी कमजोर पड़ गया है। इसका असर लगभर पूरे बाजार पर देखा जा रहा है।

### आदि शक्ति गरबा ग्रुप ...

.छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । प्रथम दिवस का शुभारंभ स्थापना एवं पूजा की गई। रंगोली प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम पंकज साहू द्वितीय तारणी सिन्हा तृतीय नेमा देवांगन ने प्राप्त किया । पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम तनुश्री देबनाथ द्वितीय नीशा परवीन तृतीय समीता महानंद ने प्राप्त की। उसके पश्चात भंडारा प्रसादी का विरतरण किया गया।

मेहँदी प्रतियोगित मे प्रथम पंकज साहू द्वितीय रूपाली सिन्हा तृतीय अमीशा यादव ने प्राप्त किया। चीज प्रतियोगिता में प्रथम अविनाश साहू द्वितीय दीपक उसेण्डीए तृतीय दुर्गा में प्राप्त किया।

तृतीय दिवस महाआरती में सम्मिलित दुर्ग के पूर्व विधायक अरूण वोरा, कॉलेज के प्राचार्य ए.के. सिंह एवं स्टाफ छात्र छात्राएं उपस्थित थीं । गरबा, सुवा गीतों का भी आयोजन हुआ। पुस्कार वितरण और महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई । आदिशक्ति गरबा ग्रुप के आयोजन में मंयक देशमुख, उसमान रजा, मुरली दरसेना, साहिल विश्वकर्मा, प्युष सिन्हा, मृदुल सिंग, सूरज मंडल कुणाल, दिपेश बंजारे, अभय, गुलमेश साहू, विकास ठाकुर, फीजा रजा, रिया दत्ता, तौहिद, ईशान शर्मा, यश, याचिका, शोमा वर्मा, सपना साहू, दाक्षी देशमुख, लक्ष्मी सोनी रिया निषाद मेघा यादव अर्पूवा रूची हरमुख, गौरव निषाद का विशेष योगदान रहा है।

### बारिश का न रूकना...

का कहना है कि अब बारिश नहीं बल्कि फसलों को धूप चाहिए। उससे ही फसल पककर कटने योग्य हो जायेगी। खेतों में भरा पानी सूखना चाहिए।

### निगम में किया गया...

विभिन्न वार्डो की सफाई के अलावा स्वास्थ्य शिविर लगाकर 857 लोगों को लाभ पहुंचाया गया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों में लगभग 4 हजार लोगों द्वारा जनसहयोग से श्रमदान किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव, हुई भव्य आतिशबाजी

**डोंगरगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे पूर्व मंत्री धनेश पाटीला वरिष्ठ कांग्रेस नेता ,मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मंचस्थ थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती बघेल ने असत्य पर सत्य की जीत की सभी उपस्थित लोगों को बधाइयां दी और कहा कि अभिमान के कारण रावण को प्रत्येक वर्ष जलाया जाता है। इसलिए हमें अभिमान से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने कहा कि नौ दिनों तक माता की उपासना सभी लोगों ने की है अब हमें अपने अंदर के विकार बुराइयों को दूर करने का वक्त है रावण ज्ञानी होकर भी सभी दृष्टि से कुशल व परिपक्व था फिर भी अभिमान ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। भगवान राम को आदर्श बताते हुए उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम हमारे आदर्श हैं और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। दशहरा पर्व की सभी को बधाइयां देते हुए मंगल कामना की। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विष्णु लोधी पूर्व मंत्री धनेश पाटीला मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने भी संबोधित किया । समिति के अध्यक्ष रघुवर अग्रवाल ने दशहरा उत्सव की प्रस्तावना रखी । कार्यक्रम का संचालन संतोष टेमरे व आभार प्रदर्शन संरक्षक मनोज भंडारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर बिंदल दौलत मिश्रा अक्षय भंडारी किशन अग्रवाल राजेश भूत सुनील यादव दविंदर सिंह भाटिया हरीश भंडारी श्याम भूत मनमोहन अग्रवाल कन्हैया अग्रवाल का भरपूर सहयोग रहा।



**निकली भगवान की शोभायात्रा——** भंडारपुर से आई भजन मंडली ने रामायण का सजीव चित्रण किया भगवान राम लक्ष्मण जानकी व हनुमान के पात्रों ने सजीव चित्रण कर राम रावण युद्ध खेला और रावण के पुतले को अग्निबाण से भेदकर उसका अंत किया। तत्पश्चात भगवान राम की आरती उतारी गई दशहरा मैदान से भगवान की शोभायात्रा सब्जी मंडी गोल बाजार जैन मंदिर मार्ग भंडारी चाल जयस्तंभ चौंक होती हुई मारवाड़ी धर्मशाला जाकर समाप्त हुई ।

बैंड बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा का स्वागत जगह-जगह किया गया लोगों ने भगवान की आरती उतारी प्रसाद का वितरण किया गया। मारवाड़ी धर्मशाला जाकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

**जमकर हुई आतिशबाजी——** दशहरा मैदान में आतिशबाजी का नायाब नमूना देखने को मिला शाम 7 बजे से ही समिति के लोग आतिशबाजी करते रहे जिसे देखने बड़ी भीड़ जुटी यह आतिशबाजी 8ऱ्30 बजे तक अनवरत चलती रही। जिसने दशहरा उत्सव को खास बना दिया। बडी़ संख्या में लोग हाई स्कूल मैदान में उपस्थित हुए। एक दूसरे को सोनपत्ती देकर दशहरा की बधाइयां देते नजर आए।

# ग्राम जिया में रामलीला मंचन एवं 21 फीट का रावण दहन



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजयदशमी के अवसर पर जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम जिया में ग्रामीण युवकों के द्वारा निस्वार्थ भाव से 21 फीट का रावण का पुतला तैयार किया गया, जो पिछले 42 वर्षों से नियमित रूप से चला आ रहा है इस परंपरा को ग्राम के बच्चे, युवा तथा बड़े बुजुर्ग सभी आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाए हुए हैं । व्यास देव के रूप में श्री राजकुमार वर्मा के सतत प्रयासों से ग्राम के बच्चों को रामलीला का मंचन सिखाया जाता है इससे बच्चों में नैतिक गुणों का विकास हो रहा है, इस मंचीय कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में साहाराम वर्मा, अध्यक्ष, रामायण समिति, उज्जवल वर्मा, शिवकुमार साहू, राधे साहू, सुखराम वर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, भुवन चौहान आदि सतत रूप से सहयोग प्रदान करते हैं इस अवसर पर रामायण के प्रमुख पात्र के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की भूमिका में दयाराम साहू, लक्ष्मण के रूप में तामेश्वर पाल, हनुमान जी के रूप में प्रकाश विश्वकर्मा, लंकापति रावण के रूप में संदीप तिवारी जी, विभीषण के रूप में राजेंद्र वर्मा, आशीष वर्मा, दीपेश वर्मा, गीतांशु वर्मा, रोशन वर्मा, आकृत साहू आदि के अथक प्रयासों से कार्यक्रम सफल रहा। इस अवसर पर विशेष रूप से रावण का पुतला बनाने में उतरा वर्मा, सनत वर्मा, भोजेन्द वर्मा, आत्मा वर्मा, मनोज वर्मा, किशुन यादव ( कोंदा ), दिनेश वर्मा, टेकन वर्मा आदि विशेष सहयोग प्रदान किए और जिया ग्रामवासियों के साथ साथ आसपास के गांव जैसे बहिंगा, करही, जेवरा, पथर्रा, डोकला, ताला, अर्जूनी आदि गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर बुराई पर अच्छाई की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक रूपी इस विजयादशमी के त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया, इस तरह इस संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए बच्चों को तमाम बुराईयों का अंत करके अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किए।

## बिजली कार्यालय का घेराव तालाबंदी कार्यक्रम आज

**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। समस्त कांग्रेस साथियों को सूचित किया जाता है कि भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि की गई है ।भाजपा की मुनाफाखोरी नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली खरीदना पड़ रहा है , बढे बिजली बिल से जनता परेशान हो गई है जिसके विरोध मे कल दिनांक 4 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व मे कांग्रेस भवन से रैली की शक्ल मे बेमेतरा बिजली ऑफिस का घेराव कर तालाबंदी किया जाएगा ।



# योगेश तिवारी बेरला कुसमी ,देवादा, मौली और कडंरका के दशहरा महोत्सव में हुए शामिल

■ सत्य और धर्म की विजय का दिया संदेश



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने विजयादशमी (दशहरा) पर्व के अवसर पर जिलेभर में आयोजित रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर नगर व ग्रामवासियों को शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान वे दो दर्जन से भी अधिक जगहों पर दशहरा महोत्सव पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक तथा रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए।

योगेश तिवारी ने बेरला नगर पंचायत, कुशमी नगर पंचायत, ग्राम पंचायत कडंरका एवं मौली नेवनारा में हुए विजयादशमी महोत्सवों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी स्थानों पर लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया और उनके साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कीं।

अपने संबोधन में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि दशहरा का पर्व हमें यह सिखाता है कि असत्य और अधर्म चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। यह पर्व हमारे जीवन को दिशा देने वाला है, क्योंकि यह हमें सदाचार, साहस और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने आगे कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हम सभी आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हों और सांस्कृतिक धरोहरों को संजोए रखें। हमारा समाज तभी सशक्त बनेगा जब हम सब मिलकर एक-दूसरे का सम्मान करेंगे और एकता व सद्भाव के साथ आगे बढ़ेंगे।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों की खुशियाँ केवल एक दिन तक सीमित न रहें, बल्कि इनके माध्यम से हमें समाज में सद्भावना भाईचारा और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना चाहिए।

कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और महिलाएँ उपस्थित रहीं। नगर बेरला में आयोजित भव्य दशहरा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश तिवारी के अलवा शामिल होने वाले अन्य गणमान्य व्यक्तियों में पूर्व विधायक अध्यक्ष सिंह चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरे, भाजपा बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक आशीष सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद शिवझड़ी सिन्हा, नितेश सोनी, यतीश द्विवेदी, अमृत महेश्वरी, राजकुमार, राजेश दुबे, मानक चतुर्वेदी, कुमार सिन्हा, मनोज वैष्णो , हितेश निर्मलकर, विक्की ओगरे, गोल्डी द्विवेदी, बलराम यादव, साहिल तथा ग्राम देवादा में शामिल होने वाले अतिथियों में ताकेश्वर साहू, तुषार राजपूत, विलकंड साहू, विनोद साहू, गजानंद साहू, राजू साहू, सत्तू साहू, श्यामसुंदर साहू, संजू साहू, नारायण साहू, चंदन साहू, टोमन साहू एवं नगर कुसमी में हुए भव्य दशहरा महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष राधेश्याम देवांगन, पार्षद देवा साहू, सुरीत साहू,मोतीरामराम साहू, यशवंत मंडल शामिल हुए। इन गावों में लोगों की भारी भीड़ जुटी और जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक रावण दहन कार्यक्रम का आनंद लिया।

लोगों से आत्मीय संवाद करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि विजयादशमी केवल एक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का संदेश है। यह हमें सिखाता है कि जब हम संगठित होकर किसी भी बुराई का सामना करते हैं तो जीत निश्चित रूप से हमारी होती है।

# पिरदा भिंभौरी दुर्गा उत्सव पंडाल में शामिल हुए आशीष छाबड़ा



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा जय महाकाल दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा रखे गए दुर्गा पंडाल पर पहुंचे जहां उन्होंने मां दुर्गा का दर्शन कर विधि विधान से पूजन किया एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए माता से आशीर्वाद मांगा जय महाकाल दुर्गा से समिति व्यापारी संघ द्वारा इस अवसर पर सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ लोक कला मंच रंग सरोवर का भी कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आशीष छाबड़ा शामिल हुए इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना हम सभी नवरात्र पर्व के अवसर पर करते हैं हम विभिन्न रीतियों के माध्यम से माता को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं जिससे हमें माता का आशीर्वाद प्राप्त हो सके यह न केवल एक शक्ति आराधना का पर्व है बल्कि आपसी सौहार्द जीवन में संयम अनुशासन का भी एक मिला-जुला रूप है जिसे हमें आत्मसात करना होता है मां दुर्गा की आराधना से न केवल हमें आध्यात्मिक संतुष्टि ही मिलती है बल्कि जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार होता है इससे समाज में आपसी सद्भावना और भाईचारा भी बढ़ता है मैं आयोजन समिति को अपनी ओर से साधुवाद ज्ञापित करते हुए शुभकामना देता हूं कि उन्होंने पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा का कार्य किया है और बहुत ही सफल आयोजन इस मां दुर्गा पंडाल के माध्यम से संपन्न होने जा रहा है इस अवसर पर रवि परगनिहा शुभम वर्मा प्रांजल तिवारी चंद्रविजय धीवर मोनल सिन्हा निहाल परगनिहा रवि साहू विवेक राजपूत नारायण चेलक दुखम लाल साहू कृष्णा चतुर्वेदी चंद्रहास वर्मा प्रकाश यादव गंगा प्रसाद निषाद रामेश्वर ध्रुव दिलीप टिकरिया संजय परगनिहा प्रकाश यादव समिति के सदस्य सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# कांग्रेस भवन बेमेतरा में मनाई गई बापू की जयंती



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस भवन एवं राम मंदिर प्रांगण में गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई अपनी ओर से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने दोनों नेताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज सब मुझे विश्व में जिस तरीके के हालात चल रहे हैं उसमें सर्वाधिक किसी विचारधारा की प्रासंगिकता है तो वह महात्मा गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता महात्मा गांधी न केवल एक व्यक्ति थे बल्कि एक विचार थे जो सदियों तक मानवता को जीवन का एक रास्ता दिखायेंगे आजादी की लड़ाई कोशिश शांति और अहिंसा के मार्ग से उन्होंने जीता आज समूचा विश्व उसी रास्ते पर चलने की सोच रहा है महात्मा गांधी आज केवल भारत ही नहीं पूरे विश्व के सर्वमान्य नेता है जिनके विचार समान रूप से संपूर्ण विश्व में स्वीकार किया जा रहे हैं इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दिनेश पटेल जिला अध्यक्ष सेवादल मनोज शर्मा ऋषि वर्मा मिथलेश वर्मा मोहित भावसिंह राज वर्मा नीलेश ठाकुर राजेन्द्र वर्मा राजकुमार निषाद राजकुमार बंजारे जयप्रकाश तोकेश्वर साहू धरम वर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# सिंघ साहेब की बैठक में राजा छाबड़ा शामिल हुए

**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि तख्त पटना साहिब के कॉन्फ्रेंस हॉल में सिंघ साहिब तख्त साहिब के मुख्य जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह जी एवं पांच प्यारे सिंघ साहिबान जी के साथ छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज जिला बेमेतरा अध्यक्ष हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा, सिक्ख समाज बेमेतरा संगत, की विशेष बैठक हुई ।



इस अवसर पर सिंघ साहिब तख्त साहिब के मुख्य जत्थेदार बलदेव सिंघ ने छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के बेमेतरा जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा जी को सम्मानित किया गया।

बेमेतरा के वरिष्ठ समाज सेवक इंदर सिंह दत्ता जी को भी सम्मानित किया गया, प्रिंस दत्ता, यश सिंह सलूजा , गुरप्रीत कौर शैली छाबड़ा, वरिष्ठ कुलदीप कौर दत्ता, राजा सचदेव, संतोष सिंघ सलूजा, सहित बेमेतरा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के सिक्ख संगत, बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बैठक में समाजिक मुद्दों, धर्म प्रचार और संगत , सिक्ख समाज बेमेतरा की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ।

संगत की एकता और गुरु की रहमत से छत्तीसगढ़ सिख समाज निरंतर सेवा और धर्म प्रचार की राह पर अग्रसर है।

बैठक के बाद तख्त पटना साहिब के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला अध्यक्ष हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा एवं वरिष्ठ समाज सेवक इंदर सिंघ दत्ता जी ने सिंघ साहिबान ज्ञानी बलदेव सिंघ जी को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया, यश सिंघ सलूजा संतोष सिंघ सलूजा, गुरप्रीत कौर शैली छाबड़ा, प्रिंस सिंघ दत्ता ने तख्त साहिब के पांच प्यारे सिंघ साहिबान को शाल भेटकर सम्मानित किया

तख्त पटना साहिब के मुख्य जत्थेदार सिंघ साहिबान ज्ञानी बलदेव सिंघ ने हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा इंदर सिंघ दत्ता को आभार व्यक्त किया और कहा हर साल संगत को छत्तीसगढ़ से पटना साहिब दर्शन यात्रा के लिए लाइए और कहा गुरु गोबिंद सिंघ महराज आपसे सेवा करवाते रहे।

# महावीर चौक की मातारानी का शोभायात्रा के साथ किया विसर्जन

**थानखम्हरिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र के समापन अवसर पर ग्राम बरगा के महावीर चौक बजरंग पारा में स्थापित मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।



परंपरागत छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुसार गुदुम बाजा की गूंज और भक्तिमय वातावरण में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। माताजी विसर्जन से पूर्व मातारानी की प्रतिमा को गांव के प्रमुख मार्गों संतोषी चौक, पुराना बाजार चौक, गौठान पारा, बस स्टैंड, पटेल पारा सहित विभिन्न गलियों से भ्रमण कराया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी और दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात माता को नदी किनारे ले जाकर विसर्जन किया गया।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता की विदाई के क्षण भावुक दृश्य देखने को मिले। ग्रामीणों ने पारंपरिक गीत-संगीत के साथ माता को विदाई दी।

इस अवसर पर धर्मेन्द्र वर्मा, राजेश तिवारी, मुकेश वर्मा, राजेश वर्मा, डोमार वर्मा, पुनाराम वर्मा, अजय वर्मा, रामदयाल निर्मलकर, लक्की वर्मा, विजय वर्मा, अशोक वर्मा, राजा अंगिरा, पंकज निर्मलकर, गोलू साहू, सम्मन वर्मा, दादु वर्मा, गनपत वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव

■ लोकगायिका कंचन जोशी की प्रस्तुति में उमड़ी भीड़





**थानखम्हरिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में पूरे उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया। प्रातः ग्राम देवता पूजन किया गया। शाम को अखाड़ा प्रदर्शन के बाद रावण दहन, रात्रि में कवि सम्मेलन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बारिश के बावजूद लोगों के उत्साह में कमी नहीं आयी।

शाम को श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर से निशान यात्रा निकली। महंत श्री बसंत बिहारी दास, नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी की अगुवाई में ढोल नगाड़ा के साथ बजरंग अखाड़ा उत्सव समिति कवर्धा द्वारा शौर्य प्रदर्शन करते हुए निशान यात्रा निकाली गई। जगह-जगह तलवार, चक्र, भाला, डण्डा चालन का प्रदर्शन किया गया। हजारों लोगों ने अखाड़ा प्रदर्शन के शौर्य को देखा तथा इसकी सराहना की। रथ पर भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, वीर हनुमान की झांकी निकाली गई। दशहरा मैदान में रावण, मेघनाथ, कुंभकरण का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। दशरहा मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन अतिशबाजी के साथ किया गया। रात्रि में भारतमाता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कवि सम्मेलन व लोक गायिका कंचन जोशी का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हजारों की भीड़ जुटी। पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम का संचालन आशीष राज सिंघानिया, अनीश अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर विधायक ने कहा यह दिन सत्य की असत्य पर और नेकी की बुराई पर जीत का प्रतीक है। नगर व क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना की। भारी भीड़ के बीच सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस मौके पर राजेश ठाकुर, चंदन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, अनिल सिंघानिया, घनश्याम सिंह राजपूत, मुन्ना सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, घसिया निषाद, आदर्श जोशी, रामस्नेही नामदेव, नेहा भैया राम लहरे, चेतन सिन्हा, वीरेंद्र सिन्हा पार्षद, मनीष रात्रे, ओम पाल, राजेश राजपूत, पुन्नी तोरण यादव, हेमंत साहू, आशीष बंसल आदि उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर लगाया गया

**थानखम्हरिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर कार्यक्रम भाजपा मंडल खमरिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। रक्तदान करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, पारस योगी, सोनू शर्मा, वासु बैंस, रोहित भारती द्वारा रक्तदान किया गया। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमचंद कोटरानी, डॉ. मनीष ठाकुर, कुलेश्वरी साहू सिस्टर के मार्गदर्शन वह देखरेख में 20 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर, सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने बताया, रक्तदान महादान है। और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है। डॉ. प्रेमचंद कोटरानी ने बताया, कि एक नई रिसर्च के मुताबिक, नियमित रक्तदान करने से कैंसर अन्य गंभीर बीमारियों से भी बचा जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश ठाकुर, चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, केशव पटेल, घनश्याम सिंह राजपूत, आदर्श जोशी, राजेश सिंघानिया, सोनू शर्मा, वासु बैंस, पारस योगी, ओम पाल, गणेश पटेल, सेवाराम साहू, चितरेन साहू, रोहित भारती उपस्थित थे।



# पंडरिया दशहरा उत्सव में शामिल हुई भावना बोहरा

■ कहा प्रभु श्रीराम के आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं

■ विजयादशमी का पर्व हमें अपने अंदर निहित अहंकार को दूर कर सबकी सेवा,सत्कार एवं भाईचारे के लिए प्रेरित करता है:भावना बोहरा



**कवर्धा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। माँ महामाया दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा के उपलक्ष्य में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मैदान में दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया किया। आयोजन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और सभी को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी तथा इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति तथा नगरवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका सीमा कौशिक द्वारा भक्तिमय भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई जिसमें हजारों की संख्या में नगर व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें और अधर्म पर धर्म व असत्य पर सत्य की जीत के इस महापर्व को भव्य रूप से मनाया। भावना बोहरा ने भी संबोधित करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि श्रीराम जी के आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

भावना बोहरा ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें अपने अंदर निहित अहंकार को दूर कर सबकी सेवा,सत्कार एवं भाईचारे के लिए प्रेरित करता है। आज प्रभु श्रीराम जी के आदर्शों और उनके मार्गों का अनुसरण करके हम पंडरिया विधानसभा की सुख-समृद्धि एवं नगरवासियों की खुशहाली के लिए निरतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहें हैं वहीं विकास कार्यों और अधोसंरचन निर्माण जैसे कार्यों से पंडरिया विधानसभा को विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करने हर संभव प्रयास कर रहें हैं। कांग्रेस के शासन में 5 वर्षों तक हमारा पंडरिया विधानसभा उपेक्षित रहा, विकास कार्यों के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ, काम के बदले कमीशन का खेल खुलेआम चला, जनता की सुविधाओं को दरकिनार किया गया लेकिन जनता ने भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाकर सुशासन का सूर्योदय किया जिसका प्रत्यक्ष परिणाम आज जनता के सामने है। अन्धकार से उजाले की ओर हमारा पंडरिया विधानसभा अग्रसर हुआ हैं जहाँ विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं, जनहित की योजनाओं ने इसे समृद्ध बनाया है।

उन्होंने आगे कहा कि विजयादशमी का पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक है। दशहरा, जिसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है, बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। यह वह दिन है जब प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना की थी। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की राह पर चलते हुए, चाहे कितनी भी विपत्तियाँ आएँ, अंत में विजय सत्य की ही होती है। रावण, जो विद्या, शक्ति और वैभव में अतुलनीय था, अपने अहंकार और अधर्म के कारण परास्त हुआ। यह पर्व हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि हम अपने जीवन में उन बुराइयों, जैसे लालच, क्रोध, अहंकार का अंत करें और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाएँ। दशहरा केवल धार्मिक उत्सव तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक उत्साह का प्रतीक भी है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन एक ऐसी मिसाल है, जो हर युग और हर समाज के लिए प्रासंगिक है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में हर भूमिका,पुत्र, भाई, पति, राजा और योद्धा को पूर्ण निष्ठा और नैतिकता के साथ निभाया। उनके जीवन से हम सभी कर्तव्यनिष्ठा, न्याय और समानता, सहनशीलता और धैर्य एवं सामुदायिक एकता जैसे गुणों को अपनाकर शिक्षा और जागरूकता,आर्थिक समृद्धि,सामाजिक समरसता एवं सुशासन स्थापित करने के लिए निरन्तर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का सामूहिक प्रयास करें।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, जनपद सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, माँ महामाया दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# थाना परिसर में पुलिस जवानों ने शस्त्र पूजन किया



**थानखम्हरिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजयदशमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्षा अनुसार थाना परिसर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी चंद्र देव वर्मा के उपस्थित, में आयोजन किया गया। विधि विधान के साथ शस्त्रों की पूजा अर्चना की गई। शस्त्र पूजन के माध्यम से सुरक्षा और न्याय की कामना की गई। यह आयोजन विजयदशमी के पावन अवसर पर समाज में शांति सोहाद्र को बढ़ावा देने को उद्देश्य किया जाता है। पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सभी हथियारों को सजाया जाता है। इनकी प्रदर्शनी लगाई जाती है। यह एक नियमित परंपरा है, जिससे प्रत्येक दशहरा के दिन निभाया जाता है। इस मौके पर पूरा स्टाफ मौजूद थे।

# म्युनिस्पल स्कूल में रावन दहन और आतिशबाजी देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक


■ छत्तीसगढ़ जय् जन महोत्सव समिति के आयोजन में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़

**राजनांदगांव,** 3 अक्टूबर। विजयादेशमी के अवसर पर जनमहोत्सव समिति द्वारा म्युनिस्पल स्कूल में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को द-रु39र्याकों की भीड़ ने यादगार बना दिया। कार्यक्रम को देखने मैदान के अलावा फ्लाई ओवर के ऊपर व मैदान के आस पास की बिल्डिंगों में खचाखच भीड़ रही। कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड सिंगर असीस कौर ने अपनी परफॉर्मेंस से संस्कारधानी के लोगों को -हजयूमने पर मजबूर कर दिया। ग्राउंड में जब सिंगर असीस कौर ने अंख लड़ जावे, सारी रात नींद न आवे गाना गाया, तब दर्शक दिर्घा ने भी उनका साथ दिया और उनके साथ गाना गाया। कार्यक्रम की शुरूआत असीस ने दिल चैन कहीं न आवे गाने से की, इसके बाद बेखयाली में भी तेरा ख्याल आए, जां निसार है, जुगनी जी गीत गया। परफॉर्मेंस के दौरान राता लंबिया लंबिया.., वे कमलया, तू है तो मु-हजये फिर और क्या चाहिए, चोट दिल में लगी प्यार होने लगा, तेरी बातों में ऐसा उल-हजया जिया..., एक से ब-सजय्कर एक बॉलीवुड गाने गाए। कार्यक्रम में देर रात तक दर्शक बॉलीवुड नाइट में असीस कौर के गानों पर -हजयूमते रहे। इस बीच आक-ुनवजर्याक आति-रु39याबाजी और भक्ति गीत के बीच मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने रिमोट के जरिए 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ रमन सिंह ने छत्तीसग-सजय् जनमहोत्सव समिति के आयोजन की जमकर सरहाना की।

उन्होंने जनमहोत्सव के लगातार 18वें सफल आयोजन के लिये जन महोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी सहित उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि -रु39याहर की जनता के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति के सदस्यों ने विजय द-रु39यामी के सुन्दर उत्सव को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। इसके चलते आयोजन इतना भव्य रूप ले सका है। इसके पीछे आयोजन समिति का उत्साह और आम जनता का प्रोत्साहन है जो इतनी बड़ी संख्या में इस पावन उत्सव को देखने आई है।

कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेन्द्र गोलछा सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी ि-रु39यारकत की। आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने






समिति के बैनर तले विगत 18 व-ुनवजर्याों से आयोजित किए जा रहे विजयाद-रु39यामी महोत्सव कार्यक्रम को -रु39याहर व जिले की जनता से मिल रहे बेहतर प्रतिसाद के लिए जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसग-सजय् जनमहोत्सव समिति के आयोजन की यात्रा 2008 में शुरू हुई थी, अब यह आयोजन 18 वर्ष का हो चुका है, यानि बालिग हो गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में छत्तीसग-सजय् जन महोत्सव समिति इससे भी भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी। श्री कोठारी ने व्यवस्था में सहयोग के लिए जिला व पुलिस प्र-रु39याासन, विद्युत विभाग, नगर निगम, मिडिया तथा समिति के सदस्यों एवं सभी सहयोगियों का आभार जताया।

### अनुशासित दिखे दर्शक, कार्यक्रम को सराहा

कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि असीस को सुनने दुर्ग, भिलाई, कवर्धा व बालोद के संगीत प्रेमी भी नांदगांव पहुंचे थे। -रु39याहर के लोग कार्यक्रम में शामिल होने तय समय से पहले ही कार्यक्रम स्थल पहुंच गए। म्युनिस्पल स्कूल मैदान में -रु39यााम छह बजे से ही लोगों की भीड़ जुटनी -रु39युारू हो गई थी। सा-सजये सात बजे तक मैदान ठसाठस भर गया। बैठक व्यवस्था के लिए लगाई गई कुर्सियों के भर जाने के बाद लोग बेरिकेटिंग के अंदर और बाहर अनुशासित -सजयंग से खड़े हो कर कार्यक्रम का लुत्फउठाते रहे। लोगों को जहां जगह मिली, वहीं से कार्यक्रम का मजा लेने लगे। मैदान के आसपास के भवनों की छतों और फ्लाई ओवर के ऊपर खड़े होकर लोगों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। द-रु39र्याकों की सुविधा के लिए आयोजन समिति के द्वारा की गयी व्यवस्था की लोगों ने जमकर तारीफकी।

### भीड़ के आगे मैदान छोटा, बड़े मैदान की चिंता

डॉ रमन सिंह कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ रमन सिंह ने लोगों से मिले अपार स्नेह को देख श्री सिंह भी गदगद हो गए और उन्होंने सभी के प्रति अपना आभार जताया। उन्होंने कहा कि छत्तीस-सजय् जन महोत्सव समिति अब युवा हो गयी है और इस समिति के आयोजन को लोगों का मिल रहा अपार समर्थन ही सफल बनाता है। मैदान में खचाखच भरी भीड़ देखकर उन्होंने कहा कि आज शहर का सबसे बड़ा मैदान भी छोटा लग रहा है। ऐसे में भविष्य के लिए उन्हें बड़े मैदान की चिंता हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि द-रु39याहरे के अवसर पर आपके बीच होना आपके द-रु39र्यान करना हमे-रु39याा मु-हजये सुकून देता है। भगवान श्री राम की आराधना कर सदियों से चल रही इस परंपरा के निर्वाह का हिस्सा बनना हमे-रु39याा मु-हजयमें गहरी अनुभूति भरता है। -रु39याहर में द-रु39याहरा पर्व का इतना व्यवस्थित आयोजन और इतना सुखद माहौल मु-हजये हमे-रु39याा सुख प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि लोगों की द-रु39याहरा मैदान में भारी संख्या में उपस्थिति यह बताती है कि हम अपनी परंपरा को लेकर कितने सजग है। मेरा दृ-सजय् वि-रु39यवास है कि यह आयोजन और भव्य रूप लेगा।

### रिमोट से रावण दहन, ए आई तकनीक की आतिशबाजी ने

लोगों का मन मोहा म्युनिस्पल स्कूल में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में डिजीटल इंडिया की -हजयलक देखने को मिली। यहां सीएम ने रावण के पुतले का दहन रिमोट से किया। कार्यक्रम के दौरान राम, लक्ष्मण और हनुमान के साथ मुख्यमंत्री ने जैसे ही रिमोट का बटन दबाया रावण का पुतला धूं-ंउचयधूं कर जलने लगा। लोगों को रावण दहन का यह नया प्रयोग बेहद पसंद आया। कार्यक्रम के दौरान मुंबई से पहुंची टीम ने जबरदस्त एआई कम्प्यूटराजाईज्ड आति-रु39याबाजी का नजारा पे-रु39या किया। एआई तकनीक से लैश आका-रु39याीय आति-रु39याबाजी ने इस बार द-रु39र्याकों को काफी प्रभावित किया।

# राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी पर कांग्रेस आक्रोशित

## एफआईआर की मांग को लेकर थाने पहुंचे कार्यकर्ता

**खैरागढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक और हिंसक बयान ने राजनीतिक हलकों में गहरी चिंता और आक्रोश उत्पन्न कर दिया है। केरल भाजपा के प्रवक्ता पिंटू महादेवन द्वारा एक टेलीविज़न चैनल पर दिए गए बयान के विरोध में खैरागढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया।




महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर खैरागढ़ की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने थाना खैरागढ़ पहुंचकर थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने इस बयान को लोकतंत्र, संविधान और सार्वजनिक जीवन की मर्यादाओं के खिलाफ बताया।

विधायक वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक जनप्रतिनिधि के प्रति इस प्रकार की भाषा न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि यह पूरे लोकतांत्रिक तंत्र पर एक प्रकार का मानसिक हमला है। हम अपेक्षा करते हैं कि कानून इस पर संज्ञान ले और उचित कार्यवाही हो। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि ऐसे वक्तव्य समाज में नकारात्मक वातावरण उत्पन्न करते हैं और राजनीतिक असहमति को हिंसा की दिशा में ले जाने का प्रयास करते हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह मांग की कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल एफआई आर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने प्रशासन को यह भी अवगत कराया कि यदि इस विषय पर शीघ्र और सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो कांग्रेस इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश कांग्रेस सदस्य निलंबर वर्मा, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया,अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, यतेंद्र जीत सिंह, राधेश्याम यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविन्द्र सिंह गहरवार, सूर्यकान्त यादव, रिंकू महोबिया सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विधायक यशोदा बोलीं बुजुर्ग हमारे जीवन की सच्ची पाठशाला

**खैरागढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा सांस्कृतिक भवन, खैरागढ़ में वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खैरागढ़ की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने शिरकत की और वरिष्ठ नागरिकों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जरूरतमंद वरिष्ठजनों को छड़ी, चश्मा, श्रवण यंत्र (कान की मशीन) सहित कई उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई, जिससे उनकी दैनिक ज़िंदगी में सहूलियत मिल सके। अपने आत्मीय एवं प्रेरक संबोधन में विधायक वर्मा ने कहा इंसान उम्र से नहीं, मन से वृद्ध होता है। हमें अपने मन को सदैव जवान और सकारात्मक बनाए रखना चाहिए। बुजुर्गों का जीवन हमारे लिए जीवंत पाठशाला है, जिनसे हम अनुभव, धैर्य, और जीवन की असल समझ सीखते हैं।



उन्होंने बुजुर्गों के सम्मान और देखभाल पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा एक माता-पिता जहां दस बच्चों का पालन-पोषण कर लेते हैं, वहीं आज यह देखना दुखद है कि कई बार दस संतान मिलकर भी एक बुजुर्ग माता-पिता की सेवा से कतराते हैं। यह सोचनीय विषय है। यशोदा वर्मा ने वरिष्ठजनों को संस्कृति और अनुभव की धरोहर बताते हुए कहा कि बुजुर्ग केवल परिवार के मुखिया नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों के आधार स्तंभ हैं। उनकी मेहनत, त्याग और आशीर्वाद की बदौलत ही आज की पीढ़ी आगे बढ़ रही है।

उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के किसी भी वरिष्ठ नागरिक की समस्या को वे अपनी निजी जिम्मेदारी मानकर समाधान करेंगी। अंत में उन्होंने कहा जिस घर में बुजुर्गों का आशीर्वाद होता है, वहाँ सुख, समृद्धि और शांति स्वत: निवास करती है। बुजुर्गों का सम्मान हमारी संस्कृति भी है और कर्तव्य भी।

# गांधी जयंती पर विधायक यशोदा वर्मा ने किया माल्यार्पण

## गांधी के विचार आज भी देश की सबसे बड़ी ताकत

**खैरागढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम स्थल पर महात्मा गांधी अमर रहें के नारों के साथ माहौल गांधीमय हो गया। उपस्थित जनों ने मौन व्रत रखकर सत्य, अहिंसा, सेवा और स्वराज के महान सिद्धांतों को स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने कहा महात्मा गांधी का जीवन एक प्रेरणा है उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए हमें स्वतंत्रता दिलाई। आज जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे समय में गांधी जी के विचार ही हमें भाईचारा, शांति और समानता की राह दिखाते हैं। उनकी शिक्षाएं न केवल राजनीति बल्कि हमारे निजी जीवन में भी मार्गदर्शक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गांधी जी का ग्राम स्वराज का सपना और उनका स्वच्छता का संदेश आज के भारत में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने युवाओं से गांधी के दिखाए रास्ते पर चलने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित गणमान्य जनों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, यतेंद्र जीत सिंह, राधेश्याम यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविन्द्र सिंह गहरवार, सूर्यकान्त यादव, रिंकू महोबिया, सूरज देवांगन, शेखर दास वैष्णव, कन्हैया रजक, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, हरिदर्शन ढीमर, राजा लहरे, राहुल बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ग्राम पंचायत कोपेड़बरी में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'एक पेड़ - मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण

**थानखम्हरिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत कोपेड़बरी में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'एक पेड़ - मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथि एवं पदाधिकारीगण मंडल महामंत्री घनश्याम सिंह ठाकुर , हरदत्त साहू सरपंच ,उत्तरा लालजी उपसरपंच, निलेश चन्द्रवशी साहब, शिक्षक गण,थलेश साहू सचिव,गंगदेव साहू रोजगार सहायक, सन्तोष सिंह , रूपसिंह , मन्नू साह , बनऊराम साहू , लीलाराम बेद राम साहू, माहरा साहू, नंदलाल चंद्राकर कुमार चंद्राकर मालिक राम साह जितेन्द्र सिंह राजपूत चैतू चंद्राकर उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता भी शामिल होकर अभियान को सफल बनाया।



# खराब मौसम के बावजूद दशहरा में राजा को देखने और मिलने पहुंचे हजारों लोग

**सहसपुर लोहारा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सहसपुर लोहारा का सुप्रसिद्ध दशहरा का उत्सव इस बार भी अपनी परंपरा एवं अपने ऐतिहासिक रीति रिवाजो के साथ सैकड़ो गांवो के ग्रामीणों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 9 दिनों के विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों एवं रीति रिवाजो का पालन करते हुए राजा खड़गराज सिंह जब राजमाता एवं अपने कुल देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए हजारों ग्रामीणों के साथ अपने महल से पूरी आन, बान और शान के साथ निकले तों लोगो में उनकी एक झलक देखने की जो ललक महिला, पुरुषो और बच्चो में दिखी उसे शब्दों में कहना आसान नहीं। दो वाहनों में निकली उनकी यात्रा में एक सुसज्जित रथ नुमा वाहन में राजा खड़गराज सिंह अपने राजपुरोहित पंडित द्वारिका प्रसाद दुबे के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित कैलाश दुबे एवं दशहरा समिति के अध्यक्ष किसन सोनी के साथ सवार थे। वही दूसरे वाहन में सहसपुर लोहारा रियासत के गांवो से पहुँचे वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक थे। वही डोले में राम जी देवी देवताओं के साथ सवार थे साथ में निशान और सहसपुर लोहारा राज का प्रतीक के साथ पारम्परिक वाद यंत्रो के साथ हजारों की संख्या में लोग नगर भ्रमण के लिए निकले जहाँ राजा खड़्गराज सिंह ने लोगो का अभिवादन किया एवं नगर के देवी देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर राजा की यात्रा राजमहल से होते हुए जमातपारा स्थित श्री राधकृष्ण मंदिर पहुंचा जहां जमात के महंत गोविंद दास ने स्वागत कर राजा जू से श्री कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर से देव निशान को यात्रा में सम्मिलित किया। इसके बाद राम जी एवं राजा की सवारी चांदनी चौक, महावीर चौक, महाराणा प्रताप चौक, राउतपारा होते हुए रावण भाठा पहुंची जहाँ 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले को पूरी धार्मिक क्रिया करने के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। जहाँ आतिशबाजी कर असत्य पर सत्य की जीत का जश्न मनाया गया इसके पश्चात रामजी की आरती एवं दिकबन्धन और अन्य आवश्यक धार्मिक और परम्परागत रीति पूर्ण करके राजा का काफिला वापस राजमहल मार्ग से राजमहल पहुंचा। जिस प्रकार का उत्साह, जुनुन राजा से मिलने, राजा को दशहरा पर्व की बधाई देने, राजा को नारियल - पैसा और उपहार भेंट करने के लिए लोगो में दिखाई दी वो राजपरिवार के प्रति उनके ह्रदय से निकलने वाले सम्मान को दिखाता है। काफिले की वापसी पर राजा खड़्गराज सिंह ने अपने आराध्य देवी के प्राचीन माँ भगवती मंदिर में जाकर पूजन- अर्चन कर माता का आशीर्वाद लिया ततपश्चात रामजानकी मंदिर में रामजानकी की भव्य आरती सम्पन्न होने के पश्चात महल प्रांगण में राजमाता अनुसुइया देवी, रानी आकांक्षासिंह ने विशाल पवित्र देव निशान का पूजन करके राजा खड़्गराज सिंह का विजय तिलक किया वही महल प्रांगण में दूर दूर से आये हजारों लोगो ने महल प्रांगण में उपस्थित होकर राजा खड़्गराज सिंह से भेंट- मुलाकात की और उनके राजा ने लोगो का भेंट और उनका अभिवादन स्वीकार करते हुए मिलने वालों को खुशहाली के प्रतीक के रूप में पान भेंट की और उनकी उन्नति अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सहसपुर लोहारा राज के राज पुरोहित पंडित द्वारिका प्रसाद दुबे के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित कैलाश दुबे ने बताया की नवरात्रि के पंचम दिवस से ही विजयादशमी उत्सव के लिये विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान राजपरिवार के द्वारा किया जाता हैं। जिसमें शस्त्र पूजन अनुष्ठान, ग्राम देव पूजन, कुल देव पूजन आदि सम्पन्न होते हैं। ज्ञात हो कि राजपरिवार की कुल देवी माँ जगतजननी भगवती देवी मंदिर में नवरात्रि में राजपरिवार के साथ ही विभिन्न श्रद्धालुओ का मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होता हैं। जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन करते हैं। वही दशहरा पर्व के अवसर पर पहुँचे हजारों लोगो से राजा खड़ग राज सिंह ने कहा की दशहरा पर्व खुशहाली, सत्य, प्रेम और भाईचारा सिखाती है। यही अवसर होता है की सैकड़ो गांवो के हमारे परिवारिक लोगो से हमारी भेंट मुलाकात कर एक दूसरे का हाल चाल जानते है। इस दिन पर हमारी यही कामना रहती है की किसानो की फसल अच्छी हो, बीमारों को स्वास्थ्य लाभ मिले, सबके जीवन में खुशहाली आये, सब जाति धर्म के लोग मिलकर हमारे क्षेत्र को एक शन्ति का टापू बनाये, हमारे युवा संस्कारी बने जिससे हम उन्नत समाज का निर्माण कर सके।



# सेजेस कुसुमकसा अंग्रेजी माध्यम विद्यार्थियों ने किया रामलीला का मंचन

■ रामलीला का हमारे समाज में गहरा सामाजिक महत्व,प्रभु राम हमारे आर्दश:संजय बैस

■ प्रभु राम ऐसे आर्दश पुरूष है जिनके कण कण में धर्म दिखता है: डॉ मिश्रा




**दल्लीराजहरा/कुसुमकसा,** 3 अक्टुबर(देशबन्धु)। रामलीला माध्यम से हिन्दु समाज की पुरानी परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों की संरक्षण करने के लिए सेजेस कुसुमकसा के अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने नाटकीय रूप से रामलीला में रावण वध का मंचन तथा जसगीत व जसनृत्य का प्रदर्शन कर युवा पीढ़ियों को अपनी ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और संवर्धित का संदेश दिया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र मिश्रा ने कहा कि च्चरामो विग्रहवान धर्मर्ज्ज्अर्थात धर्म का साक्षात रूप राम है। भारतीय जनमानस में श्री राम एक ऐसे आदर्श पुरुष है जिनके कण - कण में धर्म दिखता है। जिनके चरित्र में निष्कलंक , विनयशीलता , वीरता व कर्तव्यनिष्ठता है, जिसे मानव जाति को अनुसरण करना चाहिए। विशेष अतिथि संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला का हमारे हिन्दू समाज में गहरा सामाजिक महत्व है। यह केवल धार्मिक कथा का मंचन या मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज के नैतिक मूल्यों, सामाजिक एकता तथा सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण किया जाता है। विशेष अतिथि योगेंद्र कुमार सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा ने छात्रों द्वारा देवी जसगीत तथा नृत्य की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह देवी शक्ति की स्तुति का एक पारंपरिक लोकगीत है , जो देवी के प्रति लोगों की आस्था , भक्ति और स्थानीय लोक जीवन का अभिन्न अंग है। जिसे संरक्षित रखना अति आवश्यक है।

प्राचार्या सुनीता यादव ने कहा कि रामलीला के वजह से एक पूरा समाज की सामाजिक व्यवस्था चलती है जो समाज के प्रत्येक अंग को पोषित तथा विकसित करती है , इसलिए इस डिजिटल तथा वैश्विक युग में हमें इन मूल्यों को जिंदा रखना होगा।व्याख्याता तामसिंग पारकर ने बताया कि आज सबसे बड़ी चुनौती है कि लोगों को घर से बाहर निकाल कर रामलीला देखने को प्रेरित कैसे किया जाए ? इसकी शुरुआत शाला से बेहतर और कोई मंच नहीं है। रामलीला का स्वतंत्रता संग्राम में भी बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है, यह राष्ट्रीय एकता का जागरण और सामाजिक चेतना के जागृत करने का महत्वपूर्ण स्थान माना जाता था। राम रावण युद्ध को अक्सर भारतीयों के स्वतंत्रता संघर्ष और ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक माना गया। रामलीला ने विभिन्न वर्गों और समुदायों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ नसीम खान ने शाला के शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों को बुराई पर अच्छाई की जीत बताते हुए कहा कि भारतीय हिन्दू संस्कृति और धर्म महान है, उन्हें पश्चिमी प्रभाव से कमजोर नहीं होने देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रानू सोनी तथा पूजा रात्रि ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक गण व नागरिक उपस्थित रहे।

# नपं चिखलाकसा में महात्मा गांधी, शास्त्री की मनाएं जयंती




**दल्लीराजहरा/चिखलाकसा,** 3 अक्टुबर(देशबन्धु)।नगर पंचायत चिखलाकसा में ही एम ओ अरविंद नाथ योगी के मार्गदर्शन में 2अक्टुबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कार्यालय भवन में महात्मा गांधी की मूर्ति में पुष्प गुच्छ अर्पित कर माल्यार्पण किया गया! तदुपरान्त स्वच्छता शपथ लिया गया , इसी के साथ ही सीएमओ अरविंद नाथ योगी लोगों से अपील करते हुए कहा की एक पेड़ मां के नाम पर अवश्य लगायें।उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे ने संयुक्त रूप से कहा की भाजपा की जनहित योजनाओं का प्रचार के साथ स्वच्छता अभियान पौधारोपण जैसे अन्य योजनाएं निरंतर चला कर समाज के हित में सेवा कार्य करना है।इस अवसर पर कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा पार्षद वॉर्ड नर 01 हेमकुंवर तारम, 02 शांतनु मेश्राम, 03 ताराचंद पाथोडे , 05 बसंत कुमार कोरेटी, 06 खेदूसिंह गौतम, 07 भिखी मसिया , 08 लल्लू राम टेकाम, 09 नूतन दास, 10 सुनीता गुप्ता , 11 बसंत जैन, 12 संध्या शर्मा, 13 विमला जैन, 14 संतोष झा, 15 लीला डडसेना , पूर्व उपाध्यक्ष भरत भाई पटेल, पूर्व पार्षद लता पाथोड़े, भाजपा नेता बृजमणि यादव, हितेश मेश्राम, उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, नगर पंचायत के समस्त अधिकारी/कर्मचारी महिला स्व. सहायता समूह की सदस्य, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो सफाई मित्र अन्य सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**उल्टा पुल्टा**

एक आदमी एक रेस्टोरेंट में वेटर से पूछता है- यहां एक्सप्रेस कितने वक्त लगता है?
वेटर ने कहा- आपकी उम्र के आधार पर सर, इंडिया एक्सप्रेस बहुत ज्यादा लगती है!

# नगर में भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव



- पानी के बौछारों के बीच किया गया रावण दहन
- कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

**बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के ऐतिहासिक उत्सव ''दशहरा उत्सव'' काफी धूमधाम से मनाया गया। जहां भव्य आतिशबाजी के साथ पानी के बौछारों के बीच रावण दहन किया गया। दशहरा मैदान में आयोजित इस समारोह में मुख्य रूप से क्षेत्रिय विधायक व केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता, भारत स्काउट गाईड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, भारत स्काउट गाईड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका उपध्यक्ष जितेन्द्र महले, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, योगेश अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश वर्मा, भाजपा नेत्री नीलम सोनी, पार्षदगण, रामलीला मंचन समिति के पदाधिकारी एवं नगर के प्रतिष्ठितगण काफी संख्या में उपस्थित थे। उक्त अतिथियों का दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी, उपाध्यक्ष पनीष केसरवानी, सचिव आकाश सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, सदस्य अनिल ठाकुर, रूपेश सोनी, मुरारी मिश्रा आदि ने स्वागत किया।

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व गुरूवार को दशहरा मैदान में धूमधाम से मनाया गया। शाम 7 बजे के बाद 35 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर आकर्षक आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहा। रावण दहन कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी के पहले पुरानी बस्ती के रामलीला मंडली द्वारा राम रावण युद्ध प्रसंग किया गया। दशहरा उत्सव पर दहन किए जाने वाले लंकापति रावण का गेटअप दक्षिण भारतीय शैली में बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस बार पावन दशहरा उत्सव में अत्यधिक भीड़ व ट्रैफिक के मद्देनजर पुलिस बल दोगुना कर दिया गया था। कार्यक्रम के दौरान चौक-चौराहों पर चार-चार पुलिसकर्मियों की टीम तैनात थी। जिसके चलते यातायात व्यवस्था काफी सुगमता एवं व्यवस्थित रहा। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर पालिका के साथ ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन एवं नगरवासियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम का संचालन के.एस. तिवारी एवं गुरूदत्त तिवारी ने किया।

# नवापारा में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी

## बरसते पानी के बीच धधका 55 फीट का रावण, आतिशबाजी के साथ गूंजे जय श्रीराम के नारे

**नवापारा-राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर सहित अंचल में गुरुवार को असत्य पर सत्य के विजय का पर्व विजयादशमी (दशहरा) बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में पर्व को लेकर उल्लास देखा गया। शाम को बरसते पानी में भी लोग छाता लेकर रावण वध देखने पहुचें।

नवापारा नगर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव कार्यक्रम में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। दशहरा उत्सव समिति नवापारा द्वारा हाईस्कूल के विशाल मैदान में 51 फीट रावण का दहन किया गया। दहन के दौरान उपस्थित जनसमुदाय द्वारा भगवान श्रीराम की जय-जय कार होती रही। पूरा मैदान जय श्री राम के जयजयकार



से गुंजायमान हो रहा था।

रावण दहन के पहले ग्राम खर्रा (कुरुद) के रामायण कलाकारों द्वारा आकर्षक रामलीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम की महाआरती के साथ बरसते पानी में भव्य आतिशबाजी भी गई। रात 9 बजे रावण दहन का कार्यक्रम शुरू हुआ, जहां रावण के पुतले को तीर मारकर अग्नि प्रज्वलित की गई और आकाश रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा।

**लोगों का बना रहा उत्साहः** रावण दहन के इस दृश्य को देखने के लिए बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी बड़ी संख्या में हाई स्कूल मैदान पहुंचे। रिमझिम बारिश के बीच भी लोगों का उत्साह बना रहा और लोग छाता लेकर रावण वध देखने जुटे रहे। भव्य आतिशबाजी के बीच जब रावण धधकने लगा तो लोगों ने जोरदार जय श्रीराम के उद्घोष किए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दशहरा उत्सव समिति नवापारा द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई थी। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने जनसमूह को सत्य पर सत्य के विजय पर्व विजयादशमी की बधाई दी।

कार्यक्रम में विधायक इन्द्र कुमार, पूर्व विधायक चन्द्रशेखर साहू, धनेंद्र साहू अशोक बजाज भी पहुंचे

कार्यक्रम में अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, अशोक बजाज, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारी धनराज मध्यानी, प्रसन्न शर्मा, जीत सिंग, मुकुंद मेश्राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

**शीतला पारा में हुआ पारम्परिक रामलीला मंचनः** नगर के शीतला पारा स्थित रावण भांठा में भी पारम्परिक रामलीला मंचन का आयोजन हुआ। इस दौरान नगर के कुम्हार पारा से आए रामलीला मंडली के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। जहां रावण वध के बाद सोन पत्ती बाँट कर लोगों ने एक दूसरे को पर्व की बधाई दी।

# दशहरे पर्व पर धमतरी गौशाला मैदान में हुआ रावण दहन कार्यक्रम

**भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू हुई शामिल, भगवान श्रीराम की आरती कर लिए आशीर्वाद, जनसमूह को दी विजयादशमी की शुभकामनाएं**



**धमतरी,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौशाला मैदान, धमतरी में विजयादशमी के पावन अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। श्रीमती साहू ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं वीर हनुमान जी की विधिवत आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किए। कार्यक्रम में मौजूद जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्यों में सत्य, धर्म और न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह संदेश है कि बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः सत्य और अच्छाई की ही विजय होती है। प्रभु श्रीराम के आदर्श आज भी हमें जीवन में सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। गौशाला मैदान में बड़ी संख्या में नागरिक, मातृशक्ति, बच्चें एवं वरिष्ठजन उपस्थित थे। भव्य आतिशबाज़ी और रावण दहन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# टैक्स जमा नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों की संपत्ति होगी कुर्क

**नपाध्यक्ष ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक**



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शुक्रवार को नगर पालिका राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर टैक्स वसूली की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली में गति लाने तथा पिछली बैठक में दिए निर्देशों के परिपालन में की गई कार्रवाई की जानकारी भी ली। बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया कि लगातार अपील के बाद प्रतिदिन 10 से 15 लोग जल कर तथा मकान टैक्स जमा करने पालिका आ रहे हैं। अनेक बड़े बकायेदार अभी भी टैक्स अदा करने में रुची नहीं रहे हैं। पिछली बैठक में अध्यक्ष ने कर्मचारियों को निर्देशित किया था कि बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करें। अध्यक्ष के निर्देश पर विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर ली गई है। शीघ्र ही ऐसे लोगों के संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई के साथ साथ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक के दौरान नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि बार बार अपील के बाद भी भुगतान नहीं करने वाले बकायेदारों को नगर पालिका से मिलने वाली सारी सुविधाओं पर रोक लगाया जाए। पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने राजस्व प्रभारी से कहा कि संपत्ति कर, समेकित कर, बाजार साइड, यूजर चार्ज सहित जलकर वसूली में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों के साथ ही पूरे 30 वार्डों के बकायदारों की सूची तैयार की जाए। बैठक में पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बार बार अपील करने के बावजूद बकायेदार अपना टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, तो उनके साथ कड़ाई बरतना जरूरी हो गया है। इस अवसर पर राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ता स्व. पुनीत राम साहू के दशगात्र में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी चन्दूलाल साहू ने



**राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम बेलटुकरी (राजिम) में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता स्व श्री पुनीत राम साहू (भजनाहा) जी के दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ बिताए गए पलों और उनके योगदान को याद कर भावुकता महसूस हुई।

पुनीतराम साहू के जीवन और कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। भगवान उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति और शांति प्रदान करें।

# विधायक ने किया विमोचन



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक योगेश्वर राजु सिन्हा ने अपने कार्यालय में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के ग्रंथपाल अजय कुमार श्रीवास की छठवीं पुस्तक भूमिका का विमोचन किया। यह कृति डिजिटल शिक्षा एवं अनुसंधान के महत्व पर केंद्रित है, जो विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए उपयोगी तथा प्रेरणादायी सिद्ध होगी। विमोचन अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की शैक्षणिक रचनाएँ नई दिशा प्रदान करती हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेंगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस बी कुमार तथा समस्त अधिकारी.कर्मचारियों ने अजय कुमार श्रीवास को उनकी नवीन कृति पर बधाई दी।

# जयंती पर दो महापुरूषों को किया याद



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा शहर मण्डल द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष येत राम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी और प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देशहित में उनके योगदान का पुण्य स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने वोकल फॉर लोकल का संकल्प लेते हुए आमजनों से भी खादी वस्त्र संग्रहालय से व्यापक स्तर पर स्वदेशीकरण वस्तुओं की खरीददारी करने तथा खादी का प्रचार प्रसार करने की अपील किया। बापू के सिद्धांत स्वदेशी, खादी, स्वावलंबी, सादगी और स्वच्छता के संकल्प को दोहराते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओ ने सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत स्थानीय दशहरा मैदान में स्वच्छता अभियान चलाकर साफसफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। भाजपा शहर मण्डल के द्वारा 2 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके द्वारा दिये गए उद्घघोष. जय जवान जय किसान तथा कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव के लिए उनके योगदान को अविष्मरणीय बताते हुए शास्त्री जी को नमन किया गया। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर में प्रमुख रूप जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मीना वर्मा मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर कोषाध्यक्ष हिमांशु चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू, माखन पटेल, धनेश्वरी सोनवानी, पूर्व पार्षद महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्रकार, पंकज चंद्राकर, आनंद साहू, मनीष बंसल, अमन अमन वर्मा, पांडुरंग मदनकर, आकाश पांडे, राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने मनाई गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। स्थानीय गांधी चौंक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल में कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरें, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बापू के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में उनकी लोगों को एकजुट होकर अहिंसा के मार्ग में चलकर अंग्रेजों को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया। देश में व्याप्त छुआ छूत ऊंच नीच की भावना से परे रहकर धर्म निरपेक्षता के मार्ग पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया। वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के सादगी भरे व्यक्तित्व को प्रेरणास्पद बताया। स्वर्गीय शास्त्री ने देश के जवानों एवं किसानों के लिए जय जवान जय किसान का नारा दिया। देश में जिस वक्त अनाज की कमी आई उन्होंने देशवासियों से एक वक्त उपवास करने की अपील की थी। जिसे देशवासियों ने उनके इस अपील का साथ दिया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र जायसवाल, राजा तिवारी, सुश्री पद्मेश्वरी साहू, जितेंद्र नवरत्न, लखेश साहू, गणेश शंकर साहू, प्रवीण सेन, रविंद्र नामदेव, दिगंबर साहू, कृष्ण टंडन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# राइस मील एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजू पटेल व कार्यकारिणी को मिलरों ने दी बधाई



**जगदम्बा राईस मिल कुसमी पलारी में हुआ सम्मान समारोह**

**बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जिले के प्रतिष्ठित राईस मिलर संजय पटेल को छत्तीसगढ प्रदेश राईस मील एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व सपन केशरवानी व असिम विश्नोई को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला महामंत्री पद पर भाई तरूण केसरवानी को मनोनीत किए जाने पर जिले के राईस मिलरों ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ प्रदेश राईस मील एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पटेल के साथी प्रदेश के कार्यकारिणी में बलौदाबाजार का नेतृत्व मिलने पर राईस मिलरों के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मनोहरश्रीजी म0सा0 की पुण्यतिथी पर विशाल भंडारे का आयोजन





**नयापारा राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणी महतरा विभूषिता मनोहर श्री जी म सा की बीसवीं पुण्य तिथि के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन स्थानीय भगवान महावीरचौक में किया गया। पूज्य गुरुवर्या श्री की सुशिष्या कोकिलकंठी पूज्य संघमित्रा श्री जी म0सा0की पावन प्रेरणा से स्थानीय श्वेताम्बर जैन श्रीसंघ के तत्वाधान में मनोहर भक्त मंडल द्वारा आयोजित कियागया। जिसमें लगभग बारह सौ श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण किया। विशाल भंडारे के आयोजन में संजय बंगानी, मनीष रायसोनी, शांति झाबक सुनील कोचर, राजेन्द्र पारख नितिन गोलछा, सुनील बंगानी, राहुल पारख, गोल्डी बोथरा, विजय भंडारी, प्रज्जवल पारख एवं श्रीमती मंजू बाफ्ना ने विशेष श्रम सहयोग दिया। वही ऋषभ बोथरा, लालचंद बंगानी एवं पं. ऋषभ चंद शास्त्री ने भी अपनी उपस्थिती देकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

# भाजपा मंडल ने गांधी व शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किया



**बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर सत्य अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण के लिए भाजपा मंडल शहर द्वारा याद किया गया। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आज ही के दिन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें भी श्रद्धांजलि देकर नमन किया। इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा नेता विजय केसरवानी बताया कि यह दिन न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इसी दिन अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर दोनों ही विभूतियों को श्रद्धांजलि देकर उनका जन्म दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता टेसूलाल धुरंधर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, खोडास राम कश्यप, नरेश केसरवानी, श्रीमती नीलम सोनी, सुशील वर्मा, शहर मंडल के अध्यक्ष राकेश ध्रुव, पोषण पटेल, राहुल सोनी, नीरज सोनी, मनीष कश्यप, श्रीमती रीटा केसरवानी, नेतराम साहू, कन्हैया सेन, आदित्य बाजपेई, लोकनाथ जायसवाल, धनीराम मार्के, दीपक नेगी, सरिता मार्के, पीयूष ध्रुव, कृष्णा सेन, धनेश्वरी वर्मा, संजय श्रीवास शहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांधी व शास्त्री को याद किए

**फिंगेश्वर,** 3 अक्टूबर। 2 अक्टूबर को गांधी व लाल बाहदुर शास्त्री का भी जन्म हुआ था! ओ भी हमारे प्रिय गाँधी जी की तरह देश भक्त लोग प्रिय राज नेता थे! उनकी मृत्यु ताज़कंद के ठीक दूसरे दिन हुआ था! आज तक जितने भी प्रधानमंत्री हुए उसमे सबसे गरीब प्रधानमंत्री लाल बाहदुर शास्त्री जी थे !हमारे देश इन महान हस्तियों की उदेश्य था।

# मुख्यमंत्री भंडारपुरी धाम के गुरु दर्शन व संत समागम मेला में हुए शामिल

**आरंग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आरंग तहसील अंतर्गत भंडारपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनमें नवीन सड़क निर्माण, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मेला स्थल पर डोम निर्माण, तेलासी–भंडारपुरी मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा कुटेसर प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि समाज से पाँच युवा पायलट बनना चाहें तो उनका पूरा खर्च सरकार वहन करेगी और उन्हें पायलट बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सर्वप्रथम गुरु गद्दी का दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। उनके आदर्शों में मानवता और समानता की सीख निहित है। गुरु बाबा ने समाज को एकजुट होने का संदेश दिया, जिसके परिणामस्वरूप सतनामी समाज आज प्रगति और सौहार्द की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि पिछले वर्ष भी मुझे मुख्यमंत्री के रूप में इस मेले में शामिल होने का अवसर मिला। लेकिन इस वर्ष और पिछले वर्ष में बड़ा अंतर आया है। पिछले वर्ष जब मैं यहां आया था तब आपके समाज के गुरु श्री खुशवंत साहेब विधायक थे, अब वे मंत्री बने हैं। उन्हें अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास तथा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आपके समाज के गौरव से हमें अपार उम्मीदें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता से जो भी वादे किए थे, उन्हें हम 'मोदी की गारंटी' के रूप में पूरा कर रहे हैं। अब तक नौ हजार से अधिक सरकारी भर्तियाँ पूरी हो चुकी हैं और हाल ही में शिक्षा विभाग में पाँच हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि शासन के प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाला चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल



### 162 करोड़ से अधिक की राशि के 16 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

में अनुसूचित जाति समाज के विकास हेतु प्राधिकरण का गठन किया गया था। वर्तमान सरकार ने उसके बजट को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ कर दिया है। धर्मगुरु गुरु श्री बालदास साहेब ने कहा कि यह मेला सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के गुरु खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि सतनामी समाज ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश आज विकास की राह पर अग्रसर है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में है। यह किसी व्यक्ति की उपलब्धि नहीं बल्कि गुरु बाबा घासीदास की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गरीबों के उत्थान और प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, वह साकार हो रहा है। किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों के हित में योजनाएँ बन रही हैं।

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि आज 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, जो आरंग विधानसभा के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में अनेक संत–महात्मा और तपस्वी जन्मे हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे' का संकल्प लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। प्रदेश की सड़कों के विकास के लिए 700 से अधिक टेंडर जारी किए गए हैं और बरसात के बाद प्रदेश की सड़कें नए स्वरूप में नजर आएँगी। मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह मेला गुरु घासीदास बाबा के पुत्र गुरु श्री बालकदास साहेब के गद्दीनशीन होने की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है। यह सतनाम धर्म के आदर्शों का प्रतीक है। आज ही के दिन गुरु श्री बालकदास जी ने राजगद्दी स्वीकार कर भंडारपुरी की पावन भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाया था।

इस अवसर पर राजागुरु, धर्मगुरु गुरु श्री बालदास साहेब, बाबा गुरु श्री ढालदास साहेब, गुरु श्री मकसूदन साहेब, गुरु श्री सोमेश बाबा, गुरु श्री सौरभ साहेब, सांसद श्री कमलेश जांगड़े, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री केदार गुप्ता, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, विधायक श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, श्रीमती मोना सेन, श्री अमित चिमनानी, श्री श्याम नारंग, श्री नवीन मार्कण्डेय सहित समाज के संतजन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पलारी में 50 फिट बुराई रूपी पुतले का हुआ दहन



**पलारी,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु) गुरुवार को अँचल में असत्य पर सत्य की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत दसहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जीसमे बुराई रूपी रावण का पुतला दहन कर एक दूसरे को सोन पत्ती भेंटकर दशहरे की बधाई दी। पलारी नगर के दसहरा मैदान में सर्वप्रथम लीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया गया जिसमें लक्छ्मण को शक्तिबाण लगना, रावण की ललकार, राम की सौम्यता तथा राम रावण की युद्ध नीति पर संवाद और उनके भयंकर युद्ध का जीवंत मंचन किया गया जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए पश्चात 50 फिट ऊंची बुराई रूपी पुतला दहन किया गया पश्चात दसहरा समिति ने जोरदार आतिशबाजी का नज़ारा पेश किया जिसे देखकर लोग मंत्र मुग्ध हो गए,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ रही,उपस्थित लोगों को दसहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण दिन है जिस तरह से हम आज बुराई रूपी पुतला दहन कर रहे हैं उसी तरह अपने अंदर छिपे बुराई को समाप्त करना है, हमे अभी से संकल्प लेना होगा कि हमे अपने अंदर के रावण रूपी अहंकार को त्यागकर अपने हृदय में मर्यादा के प्रतीक राम को बसाना होगा,हमे मर्यादित होकर प्रभु राम के आचरण को आत्मसात कर सबके सांथ न्याय करना, बड़ो का आदर करना चाहिए।वही उन्होंने इस शानदार व सुव्यवस्थित आयोजन के लिए दसहरा समिति के सदस्य व नगर पंचायत के कर्मचारियों को बधाई दी और नगरवासियों से नगर को स्वच्छ बनाये रखने की अपील की।

# माता शीतला के खड्ग से हुआ सहस्त्रबाहु रावण का वध

**नगरी,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिहावा गढ़ में परम्परानुसार एकादशी के दिन शुक्रवार को दशहरा पर सहस्त्रबाहु रावण का वध माता शीतला के खड्ग से हुआ।सैकड़ों साल पुरानी इस ऐतिहासिक परम्परा को देखने खराब मौसम के बावजूद हमेशा की तरह ग्रामीणों की भीड़ रही। महिलाओं को इस स्थान पर जाना वर्जित था। सिहावा गढ़ के देवी देवताये गांव का भ्रमण कर थाना आये।थाने में स्वागत सत्कार उपरांत गणेश मंदिर के पास चांद मारी की। देवी देवताये पुन: थाना होते दल बल के साथ शीतला मन्दिर पहुचे। शीतला मन्दिर से माता शीतला का खड्ग लेकर रावण भाटा में पुजारी ने सहस्त्र बाहु रावण का वध किया।ग्रामीण विजय का प्रतीक मानकर सहस्त्र बाहु के पुतले की मिट्टी को नोचकर अपने साथ ले गए। तथा एक दूसरे को माथे में मिट्टी लगा कर बधाई दी। रावण वध उपरांत शीतला मन्दिर में माता शीतला अपने खड्ग से कुष्मांड बलि के बाद शांत होती है।फिर गढ़ की देवी देवताओं को बिदाई दी गई।



शीतला समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया की सहस्त्र बाहु रावण की मूर्ति का निर्माण परम्परानुसार एकादशी के दिन ही स्थानीय कुम्हारों द्वारा मिट्टी से बनाया जाता है।मौके पर कलम सिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिसेन,सह सचिव नरेंद्र नाग,नारद निषाद,बुधेस्वर साहू,कोशाध्यक्ष गेंद लाल यादव, राजेश यदु, तुकाराम साहू ,पुजारी ज्ञान सागर पटेल,तुकाराम बेश,बलदेव निषाद,राजकुमार निषाद,छबि ठाकुर, संजय सारथीं,रामाराव बघेल,रामलाल नेताम,प्रवीण गुप्ता,सचिन भंसाली,गगन नाहटा,भरत निर्मलकर,महेंद्र कौशल ,कुँवर साहू,मंशा राम गौर,जग्गू साहू,,नरेश पटेल ,महेश साहू,लाल जी साहू,संतोष पवार,ललित निर्मलकर,सुभाष यादव,महेंद्र साहू ,अभय नेताम ,नवल साहू,दिनेश पटेल,दीनदयाल गन्धर्व,बैजनाथ पटेल, बाल सिंह शोरी,शान्ति लाल साहू,राजू गोस्वामी आदि की उपस्थिति रही।

**सैकड़ों साल पुरानी है परम्परा**

मान्यता है कि जब भगवान राम लंका पति रावण का वध कर सीता मैया से मिले तब सीता मैया ने उन्हें बताया कि अभी आपको सहस्त्र बाहु रावण का वध करना है तब भगवान राम ने सहस्त्र बाहु रावण पर आक्रमण किया ।लेकिन ब्रम्हा से मिले वरदान के चलते श्री राम उसका वध नही कर पाए ।मर्यादा तोड़ते हुए सहस्त्रबाहु रावण माता के सामने नग्न होकर ललकारने लगा तब सीता माता ने आदि शक्ति का रूप धारण कर अपने खड्ग से सहस्त्रबाहु रावण का वध किया।सिहावा गढ़ की सैकड़ों साल पुरानी इस अनूठी परम्परा को दशहरा के रुप मे मनाया जाता है।

# बढ़ती विद्युत दरों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने आरंग कार्यालय में जड़ा ताला

**आरंग,** 3 अक्टूबर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग द्वारा आरंग स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। प्रदेश में लगातार बढ़ते हुए बिजली दरों और कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई 200 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद कर देने से प्रदेश की आम जनता, विशेषकर गरीब, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। बढ़ती महंगाई के इस दौर में बिजली के दामों में की गई बेतहाशा वृद्धि ने हर वर्ग की कमर तोड़ दी है। जनता पर पड़ रहे इस अतिरिक्त बोझ के खिलाफ आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय का घेराव कर कार्यालय में ताला जड़ते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।




### पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में कांग्रेस का हल्लाबोल

इस आंदोलन का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शिवकुमार डेहरिया ने किया। इस दौरान डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की जनता को राहत देने के उद्देश्य से 200 यूनिट तक बिजली माफ की थी। लेकिन भाजपा सरकार ने आते ही इस योजना को बंद कर दिया और लगातार बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है। गरीब और मध्यम वर्ग के घरों का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। यह भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति का स्पष्ट प्रमाण है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि आज आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बिजली कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया है। यदि भाजपा सरकार ने तुरंत बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया और 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को पुन: लागू नहीं किया, तो आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी प्रदेशव्यापी जनआंदोलन और विशाल प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। यह संघर्ष सड़क से लेकर विधानसभा तक जारी रहेगा।

आज के घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली दर वृद्धि का कड़ा विरोध किया। यह आंदोलन जनता के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।उक्त कार्यक्रम में कोमल साहू , चंद्रशेखर चंद्राकर, खिलेश देवांगन , मंगलमूर्ति अग्रवाल, सजल चंद्राकर, शुभांशु साहू, अजित कोशले , शरद गुप्ता , समीर गोरी, खिलावन निषाद, ईश्वर पटेल, सूरज सोनकर, ईश्वर जोगलेकर, हीरामन साहू, प्रकाश मारकंडे, धन्ना साहू, पोषण साहू, हरी बंजारे, भगत यादव, राकेश मिश्रा, मंजू चंद्राकर, भारती देवांगन, गौरी बाई देवांगन, चंद्रकला साहू सलमा बेग़म एवं समस्त मंडल, सेक्टर , बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नव दुर्गा दाई की बिदाई



**जी जामगाँव,** 3 अक्टूबर। शारदीय नवरात्रि की आस्था ममतामयी मां की सात दिन बाद हवन पूजन के साथ नवदुर्गा को अंतिम सेवा अर्जी करते हुए प्रेम,भीगे नयन से आपकी कृपा सदा सहाय रहे इस भावना से बिदाई दिया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।जिसके मुख्य अतिथि श्रीमति गंगा टिकेश साहू (सदस्य जनवाद पंचायत कुरुद) थे ।विशिष्ट अतिथि श्री देवचरण चंद्राकर(सरपंच),सुशीला साहू(वार्ड पंच), श्री प्रीतम साहू(पूर्व अध्यक्ष साहू समाज),कृष्ण कुमार साखरे(मंडी अध्यक्ष जामगांव),श्री भूपेन्द्र साहू(संरक्षक),युगलाल चेलक(वरिष्ठ कार्यकर्ता)के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।छोटे छोटे बच्चों ने यैसे रंग बिखेर दिया ,की बैठे दर्शकों ने वाह क्या डांस है कहने पर मजबूर हो गए ।अष्टमी को रंगोली प्रतियोगिता के विजेता कुमारी गुंजा ध्रुव(प्रथम),सभी लोगों ने बच्चों के हुनर को मंच तक ले जाने का प्रयास में सफलता दिलाई।समिति नेमंच के सामने समतली करण व सीमेंटीकरण की मांग रखी जिस पर मुख्य अतिथि गंगा साहू जी ने आगामी बजट में पूर्ण करने का आश्वासन दिया,एवम सरपंच महोदय ने चबूतरा एवम सुलभ शौचालय बनाने का आश्वासन दिया है।

# विजयादशमी पर हुआ भव्य रावण दहन

**गरियाबंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुवार को विजयादशमी का पर्व गरियाबंद के ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में परंपरागत उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर से ही रुक–रुककर हो रही बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग छाता और रेनकोट लेकर रावण दहन के लिए पहले रावणभाठा और फिर बाद में गांधी मैदान पहुंचे। बारिश के खलल के बीच रावणभाठा में देर रात 8 बजे और गांधी मैदान में रात 9-30 बजे रावण दहन हुआ। इस दौरान जैसे ही रावण के विशाल पुतले को अग्नि दी गई, चारों ओर 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारे गूंज उठे और आसमान रंग–बिरंगी आतिशबाजियों से जगमगा उठा।



ज्ञात हो कि गुरुवार को पूरे दिन रुक रुक कर बारिश हो रही थी। बारिश ने लोगों की उम्मीदें कमजोर नहीं कीं। रावण दहन के ठीक समय तेज बारिश होने लगी, मगर श्रद्धालु और दर्शक पूरी दृढ़ता से डटे रहे। छोटे–बड़े, महिलाएं और बच्चे सभी छाता और प्लास्टिक कवर के सहारे मैदान में टिके रहे। रामलीला मंचन के बाद जैसे ही रावण को अग्नि दी, पुतले के धधकते ही भीगते हुए लोग जयकारे लगाते रहे और खुशी का इजहार करते रहे। इसके पहले रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का दृश्य प्रस्तुत किया गया। श्रीराम द्वारा रावण वध का दृश्य देखते ही दर्शकों की तालियां गूंज उठीं और मैदान जयकारों से भर गया। मंचन के दौरान उड़ते गुलाल और बजते ढोल–नगाड़ों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। रावण दहन के साथ–साथ आतिशबाजियों ने आसमान को रोशन कर दिया। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी रंग–बिरंगी रोशनी और धमाकों का आनंद उठाते दिखे। कई जगह लोगों ने रावण के पुतले के पास खड़े होकर फोटो और सेल्फी भी लीं। इस मौके पर मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नगरवासियों को विजयादशमी की बधाई दी। साथ ही साथ समाज में व्याप्त नशा, भ्रष्टाचार और अंधविश्वास जैसी बुराइयों को मिटाकर सभी को एकजुटता और सद्भाव की राह पर चलने की अपील की। रावण दहन के सफल आयोजन में नगर पालिका गरियाबंद, कृषक पंचायत, स्थानीय समिति, रामलीला कमेटी, पुलिस प्रशासन और स्थानीय युवाओं का विशेष सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल हर चौक–चौराहे पर मुस्तैद रहा।

### बरसात के बीच छाता थामे पहुंचे हजारों लोग, जय श्रीराम के नारों से गूंजा मैदान, धधकते रावण पुतले संग आतिशबाजी ने किया मंत्रमुग्ध

# 6 जुआड़ियों को किया गया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 3 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, अनु.अधि. पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में जुआ सट्टा शराब जैसे अपराधों की रोकथाम हेतु निर्देश दिए गए ,जिसके पालन में थाना प्रभारी उप निरी शिवकुमार धारी के कुशल नेतृत्व में नगर पंचायत पवनी के टिकरा खईहा एवं सूतीउरकुली अमरिया में जुआ खेलते 06 आरोपीयो को किया गया गिरफ्तार



विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 02,10, 2025 को मुखबिर से सूचना मिला कि नगर पंचायत पवनी खईयां टिकरा के पास खुला मैदान में तथा सूतीउरकुली अमरिया में 52 पत्ती ताश से रूपए पैसे का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं की,सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिसे कुछ जुआड़ीयान पुलिस को देखकर मौके से भाग गए,तथा दोनों जगह से 06 जुआडीयान काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडे गए।

आरोपीयान मेम लाल साहू पिता चतुर राम उम्र 48 वर्ष ग्राम पवनी, बलराम सिंह पिता मनीराम उम्र 41 साल ग्राम पवनी, राकेश राघव पिता गोवर्धन उम्र 31 वर्ष ग्राम टुंडरा थाना गिधौरी, महेश साहू पिता आत्माराम साहू उम्र 30 वर्ष ग्राम सूतीउरकुली

नरेश साहू पिता फिरत राम साहू उम्र 43 वर्ष ग्राम सूतीउरकुली,समारू साहू पिता गेंदराम साहू उम्र 43 वर्ष ग्राम सूतीउरकुली के कब्जे से एवं फड़ से कुल नकदी रकम 55340 रू एवं 52 पत्ती तास को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपीयो के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2)के तहत विधिवत गिरफ्तार किया गया।

प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिवकुमार धारी प्र.आर.दुर्गेश सिंह प्र.आर भंवरलाल काटले आर. कमल कुर्रे, राजेश सायतोड़े राजेंद्र दीक्षित प्रत्येन बर्मन सुमित देवांगन सतपाल सिंह अनिल कपूर एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।


## निधन

### अमरनाथ चक्रधारी




**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर। हायर सेकेंड्री स्कूल खंडसरा के जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं खण्डसरा पंचायत के पूर्व सरपंच अमरनाथ चक्रधारी 62 वर्षीय का आज हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के ही मुक्तिधाम में ही सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिवार खंडसरा ने निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए अपूरणीय क्षति होना बताया।

### श्रद्धा नायक



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर। ग्राम केसदा निवासी श्रीमती श्रद्धा नायक 44 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे भैरव नायक की पत्नी ,पायल,मुस्कान और भावेश की मां एवं डॉ.के.के.नायक की भाई बहू तथा कुलेश्वर नायक की बहू थी।

### श्रीमती रानी तिवारी



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर। श्रीमती रानी तिवारी का 1 अक्टूबर को रात्री 11.55 मे हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम मे किया गया। वे मैत्री नगर रिसाली फेस 1/72 सेमिनेंट पब्लिक स्कूल शक्ति विहार सडक 5 निवासी थी। सेवानिवृत्त बीसपी की शिक्षिका, सेमिनेंट वेल्फेयर सोसाइटी की अध्यक्ष, एकता महिला मण्डल की संरक्षिका व वरिष्ठ समिति की सदस्य, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच थी।

# महाविद्यालय में गांधी व शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि



**बिलाईगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबंधु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधीएवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। स्वयंसेवकों ने अमन राकेश के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक महाविद्यालय के बैडमिंटन कोर्ट की सफाई व फूल पौधों पर उगे घास की सफाई की उसके पश्चात दोपहर 2 बजे से महाविद्यालय के सभा कक्ष में दिवंगत महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालकर राष्ट्र के लिए उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में सुनीता विक्रम कोसले सहा प्राध्यापक हिंदी, पंकज साहू सहा प्राध्यापक भूगोल एवं उमाशंकर भारद्वाज सहा प्राध्यापक भौतिकी ने संबोधित करते हुए महान नेताओं की उपलब्धियों तथा महती कार्यों पर प्रकाश डाला। अंत में कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राईस मील एसोसिएशन के...

हितों में सार्थक कार्य होगा। नव नियुक्त उक्त पदाधिकारियों को जिले के राईस मिलरों नरेश भट्टर, देवेन्द्र भृगु, नरेन्द्र भूषाणिया, ईश्वर चंद अग्रवाल, राजेश केड़िया, दीनदयाल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शिव शर्मा आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि जगदम्बा राईस मिल कुसमी पलारी में उक्त नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां जिले के सभी राईस मिलर उपस्थित होकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सम्मान किया गया।

# संघ के 100 वर्ष पर निकला विजयादशमी भव्य पथ संचलन



**पिथौरा,** 3 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज विजयादशमी के पावन पर्व पर पिथौरा मंडल स्तरीय शस्त्र पूजन एवं भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह अवसर केवल संघ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे नगर और समाज के लिए भी गर्व का क्षण था। स्वयंसेवकों को देशभक्ति गीत गाते हुए परंपरागत गणवेश में पंक्तिबद्ध होकर कदमताल करते देख नगर का वातावरण पूरी तरह से राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया।

पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से गुज़रा। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने स्वयंसेवकों का स्वागत किया। महिलाएँ, पुरुष एवं बच्चों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया।

स्वयंसेवकों की अनुशासित चाल और एकसमान गणवेश ने हर दर्शक को प्रभावित किया। लोग देर तक खड़े रहकर इस ऐतिहासिक दृश्य का आनंद लेते रहे। संचलन के बाद आयोजित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक तुकाराम पटेल, मुख्य वक्ता के रूप में राजिम विभाग के पर्यावरण संयोजक धनेश्वर साव तथा खंड संघ चालक बोधीराम चौधरी मंचासीन थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि तुकाराम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ का यह शताब्दी वर्ष केवल एक संगठन की उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक शक्ति और त्याग का प्रतीक है। संघ ने बीते सौ वर्षों में सेवा, शिक्षा, संस्कार और हिन्दू समाज को एकजुट रखने के अनगिनत कार्य किए हैं।

मुख्य वक्ता धनेश्वर साव ने अपने उद्बोधन में संघ पंच परिवर्तन की जानकारी देते हुए संघ के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ का उद्देश्य केवल संगठन खड़ा करना नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इसी क्रम में पंच परिवर्तन, व्यक्ति परिवर्तन, परिवार परिवर्तन, समाज परिवर्तन, राष्ट्र परिवर्तन और विश्व परिवर्तन, संघ की कार्यदृष्टि के आधार है।

मुख्य वक्ता ने कहा कि यदि स्वयंसेवक पहले अपने जीवन में अनुशासन और संस्कार लाएगा तो परिवार पर उसका असर दिखाई देगा। जब परिवार सशक्त होंगे तो समाज सशक्त बनेगा, और समाज सशक्त होगा तो राष्ट्र शक्ति के शिखर पर पहुँचेगा। इसी क्रम में विश्व के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यही संघ के पंच परिवर्तन का मूल संदेश है, जो संगठन की शताब्दी यात्रा का सार भी है। उक्त जानकारी खंड कार्यवाह प्रेमसागर साहू ने दी।

# डीजे डांस प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ



**बागबाहरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा के ग्राम देवरी, भुरकोनी व भरवामुड़ा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक श्री यादव व अतिथियों का ग्राम पहुचने पर ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक श्री यादव ने डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री यादव ने प्रतिभागियों की कला का सराहना करते हुए कहा कि डांस करने वाले कलाकारों का अपनी कला को दिखाने का सर्वोत्तम मंच डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन है, जिसमे डांस दिखाने का अवसर मिलता है, सामूहिक, एकल, युगल नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर स्थान अर्जित करते हैं, वास्तविक में इन कलाकारों का सर्वश्रेष्ठ इनाम दर्शक दीर्घा द्वारा मिले उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट है जो कलाकारों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहित करती है। इसके पूर्व ग्राम पहुंचने पर ग्रामवासियों ने विधायक श्री यादव से ग्राम विकास को लेकर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर विधायक श्री यादव ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान राहुल चंद्राकर, श्रीमती अहिल्या साहू, मुंशीराम साहू, सीताराम साहू, दयालूराम साहू, रामप्रसाद साहू, फणीश यादव, केशलाल मलिक, भरत साहू, भुरकोनी में संजय अग्रवाल, पारसमणी मिश्रा, नारायण साहू, नारायण चक्रधारी, दामोदर यादव, लखन डड़सेना, कौशल साहू, खिलावन साहू, मनहरण साहू, सुशील भोई भरवामुड़ा में कृष्ण कुमार ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, पीताम्बर पटेल, हेमन्त ठाकुर, हेमलाल पटेल, यादराम साहू, रामचंद साहू, लोकेश पटेल, गणेश राम साहू, तुलसीराम साहू, किशन साहू, राधेश्याम साहू, कुंजलाल निर्मलकर, देवनाथ, शेषनारायण, मखियार पटेल, निर्भय साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# विजयादशमी का पर्व परंपरागत उत्साह आस्था और भव्यता के साथ मनाया गया

**भाटापारा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका भाटापारा के दशहरा मैदान में विजयादशमी का पर्व परंपरागत उत्साह, आस्था और भव्यता के साथ मनाया गया। शाम ढलते ही हजारों की संख्या में नगरवासी और आसपास के ग्रामीण इस पावन पर्व के साक्षी बने।

मैदान में स्थापित 45 फीट ऊँचे रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों ने पूरे जनसमूह का ध्यान अपनी ओर खींचा। रात्रि होते ही जैसे ही भगवान श्रीराम ने रावण पर बाण छोड़ा, पुतले धू-धू कर जल उठे। गगनचुंबी पुतलों के दहन के साथ ही आकाश रंग-बिरंगी आतिशबाज़ियों से जगमगा उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।







इस अवसर पर 106 वर्षों से चली आ रही आदर्श रामलीला मंडली द्वारा श्रीराम-रावण युद्ध का सजीव मंचन किया गया। रामायण की पावन गाथा का यह मंचन श्रद्धालुओं को भावविभोर करता रहा। रावण वध की लीला ने जहाँ बच्चों को रोमांचित किया, वहीं बुज़ुर्ग श्रद्धालुओं की आँखें भक्ति से नम हो उठीं। समूचा वातावरण श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक इंद्र साव, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा तथा उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया उपस्थित रहे और नगरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएँ दीं।

विजयादशमी का यह पर्व नगरवासियों के लिए केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और अच्छाई की विजय का प्रतीक बनकर सामने आया।

जहाँ चाह होती है, वहाँ राह अवश्य होती है। खराब मौसम की आशंका के बावजूद वर्षा नहीं हुई और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफ़र ख़ान ने नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन में इस भव्य आयोजन को सफल बनाने हेतु पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका सभापति गण श्रीमती सीता साहू, श्रीमती दीपा साहू, मनीष मिश्रा, कुंजराम कोशले, सतीश कुमार तलरेजा, बालगोविंद पटेल, पार्षद गण गेंदराम, श्रीमती संतोषी साव, श्रीमती संध्या साहू, श्रीमती रमशीला साहू, प्रत्येश राठौर, सतीश साहू, भुवन सिंह ठाकुर, अजय ठाकुर, नंद किशोर वैष्णव, सुरेश बब्बू मंधानी, श्रेणिक गोलछा, उमाशंकर वर्मा, ठाकुर राम साहू, श्रीमती पार्वती डहरिया, श्रीमती पुष्पा पंजवानी, चन्द्रप्रकाश ध्रुव, श्रीमती रोहिणी जैसवाल, चंद्रकांत खूटे, श्रीमती सीमा ध्रुव, नरेंद्र यदु, चंद्रशेखर चक्रधारी, लक्ष्मीकांत टंडन, श्रीमती लैनी अनंत, श्रीमती भावना ठाकुर, दशरथ साहू, देवेंद्र साहू, राजेश साहू, लिकेश साहू, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी, कीर्तन जयसवाल, डॉ. संजय बंजारे, योगेश अनंत, प्रकाश ठाकुर, राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, महाबल बघेल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, मनेंदर सिंह गुंबर, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नीरा साहू, श्रीमती आयशा ख़ान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, ओमप्रकाश रात्रे, पूर्व पार्षद व्यास यदु, लुकू साव, सुरेंद्र डागोर, पीयूष साहू, सागर पाड़े, सुरेश यदु, लाला साईं, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश शर्मा, सुमित यदु, अभिषेक नायक, लाला साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर ख़ान, पूर्णेन्द्र त्रिवेदी, अजय नायडू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नगरवासी शामिल हुए।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि च्च्दशहरा हमें यह संदेश देता है कि अधर्म और अहंकार कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंतत: धर्म और सत्य की ही विजय होती है। भाटापारा का दशहरा लगातार अपनी भव्यता और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध हो रहा है।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि च्च्रावण दहन की परंपरा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को यह प्रेरणा देती है कि हम सदैव अच्छाई, सदाचार और न्याय का साथ दें।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि च्च्भाटापारा का दशहरा केवल एक धार्मिक आयोजन भर नहीं, बल्कि यह हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इस पर्व में समूचे नगर की सहभागिता और उत्साह यह प्रमाणित करता है कि यहाँ के लोग आपसी सद्भाव, एकता और सहयोग की डोर से गहराई से जुड़े हुए हैं। रावण दहन की यह ऐतिहासिक परंपरा हमें यह अमर संदेश देती है कि असत्य, अन्याय और अहंकार चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, अंतत: उसका पतन निश्चित है और सत्य, धर्म तथा न्याय की ही विजय होती है। यही दशहरा हमें हर वर्ष यह प्रेरणा देता है कि हम बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाएँ और समाज को नई दिशा दें।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला युवक की मौत, बाइक के उड़े परखच्चे

**राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। यह हादसा राजिम-गरियाबंद मार्ग पर हुआ है। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र का है।

**बाइक बुरी तरह से हुआ क्षतिग्रस्त:** जानकारी के अनुसार, राजिम-गरियाबंद मार्ग पर सिंधौरी गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि पांडुका थाना क्षेत्र के लोहसिंग गांव निवासी चंद्रहास धृतलहरे उम्र 26 वर्ष किसी काम से राजिम आया था। दोपहर में वह अपने गांव लौट रहा था, तभी सिंधौरी के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मृतक के सिर, पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। राजिम पुलिस ने प्रयाग न्यूज को बताया कि परिजनों के आने के बाद मृतक की पहचान की जाएगी।

फ़िलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, शव का पोस्टमार्टम कल सुबह किया जाएगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे ताकि दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा सके। वहीं इस हादसे को देखकर प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा अंदाजा लगाया जा रहा है कि कोई भारी वाहन बाइक के ऊपर से गुजरा है तभी बाइक पुरी तरह से चकना चूर हो गई है। जिसके चपेट में युवक भी आ गया। कहा जा रहा है कि सड़क सुनसान होने का फायदा उठा कर वाहन फरार हो गया।

**डेंजर जोन बनता जा रहा यह मार्ग:** आपको बता दें कि राजिम से सुरसाबांधा तक का लगभग 10-12 किलोमीटर का रास्ता डेंजर जोन बनता जा रहा है। राजिम और सुरसाबांधा के बीच कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। तेज रफ्तार और टेढ़े-मेढ़े मोड़ के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आस-पास के गांवों के निवासियों ने इस मार्ग पर अधिक संख्या में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।

## जिला अध्यक्ष के लिए तपन चंद्राकर की दावेदारी सामने आई



**कुरुद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता और नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्ष तपन चंद्राकर जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के जिला अध्यक्ष के लिए दावेदारी कर दी है.जिला में शिखर के नेताओ मे अपनी जगह बना चुके ओबीसी समाज से आने वाले तपन संजय चंद्राकर आज वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओ की पंक्ति में खड़े हैं.आज उनकी कांग्रेस कमेटी जिला धमतरी के अध्यक्ष के लिए दावेदारी सामने आ चुकी है. तपन चंद्राकर की दावेदारी से ओबीसी समाज में राजनीतिक जागरूकता और शिखर की राजनीति करने की आकांक्षा नजर आ रही है. जिससे उनके प्रशंसकों और समाज में हर्ष व्याप्त है.उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि राजनीति से प्रत्येक नागरिक जुड़ा हुआ है, जब इसकी सच्ची परख होती है तो वह आगे जाकर इसके जरिए जन सेवा चुनते हैं.मुझ में भी यही भावना है. तपन चंद्राकर इस समय पहचान के मोहताज नहीं है.युवा वर्ग के साथ-साथ सभी उम्र वर्ग के लोगों के बीच अपनी साख रखते हैं.उनकी जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के जिला अध्यक्ष की दावेदारी से क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता है.

# अमेरा में नम आंखों से दुर्गा मां को विदाई देते हुए किया गया विसर्जन

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्गा विसर्जन के दौरान अमेरा गांव भर में भव्य शोभा यात्रा निकली। सभी पूजा पंडालों से माता रानी को नम आंखों से विदाई दी गई। दस दिनों तक मां की पूजा अर्चना के बाद पूजा पंडालों से जब माता रानी की प्रतिमाओं को विर्सजन के लिये उठाया गया तो सभी भक्तों की आंख नम हो गई। सभी जगहों की मां दुर्गा की प्रतिमाएं की एक साथ शोभा यात्रा निकालकर पुरानी बस्ती स्थित नया तालाब विसर्जन किया गया।



बता दे की गुरूवार को सुबह से ही सभी पूजा पंडालों से विसर्जन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई थी। शाम तक माता रानी की प्रतिमाएं का विसर्जन किया गया। इस शोभा यात्रा में हर जगहों पर महिलाएं, पुरूष और बच्चे की भी काफी संख्या में भीड़ देखी गई, जो मां की अंतिम विदाई में शामिल किए। शोभायात्रा के दौरान माता के प्रतिमाओं और ज्योति कलश के आगे सेवा समितियां द्वारा माता की जसगीत गाते चल रहे थे। ज्योति कलश के साथ महिलाएं और युवतियां भी जवारा सिर पर रख कर चल रही थी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# त्रेता में अवतरित भगवान राम का जीवन मूल्य आज के समय की आवश्यकता है : शिवरतन शर्मा

**भाटापारा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 106वें वर्ष के रामलीला मंचन में नवें दिवस पर अहिरावण वध एवं देवी लीला कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए..

इस दौरान शिवरतन शर्मा ने सभी को शारदीय नवरात्रि की महानवमी एवं विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामलीला का मंचन हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है, ये केवल धार्मिक कथा का मंचन नहीं है, बल्कि संपूर्ण जीवन का दर्शन है।



शर्मा ने कहा कि रामलीला के प्रत्येक पात्र में एक संदेश छिपा है और प्रत्येक प्रसंग हमें बताता है कि असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की सदैव विजय होती है। जब हमारे बच्चे और युवा रामलीला देखते हैं, तो वे धर्म, त्याग, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा जैसे सनातन मूल्यों को आत्मसात करते हैं।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रभु श्री राम का आदर्श जीवन हमें ये सिखाता है कि जीवन में कितनी भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न हों, हमें अपने सिद्धांतों और वचनों का पालन करना चाहिए।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की त्रेता में अवतरित भगवान राम का जीवन मूल्य आज के समय की आवश्यकता है। भगवान राम का आदर्श भारत के सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करता है। बगैर किसी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विषमताओं के प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण करना ही भगवान राम के जीवन का संदेश है..

शिवरतन शर्मा ने नाटक मंडली के सभी पदाधिकारियों एवं सभी कलाकारों से भेंट कर शानदार मंचन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी.

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील यदु, पार्षद श्रेणीक गोलछा, पार्षद नंदकिशोर वैष्णव सहित नगर के गणमान्य जन बड़ी वृहद संख्या में उपस्थित थे..

# एमके बाहरा में 75 लाख की लागत से बनेगा हाईस्कूल भवन

**बागबाहरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत एमके बाहरा में 75 लाख की लागत से हाईस्कूल भवन का निर्माण होगा। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

यहाँ यह बताना लाजिमी होगा कि विधायक श्री यादव की मांग पर एमकेबाहरा में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए बजट में शामिल किया गया था। बाद इसके 75 लाख 23 हजार रुपए की स्वीकृति मिली। इधर ग्राम पंचायत एमके बाहरा में भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने की। अतिथि के रूप में श्रीमती संगीता पटेल, गुणनिधि पटेल, कमल नारायण पटेल, संतराम पटेल, भेखराम साहू, रामनारायण साहू, शोभा गुप्ता, मनोज चंद्राकर, लता साहू, राजेश कुशवाहा, चंदूलाल साहू, मनोज चंद्राकर, भेखराम सेन मौजूद थे। अतिथियों के गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।



**खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन**

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव ने कहा कि यहाँ ग्रामीणों द्वारा लगातार स्कूल भवन की मांग की जा रही थी, जिसे गम्भीरता से लेते हुए भवन निर्माण के लिए स्वीकृति दिलाई। उन्होंने भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने व भूमिपूजन पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है कि अब यहां हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। शासकीय स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है, ताकि हमारी प्रतिभाएं बिना किसी बाधा व रूकावट के आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि यह स्कूल भवन क्षेत्र के बच्चों के सपनों की बुनियाद बनेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा कर लिया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि विधायक श्री यादव के प्रयास से स्कूल भवन की सौगत मिली है। विधायक की मंशा है कि क्षेत्र का चहुमुंखी विकास हो, इसी मंशा के साथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराया जा रहा है।

इस अवसर पर अश्करण साहू, तोमश चंद्राकर, बेनुराम पटेल, नोशन पटेल, खिलेश साहू, खिलेश पटेल, दिनेश साहू, कृपाराम साहू, घनाराम पटेल, गणेश विश्वकर्मा, ऋषि साहू, डागेश साहू, कृपा राम पटेल, याग्निक चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# बारिश के फुहारों के बीच किया गया रावण दहन

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा का पावन पर्व अर्जुनी के दशहरा मैदान में धूमधाम से मनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस त्यौहार में भगवान से श्री रामचंद्र के द्वारा रावण को अग्निबाण मारकर प्रतिमा के साथ दहन किया गया। इस वर्ष रावण के पुतला 21 फीट का दशहरा मैदान में स्थापित किया गया था।



आदर्श श्री रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा भगवान श्री रामचंद्र, लक्ष्मण, हनुमान जी, विभीषण, सुग्रीव, नल नील एवं रावण का भीषण युद्ध के पश्चात रावण का दहन किया गया। कलाकारों द्वारा दशहरा मैदान में उपस्थित होकर रामलीला का सुंदर प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया इस रामलीला मे राम रावण युद्ध के साथ रावण की 21 फीट की प्रतिमा को भगवान श्री रामचंद्र के द्वारा अग्निबाण से जलाया गया। इस रामलीला के दौरान मौसम का मिजाज बीच में खराब हो रहा था कुछ समय पानी भी गिरा जिसके कारण रावण के पुतले को झील्ली से ढका गया। मौसम खुलने पर झील्ली को हटाकर रावण के पुतला का दहन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, सरपंच कविताभागेलु ध्रुव, सुखराम ध्रुव, राधे साहू, गुलजारी साहू, गजनंद वर्मा, लखन यदु, मिथिलेश सेन संतोष सेन, पुनीत वर्मा, राम नारायण वर्मा सहित ग्रामीण जंतु उपस्थित रहे।

**अर्जुनी में मनाया गया दशहरा पर्व**

# आज दोपहर 12 बजे पारागांव विद्युत मंडल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के नेतृत्व मे होगा घेराव

**नवापारा-राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंचल में स्मार्ट मीटर लगने के बाद व बिजली बिल हाफयोजना में हुई कटौती के साथ टैरिफमें की गई बढ़ोतरी से बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि से उपभोक्ता परेशान हैं. कई गरीब परिवारों का बिल 100 रुपए से बढ़कर 3000 रुपए तक पहुंच गया है. उपभोक्ताओं ने शासन-प्रशासन से बिजली बिल में आवश्यक सुधार करवाने विद्युत विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश देने की बात कही है.



उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखकर अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू ने इसे गंभीरता स लिया और जनहित को देखते हुए 4 अक्टूबर शनिवार दोपहर 12रू00 बजे पारागांव विद्युत सब स्टेशन का कार्यकर्ताओं के साथ घेराव करने का नर्णय लिया। कांग्रेस नेतृत्व ने अभनपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए निर्देशित किया। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक धर्मेंद्र साहू के साथ कांग्रेस के और भी वरिष्ठ नेताओं का इस विद्युत घेराव में शामिल होने की संभावना है

विदित हो कि स्मार्ट मीटर क्या लगा उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ने लगी हैं. बढ़े बिजली बिल से उपभोक्ताओं की नींद तक उड़ गई है. लोग अपना बिजली बिल निकाल कर बिजली विभाग के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं. महंगाई के इस दौर में जनता को राहत देने की बजाय प्रदेश सरकार ने 400 यूनिट तक हाफबिल योजना बंद कर बड़ा झटका दिया है. कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर बड़ी तेज गति से चलता है, जिसके कारण बिल बढ़कर आ रहा है. उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर जल्द ही इन बढ़े बिजली बिलों को सुधारा नहीं गया और स्मार्ट मीटर की स्पीड को कम नही किया गया तो उपभोक्ता उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगे.।

# विधायक इन्द्र साव ने क्षेत्रवासियों को दी विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं

**भाटापारा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान के मुख्यमंच से नगर वासियों और क्षेत्रवासियो को विजयादशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि अहंकार और घमंड कभी नहीं करना चाहिए,ये असत्य पर सत्य का प्रतीक है और हमें भी अपने जीवन में अहंकारी रूपी रावण को पैदा नहीं होने देना है क्योंकि रावण की बल और बुद्धि भी प्रभु राम के आगे नहीं चल पाई।





विधायक इंद्र साव ने रावण भाटा स्थित दशहरा मैदान पर रामलीला के कलाकारों द्वारा राम रावण युद्ध की लीला देखने और भगवान श्री राम के अग्निबाण से रावण के वीरगति को प्राप्त होने पर उपस्थित हजारों लोगो के बधाई एवं शुभकामना दी और कहा कि विजयादशमी का ये पर्व हमे सच्चाई, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय पाने की प्रेरणा देता है। भगवान श्री राम की यह विजय अहंकार पर विन्रमता की विजय,अधर्म पर धर्म की विजय,असत्य पर सत्य की विजय,बुराई पर अच्छाई की विजय,पाप पर पुण्य की विजय,अत्याचार पर सदाचार की विजय,क्रोध पर दया, क्षमा की विजय और अज्ञान के अंधकार पर ज्ञान के प्रकाश की विजय है।

विधायक इंद्र साव ने श्री आदर्श रामलीला के 106 वर्ष तक इस आयोजन को जीवंत रखने के रामलीला के पात्रों सहित समिति के संरक्षक मंडलों को भी बधाई दी और कहा कि आज इस विजयादशमी के पर्व से हमे सिख मिलती है की कभी भी किसी भी प्रकार का घमंड नहीं करना चाहिए और ना ही अभिमानी होना चाहिए।भगवान श्री राम ने एक अभिमानी का घमंड तोड़ा। विधायक श्री साव ने क्षेत्र की जनता सहित यहां पर उपस्थित समस्त लोगो को असत्य पर सत्य की विजय,बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी की बधाई देते हुए उनके सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इसके पूर्व हजारों की तादाद में उपस्थित लोगों के मध्य रामलीला नाटक मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण संवाद और रावण वध की लीला का प्रसंग किया गया।

# दुर्गा समितियों के लोगों ने नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई



कटगी/बलौदाबाजार, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्र कटगी में नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नौ दिनों तक मां दुर्गा की सेवा करने के बाद, आज दुर्गा समितियों द्वारा माता रानी की जयकारा लगाते हुए गांव के पूरे गलियों की भ्रमण की गई। इस दौरान बाजे-गाजे और मांदर की थाप के साथ कर्मा नाच भी किया गया। आज सुबह से लेकर रात आठ बजे तक मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान सभी चौक-चौराहों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए जोंक नदी ले जाया गया। विसर्जन यात्रा में शामिल लोगों ने माता रानी की जयकारा लगाते हुए और बाजे-गाजे के साथ नाचते-गाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और विसर्जन यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्र की एकता और समृद्धि को दर्शाया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी परंपराओं और संस्कृति को जीवंत बनाए रखा। विसर्जन के दौरान, लोगों ने माता रानी की जयकारा लगाते हुए और बाजे-गाजे के साथ नाचते-गाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। इस दौरान लोगों ने अपनी खुशी और उत्साह को प्रदर्शित किया। विसर्जन के बाद समितियों के लोगों ने प्रसाद मिठाई बांटी गई।